जैन साहित्य एवं मंदिर उपकरण

हमारे यहाँ सभी प्रकार का दिगंबर जैन एवं भारत के सभी प्रमुख
धार्मिक संस्थानों का सत साहित्य एवं मंदिर में उपयोग हेतु उपकरण
और प्रभावना में बाटने योग्य सामग्री सीमित मूल्य पर उपलब्ध है

(पांडुशिला ,सिंघासन, छत्र, चवर प्रातिहार्य,जाप माला ,मंगल कलश, पूजा बर्तन ,चंदोवा,तोरण ,झारी ,

(शुद्ध चांदी के उपकरण आर्डर पर निर्मित किया जाता है)

नोट:-हमारे यहाँ घरो में उपयोग हेतु ,साधुओ के उपयोग हेतु ,
अनुष्ठानों में उपयोग हेतु शुद्ध घी भी आर्डर पर
उपलब्ध कराया जाता है

SOURABH KUMAR JAIN
9993602663
77229 83010
SOURABHJN1989@GMAIL.COM

देशी शब्दकोश

जे लक्खणे ण सिद्धा ण पसिद्धा सक्कयाहिहाणेसु।
ण य गउणलक्खणासत्तिसंभवा ते इह णिबद्धा॥

— आचार्य हेमचन्द्र

वाचना-प्रमुख
आचार्य तुलसी

प्रधान-संपादक
युवाचार्य महाप्रज्ञ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देशी शब्दकोश

वाचना-प्रमुख
आचार्य तुलसी

प्रधान सम्पादक
युवाचार्य महाप्रज्ञ

संपादक
मुनि दुलहराज

सहयोगी
साध्वी अशोकश्री
साध्वी विमलप्रज्ञा
साध्वी सिद्धप्रज्ञा
समणी कुसुमप्रज्ञा

जैन विश्व भारती
लाडनूं (राजस्थान)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रकाशक :
जैन विश्व भारती
लाडनूं—३४१ ३०६

प्रबन्ध-सम्पादक :
श्रीचन्द रामपुरिया

प्रकाशन वर्ष :
विक्रम सम्वत् २०४५
मार्च १९८८

पृष्ठांक : ५७०+६८

मूल्य : १००-०० रुपये
१२ डालर (U.S.A.)

मुद्रक :
मित्र परिषद् कलकत्ता के आर्थिक सौजन्य से स्थापित
जैन विश्व भारती प्रेस, लाडनूं (राजस्थान)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

DEŚĪ ŚABDAKOŚA

Vācanā Pramukha
ĀCĀRYA TULSĪ

Chief Editor
YUVĀCĀRYA MAHĀPRAJÑA

Editor

Muni Dulaharāj

Assistants

Sādhvī Aśokaśrī Sādhvī Siddhaprajñā
Sādhvī Vimalprajñā Samaṇī Kusumprajñā

JAIN VISHVA BHARATI
LADNUN (RAJASTHAN)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Publisher :
JAIN VISHVA BHARATI.
Ladnun—**341 306**

Managing Editor :
Shrichand Rampuria,

Year of Publication :
Vikram Saṁvat 2045
March 1988

Pages : **570+68**

Price : **Rs. 100**
$ 12

Printers :
JAIN VISHVA BHARATI PRESS,
[Established through the financial co-operation of
Mitra Parishad, Calcutta).
Ladnun (Rajasthan)

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आशीर्वचन

शब्दकोश का निर्माण जितना कठिन है, उसका उपयोग उतना ही महत्वपूर्ण है। संस्कृत, प्राकृत, अंग्रेजी, हिन्दी, राजस्थानी आदि सभी भाषाओं के शब्दकोश उपलब्ध हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने संस्कृत शब्दकोश अभिधान-चिन्तामणि के साथ देशी नाममाला की भी रचना की। इसके अतिरिक्त देशी शब्दों का कोई स्वतंत्र कोश प्राप्त नहीं है। आगम और उसके व्याख्या साहित्य में प्राकृत के साथ देशी शब्दों का प्रचुर मात्रा में प्रयोग मिलता है। उस साहित्य के देशी शब्दों का चयन करना और उनके प्रामाणिक अर्थ का निर्णय करना काफी दुरूह काम था। पर हमारे आगम सम्पादन कार्य में संलग्न साधु-साध्वियां कठिन काम करने के अभ्यस्त हो चुके हैं। इस काम के लिए हमने विशेष रूप से साध्वियों को निर्देश दिया। लगभग पांच वर्ष के बाद उनके श्रम ने एक रूप लिया और 'देशी शब्दकोश' सुसम्पादित होकर सामने आ गया। इस कार्य में प्रवृत्त साध्वी अशोकश्री, विमलप्रज्ञा, और सिद्धप्रज्ञा तथा समणी कुसुमप्रज्ञा के श्रम को संवारने में मुनि दुलहराज ने पूरा समय लगाया। वह इस काम के साथ नहीं जुड़ता तो संभव है इसकी निष्पत्ति में कुछ और अवरोध आ जाता। मुझे प्रसन्नता है कि हमारे विनीत साधु-साध्वियां पूरे मनोयोग के साथ साहित्य-सेवा अथवा धर्म-शासन की सेवा में संलग्न हैं। उनकी कार्यजाशक्ति निरन्तर विकसित होती रहे, इस शुभाशंसा के साथ मैं इस ग्रन्थ की समीक्षा का काम विद्वानों को सौंपता हूं।

१६ फरवरी, १९८८
भिवानी (हरियाणा)

—आचार्य तुलसी

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुरोवाक्

भगवान महावीर ने अर्धमागधी प्राकृत में प्रवचन किया था। जनता सरलता से उनकी बात समझ सके— यही प्रयोजन था। जनता के लिए जनता की भाषा में बोलना एक नया काम था। उस समय के अधिकांश धर्माचार्य पंडितों की भाषा में ही बोलते और लिखते थे। उनकी बात बड़े लोगों तक पहुंच पाती थी। पाद-विहार और जनता की भाषा में प्रवचन—इन दोनों प्रवृत्तियों के कारण महावीर जनता के बन गए थे। उनके शिष्य भारत के अनेक प्रान्तों में विहार करते थे और अनेक प्रान्तों के मुमुक्षु उनके शिष्य बनते थे। आगम साहित्य में एक अर्थबोध के लिए अनेक शब्दों एवं धातु-पदों का प्रयोग मिलता है। व्याख्याकारों ने उसका कारण बताया है कि अनेक देशों के शिष्यों को समझाने के लिए अनेक शब्दों और क्रिया-पदों का प्रयोग किया गया।

संस्कृत की एक सीमा बन चुकी थी। उसमें विभिन्न देशों में प्रचलित शब्दों के समावेश के लिए अवकाश नहीं रहा। प्राकृत जन-भाषा थी। उसका लचीलापन बना रहा। वह किसी घेरे में नहीं बंधी, इसलिए उसका सम्पर्क देशी शब्दों से बना रहा। देशी शब्द व्याकरण से बंधे हुए नहीं हैं। उनके लिए 'शेषं संस्कृतवत्'— इस सूत्र की कोई अपेक्षा नहीं है। उनके लिए 'प्रकृतिः संस्कृतम्' इस विधि की भी अपेक्षा नहीं है। त्रिविक्रम देव ने प्राकृत के तीन प्रकार बताए हैं—तत्सम, तद्भव और देश्य। संस्कृत के समान शब्द 'तत्सम' और संस्कृत की प्रवृत्ति से सिद्ध शब्द 'तद्भव' कहलाते हैं। देश्य और आर्ष शब्द इन दोनों से भिन्न हैं—

> **प्राकृतं तत्समं देश्यं, तद्भवं चेत्यवस्त्रिधा।**
> **तत्समं संस्कृतसमं नेयं संस्कृतलक्ष्मणा ॥**
> **देश्यमार्षं च रूढत्वात् स्वतंत्रत्वाच्च भूयसा।**
> **लक्ष्म नापेक्षते तस्य संप्रदायो हि बोधकः ॥**
> **प्रकृतेः संस्कृतात् साध्यमानात् सिद्धाच्च यद् भवेत्।**
> **प्राकृतस्यास्य लक्ष्यानुरोधि लक्ष्म प्रचक्ष्महे ॥**[1]

आचार्य हेमचंद्र ने देशी शब्द की बहुत सुन्दर परिभाषा की है। यह परिभाषा बहुत सार्थक और व्यापक है—

१. श्रीत्रिविक्रमदेव, प्राकृतशब्दानुशासनम्, श्लोक ६-८।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जे लक्खणे ण सिद्धा ण पसिद्धा सक्कयाहिहाणेसु ।
ण य गउणलक्खणासत्तिसंभवा ते इह णिबद्धा ॥
देस विसेसपसिद्धीइ भण्णमाणा अणंतया हुंति ।
तम्हा अणाइपाइअपयट्टभासाविसेसओ देसी ॥[1]

प्राकृत के अध्ययन के लिए देशी शब्दों का अध्ययन बहुत आवश्यक है। उनके बिना प्राकृत भाषा संस्कृत आश्रित बन जाती है। इसी आधार पर कुछ विद्वानों ने प्राकृत को संस्कृत से अर्वाचीन बतलाया। प्राकृत का विशाल स्वरूप देशी शब्दों का भण्डार है। उनका सम्बन्ध प्राचीनतम जनभाषा से है। प्रस्तुत देशी शब्दकोश में कुछ शब्द कन्नड़ और तमिल के भी हैं, मराठी आदि भाषाओं के तो हैं ही। उत्तर और दक्षिण की सभी भाषाओं के शब्द आगम साहित्य में मिलते हैं। कुछ शब्द यूनान आदि विदेशी भाषाओं के भी संदृब्ध हैं।

प्रस्तुत देशी शब्दकोश में आगम, निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि और टीका आदि में प्रयुक्त देशी शब्दों का संकलन किया गया है। आगम के व्याख्याकारों ने स्थान-स्थान पर देशी शब्दों का प्रयोग किया है और वे किस अर्थ में देशी हैं, इसका उल्लेख भिन्न-भिन्न शब्दावलियों में किया है। कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं—

अलिराउल इति देशीपदं स्वामीकुलमित्यर्थः ।
अविहाड—देशीभाषया बालकः ।
आइंति (अव्यय) देशभाषायाम् ।
आरनाल—कंजियं देसीभासाए आरनालं भण्णति ।
उअपोते—देशीपदत्वात् आकीर्णे ।
उंड—देशीवयणतो उंडं मुहं ।
उग्गह—इति जोणिदुवारस्स सामइकी संज्ञा ।
उग्घाडपोरिसि—समयभाषया पादोनप्रहरे ।
अमाघाय—अमारिरूढिशब्दत्वात् ।

प्रस्तुत ग्रन्थ में आचार्य हेमचन्द्र की देशी नाममाला का भी अविकल संकलन किया गया है। अंगविज्जा आदि अन्य स्रोतों से भी देशी शब्दों का संग्रहण किया है। इसके मूल में लगभग दस हजार से भी अधिक शब्द संगृहीत हैं। आगम संपादन के साथ शब्दकोश की जो योजना है, उसके अन्तर्गत तीन कोश पहले प्रकाशित हो चुके हैं—

१. आगम शब्दकोश
२. एकार्थक कोश
३. निरुक्त कोश

---

१. देशी नाममाला, आचार्य हेमचन्द्र, १।३,४ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

यह देशी शब्दकोश चतुर्थ कोश है। यह आगम तथा प्राकृत भाषा के अध्ययन के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण और उपयोगी है। इसमें आगमकारों के व्यापक दृष्टिकोण, संग्राही मनोवृत्ति और अर्थाभिव्यक्ति के लिए सक्षम शब्दों के चयन की प्रवृत्ति का निदर्शन मिलता है। मुनि दुलहराजजी ने इस कार्य में अत्यधिक निष्ठापूर्ण श्रम किया है। इस कार्य में साध्वी अशोकश्री, साध्वी विमलप्रज्ञा और साध्वी सिद्धप्रज्ञा तथा समणी कुसुमप्रज्ञा ने पूर्ण योगदान किया है। श्रद्धासिक्त भाव से किया गया यह श्रम दूसरों के लिए अनुसरणीय बनेगा।

बृहद् आगम शब्दकोश का विशाल कार्य आचार्यश्री तुलसी के वाचना प्रमुखत्व में हो रहा है। उनके मार्ग-दर्शन में अनेक साधु-साध्वियां इस कार्य में संलग्न हैं। देशी शब्दकोश उसी कार्य का एक अंग है। मैं आचार्यवर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर उनके ऋण से उऋण होने का प्रयत्न नहीं कर रहा हूं। यह प्रयत्न उनसे शक्ति-संबल पाने का प्रयत्न है।

प्रस्तुत ग्रन्थ में जिन साधु-साध्वियों का योग है, उन सबको साधुवाद देता हूं और मंगलकामना करता हूं कि उनका श्रम इस कार्य की प्रगति में निरन्तर नियोजित रहे। एक लक्ष्य के लिए समान गति से चलने वालों की सम-प्रवृत्ति में योगदान की परम्परा का उल्लेख व्यवहारपूर्ति मात्र है। वास्तव में यह हम सबका पवित्र कर्तव्य है और उसी का हम सबने पालन किया है।

१७ फरवरी १९८८
भिवानी (हरियाणा)

—युवाचार्य महाप्रज्ञ

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भूमिका

देशी शब्दों का प्रयोग वैदिक युग की भाषा से होता आ रहा है। ग्रामीण या जनभाषा का प्रभाव वैदिक भाषा पर परिलक्षित होता है। ब्राह्मणकाल की आर्यभाषा के तीन रूप देखे जा सकते हैं—उदीच्या, मध्य-देशीया एवं प्राच्या। उदीच्या परिनिष्ठित भाषा थी। प्राच्या भाषा पूर्व में रहने वाले बर्बर असुरवर्ग के लोगों की भाषा थी। मध्यदेशीया भाषा का स्वरूप उदीच्या और प्राच्या के बीचोबीच था। प्राचीन आर्यभाषा के इन तीनों रूपों के उदाहरण स्वरूप श्रीर, श्रील एवं श्लील— ये तीन शब्द लिए जा सकते हैं। ये तीनों शब्द क्रमशः उदीच्या, मध्यदेशीया एवं प्राच्या आर्यभाषा के माने जा सकते हैं।

प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत पालि भाषा का भी एक विशिष्ट स्थान है। यह अवश्य एक बोलचाल की भाषा थी। इसे पूर्णरूपेण अकृत्रिम प्राकृत कहा जा सकता है, यद्यपि श्रीलंका एवं बर्मा जैसे देशों में इसमें कुछ कृत्रिमता भी आ गई थी, जो बर्मा में अपने प्रकर्ष को पहुंच गई थी। इसी प्रकार 'आयारो' जैसे जैन आगमों में हमें अकृत्रिम प्राकृतभाषा उपलब्ध होती है, जबकि उत्तरवर्त्ती प्राकृतसाहित्य में कृत्रिमता भी दिखाई पड़ती है।

संस्कृत में शब्दों के दो विभाग किए गए हैं—व्युत्पन्न एवं अव्युत्पन्न। व्याकरण के नियमों से सिद्ध होने वाले शब्द व्युत्पन्न कहलाते हैं। जिनकी सिद्धि व्याकरण सम्मत न होकर लोक-परम्परा या व्यवहार से होती है, वे अव्युत्पन्न शब्द कहलाते हैं।

प्राकृत वैयाकरणों द्वारा प्राकृत शब्द तीन भागों में बांटे गए हैं—तत्सम, तद्भव एवं देश्य या देशी। इनमें देश्य शब्द व्युत्पत्ति-सिद्ध नहीं होते।

देशी शब्दों के निर्धारण में आचार्य हेमचन्द्र ने कुछ कसौटियां प्रस्तुत की हैं। त्रिविक्रम ने देशी शब्दों का छह विभागों में वर्गीकरण किया है। आधुनिक भाषा-वैज्ञानिकों की दृष्टि में ये कसौटियां एवं वर्गीकरण सही नहीं हैं। इन विद्वानों ने देशीशब्दों के निर्धारणार्थ काफी ऊहापोह किया है। इन विचार विमर्शों में जार्ज ग्रीयर्सन का मंतव्य काफी महत्त्वपूर्ण प्रतीत होता है। वे देशी शब्दों का संबंध आर्यों द्वारा वैदिक काल के पहले ही बोली जाने वाली जनभाषा से बताते हैं। इसके अतिरिक्त वे देशी शब्दों का संबंध

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रांतीय बोलियों से भी बताते हैं। वे देशी शब्दों को आर्यों और आर्येतर जातियों के आपसी आदान-प्रदान से विकसित शब्द मानते हैं। उनका यह सुदृढ़ मत है कि देशी शब्दों में अधिकतर शब्द आर्यों की ही प्रारंभिक बोलियों से लिए गए हैं। इनमें कुछ शब्द निश्चित रूप से द्रविड़ भाषाओं के हैं। द्रविड़ भाषाओं के शब्द किस रूप में देश की विभिन्न आधुनिक भाषाओं में उपलब्ध होते हैं एवं आर्य भाषा के शब्दों में कैसे परिवर्तन होते हैं इसके दो दृष्टांत हम यहां प्रस्तुत करते हैं—

अड् धातु (बाधा देना) से उत्पन्न शब्द

तमिल—अटइ
कन्नड—अड, अड्ड
तुलु—अटक, अडक
कुइ—अड
ब्राहूई—अड्
लह्न्दा—अड़ण्; अड़क्
पंजाबी—अड्ना; अड्कणा
कुमौनी—अड्णो
हिन्दी—अड्ना
गुजराती—अड्उं; अड्क्वुं
मराठी—अड्णें; अडक्णे

प्सा धातु (खाना, भूखा रहना) से उत्पन्न शब्द

शतपथ-ब्राह्मण—प्सात (मुक्त)
पालि—छात, छातक (भूखा), छातता (भूख)
प्राकृत—छाय (भूखा)
सिंहली—सय, सा, साय (भूख, सूखा)।[1]

इस प्रकार के अनेक शब्द उद्धृत किए जा सकते हैं जिनके आधार पर हम यह कह सकते हैं कि प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक आर्यभाषाओं में देशी शब्द विभिन्न रूपों में प्रवेश पा गए, जिनका निर्धारण श्रम एवं गवेषणा साध्य है।

प्रस्तुत कोश की संपादन मंडली को हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं जिन्होंने अथाह परिश्रम पूर्वक इस विषय पर उपलब्ध सारी सामग्री का विद्वत्तापूर्ण उपयोग किया है तथा आचार्य हेमचन्द्र विरचित प्राकृत व्याकरण

---

१. देखें—आर. एन. टर्नर : ए कोम्पैरेटिव डिक्शनरी ऑफ द इण्डो-आर्यन लेंग्वेजिज।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एवं देशीनाममाला और इसके अतिरिक्त अन्य प्राकृत व्याकरण एवं कोशग्रंथों का यथेष्ट अनुशीलन किया है। समग्र जैन आगम तथा उन पर लिखे हुए व्याख्या-ग्रंथ—निर्युक्ति, भाष्य, चूर्णि, टीकाओं का सूक्ष्म एवं व्यापक परिशीलन द्वारा प्राप्त देशीशब्द भी इस कोष में संगृहीत हैं। 'अंगविज्जा' जैसे पारिभाषिक शब्दों से परिपूर्ण ग्रंथ से भी देशी शब्दों का इसमें चयन हुआ है। स्थान स्थान पर व्याख्या-ग्रन्थों में 'देशीपदत्वात्', 'देशीवचनत्वात्', 'देशीपदं'—ऐसे उल्लेख मिलते हैं, जिनका अविकल उल्लेख इस कोष में किया गया है। यह इसकी एक नवीन विशेषता है। आधुनिक विद्वानों द्वारा वैज्ञानिक ढंग से सम्पादित प्राकृत एवं अपभ्रंश साहित्य में प्राप्त देशीशब्दों का संकलन भी ध्यानपूर्वक किया गया है। देशी शब्दों के संग्रह का ऐसा सर्वाङ्गीण उपक्रम पहली बार ही हुआ है। एक ही कोश में इतनी सामग्री का उपलब्ध होना भविष्य के शोधार्थियों के लिए देशी शब्दों पर गवेषणा के क्षेत्र में एक ठोस आधार प्रदान करेगा। हमारे संघ के प्रबुद्ध साधु-साध्वियों एवं समणियों के सम्मिलित प्रयास से ही यह महान् कार्य सम्पन्न हो सका है। सम्मिलित प्रयत्न के बिना ऐसे ग्रंथों का निर्माण होना संभव नहीं है।

विविध कोश-निर्माण की मौलिक कल्पना परमाराध्य आचार्यश्री एवं युवाचार्यश्री की प्रतिभा की देन है। फलस्वरूप तीन महत्त्वपूर्ण कोश हमारे सामने आ चुके हैं। उसी क्रम में यह देशी शब्दकोश चतुर्थ है। यह धारा अविच्छिन्न है, एवं भविष्य में कई और अधिक उपयोगी कोश विद्वानों के समक्ष आएंगे। परमाराध्य आचार्यश्री की आध्यात्मिक प्रेरणा से कई दुःसाध्य कार्य आसानी से सम्पन्न हो जाते हैं। उनकी आध्यात्मिक प्रेरणा का प्रभाव हम पुनः पुनः अपने जीवन में अनुभव करते हैं, जिसका शब्दों में वर्णन करना संभव नहीं है। हमारे संघ में जो साहित्यिक एवं वैचारिक क्रांति आई है उसका उद्भव-स्थान परमाराध्य आचार्यश्री की आध्यात्मिकता ही है।

प्रस्तुत कोश की सर्वांगीण समायोजना में मुनि दुलहराजजी का अविकल योग रहा है। मुनिश्री परम श्रद्धेय युवाचार्यश्री की साहित्यिक एवं दार्शनिक रचनाओं के सम्पादन में सतत सहयोग प्रदान करते रहे हैं। युवाचार्यश्री के सुदीर्घ सान्निध्य के फलस्वरूप मुनिश्री ने जो दक्षता प्राप्त की है उसका प्रतिफलन प्रस्तुत कोश में दृष्टिगोचर होता है।

मूल ग्रंथों से देशी शब्दों के चयन का कार्य साध्वी अशोकश्रीजी, साध्वी विमलप्रज्ञाजी, साध्वी सिद्धप्रज्ञाजी एवं साध्वी निर्वाणश्रीजी तथा समणी कुसुमप्रज्ञाजी ने दक्षतापूर्वक सम्पन्न किया। यह गुरुभार-वहन उनकी विद्वत्ता एवं स्थिर अध्यवसाय का ही सुपरिणाम है।

इस कोश में दो परिशिष्ट संलग्न किए गए हैं। पहले परिशिष्ट में आगम साहित्य के अतिरिक्त अनेक प्राकृत ग्रंथों तथा त्रिविक्रम के प्राकृत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्दानुशासन से देशीशब्द चुने गए हैं। दूसरे परिशिष्ट में देशीधातुएं तथा धात्वादेश संकलित हैं।

प्राकृत एवं अपभ्रंश के अध्ययन-अध्यापन का क्षेत्र उत्तरोत्तर प्रसार लाभ कर रहा है। कई विश्वविद्यालयों एवं स्वतन्त्र शोध-संस्थानों में शोधछात्र एवं अध्यापकगण इस क्षेत्र को समृद्ध बना रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है, प्राकृत एवं जैन शास्त्रों के अध्येताओं के लिए यह कोश लाभप्रद होगा एवं और भी अधिक शोधपूर्ण ऐसे कोशों के निर्माण की दिशा में उन्हें प्रेरित करेगा।

लाडनूं (राजस्थान)
९-३-८८

नथमल टाटिया
निदेशक, अनेकांत शोधपीठ,
जैन विश्व भारती

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संपादकीय

भाषा

भाषा विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है। संसार के कोने-कोने में निवास करने वाले मनुष्य किसी न किसी भाषा के माध्यम से अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं। भौगोलिक कारणों से मनुष्यों की भांति भाषा के भी अनेक भेद पाए जाते हैं। महाभारत में इसका स्पष्ट उल्लेख है।[1] विद्वानों के मत से वर्तमान में १००० से अधिक जीवित भाषाएं प्रचलित हैं। इस विषय में सैंकड़ों पुस्तकें भी प्रकाश में आ चुकी हैं।

ऐतिहासिक दृष्टि से भारतीय आर्यभाषाओं को तीन कालों में विभक्त किया जा सकता है—

१ प्राचीन भारतीय आर्यभाषा काल—इसमें वैदिक एवं लौकिक संस्कृत आती है।

२. मध्य भारतीय आर्यभाषा काल—इसमें पालि, प्राकृत एवं अपभ्रंश भाषा का समावेश होता है।

३. आधुनिक भारतीय आर्यभाषा काल—इसमें हिन्दी, गुजराती, मराठी, उड़िया, बंगला, असमिया, तेलगू, कन्नड़, तमिल आदि भाषाएं आती हैं।

प्राकृत—

प्रकृति शब्द के दो अर्थ हैं—स्वभाव और जनसाधारण। इन अर्थों के आधार पर प्राकृत शब्द के भी दो अर्थ समझे जा सकते हैं—

१. जो प्रकृति/स्वभाव से ही सिद्ध है, वह प्राकृत है।

२. जो प्रकृति/साधारण लोगों की भाषा है, वह प्राकृत है।

महाकवि वाक्पतिराज का अभिमत है कि जैसे पानी समुद्र में प्रवेश करता है और समुद्र से ही वाष्प के रूप में बाहर निकलता है। ठीक वैसे ही सब भाषाएं प्राकृत में प्रवेश करती हैं और इसी प्राकृत से सब भाषाएं निकलती हैं।[2] इससे स्पष्ट है कि प्राकृत के आधार पर ही संस्कृत आदि का

---

१. महाभारत, शल्यपर्व ४४।९७,९८ :

नानावर्णभिराच्छन्ना, नानाभाषाश्च भारत! ।

कुशला देशभाषासु, जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः ।।

२. गउडवहो ९३ : सयलाओ इमा वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ ।

एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं ।।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विकास हुआ है।

प्राकृत भाषा के भेदों के विषय में विद्वानों के विभिन्न मत मिलते हैं। भरत ने अपने नाट्यशास्त्र में प्राकृत की सात भाषाओं का उल्लेख किया है—

१. मागधी	५. अर्धमागधी
२ अवन्तिजा	६. बाह्लीकी
३. प्राच्या	७. दाक्षिणात्या[1]
४. शौरसेनी	

संस्कृत नाटकों में विभिन्न प्राकृत भाषा की बोलियां मिलती हैं। प्रसिद्ध वैयाकरण वररुचि ने महाराष्ट्री, पैशाची, मागधी और शौरसेनी—इन चार भाषाओं को प्राकृत के अन्तर्गत माना है।

हेमचन्द्र ने इन चारों के अतिरिक्त चूलिका पैशाची, आर्ष, अर्ध-मागधी और अपभ्रंश का उल्लेख भी किया है। त्रिविक्रम, लक्ष्मीधर, सिंहराज, नरसिंह आदि वैयाकरणों ने हेमचन्द्र का अनुसरण किया है।

प्राकृत भाषा के दस भेद भी मिलते हैं—

१. पालि	६. अशोकलिपि
२. पैशाची	७. शौरसेनी
३. चूलिका पैशाची	८. मागधी
४. अर्ध मागधी	९. महाराष्ट्री
५. जैन महाराष्ट्री	१०. अपभ्रंश

मार्कण्डेय ने प्राकृत की सोलह भाषाओं का उल्लेख किया है।

प्राकृत में तीन प्रकार के शब्दों का समावेश है—१. तत्सम २. तद्भव ३. देशी।[2]

संस्कृत-निष्ठ शब्द तत्सम हैं। ये बिना किसी रूप परिवर्तन के प्राकृत में प्रयुक्त हैं। जैसे—जल, कमल, देव आदि। संस्कृतसम[3], तत्तुल्य[4] और समान[5] शब्द भी तत्सम के वाचक हैं।

संस्कृत के जो शब्द वर्णागम, वर्णविकार या ध्वनि-परिवर्तन से अपना स्वरूप बदल लेते हैं, वे तद्भव हैं। जैसे—कार्य—कज्ज, ऋषभ—उसभ,

---

१. नाट्यशास्त्र १७।४८ : मागध्यवन्तिजा प्राच्या, शौरसेन्यर्धमागधी।
बाह्लीका दाक्षिणात्याश्च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥

२. नाट्यशास्त्र १७।३ : त्रिविधं तच्च विज्ञेयं नाट्ययोगे समासतः।
समानशब्दं विभ्रष्टं देशागतमथापि च॥

३. प्राकृतलक्षण १।१।

४. वाग्भटालंकार २।२।

५. नाट्यशास्त्र १७।३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वर्धमान–वड्ढमाण आदि। इसके लिए आचार्य हेमचन्द्र ने संस्कृतयोनि[1], वाग्भट ने तज्ज[2] तथा भरत ने विभ्रष्ट[3] शब्द का प्रयोग किया है।

देशी शब्द सामान्यतया ग्राम्य या प्रान्तीय अर्थ का वाचक है। निरुक्त-कार यास्क[4] तथा पाणिनि[5] ने देशी शब्द का प्रयोग प्रान्त अर्थ में किया है।

वात्स्यायन ने कामसूत्र, विशाखदत्त ने मुद्राराक्षस, बाण ने कादंबरी तथा धनञ्जय ने दशरूपक में नाना देशों में बोली जाने वाली भाषाओं को देशी भाषा कहा है। कामसूत्र, महाभारत, नाट्यशास्त्र आदि ग्रंथों में देशभाषा शब्द से देशी भाषा का अर्थ ग्रहण किया गया है। वैयाकरण चण्ड ने देशीभाषा के अर्थ में देशीप्रसिद्ध, भरत ने देशीमत तथा देशागत शब्द का प्रयोग किया है।

अनुयोगद्वार में शब्दों को पांच भागों मे विभक्त किया गया है। उनमें नैपालिक शब्दों को देशी के अन्तर्गत माना जा सकता है।[6]

संस्कृत में तीन प्रकार की शब्द सम्पदा है - रूढ़, यौगिक और मिश्र। इनमें रूढ़ शब्द देशी के अन्तर्गत आते हैं।

कलिकाल सर्वज्ञ हेमचन्द्र ने देशीनाममाला में देशी शब्द को परिभाषित करते हुए लिखा है—जो शब्द व्याकरण ग्रंथों में प्रकृति, प्रत्यय द्वारा सिद्ध नहीं हैं, व्याकरण से सिद्ध होने पर भी संस्कृत कोशो में प्रसिद्ध नहीं हैं तथा जो शब्द लक्षणा आदि शब्द-शक्तियों द्वारा दुर्बोध हैं और अनादि काल से लोकभाषा में प्रचलित हैं, वे सब देशी हैं। महाराष्ट्र, विदर्भ आदि नाना देशों में बोली जाने वाली नाना भाषाएं होने से देशी शब्द अनंत हैं।[7]

इस विशाल दृष्टिकोण के बावजूद भी उन्होंने इन अंतहीन शब्दों के संग्रहण की दुरूहता को ध्यान में रखते हुए केवल प्राकृत भाषा से सम्बन्धित शब्दों को ही देशी मानकर उनका अविकल संकलन किया है।

त्रिविक्रम के अनुसार आर्ष और देश्य शब्द विभिन्न भाषाओं के रूढ़ प्रयोग हैं। अतः इनके लिए व्याकरण की आवश्यकता नहीं है।[8] उन्होंने छह विभिन्न सूत्रों द्वारा देशी शब्दों को छह विभागों में विभक्त किया है—

१. वा पुभाय्याद्याः[9]— इसके अन्तर्गत स्वर आदि की विशेष आयोजना से उत्पन्न

---

१. प्राकृत व्याकरण १।१।
२. वाग्भटालंकार २।२।
३. नाट्यशास्त्र १७।३।
४. निरुक्त २।१।
५. अष्टाध्यायी १।१।७५।
६. अनुयोगद्वार २७०।
७. देशीनाममाला १।३,४।
८. प्राकृतशब्दानुशासन ७: देश्यमार्षं च रूढत्वात् स्वतंत्रत्वाच्च भूयसा।
लक्ष्म नापेक्षते तस्य सम्प्रदायो हि बोधकः॥
९. वही, १।२।१०९।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्द आते हैं। इनकी संस्कृत पर्याय खोजी जा सकती है। जैसे—पुआई इसका अर्थ है पिशाच। इसी प्रकार ऊणंदिअं—आनंदित, टोम्बरो तुम्बुरू आदि।

२. गोणाद्याः[1]— ये वे देशी शब्द हैं जो प्रकृति, प्रत्यय, वर्णागम तथा वर्णविकार से रहित होते हैं। जैसे— गोणो—गाय, वणाइ—वनराजि, आओ—पानी।

३. गहिआद्याः[2]— इस सूत्र में शब्द निर्वचन के विषय बनते हैं तथा इनकी व्युत्पत्ति की जा सकती है। जैसे—णंदिणी—धेनु, वइरोड— जार, अजड—अनलस, संचारी— दूती।

४. वरइत्तगास्तृनाद्यैः[3]—इस सूत्र के अन्तर्गत वे शब्द संगृहीत हैं जो तद्धित के अनेक प्रत्ययों तथा स्वरों की विशेष आयोजना से युक्त होते हैं। जैसे—वरइत्त—वरयिता, नूतनवर, वाअड—शुक, मइलपुत्ती—रजस्वला, सद्दाल—नूपुर।

५. अपुण्णगाः क्तेन[4]—इस सूत्र में सारे क्त प्रत्ययान्त शब्द संगृहीत हैं। जैसे—अपुण्ण—आक्रान्त, उरुसोल्ल—प्रेरित, उक्खिण्ण—अवकीर्ण, णिसुद्ध—निपातित।

६. झाडगास्तु देश्याः सिद्धाः[5]—इस सूत्र के अन्तर्गत वे शब्द संगृहीत हैं जो देश-विशेष में व्यवहृत होते हैं, जो सिद्ध हैं, प्रसिद्ध हैं और निष्पन्न है। जैसे—झाड—लता आदि का गहन, गोप्पी—बाला, पाणाअअ— चांडाल, सोल्ल—मांस।

आचार्य हेमचन्द्र ने 'गोणादयः'—इस सूत्र के अन्तर्गत देशी शब्दों का संग्रहण किया है।[6]

आधुनिक भाषावैज्ञानिकों ने भी देशी के बारे में पर्याप्त चिन्तन-मनन किया है। जानबीम्स, हार्नले, जार्ज ग्रियर्सन, सुनीतिकुमारचाटुर्ज्या, पी. डी. गुणे आदि ने देशी शब्दों की स्वरूप मीमांसा की है।

जानबीम्स का कहना है कि देशीशब्द वे हैं जो किसी भी संस्कृत शब्द से व्युत्पन्न नहीं किए जा सकते, इसलिए वे या तो आर्यों से पूर्व रहने वाले आदिवासियों की भाषा से लिए गए होंगे या फिर संस्कृत भाषा के विकसित होने से पहले ही स्वयं आर्यों द्वारा आविष्कृत होंगे।[7]

निष्कर्ष की भाषा में कहा जा सकता है कि देशी का अर्थ यह नहीं कि केवल वे शब्द जो देशविशेष में प्रचलित हों, किन्तु वे सभी शब्द देशी हैं, जिनका स्रोत संस्कृत में नहीं है चाहे फिर वे किसी देश-भाषा के क्यों न हों।

---

१. प्राकृतशब्दानुशासन, १।३।१०५।
२. वही, १।४।१२१।
३. वही २।१।३०।
४. वही ३।१।१३२।
५. वही ३।४।७२।
६. प्राकृत व्याकरण २।१७४।
७. कम्पेरेटिव ग्रामर आफ माडर्न आर्यन लेंग्वेजज, पृष्ठ १२।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

एफ. आर. हार्नले[1], श्री आर. जी. भण्डारकर[2], डॉ. पी. डी. गुणे[3] भी इस कथन से सहमत हैं। जार्ज ग्रियर्सन के अनुसार देशी शब्दों का संबंध वैदिक काल से पूर्व आर्यों द्वारा बोली जाने वाली जनभाषाओं से है। प्रथम प्राकृत से उद्भूत होने के कारण देशी शब्दों को तद्भव कहा जा सकता है।[4]

ए. एन. उपाध्ये[5] तथा पी. एल. वैद्य[6] ने भी देशीशब्दों की उत्पत्ति तथा उसके स्वरूप के बारे में पर्याप्त चिन्तन किया है।

देशी शब्द का प्रयोजन

प्राचीनकाल में गुरु के पास विभिन्न प्रदेशों के शिष्य दीक्षित होते थे। वे सूत्रों के गूढ़ रहस्यों को सरलता से समझ सकें, इस दृष्टि से प्रशिक्षक विभिन्न देशों में प्रचलित एक ही अर्थ के वाचक भिन्न-भिन्न शब्दों का प्रयोग करते थे। यहां दशवैकालिक सूत्र का भाषा-प्रयोग विषयक एक प्रसंग द्रष्टव्य है। वहां कहा गया है कि मुनि इन संबोधनों से स्त्री को सम्बोधित न करे—

हले हले त्ति अन्नेत्ति, भट्टे सामिणि गोमिणि।
होले गोले वसुले त्ति, इत्थियं नेवमालवे॥(७।१६)

ये शब्द विभिन्न प्रदेशों में प्रचलित सम्बोधन-शब्दों का परिज्ञान कराते हैं। दशवैकालिक सूत्र की अगस्त्यचूर्णि के अनुसार तरुणी स्त्री के लिए महाराष्ट्र में 'हले' एवं 'अन्ने' संबोधन का प्रयोग होता था। लाट (मध्य और दक्षिणी गुजरात) देश में 'हला' तथा 'भट्टे', गोल देश में 'गोमिणी' तथा 'होले', 'गोले', 'वसुले'—ये शब्द संबोधनरूप में प्रयुक्त होते थे।[7] दशवैकालिक सूत्र की चूर्णि में भोजन के लिए प्रयुक्त संदेण, वंजण, कुसण, जेमण आदि शब्द भिन्न-भिन्न प्रान्तों में इनके प्रचलन का संकेत देते हैं—भिण्णदेसिभासेसु जणवदेसु एगम्मि अत्थे संदेणवंजणकुसणजेमणाति भिण्णमत्थपच्चायणसमत्थमविप्पडिवत्तिरूवेण।[8]

---

१. कम्पेरेटिव ग्रामर आफ गौडियन लेंग्वेजेज, पृ ३९-४०।
२. विल्सन फिलोलोजिकल लेक्चर्स, पृ १०६।
३. इन्ट्रोडक्शन टु कम्पेरेटिव फिलोलोजी, पृ २७५-२७७।
४. लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इण्डिया, पृ १२७,१२८।
५. कन्नडीज वर्ड्ज इन देशी लेक्सिकन्स, जिल्द १२, पृ १७१,१७२।
६. औब्जर्वेशन आन हेमचन्द्राज देशीनाममाला, जिल्द ८, पृ ६३-७१।
७. दशवैकालिक, अगस्त्यचूर्णि, पृष्ठ १९८ : हले अन्नेति मरहट्ठेसु तरुणित्थी मामंतणं। हलेति लाडेसु। भट्टेति·····लाडेसु। सामिणित्ति सव्वदेसेसु। गोमिणी गोल्लविसए। होले गोले वसुले त्ति देसीए·····।
८. दशवैकालिक, जिनदासचूर्णि, पृष्ठ १६०

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओदन शब्द के लिए निम्न पंक्तियां पठनीय हैं—

'पुव्वदेसयाणं पुग्गलि ओदणो भण्णइ, लाडमरहट्ठाणं कूरो, द्रविडाणं चोरो, आंध्राणं कनायुं ।'[1]

बृहत्कल्प भाष्य में आचार्यपद के योग्य शिष्य के लिए स्पष्ट निर्देश है कि वह देशी भाषाओं के परिज्ञान के लिए बारह वर्ष तक देशाटन करे। देशाटन का प्रयोजन और उससे होने वाली निष्पत्तियों पर प्रकाश डालते हुए कहा गया है कि शास्त्रों में प्रसिद्ध शब्द जिन-जिन देशों और प्रान्तों में व्यवहृत होते हैं, देशभ्रमण के समय उन-उन देशों में उनका प्रत्यक्षीकरण हो जाता है—पयः पिच्चं नीरमित्यादयश्च शास्त्रप्रसिद्धाः शब्दास्तेषु तेषु देशेषु लोकेन तथा तथा व्यवह्रियमाणा देशदर्शनं कुर्वता प्रत्यक्षत उपलभ्यन्ते ।[2]

दूसरी बड़ी उपलब्धि यह होती है कि सतत परिव्रजन करने वाला परिव्राजक मगध, मालव, महाराष्ट्र, लाट, कर्णाट, द्रविड, गौड, विदर्भ आदि नाना देशों की देशीभाषाओं में कुशलता प्राप्त कर लेता है। इसमें एक बड़ी सुविधा यह हो जाती है कि वह नाना देशीभाषाओं में निबद्ध सूत्रों के उच्चारण और उनके यथार्थ अर्थकथन में दक्ष बन जाता है और जब वह आचार्यपद को अलंकृत करता है तो समस्त देशीभाषाओं में निष्णात होने से अभाषिकों (केवल अपने ही प्रदेश की भाषा जानने वालों) को भी उनकी अपनी भाषा में प्रतिबोध देकर प्रव्रजित कर लेता है।[3]

देशीभाषाओं के भेद

आगमों में अनेक स्थलों पर अठारह प्रकार की देशीभाषाओं का उल्लेख मिलता है।[4] राजकुमारों को भी अठारह भाषाओं का ज्ञान कराया जाता था।[5] गणिकाएं भी इन भाषाओं में निष्णात होती थीं।[6] ये अठारह

---

१. दशवैकालिक, जिनदासचूर्णि, पृष्ठ २३६ ।

२. बृहत्कल्पभाष्य, १२२३, टीका पृष्ठ ३८० ।

३. बृहत्कल्पभाष्य, १२२९, १२३० :
नाणादेसीकुसलो, नाणादेसीकयस्स सुत्तस्स ।
अभिलावअत्थकुसलो, होइ तओ णेण गंतव्वं ॥
कहयति अभासियाण वि, अभासिए आवि पव्वयावेइ ।
सव्वे वि तत्थ पीइं, बंधंति सभासिओ णे त्ति ॥

४. औपपातिक १४९; राजप्रश्नीय, ८०९ ।

५. ज्ञाताधर्मकथा, १।१।८८ :
एते णं से मेहे कुमारे·····अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए ।

६. वही, १।३।८ :
देवदत्ता नामं गणिया·····अट्ठारसदेसीभासाविसारया ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भाषाएं कौन-सी थीं—आगमों में इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता। बृहत्कल्प भाष्य की टीका में मगध, मालव, महाराष्ट्र, लाट, कर्णाट, द्रविड़, गौड और विदर्भ आदि देशों में बोली जाने वाली भाषाओं को देशी कहा गया है।[1] कुवलयमाला में विजयपुरी के बाजार में एकत्रित अठारह देशों के व्यापारियों के मुंह से अपने-अपने देश की भाषा के शब्द कहलवाये हैं।[2] उनके उदाहरण इस प्रकार हैं—

देश	भाषा-शब्द	अर्थ
१. गोल्ल	अडड[1]	पशुओं को हांकने का शब्द
२. मध्यप्रदेश	तेरे मेरे आउ[2]	तेरे, मेरे, आओ
३. मगध	एगे ले[3]	ऐसे ले (?)
४. अन्तर्वेद	कित्तो किम्मो[4]	
५. कीर (कश्मीर)	सरि पारि[5]	
६. ढक्क (पंजाब)	एहं तेहं[6]	यहां-वहां, यह-वह
७. सिन्ध	चउडय मे[7]	सुन्दर (?)

---

१. बृहत्कल्पभाष्य, टीका पृ ३८२ :
नानाप्रकारा—मगध-मालव-महाराष्ट्र-लाट-कर्णाट-द्रविड-गौड-विदर्भादि-देशभवा या देशीभाषा……।

२. कुवलयमाला, पृष्ठ १५२, १५३ :

१. कसिणे णिट्ठुरवयणे बहुक-समर-भुंजए अलज्जे य।
'अडडे' त्ति उल्लवंते अह पेच्छइ गोल्लए तत्थ ॥

२. णय-णीइ-संधि-विग्गह-पडुए बहुजंपए य पयईए।
'तेरे मेरे आउ' त्ति जंपिरे मज्झदेसे य ॥

३. णीहरिय-पोट्ट-दुव्वण्ण-मडहए-सुरय-केलि-तल्लिच्छे।
'एगे ले' जंपुल्ले अह पेच्छइ मगहे कुमरो ॥

४. कविले पिंगलणयणे भोयणकहमेत्तदिण्णवावारे।
'कित्तो किम्मो' पिय-जंपिरे य अह अंतवेए य ॥

५. उत्तुंग-त्थूल-घोणे कणयवण्णे य भार-वाहे य।
'सरि पारि' जंपिरे रे कीरे कुमरो पलोएइ ॥

६. दक्खिण्ण-दाण-पोरुस-विण्णाण-दया-विवज्जिय-सरीरे।
'एहं तेहं' चवंते ढक्के उण पेच्छए कुमरो ॥

७. सललिय-मिउ-मद्दवए गंधव्व-पिए सवेसगयचित्ते।
'चउडय मे' भणिरे सुहए अह सेंधवे दिट्ठे ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

देश	भाषा-शब्द	अर्थ
८. मारुक (मरुदेश)	अप्पां तुप्पां[९]	हम-तुम
९. गुर्जर	णउ रे भल्लउं[९]	अरे ! यह अच्छा नहीं है
१०. लाट	अम्हं काउं तुम्हं[१०]	हमने किया, तुमने
११. मालव	भाउय भइणी तुम्हे[११]	तुम भाई-बहिन हो
१२. कर्णाटक	अंडि पांडि मरे[१२]	
१३. ताजिक (परशियन या अरबिक)	इसि किसि मिसि[१३]	
१४. कोशल	जल तल ले[१४]	
१५. महाराष्ट्र	दिण्णल्ले गहियल्ले[१५]	दिया और लिया
१६- आन्ध्र	अटि पुटि रटि[१६]	वह जाना आना

इनमें १६ भाषाओं का उल्लेख है। शेष दो भाषाएं—ओड्री और द्राविडी होनी चाहिए।[१७] उपर्युक्त उदाहरणों में कर्णाटक की भाषा—कन्नड का उदाहरण तेलगु का-सा प्रतीत होता है।

---

८. बंके जडे य जड्डे बहु-भोई कढिण-पीण-सूणंगे।
'अप्पां तुप्पां' भणिरे अह पेच्छइ मारुए तत्तो ॥
९. घय-लोणिय-पुट्ठंगे धम्म-परे संधि-विग्गह-णिउणे।
'णउ रे भल्लउ' भणिरे अह पेच्छइ गुज्जरे अवरे ॥
१०. ण्हाओलित्त-विलित्ते कय-सीमंते सुसोहिय-सुगत्ते।
'अम्हं काउं तुम्हं' भणिरे अह पेच्छए लाडे ॥
११. तणु-साम-मडह-देहे कोवणए माणजीविणो रोद्दे।
'भाउय भइणी तुम्हे' भणिरे अह मालवे दिट्ठे ॥
१२. उक्कड-दप्पे पिय-मोहणे य रोद्दे पयंग-वित्ती य।
'अडि पांडि मरे' भणिरे पेच्छइ कण्णाडए अण्णे ॥
१३. कुप्पास-पाउयंगे मासरुई पाण-मयण-तल्लिच्छे।
'इसि किसि मिसि' भणमाणे अह पेच्छइ ताइए अवरे ॥
१४. सव्व-कला-पत्तट्ठे माणी पियकोवणे कढिण-देहे।
'जल तल ले' भणमाणे कोसलए पुलइए अवरे ॥
१५. दढ-मडह-सामलंगे सहिरे अहिमाण-कलह-सीले य।
'दिण्णल्ले गहियल्ले' उल्लविरे तत्थ मरहट्ठे ॥
१६. पिय-महिला-संगामे सुंदर-गत्ते य भोयणे रोद्दे।
'अटि पुटि रटि' भणंते अंधे कुमरो पलोएइ ॥
१७. इय अट्ठारस देसी-भासाउ पुलइऊण सिरिदत्तो।
अण्णाइय पुलएई खस-पारस-बब्बरादीए ॥

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

विभिन्न प्रांतीय सीमाओं के साथ देशी भाषाओं के उच्चारण के बारे में विशेष जानकारी देते हुए भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र में लिखा है[1]—

गंगा और सागर के मध्यवर्ती क्षेत्रों के निवासी एकारबहुल भाषा का प्रयोग करते हैं। जैसे—भंते, समणे, महावीरे आदि। (गंगा और सागर के मध्य मगध क्षेत्र होने से यह एकारबहुल मागधी भाषा होनी चाहिए)।

विन्ध्य और सागर के मध्य जो देश हैं वहां ण के स्थान पर नकार-बहुल भाषा का प्रयोग होता है। जैसे—नकरं, मइकनो आदि। (यह पैशाची प्राकृत होनी चाहिए)।

सौराष्ट्र, अवन्ती और वेत्रवती नदी के उत्तरी भाग में चकारबहुल भाषा का प्रयोग होता है। (यह प्राच्या या पैशाची प्रभावित प्राकृत भाषा होनी चाहिए)।

हिमवान्, सिन्धु और सौवीर में रहने वाले लोग उकारबहुल भाषा बोलते हैं। जैसे – अप्पणु, वक्कलु, फलु आदि (अपभ्रंश प्राकृत उकारबहुल है)।

चर्मण्वती नदी के तट पर तथा अर्बुद पर्वतवर्ती क्षेत्रों में ओकार प्रधान भाषा का प्रयोग होता है। जैसे— सुज्जो, सीसो आदि। (यह शौरसेनी प्राकृत होनी चाहिए)।

संस्कृत साहित्य-भाषा होने से उसमें देशी शब्दों का समावेश कम हुआ किन्तु प्राकृत जनभाषा होने के कारण उसमें देशी शब्दों का समावेश अधिक हुआ। निशीथ में भी यह उल्लेख मिलता है कि अर्धमागधी प्राकृत भाषा अठारह देशी भाषाओं से युक्त है।[2]

कुवलयमाला के रचनाकार लिखते हैं कि देशी भाषा को जानने वाला व्यक्ति ही इस ग्रन्थ को पढ़े।[3]

इसी प्रकार तरंगवई कहा,[4] लीलावई कहा,[5] पउमचरिउ[6]

---

१. नाटचशास्त्र, १७।५९-६३।

२. निशीथभाष्य, ३६१८, चूर्णि पृष्ठ २५३ :
'अट्ठारसदेसीभासाणियतं अद्धमागहं'।

३. कुवलयमाला, पृष्ठ २८१ :
जो जाणइ देसीओ भासाओ लक्खणाइं धाऊ य।
वय-णय-गाहा छेयं, कुवलयमालं पि सो पढउ॥

४. जेकोबी, सनत्कुमार की भूमिका, पृष्ठ १७८ :
पालित्तएण रइया वित्थरओ तस्स देसीवयणेहिं।

५. लीलावई कहा, गाहा ४१ :
एमेव पुद्ध जुयई मणोहरं पाययाए भासाए।
परिवलदेसी सुलक्खं कहसु कहं दिव्व माणुसियं॥

६. पउमचरिउ, १।२।३,४ :
सक्कयपाययपुलिणालंकिय देसी भासा उभय तडुज्जला।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णायकुमारचरियं[1] आदि के रचयिताओं ने अपने-अपने ग्रन्थों को देशी भाषा के प्रयोगों से युक्त बताया है। यद्यपि ये ग्रन्थ महाराष्ट्री प्राकृत या अपभ्रंश में रचित हैं, किन्तु इनमें देशी शब्दों की प्रचुरता है।

अपभ्रंश तथा महाराष्ट्री प्राकृत को भी अनेक विद्वानों ने देशी भाषा माना है। लीलावई कहा[2] तथा कुवलयमाला में कवि महाराष्ट्री प्राकृत को देशी के रूप में स्वीकार करते हैं।[3] महाराष्ट्र के संत कवि ज्ञानेश्वर ने भी देशी शब्द का प्रयोग मराठी के लिए किया है। शाबरभाष्य में देशी भाषा के संदर्भ में अपभ्रंश का उल्लेख हुआ है।

इसके अतिरिक्त और भी अनेक उल्लेख इन भाषाओं को देशी मानने के सन्दर्भ में मिलते हैं। इनसे स्पष्ट है कि देशी शब्द का प्रयोग अपभ्रंश, महाराष्ट्री तथा जनपदीय बोलियों के लिए भी होता रहा है। ये दोनों — अपभ्रंश और महाराष्ट्री भाषाएं देशी हैं या नहीं - इसके विषय में विद्वानों ने पर्याप्त चिन्तन किया है।

अधिक संभव लगता है कि यहां देशी या देशीशब्द का प्रयोग प्रान्त या उस देशविशेष के लिए किया हो। प्रसिद्ध भाषाविद् जूलब्लाक तथा डा० कीथ ने यह सिद्ध किया है कि अपभ्रंश देशीभाषा नहीं थी किन्तु आभीर एवं गूजरों की भाषा थी।

अपभ्रंश के आज अनेकों ग्रन्थ मिलते हैं जिनमें प्रचुर देशी शब्दों का प्रयोग हुआ है। उदाहरण के लिए डा० देवेन्द्रकुमार शास्त्री द्वारा सम्पादित 'भविसयत्तकहा तथा अपभ्रंश कथाकाव्य' पुस्तक में उल्लिखित कुछ देशी शब्दों एवं धातुओं का नीचे निर्देश किया जा रहा है—[4]

तलाय (तलाब), हंसि (हंसिनी), संड (सांड), धीवर, अट्ठारह, चउदह, चउसट्ठि, पासु (पास), आजु (आज), मंदलु, कायरा (कायर), गवार (गंवार), अगवाणिय (अगवानी), वणिजारिय (बनजारा) आदि।

इसी प्रकार इसमें देशी क्रिया-रूपों तथा सर्वनामों की भी प्रचुरता है। सर्वनाम के कुछ शब्द-रूप इस प्रकार हैं—जो, सो, ए, को, हउ, हउं, (हौं), कवणु (कौन), मइं (मैं), हमारे, अम्हारिय, इह, यहि, किह (कैसे) इस, जिह (जैसे), जे, ता और जं इत्यादि।

देशी क्रियापदों के कुछ रूप—पूछिय, आयउ, तोडिय, देखेवि, लग्ग (लगे हुए) घल्लिय, ढोइय, छोडइ, पडिउ, छूटउ, हक्क दिंति (हांक देते हैं),

---

१. णायकुमारचरियं, १।१ : णीसेसदेसभासउ ····चवंति।

२. लीलावई कहा, गाहा १३३० :

भणियं च पियय भाए, रइयं मरहट्ठ देसी भासाए।

३. कुवलयमाला, पृष्ठ ४ : पाइयभासारइया मरहट्ठय-देसि-वण्णय-णिबद्धा।

४. भविसयत्तकहा तथा अपभ्रंश कथाकाव्य, पृष्ठ ३११।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चालावहि (चलवाये), चलु (चलो), फिरइ, गइय, देइ, बुलावइ, खायइ, खुल्लय (खुला हुआ) इत्यादि ।

देशी कोशकार

आज तक कितने देशी कोशकार हुए हैं, इसका ठीक-ठीक संकलन करना इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त दुरूह कार्य है । वर्तमान में देशी शब्दों का सबसे बड़ा कोश आचार्य हेमचन्द्र का मिलता है । त्रिविक्रम ने अपने प्राकृत शब्दानुशासन में लगभग १६०० देशी शब्दों का उल्लेख किया है । धनपाल ने पाइयलच्छीनाममाला में प्राकृत शब्दों के साथ कुछ देशी शब्दों का संग्रहण भी किया है । आचार्य हेमचन्द्र ने अनेक देशी कोशकारों का नामोल्लेख अपने ग्रन्थ—देशी नाममाला में स्थान-स्थान पर किया है । उनका संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है—

अभिमानचिन्ह—इनका देशीकोश सूत्रात्मक था । इन्होंने शब्दसूची और उदाहरणों से शब्दों के अर्थ को स्पष्ट करने का प्रयास किया । इन सूत्रों की व्याख्या विद्वान् उद्दूखल ने की थी ।

अवन्तिसुन्दरी—यह भी कोई विदूषी महिला थी, जिसने प्राकृत में काव्य रचना कर, उसमें अनेक देशी शब्दों को प्रयुक्त किया था । इसके विषय में पर्याप्त जानकारी नहीं है ।

गोपाल—इन्होंने देशी शब्दकोश की श्लोकबद्ध रचना कर संस्कृत में उन शब्दों का अर्थ किया था । अनेक देशीकारों ने इनका उल्लेख किया है ।

देवराज—इन्होंने छन्दबद्ध देशीकोश की रचना की और शब्दों के अर्थ प्राकृत में दिये । इनका सम्पूर्ण कोश शब्दों की प्रकृति के आधार पर प्रकरणों में विभाजित था ।

द्रोण—इन्होंने देशीकोश की रचना अवश्य की थी और शब्दों का अर्थ प्राकृत भाषा में प्रस्तुत किया था । परन्तु उस ग्रन्थ का स्वरूप अज्ञात है ।

धनपाल—संभवतः पाइअलच्छीनाममाला के कर्त्ता धनपाल से ये भिन्न थे । इनका देशी कोश हेमचन्द्र के समय में प्रचलित रहा हो—ऐसी संभावना है । इनका विशेष परिचय ज्ञात नहीं है ।

पादलिप्ताचार्य—हेमचन्द्र के अनुसार ये भी देशीकोश के रचयिता थे । यह सम्भावना की जाती है कि इनके कोशगत विवरण से हेमचंद्र पूर्ण सहमत थे ।

राहुलक—इनके द्वारा रचित देशीकोश की कोई विश्वस्त जानकारी प्राप्त नहीं है । 'टोल' शब्द के सन्दर्भ में हेमचन्द्र इनके मत को स्वीकार कर, अन्यान्य कोशकारों के अर्थ का प्रतिषेध करते हैं । संभवतः इनका कोई कोश रहा हो ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शाम्ब—हेमचन्द्र इनके मत का उल्लेख करते हैं, पर इनके द्वारा रचित कोई देशीकोश था, यह स्पष्ट नहीं है।

शीलांक—हेमचन्द्र ने इनके मत का उल्लेख तीन स्थानों पर किया है। संभवतः इन्होंने देशीकोश की रचना की थी।

इन सभी देशी कोशकारों का इतिवृत्त और काल ज्ञात नहीं है। संभवतः इन सभी कोशकारों के देशीकोश हेमचन्द्र को प्राप्त थे और उन्होंने इन सभी कोशों में रही अपर्याप्तताओं को निकालकर देशीनाममाला को समृद्ध बनाने का प्रयत्न किया है। यह तो सुनिश्चित है कि हेमचन्द्र से पूर्व प्रणीत देशी कोशों से हेमचन्द्र का प्रस्तुत देशीकोश विशिष्ट, व्यवस्थित और शब्द के सही अर्थ को प्रकट करने में सक्षम है।

देशीनाममाला : एक परिचय

देशीनाममाला देशी शब्दों का विशिष्ट कोश है। आचार्य हेमचन्द्र ने इसके प्रारम्भ में लिखा है—

देशी दुःसन्दर्भा प्रायः संदर्भिताऽपि दुर्बोधा।
आचार्यहेमचन्द्रस्तत् तां संदृभति विभजति च॥

देशी शब्दों का चयन करना, उनके सन्दर्भों की समीचीनता को ढूंढना तथा उनके अर्थों के अवबोध को निश्चित करना दुरूह कार्य है।

इसकी रचना आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण ग्रंथ सिद्धहेमशब्दानुशासन के अष्टम अध्याय की पूर्ति के लिए की। आचार्य हेमचन्द्र ने इस कोश के दो नामों का उल्लेख किया है—देसीसद्दसंगहो, रयणावली।[1]

किन्तु इन दोनों नामों के अतिरिक्त प्रत्येक अध्याय के बाद पुष्पिका में 'देशीनाममाला' नाम भी मिलता है।

इसके रचनाकाल के बारे में भी भिन्न-भिन्न मान्यताएं हैं। यह तो स्पष्ट है कि इसकी रचना आचार्य हेमचन्द्र ने सिद्धहेमशब्दानुशासन तथा संस्कृत के कोशों—अभिधान चिंतामणि, अनेकार्थ संग्रह आदि के पश्चात् की। डा० बूलर के अनुसार देशीनाममाला की रचना वि० सं० १२१४-१५ में होनी चाहिए। यह मत विद्वानों में मान्य भी है।

डॉ. भयाणी ने अपने लेख में देशीनाममाला के अनेक शब्दों की संस्कृत छाया करके उनको तद्भव या तत्सम माना है।[2]

---

१. देशीनाममाला, ८।७७ :

इय रयणावलीणामो, देसीसद्दाण संगहो एसो।
वायरणसेसलेसो, रइओ सिरिहेमचन्दमुणिवइणा॥

२. कालूगणि स्मृति ग्रंथ, संस्कृत प्राकृत जैन व्याकरण कोश की परम्परा, पृ ८३-१०७।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत कोश ग्रंथ में ८ अध्याय तथा ७८३ गाथाएं हैं। इसमें ३९७८ शब्दों का संकलन है। सभी शब्द अकारादि क्रम से संगृहीत हैं। इस पर उनकी स्वोपज्ञ टीका भी है। शब्दों के अर्थावबोध के लिए उन्होंने ६३४ उदाहरण गाथाएं भी दी हैं।

आचार्य हेमचन्द्र ने शब्दों को देशी मानने की कुछेक कसौटियां दी हैं। इन कसौटियों पर सभी शब्द खरे नहीं उतरते—यह अवधारणा व्याख्याकार रामानुज, पिशेल और बनर्जी आदि विद्वानों की है। अनेक ऐसे शब्द भी हैं जिन्हें शब्दानुशासन में संस्कृत मानकर सिद्ध किया गया है तथा जो इस कोश में भी समाविष्ट कर दिये गये हैं। डॉ. शिवमूर्ति शर्मा ने इसके तत्सम,तद्भव एवं देशीशब्दों का लेखा इस प्रकार प्रस्तुत किया है[1]—

तत्सम शब्द १००।
संशययुक्त तद्भव ५२८।
गर्भित तद्भव १८५०।
देशीशब्द १५००।

इन १५०० देशीशब्दों में से ८०० शब्द भारतीय आर्यभाषाओं में प्राप्त होते हैं तथा ७०० शब्द आर्येतर भाषाओं से संबंधित बताये जाते हैं।

विद्वानों का मंतव्य है कि हेमचन्द्र द्वारा दी गई कसौटियों पर केवल १५०० शब्द खरे उतरते हैं। किन्तु आचार्य हेमचन्द्र ने प्रायः प्रत्येक शब्द को देशी मानने में तर्क प्रस्तुत किया है तथा अनेक आचार्यों के मतों का उल्लेख भी किया है।

देशीनाममाला के कई शब्द संस्कृत से व्युत्पन्न किये जा सकते हैं, किन्तु अर्थ की दृष्टि से वे पूर्णतः देशी हैं। स्वयं आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी स्वोपज्ञ वृत्ति में स्थान-स्थान पर स्पष्टीकरण दिया है तथा उन शब्दों को देशी मानने का कारण युक्तिपुरस्सर समझाया है। जैसे—

व्यभिचारी अर्थ का द्योतक 'अविणयवर' शब्द संस्कृत के 'अविनयवर' शब्द से सहज व्युत्पन्न किया जा सकता है, किन्तु संस्कृत कोशों में इस अर्थ में अप्रसिद्ध होने से इसे देशी में संगृहीत किया है। अगुज्झहर-अगुह्यधर, अचिरजुवइ-अचिरयुवति आदि शब्दों की भी यही स्थिति है।[2]

'अण्णइअ' शब्द तृप्त अर्थ का वाचक है। इसे संस्कृत के 'अन्नचित' शब्द से निष्पन्न किया जा सकता है, किन्तु उसका अर्थ तृप्त न होकर 'अन्न से पुष्ट' होता है। अतः तृप्त अर्थ का वाचक 'अण्णइअ' शब्द देशी है।[3]

---

१. देशीनाममाला का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन, पृष्ठ ५६।
२. देशीनाममाला, १।१८ वृत्ति।
३. वही, १।१९ वृत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निमीलन अर्थवाची 'अच्छिवडण' शब्द संस्कृत के 'अक्षिपतन' शब्द से निष्पन्न हो सकता है, तथापि संस्कृत में इस अर्थ में अप्रसिद्ध होने से इसे देशी में निबद्ध किया है।[1]

'अहिहाण' का अर्थ है—वर्णना, प्रशंसा। यह संस्कृत के अभिधान शब्द से व्युत्पन्न किया जा सकता है, किन्तु जो व्यक्ति संस्कृत से अनभिज्ञ हैं, स्वयं को प्राकृत के पंडित मानते हैं उनका ध्यान आकृष्ट करने के लिए ऐसे अनेक शब्दों का संग्रहण किया है।[2] संस्कृत में 'अभिधान' शब्द वर्णना—प्रशंसा के अर्थ में प्राप्त नहीं है।

उल्लिखित संदर्भों से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि देशी शब्दों के संग्रहण में आचार्य हेमचंद्र बड़े सतर्क एवं जागरूक रहे हैं। इस विषय में उनकी दृष्टि बहुत स्पष्ट एवं विशाल थी, चिंतन युक्तियुक्त एवं गंभीर था। अन्य आचार्यों द्वारा देशी रूप में स्वीकृत होने पर भी जहां आचार्य हेमचन्द्र को कोई शब्द युक्ति संगत नहीं लगा उसे संस्कृतसम या संस्कृतभव कह कर छोड़ दिया है। जैसे—

'अच्छलं अनपराध इति संस्कृतसमः।[3] 'अच्छोडणं मृगया, अलिजरं कुण्डम्, अमिलायं कुरण्टककुसुमम्, अच्छभल्लो ऋक्षः' इत्यपि संगृह्णन्ति। तत् संस्कृतभवत्वादस्माभिर्नोक्तम्।[4]

शब्दों के यथार्थ अर्थ को पकड़ना एक कठिन कार्य है। उसमें देशी शब्दों का सही ढंग से निर्णय तथा अर्थ-निर्धारण तो और भी कठिन कार्य है।

देशीनाममाला में आचार्य हेमचन्द्र ने देशी शब्दों के वाचक जिन संस्कृत शब्दों का प्रयोग किया है, उनके अनेक अर्थ होते हैं, हो सकते हैं। उनको कौनसा अर्थ अभिप्रेत था—इसका प्रसंग या संदर्भ के बिना निर्णय करना अत्यंत कठिन है। यही कारण है कि देशीनाममाला के अनेक शब्दों का भ्रमपूर्ण एवं अयथार्थ अर्थ भी कर दिया गया है। उदाहरण के लिए रामानुज स्वामी की शब्द सूची द्रष्टव्य है। उसमें कई शब्दों के अर्थ विमर्शणीय एवं संशोधनीय हैं। जैसे—

आचार्य हेमचन्द्र ने 'आउस' शब्द का संस्कृत अर्थ 'कूर्च' दिया है। कूर्च शब्द के दाढ़ी और कूंची—दो अर्थ होते हैं। रामानुज ने इसका अर्थ कूँची (brush) किया है, किन्तु इसका वास्तविक अर्थ दाढ़ी होना चाहिए। इसके सही या गलत अर्थ का निर्णय आचार्य हेमचंद्र द्वारा प्रस्तुत इस उदाहरण गाथा से हो सकता है—

---

१. देशीनाममाला, १।३९ वृत्ति।
२. वही, १।२१ वृत्ति।
३. वही, १।२० वृत्ति।
४. वही, १।३७ वृत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

"सआयाम-आसयसेन्नं तुह पेच्छिय जाय-आउर-आलीला ।
आलत्थपिच्छच्छत्ते छड्डिय रिउणो अणाउसा जंति ।। १।५३।६५ ।

इसमें शत्रुओं की पराजय का सुन्दर चित्रण करते हुए कहा गया है कि हे राजन् ! तुम्हारी शक्तिशाली सेना को निकट आयी जानकर युद्ध के निकटवर्ती भय से भयभीत तुम्हारे शत्रु मयूरपिच्छीनिष्पन्न छत्रों को छोड़कर बिना दाढ़ी-मूंछ वाले मर्द बनकर युद्ध-क्षेत्र से पलायन कर रहे हैं। इस वर्ण्य प्रसंग के आधार पर यह स्पष्ट है कि यहां 'आउस' का अर्थ कूंची नहीं, दाढ़ी मूंछ ही होना चाहिए।

इसी प्रकार 'आहुंदुर' (१।६६) शब्द का अर्थ हेमचन्द्र ने 'बाल' किया है। रामानुजस्वामी ने 'बाल' का अर्थ पूंछ (Tail) किया है, जो ठीक नहीं है। निम्न उदाहरण गाथा के संदर्भ में इसका 'बालक' अर्थ उचित प्रतीत होता है—

आमोरय ! सिरिआसंग ! तए आहुंदुरा करि-हरीण ।
मित्त-आसवण-अमित्तआलयण-दुवारेसु संघडिया ।।१।५४।६६।

'हे विशेषज्ञ ! लक्ष्मी के वासगृह ! तुमने मित्रों के गृहद्वारों पर हाथी के बच्चों का तथा शत्रुओं के गृहद्वारों पर बंदर के बच्चों का संघटन/निर्माण किया है।'

डॉ. भयाणी का देशी शब्दों पर किया गया अनुसंधान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इन्होंने देशीनाममाला के शब्द-अनुक्रम में रामानुजस्वामी द्वारा दिये गए इंग्लिस अर्थों की समालोचना करते हुए १७५ शब्दों की नोंध प्रस्तुत कर उनके द्वारा कृत अर्थों को भ्रामक और अनभिप्रेत बताया है। इन्होंने इन शब्दों का अर्थ जो हेमचंद्र को अभिप्रेत था उसका निर्देश भी किया है। उनमें से कुछेक शब्द सही-गलत अर्थों के साथ इस प्रकार हैं[1]—

मूल शब्द	सही अर्थ	रामानुजकृत गलत अर्थ
अच्छिविअच्छी	परस्पर आकर्षण, आपसी खींचतान	Mutual attraction
अजराउर	उष्ण	Heat
आमलय	नूपुर-गृह, नूपुर रखने की पेटी	Dressing room
आरंदर	१. अनेकान्त, जनसंकुल	Not alone
	२. संकट, संकीर्ण	Difficulty
आलीवण	प्रदीपनक, प्रदीप्त अग्नि	Illuminating
इंदड्ढलअ	इन्द्रोत्थान, इंद्रध्वज को हटाना	Awakening Indra
इरमंदिर	करभ	A young elephent
उअहारी	दोग्ध्री, दूध दुहने वाली स्त्री	A milch cow

१ स्टडीज इन हेमचन्द्राज देशीनाममाला, पृ ५७-८२ ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ओरंपिअ	आक्रान्त	Seiged
कोट्टिंब	द्रोणी, नौका	A Wooden tub
गणणाइआ	चण्डी, पार्वती	An angry woman
चिच्च	कटिभाग	Charming
दोद्धिअ	चर्मकूप, दृति	A pore of the skin
माणंसी	चंद्रवधू, वीरबहूटी कीट	The wife of the moon
साहंजण	गोखरू, एक पौधा	A cow's hoof

देशी शब्दों का भाषाशास्त्रीय अध्ययन

आगम-साहित्य शब्दों का विपुल भंडार है। धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से तो इसका महत्व है ही, किन्तु भाषाविज्ञान की दृष्टि से भी इसके अनेक शब्द तुलनीय एवं विमर्शणीय हैं। आगम में समागत अनेक देशी शब्द अर्वाचीन हिंदी, राजस्थानी, गुजराती, मराठी, कन्नड, तमिल, तेलगु भाषा के शब्दों से तुलनीय हैं।

भाषाविज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक शब्द के अर्थ का उत्कर्ष एवं अपकर्ष होता रहा है। डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी के भाषा-विज्ञान सम्बन्धी ये विचार उल्लेखनीय हैं—'शब्दों के अर्थ की ह्रास और विकास की कथा दीर्घकाल से चली आ रही है। कुछेक शब्दों के अर्थ में विकास होता है, कुछेक का ह्रास और कुछेक के अर्थ में विकार आ जाता है। 'वंश' शब्द का विकास 'बांस' अर्थ में हुआ, किन्तु कुल के अर्थ में विकास न होकर 'वंश' शब्द ही बना रहा। इसी प्रकार 'पृष्ठ' शब्द का विकास/विकार 'पीठ' अर्थ के रूप में हुआ, पर पृष्ठ (पन्ने) के अर्थ में नहीं हुआ। 'पन्ने' के अर्थ में पृष्ठ शब्द ही प्रयुक्त होगा, पीठ नहीं। अमुक पुस्तक का पृष्ठ कहा जाएगा, पीठ नहीं। 'सूची' शब्द वस्त्र सीने के उपकरण के रूप में 'सूई' बन गया, किन्तु 'विषय सूची' के लिए 'विषय सूई' नहीं बन सका। इसी प्रकार शताधिक शब्दों की कहानी है।'

किन्तु कुछ शब्द सैंकड़ों-हजारों वर्षों के बाद भी अपने मूल अर्थ को सुरक्षित रखते हैं। आगमों में 'तुप्प' शब्द का अर्थ है—चुपड़ा हुआ, घी और स्निग्ध। कन्नड भाषा में आज भी 'तुप्प' घी का वाचक है तथा मराठी में घी के लिए 'तूप' शब्द का प्रयोग होता है। इसी प्रकार चिकनाहट या तेल का वाचक 'चोप्पड' शब्द राजस्थानी एवं हिन्दी में आज भी प्रसिद्ध है। यद्यपि सभी शब्दों का भाषाशास्त्रीय अध्ययन करना संभव नहीं था कि अमुक शब्द किस भाषा से आया है, किन्तु जहां भी हमें वर्तमान में प्रचलित अन्य भाषा से संबंधित शब्दों की जानकारी मिली वहां उन शब्दों के आगे कोष्ठक में हमने उस भाषा का उल्लेख किया है। नीचे कुछेक ऐसे शब्दों के उदाहरण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हैं जो अन्य भाषाओं में कुछ परिवर्तन से या मूल रूप में आज भी प्रयुक्त होते हैं—

अक्का—बहिन (कन्नड)
अच्चाइय—व्यथित (अच्चिग-व्यथा-कन्नड़)
अज्जिआ—दादी (अज्जी-कन्नड, आजी-मराठी)
कण्ण—गोल (कण्णे-कन्नड)
गय्याल—जिद्दी (मूर्ख-कन्नड)
डग्गल—घर के ऊपर का भूमितल (डागला-राजस्थानी)
पत्थारी—शैया, बिछौना (पत्थारी-गुजराती, पथरणा-राजस्थानी)
मग्गओ—पीछे (मग-मराठी)
हडप्प—ताम्बूलपात्र (हडप-ताम्बूल रखने की छोटी थैली-कन्नड)

अनेक स्थलों पर तो स्वयं व्याख्याकार भी देशविशेष की भाषा या शब्द का उल्लेख करते हैं। जैसे—

अण्णं इति मरहट्ठाणं आमंतणवयणं।
अवसावणं लाडाणं कंजियं भण्णई।
महाराष्ट्रमवोगिल्लमवाचालम्।
उण्ण त्ति लाडाणं गड्डुरा भण्णंति।
एआवन्ती सव्वावन्ती ति एतौ द्वौ अपि शब्दौ मागधदेशीभाषा-प्रसिद्ध्या एतावन्त:....।
लाडाणं कच्छा सा मरहट्ठयाणं भोयडा भण्णति।
पेलुकरणादि लाटविषये रूतप्राणिका (पूणिका ?) महाराष्ट्रविषये सैव पेलुरित्युच्यते।

किसी भी भाषा के विकास का महत्वपूर्ण सूत्र ग्रहणशीलता होता है। संस्कृत आदि भाषाओं के कोशग्रन्थ अन्य भाषाओं के शब्दों को ग्रहण करके ही समृद्ध बने हैं। आप्टे, मोनियर विलियम्स आदि विद्वानों ने अपने संस्कृत कोशों में अनेक देशी शब्दों का संग्रहण किया है। आप्टे के संस्कृत-इंग्लिश कोश में बर्बरीक, बर्कर, चिक्खल, लड्डू आदि शब्द संगृहीत हैं। ये शब्द देशी कोशों में इस प्रकार हैं—बब्बरी, बक्कर, चिक्खिल्ल (चिक्खल्ल), लड्डुग (लड्डुय) आदि। अर्थ दोनों कोशों में समान हैं।

यहां डा० शिवमूर्ति का यह मंतव्य भी उल्लेखनीय है—'कोई भी साहित्यिक भाषा लोक भाषा के स्तर से उठकर ही साहित्यिक भाषा बनती है। ऐसी स्थिति संस्कृत की भी रही है। पाणिनि जैसे वैयाकरणों ने इसका संस्कार किया। इस प्रक्रिया में कितनी ही देश्य शब्दावलि संस्कृत हो उठी। अष्टाध्यायी के उणादि प्रत्यय इसी तथ्य की ओर संकेत करते हैं। पाणिनि के समय में भी शिक्षितों की भाषा से अलग हटकर कुछ भाषाएं थीं जिन्हें

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अधिकृत विद्वानों ने प्राकृत (अशिक्षितों की) भाषा कहा है। इस बात का समर्थन पतंजलि और भरत भी करते हैं। पाणिनि के धातु पाठ में कई धातुएं ऐसी आई हैं जिनका प्रयोग उनके पूर्व की साहित्यिक भाषा में नहीं मिलता। इनका विकास आश्चर्यजनक रूप से आधुनिक आर्यभाषाओं, विशेषतया हिंदी में मिलता है। जैसे—

संस्कृत	हिंदी
अड्ड	अड़ना
कड्ड	कड़ा
बाड	बाढ
जिमु	जीमना, भोजन करना

संस्कृत में घोड़े के लिए घोटक और अश्व—ये दो शब्द मिलते हैं। स्थिति के अनुसार प्रथम लोकभाषा से आया हुआ शब्द रहा होगा और द्वितीय शिक्षितों की भाषा का शब्द रहा होगा। शिक्षितों का अश्व शब्द आज हिंदी में भी उसी वर्ग के लोगों का शब्द है, जबकि घोटक-घोडअ-घोड़ा आदि रूपों में परिवर्तित होता हुआ सामान्यजनों द्वारा व्यवहृत होता है। इसी प्रकार कुत्ते के लिए कुक्कुर और श्वान, बिल्ली के लिए बिलाड़ी और मार्जारी शब्द व्यवहृत होते रहे हैं।[1]

वामन के मतानुसार 'जो देशी शब्द बहुत व्यापृत हों, उन्हें संस्कृत काव्यों में प्रयुक्त किया जा सकता है।'[2] यही कारण है कि सैकड़ों शब्द संस्कृत कोशों एवं देशी कोशों—दोनों में हैं। जैसे—

अमरकोश	अभिधानचिन्तामणि	देशीनाममाला
—	कङ्केल्लि ११३५	अंकेल्लि १।७
		कंकेल्लि २।१२
—	गोस १३८ टी	गोस २।९६
गोसर्ग १।४।३	गोसर्ग १३८ टी	गोसग्ग २।९६
जलनीली १।१०।३८	जलनीलिका ११६७	जलणीली ३।४२
डुलि १।१०।२४	दुलि १३५३	दुलि ५।४२
—	तम्पा, तंवा १२६६	तंवा ५।१
तरस २।६।६३	तरस ६२२	तरस ५।४
तुङ्गी २।४।१३९	तुङ्गी १४३ टी	तुंगी ५।१४
दाक्षाय्य २।५।२१	दाक्षाय्य १३३५	दक्खज्ज ५।३४
—	प्रखर, प्रक्षर १२५१	पक्खरा ६।१०
प्रतिसीरा २।६।१२०	प्रतिसीरा ६८०	पडिसारी ६।२२

१. देशी नाममाला का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन, पृष्ठ १७०-१७४।

२. काव्यालंकार ५।१।१३।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अभिधानचिन्तामणि कोश की स्वोपज्ञवृत्ति में कहीं-कहीं शब्दों के देशी और संस्कृत—दोनों होने का स्पष्ट निर्देश भी किया गया है। यथा—

गोसो देश्याम्; संस्कृतेऽप्येके (१३८ टी)।
तुङ्गी देश्याम्; संस्कृतेऽपि (१४३ टी)।
विस्कल्लो देश्याम्; संस्कृतेऽपि (१०९० टी)।

इसी प्रकार दोहनपात्र के अर्थ में पारी शब्द का प्रयोग शिशुपालवध (१२।४०) और देशीनाममाला (६।३७)—दोनों में है।

कृश अर्थ के वाचक 'छात' शब्द की भी यही स्थिति है। इस शब्द के बारे में हेमचन्द्राचार्य ने स्वयं प्रश्न उपस्थित कर उस पर पर्याप्त विमर्श किया है। वे लिखते हैं—

'महाकवि माघ ने अपने संस्कृत महाकाव्य शिशुपालवध में 'छात' शब्द का प्रयोग कृश अर्थ में किया है। प्रश्न होता है फिर यह शब्द देशी कैसे? संस्कृत में 'छोंच्' धातु अंतकर्म या छेदन अर्थ में प्रयुक्त है और लोक-व्यवहार में भी इसी अर्थ में प्रचलित है। इस धातु से निष्पन्न 'छात' शब्द कृश अर्थ का वाचक नहीं बन सकता। यद्यपि धातुएं अनेकार्थक होती हैं, किंतु उनका प्रयोग लोक-व्यवहार या लोक-प्रसिद्धि पर निर्भर है। कृश अर्थ में 'छात' शब्द का प्रयोग माघकवि ने ही किया है। अन्यत्र छेदन अर्थ के अतिरिक्त इसका दूसरे अर्थ में प्रयोग देखने में नहीं आया।'[1]

देशीनाममाला में 'दुल्ल' शब्द वस्त्र के अर्थ में प्रयुक्त है। दुकूल शब्द भी वृक्ष तथा वृक्ष की छाल से निष्पन्न वस्त्र के अर्थ में देशी होना चाहिये। बाद में संस्कृत कोशों में यह शब्द सूक्ष्म रेशमी वस्त्र के अर्थ में प्रयुक्त होने लगा हो—यह अधिक संभव लगता है। नालिकेर, ताम्बूल आदि शब्द भी देशी होने चाहिये। बाद में ये शब्द संस्कृत साहित्य में स्वीकृत कर लिए गये। ऐसे अनेक देशी एवं रूढ शब्द संस्कृत भाषा की सम्पत्ति बन चुके हैं जिन्हें आज देशी कहना कठिन लगता है।

देशी धातुएं

इस कोश में अनेक देशी धातुएं परिशिष्ट २ (देशी धातु-चयनिका) में संगृहीत हैं। पाठक की सुविधा की दृष्टि से हमने इन धातुओं को मूल देशी

---

१ देशीनाममाला ३।३३ वृत्तिः 'छाओ बुभुक्षितः कृशश्च। ननु 'छातोदरी युवदृशां क्षणमुत्सवोऽभूत्' (माघ सर्ग ५ श्लोक २३) इत्यादौ 'छात' शब्दस्य कृशार्थस्य दर्शनात् कथमयं देश्यः? नैवम्, छेदनार्थस्यैव 'छात' शब्दस्य साधुत्वात्। न च धात्वनेकार्थता उत्तरमत्र। अनेकार्थता हि धातूनां लोकप्रसिद्ध्या। लोके च 'छात' शब्दस्य छेदनार्थं मुक्त्वा अस्यैव कवेः प्रयोगः नान्येषाम्—इत्यलं बहुना।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्दों के साथ न देकर इनका पृथक् संग्रहण किया है। इन धातुओं को दो भागों में विभक्त किया जा सकता है—

१. देशी धातुएं।

२. आदेश प्राप्त धातुएं।

प्रथम कोटि की धातुओं में कहीं-कहीं व्याख्याकारों ने यह देशी वचन है, यह देशी पद है—ऐसा स्पष्ट निर्देश किया है। जैसे—

खलाहि देशीपदमपसरेत्यस्यार्थे।
जूहंति त्ति देशीशब्दत्वाद् आनयन्ति।
णिण्णाइंति देशीपदत्वादधोगच्छति।
फुरावित्ति त्ति देशीपदमेतद् अपहारयन्ति।
रूसेह त्ति देशीवचनत्वाद् गवेषयत।
वाडुइत्ति देशीवचनमेतत् नश्यतीत्यर्थः।
विप्फालेइ देशीवचनमेतत् पृच्छतीत्यर्थः।

आदेश प्राप्त धातुओं को कुछ विद्वानों ने तद्भव के रूप में स्वीकार किया है। हेमचन्द्राचार्य ने पूर्वाचार्यों की देशी अवधारणा को उल्लिखित कर इन्हें धात्वादेश प्रकरण में समाविष्ट किया है। वे लिखते हैं—**एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः**[1]—हमारे पूर्ववर्ती देशीकारों ने इन धातुओं को देशीधातुओं के रूप में संगृहीत किया है, पर हमने इन्हें आदेश प्राप्त धातुओं के रूप में ग्रहण किया है।

किंतु आचार्य हेमचन्द्र देशीनाममाला में स्थान-स्थान पर संकेत करते हैं कि अमुक धातु हमने धात्वादेश में बता दी है, इसलिए यहां उसका कथन नहीं किया है। जैसे—

अइच्छइ, अक्कुसइ—गच्छति। अवक्खइ—पश्यति। अप्पाहइ—संदिशति। अल्लत्थइ—उत्क्षिपति। एते धात्वादेशेषु शब्दानुशासने अस्माभिरुक्ता इति नेहोपात्ताः। (१।३७ वृ)

उप्फालइ—कथयति ..... उद्धुमाइ—पूर्यते इत्यादयो धात्वादेशेष्वस्माभिरुक्ता इति नोच्यन्ते। (१।११७ वृ)

चुलुचुलइ—स्पन्दते इति धात्वादेशेषूक्तमिति नोक्तम्। (३।१८ वृ)

चोप्पडइ—भक्षति इति धात्वादेशेषूक्तमिति। (३।१९ वृ)

जूरइ खिद्यते क्रुध्यति च इति धात्वादेशेषूक्तमिति नोक्तम्। (३।५२ वृ)

टिविडिक्कइ मण्डयति, टिरिटिल्लइ भ्राम्यति धात्वादेशेषूक्ताविति नोक्तौ। (४।३ वृ)

इन निर्देशों से यह सम्भावना की जा सकती है कि हेमशब्दानुशासन के

---

१. प्राकृत व्याकरण ४।२ टीका।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

धात्वादेश प्रकरण में इन धातुओं का आख्यान यदि पहले नहीं किया होता तो वे अवश्य इन्हें देशीनाममाला में देशीरूप में स्वतंत्र स्थान देते। और यह वास्तविकता भी है कि टिविडिक्क, टिरिटिल्ल आदि सैकड़ों शब्द ऐसे हैं जिनकी समानता/तुल्यता का वहन करने वाले शब्द संस्कृत में उपलब्ध नहीं हैं। आगम-व्याख्या-ग्रंथों में आचार्य हरिभद्र, आचार्य मलयगिरि आदि व्याख्याकारों ने कई स्थानों पर आदेश प्राप्त धातुओं के देशी होने का स्पष्ट निर्देश भी किया है। जैसे—साहइ त्ति देशीवचनतः कथयति (आवहाटी १ पृ १६०)। 'साह' धातु 'कथ' धातु के आदेशरूप में प्राप्त है।[1]

कुछ अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं—

जोअ (दृश्) जोएइत्ति देशीवचनमेतद् निरूपयति।
झोस (गवेषय्) झोसेह त्ति देशीवचनत्वाद् गवेषयत।
दुरुह (आ+रुह्) आरोहणे देशी।
फव्वीह (लभ्) फव्वीहामो त्ति देशीपदत्वाद् लभामहे।

इसी आधार पर हमने सभी आदेश प्राप्त धातुओं को देशी धातु के अन्तर्गत रखा है। यद्यपि अनेक आदेश ऐसे हैं जिनका संस्कृत रूप संभव है, वे देशी जैसे प्रतीत भी नहीं होते, जैसे— भञ्ज् को 'सूड' आदेश होता है। सूदन विनाश के अर्थ में संस्कृत में भी प्रसिद्ध है, किन्तु आदेशप्राप्त होने से इसे देशी के अन्तर्गत रखा है। इसी प्रकार 'दुमण' शब्द दून् धातु का आदेश-प्राप्त रूप है।

देशी धातुओं के पृथक् संग्रहण के संदर्भ में आचार्य हेमचन्द्र का अभिमत विशेष ज्ञातव्य है। उनका मन्तव्य है कि देशी शब्दसंग्रह में धात्वादेश-प्रकरण का संग्रह उचित नहीं है, क्योंकि देशीसंग्रह में उन्हीं शब्दों का ग्रहण उचित है जिनका अर्थ सिद्ध या प्रसिद्ध है, जो साध्यमान नहीं है। धात्वादेशों का अर्थ साध्य है, सिद्ध नहीं। दूसरी बात, त्यादि, तुम्, तव्य आदि प्रत्ययों की बहुलता के कारण धातुओं के अनेक रूप बनते हैं जिनका संग्रहण सम्भव नहीं है।[2]

देशीनाममाला में अनेक धातुमूल शब्दों का प्रयोग हुआ है। यथा—आरोग्गिय, आहुडिय, आडुआलिय, आसरिअ। 'करवाना' अर्थ का सूचक 'णिच्' प्रत्यय लगाने से ये नामधातु बन सकती हैं। यथा—आरोग्गं करोति आरोग्गइ। आहुडं करोति आहुडइ। आडुआलिं करोति आडुआलइ इत्यादि।

---

१. प्राकृत व्याकरण, ४।२।

२. देशीनाममाला, १।३७ वृत्तिः 'न च धात्वादेशानां देशीषु संग्रहो युक्तः। सिद्धार्थशब्दानुवादपरा हि देशी साध्यार्थपराश्च धात्वादेशाः। ते च त्यादि-तुम्-तव्यादिप्रत्ययैर्बहुरूपाः संग्रहीतुमशक्या इति।'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इस प्रकार इन नामों से धातु तथा धातु से भूतकृदन्त आदि क्रियावाचक शब्द बनाये जा सकते हैं। सर्वत्र क्रियावाची शब्दों में यह नियम लागू किया जा सकता है।[1] उदाहरण के लिए कुछ अन्य शब्दों को लिया जा सकता है— अविय (कथित), अट्टट्ट (गत), अज्झत्थ (आगत)—यद्यपि ये तीनों शब्द क्रियावाचक भूतकृदन्त के रूप में हैं, तथापि त्यादि के रूप में इनका प्रयोग ग्रन्थों में उपलब्ध नहीं हुआ इसलिए धात्वादेश में हेमचन्द्राचार्य ने इन्हें निबद्ध नहीं किया।[2]

अवरुंडिय शब्द आलिंगन अर्थ में देशी है। इसके मूल में धातु है— अवरुंड। अवरुंडइ, अवरुंडिज्जइ, अवरुंडिऊण इत्यादि क्रियापदों का प्रयोग मिलने पर भी आचार्य हेमचन्द्र ने इसे धात्वादेश प्रकरण में समाविष्ट नहीं किया, क्योंकि उनके पूर्ववर्ती आचार्यों ने भी इसे धात्वादेश में स्थान नहीं दिया।[3]

आचार्य हेमचन्द्र अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि अज्झस्सइ, अज्झसियं इत्यादि प्रयोगों के आधार पर अज्झस्स शब्द को धात्वादेश में ग्रहण करना चाहिए था। प्राचीन देशीसंग्रहकारों का अनुसरण करते हुए हमने इसे धात्वादेश में न लेकर अज्झस्स (आकुष्ट) शब्द के रूप में देशीसंग्रह में संगृहीत किया है।[4]

इन शब्दों एवं धातुओं को आधार मानकर इस कोश में हमने कुछ ऐसी धातुओं का ग्रहण किया है जो अन्य शब्दकोशों में नहीं हैं। जैसे—

आलंक —लंगड़ा करना, पंगु करना।

आसगल—आक्रांत करना, प्राप्त करना।

आसर—सम्मुख आना।

इंघ सूंघना।

इग्घ—तिरस्कृत करना।

इल्ल—आसिक्त करना, सींचना।

इन धातुओं का निर्माण/संग्रहण सर्वथा मनगढंत या निराधार नहीं है। हेमचन्द्राचार्य के निम्नांकित संदर्भों को इनकी आधारशिला कहा जा सकता है। 'उग्गहिय' शब्द का अर्थ है रचित, जो 'रचि' धात्वादेश से ही सिद्ध है। अर्थात् रच् धातु को 'उग्गह' आदेश हुआ है। उस उग्गह धातु से ही 'उग्गहिय' शब्द रचित अर्थ मे निष्पन्न हुआ है।[5]

---

१. देशी नाममाला, १।६९ वृत्ति।

२. वही, १।१० वृत्ति।

३. वही, १।११ वृत्ति।

४. वही, १।१३ वृत्ति।

५. प्राकृत व्याकरण, ४।९४; देशीनाममाला, १।१०४ वृत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रम् धातु को उब्भाव आदेश होता है। इसी उब्भाव से निष्पन्न हुआ है—उब्भाविय (सुरत, रतिक्रीडा)। इसी प्रकार ऊसलिय, ऊसुंभिय (उल्लसित) शब्द उल्लस् धात्वादेश द्वारा सिद्ध है।[1] पच्चुद्धार और पच्चोवणी—ये दोनों क्रियाशब्द हैं। पच्चुद्धरिअ और पच्चोवणिअ इन्हीं क्रियाशब्दों से निष्पन्न हुए हैं।[2]

कुछ धातुमूल शब्द एवं धातुएं स्वरूप की दृष्टि से तद्भव प्रतीत होती हैं, पर अर्थ की दृष्टि से पूर्णतया देशी हैं। जैसे—

आसरिअ का अर्थ है—सम्मुख आया हुआ, न कि आश्रित।
आलंकिय का अर्थ है—लंगड़ा, न कि अलंकृत।
गुंज का अर्थ है—हंसना, न कि गूंजना।
हण का अर्थ है—सुनना, न कि हिंसा करना।

प्रस्तुत कोश के संकलन की प्रक्रिया

अनेक स्थलों पर आगम तथा आगमेतर ग्रंथों के व्याख्याकारों ने यह 'देशीशब्द' है ऐसा निर्देश किया है। यह निर्देश विभिन्न रूपों में मिलता है—

पहकरो त्ति देशीशब्दोऽयं समूहवाची।
पादाभरणं लोके पागडा इति प्रसिद्धा।
कप्पट्ठ समयपरिभाषया बालक उच्यते।
उत्तूइओ त्ति देशीपदमेतद् गर्वे वर्तते।
इगमवि देशीपदं क्वापि प्रदेशार्थे वर्तते।
अणोरपारम्मि देशयुक्त्या अपारे।
अचियत्तं देशीवचनं अप्रीत्याभिधायकम्।
उप्पित्थशब्दस्त्रस्तव्याकुलवाची देशीति क्वचित्।
खोल्लं देशीशब्दत्वात् कोटरम्।
लोकभाषायां अंबाडी इति प्रसिद्धा।
चिंचइअं ति देशीवचनतः खचितमित्युच्यते।
चोल्लकं देशीभाषया भक्तमुच्यते।
जगारीशब्देन समयभाषया रब्बा भण्यते।
णगारो देसीवयणेण पायपूरणे।
चेल्ललकानि देशीवचनाद् देवीप्यमानानि।
चुल्लशब्दो देश्यः क्षुल्लपर्यायः।
चुक्कारशब्दो देश्यां शब्दवाची।

---

१. प्राकृत व्याकरण, ४।२०२; देशीनाममाला, १।१४१, १४२ वृत्ति।
२ देशीनाममाला, ६।२४ वृत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निहुयं ति आर्षत्वाद् निह्नुतम् ।
प्राकृते पुष्परजः शब्दस्य तिंगिछ इति निपातः देशीशब्दो वा ।
तुंडियं थिग्गलं देसीभासाए सामयिगी वा एस पडिभासा ।
तिंगिछ त्ति देशीवचनेन बुभुक्षोच्यते ।
दुवग्ग त्ति देशीवचनत्वाद् द्वावपि ।
अमाधातो रूढिशब्दत्वाद् अमारिरित्यर्थः ।
मरहट्ठविसयभासाए वा इत्थी माउग्गामो भण्णति ।
सहूणं ति देसीभासा सहेत्यर्थः ।
वाउप्पइय त्ति वातोत्पतिका रूढ्यावसेया ।
वालग्गपोइयातो त्ति देशीपदं वलभीवाचकम् अन्ये त्वाकाशतडागमध्य-
स्थितं क्षुल्लकप्रासादमेव वालग्गपोइया य त्ति देशीपदाभिधेयमाहुः ।
संघाडिय त्ति देशीपदमव्युत्पन्नमेव मित्राभिधायि ।
वियडिशब्देन लोके अटवी उच्यते ।
विसालिसेहिं ति मागधदेशीयभाषया विसदृशैः ।
संगेल्ली समुदायः देश्योऽयं शब्दः ।
सासेरा देशीपदत्वाद् यंत्रमयी नर्तकी ।
साहिशब्दो राजमार्गे देशी ।
सुत्तं मदिराखोलः देशविशेषप्रसिद्धो वा कश्चिद् द्रव्यः ।
सुरूची रूढिगम्या आभरणविशेषः इति केचित् ।
हुरत्था नाम देसीभासातो बहिद्धा ।
होले त्ति निट्ठुरमामंतणं देसीए भविलवचनमिव ।
होला इति देशीभाषातः समवया आमन्त्र्यते ।

प्रारम्भ में हमने प्रायः उन्हीं शब्दों का संकलन किया जहां देशी आदि का उल्लेख था, किन्तु जब आचार्य हेमचंद्र की देशीनाममाला का पारायण किया तब अनेक दृष्टियां स्पष्ट हुईं। इसलिए सभी आगम एवं व्याख्याग्रंथों का पुनः अवलोकन किया। इससे हजारों शब्द इस कोश में और जुड़ गए।

यहां कुछ ऐसे उदाहरण प्रस्तुत हैं जहां हमने देशीनाममाला को आदर्श मानकर शब्दों का चयन किया है—

यद्यपि कोश में नञ् समास वाले शब्दों का संग्रहण प्रायः नहीं किया जाता, किन्तु देशीनाममाला में कुछ ऐसे शब्द भी मिलते हैं। जैसे—अणच्छिआर (अच्छिन्न), अभिखिय (अनिंदनीय)। इस आधार पर हमने भी ऐसे शब्दों का संकलन किया है। जैसे—अतिंतिण, अचोक्ख, अच्छिक्क, अजढर आदि।

आचार्य हेमचंद्र ने ऐसे अनेक शब्दों को देशी माना है जिनकी संस्कृत छाया संभव है, किन्तु संस्कृत में वे प्रसिद्ध नहीं हैं। जैसे—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अंक (अङ्क) निकट।

अक्खलिय (अस्खलित) आकुल-व्याकुल।

अदंसण (अदर्शन) चोर।

अमय (अमृत) चांद।

इसी आधार पर प्रस्तुत कोश में भी अनेक शब्दों का समावेश किया गया है। जैसे—

अच्चिय (अर्चित) मूल्यवान्।

अवतंस (अवतंस) पुरुषव्याधि नामक रोग।

आयंस (आदर्श) घोड़े का आभूषण।

तरमल्लिहायण (तरोमल्लिहायन) युवा।

पइरिक्क (प्रतिरिक्त) एकांत।

देशीनाममाला में इल्ल और इर प्रत्यय वाले कुछ शब्दों का संग्रहण है। जैसे—अंबिर (आम), सच्चिल्लय (सत्य), तत्तिल्ल (तत्पर); लोहिल्ल (लोभी), णच्चिर (रमणशील)। इसी आधार पर दिट्ठिल्लिय, गतिल्लिय आदि शब्दों को हमने भी देशी की कोटि में रखा है। आचार्य मलयगिरि ने पढमेल्लुग शब्द के लिए देशी का निर्देश किया है।[1] इसलिए संभव लगता है कि किसी क्षेत्र-विशेष में इल्लादि-प्रधान शब्दों का व्यवहार अधिक प्रचलित रहा हो, उसी के आधार पर इसे देशी माना हो। 'इर', 'इल्ल' प्रत्यय से सम्बंधित हजारों शब्द आगम एवं व्याख्याग्रंथों में मिलते हैं। किन्तु सबका समावेश इसमें नहीं हो सका है।

प्राकृत शैली से जिन शब्दों का रूप परिवर्तित हो गया है, वैसे अनेक शब्द देशीनाममाला में संगृहीत हैं। हमने भी कुछ शब्द इस कोश में सम्मिलित किए हैं, जैसे—आघविय[2], तिगिंछ[3] आदि।

देशीनाममाला में राजा तथा गांव-विशेष के नाम भी देशी रूप में लिए गए हैं। राजा सातवाहन के लिए तीन शब्द आए हैं—कुंतल, चउरचिंध और हाल तथा गुजरात के एक गांव 'भोढेरक' के लिए 'भयवग्गाम' शब्द प्रयुक्त हुआ है।

इसी आधार पर हमने भी कुछ व्यक्तियों, देशों तथा नगरों के नामों को देशी के अंतर्गत लिया है। जैसे—गोब्बर, कुडक्क, कोक्कास, तुरक्क आदि।

आचार्य हेमचंद्र ने संख्यावाची शब्दों को भी देशी के अंतर्गत समाविष्ट

---

१. आवश्यक, मलयगिरि टीका पत्र ११६ : प्रथमा एव प्रथमेल्लुका देशीपदमेतत्।

२. आघवियं ति प्राकृतशैल्या छांदसत्वाच्च गुरोः सकाशादागृहीतम्।

३. प्राकृते पुष्परजःशब्दस्य तिगिंछ इति निपातः देशीशब्दो वा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किया है। जैसे—पंचावण्ण, पणवण्ण (पचपन) आदि। इसी आधार पर हमने भी पण, चालीस, पणयाल, अडयाल, पणपण्ण आदि संख्यावाची शब्द लिए हैं। संख्यावाची शब्दों के अंतर्गत अडड, अडडंग, हुहुय, हुहुयंग, अवव, अववंग आदि शब्द भी महत्त्वपूर्ण हैं। ये शब्द संस्कृत कोशों में तो अप्राप्त हैं ही, अन्य परम्पराओं में भी नहीं मिलते। ये जैन गणित के विशेष पारिभाषिक शब्द हैं। अतः इन्हें देशीशब्दों के रूप में स्वीकृत किया है।

सामान्य कोशों में क्त्वा प्रत्ययांत शब्द नहीं मिलते। किन्तु हमने मूल-रूप में प्रत्यय के साथ ही उन शब्दों का इस कोश में समावेश किया है। जैसे—अंगोहलेऊण, अप्पाहट्टु आदि। ऐसे शब्दों को लेने का कारण यह है कि कहीं-कहीं मूल शब्द का प्रयोग आगमों में नहीं मिलने से इन शब्दों द्वारा उन अर्थों का ज्ञान हो जाता है।

अनुकरणवाची शब्दों के विषय में विद्वानों में मतभेद है। कुछ इन्हें देशी मानते हैं तथा कुछ इन्हें देशी रूप में स्वीकार नहीं करते। किन्तु हमने इस कोश में अनेक अनुकरणवाची शब्दों को देशी रूप में स्वीकार किया है। जैसे—घणघणाइय, चवचव, छडछडा, छु, छुक्कारण, थिविथिविंत, दुहदुहग।

वाक्यालंकार के रूप में प्रयुक्त अव्यय भी देशी शब्दों के अंतर्गत समाविष्ट हैं। क्योंकि कहीं-कहीं टीकाकारों ने भी इन्हें देशी रूप में स्वीकार किया है। जैसे—'आइं ति देशीभाषायां', 'खाइणं' ति देशीभाषया वाक्यालंकारे। प्राकृत के पादपूरक अव्ययों को भी देशी के रूप में स्वीकार किया है। जैसे—जे, मो, र, से, अदुत्तरं, बले। इनके देशी होने के कुछ प्रमाण इस प्रकार हैं—

१. से शब्दः मागधदेशीप्रसिद्धो निपातस्तच्छब्दार्थः।

२. ऊति णाम मरहट्ठादिसु णादि दुगुंछिज्जति।

३. णगारो देसिवयणेण पायपूरणे।

४. वाणमिति पूरणार्थो निपातः।

यद्यपि 'क' प्रत्यय स्वार्थ में होता है किन्तु इस कोश में मूलशब्द के साथ जहां भी स्वार्थ का द्योतक क, अ, य, ग और त आदि जुड़ गए हैं उन्हें अर्थ भिन्न न होने पर भी पृथक् रूप से ग्रहण किया है। जैसे—

अंछण, अंछणय—विस्तार।

कडच्छु, कडच्छुत, कडच्छुय—चम्मच।

इन्हें स्वतंत्र रूप से ग्रहण करने के दो कारण हैं—

१. इन शब्दों का ग्रंथों में ऐसा प्रयोग मिलता है। अतः पाठक की सुविधा की दृष्टि से उनको अलग-अलग ग्रहण किया है। यदि साहित्य में 'कुड' शब्द की अपेक्षा 'कुडग' का प्रयोग है तो पाठक 'कुडग' शब्द ही देखना चाहेगा। आचार्य हेमचंद्र ने देशीनाममाला में कहीं-कहीं ऐसे शब्दों का निर्देश भी किया है। जैसे—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उवकययं कप्रत्ययाभावे उवकयं सज्जितम् (१।११९ वृत्ति)।
जच्छंदओ स्वच्छन्दः कप्रत्ययाभावे जच्छंदो (३।४३ वृत्ति)।

इसी प्रकार कहीं-कहीं दीर्घ-ह्रस्व मात्रा के अंतर वाले, अ/आ/इ/उ/ग/घ/ह के अंतर वाले तथा व्यञ्जन-द्वित्त्व वाले शब्द समानार्थक होने पर भी पृथक् रूप से ग्रहण किए गए हैं। जैसे—

चुडलय, चुडलि, चुडलिय, चुडली, चुडल्लि, चुडिलीय—जलती हुई लकड़ी।

गुम्मी, गुम्ही, गोमी, गोम्मी, गोम्ही—कनखजूरा।
उयरिणिया, ऊरणिया, ऊरणीया—जंतु-विशेष।
भिलुगा, भिलुघा, भिलुहा—भूमि की रेखा।

२. इन्हें भिन्न ग्रहण करने का दूसरा कारण—कभी-कभी शब्द में अ/आ/क/य/ग आदि जुड़ने से अर्थ में बहुत भिन्नता आ जाती है। जैसे—

- अवल्ल—बैल। अवल्लय—नौका खेने का एक उपकरण।
- उद्धच्छवि विपरीत। उद्धच्छविअ—सज्जित।
- उंड—१. मुख, २. ऊंडा। उंडअ—पांव में पिंड रूप में लगे उतना गहरा कीचड़। उंडग—स्थण्डिल।
- पयल—नीड। पयला—निद्रा। पयलाअ - सर्प। पयल्ल प्रसृत।
- पडिसारिअ—स्मृत। पडिसारी—यवनिका।

इस कोश के मूलभाग में आदि नकार वाले शब्दों को नहीं रखा गया है। आगमों में जहां कहीं आदि नकार वाले शब्द प्राप्त हुए, उनके स्थान में 'ण' कर दिया गया है। क्योंकि देशी शब्दों की आदि में नकार का सर्वथा अभाव है। हेमचंद्राचार्य के मतानुसार 'देश्य प्राकृत में आदि नकार असंभव ही है। प्राकृत व्याकरण में 'वा आदौ' सूत्र के द्वारा जो वैकल्पिक आदि ण का विधान किया गया है, वह तो मात्र संस्कृत शब्दों से निष्पन्न प्राकृत शब्दों की अपेक्षा से है।"[1]

सामान्यतः संस्कृत या प्राकृत में उपसर्ग जुड़ने पर अर्थ परिवर्तित हो जाता है। हेमचंद्राचार्य के अभिमत में देशी शब्दों का उपसर्ग के साथ कोई स्वतंत्र सम्बंध नहीं है। जैसे—उच्छिल्ल—छिद्र (दे १/९५)। छिल्ल—छिद्र (दे ३/३५)। यहां उत्पूर्वक छिल्ल शब्द नहीं है, लेकिन छिल्ल और

---

१. देशीनाममाला, ५।६३ वृत्ति :
नकार आदयस्तु देश्याम् असम्भविन एवेति न निबद्धाः। यच्च 'वा आदौ' (प्रा १।२२९) इति सूत्रितम् अस्माभिः तत् संस्कृतभवप्राकृतशब्दापेक्षया न देशी अपेक्षया इति सर्वमवदातम्।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उच्छिल्ल—दोनों स्वतंत्र शब्द हैं। दोनों का अर्थ एक ही है—छिद्र। इसी प्रकार फेस-उप्फेस, उज्झिखिय-झिखिय आदि शब्दों की स्थिति है।[1]

साहित्य में हमें जो शब्द जिस रूप में प्रयुक्त मिला उसका संकलन हमने उसी रूप में किया है। जैसे—बौद्ध भिक्षु के लिए तच्चण्णिय पाठ प्रसिद्ध है, किंतु कहीं-कहीं ग्रंथों में तव्वण्णिय पाठ भी मिलता है। यहां बहुत अधिक संभावना है कि प्राचीन लिपि में च और व की समानता से तच्चण्णिय के स्थान पर तव्वण्णिय शब्द पढा गया हो। हमें दोनों रूप प्राप्त हुए हैं। अतः दोनों का संकलन कर दिया है। यह भी बहुत संभव है कि 'तव्वण्णिय' शब्द बौद्ध भिक्षु के अर्थ में अनेक स्थानों पर प्रचलित रहा हो। आचार्य हेमचंद्र ने 'च', 'व', 'ब' के व्यत्यय के अनेक शब्द देशीनाममाला में संगृहीत किए हैं। जैसे—चालवास-बालवास, चिट्ठिअ-विट्ठिअ, चुक्क-बुक्क, चुक्कड-बोक्कड आदि। इसी प्रकार मगदंतिया मालती के लिए प्रसिद्ध है किंतु मदगंतिया पाठ भी मिलता है। संभव है लिपिकार द्वारा वर्ण-व्यत्यय हो गया हो या इसी रूप में यह प्रचलित रहा हो।

कल्पसूत्र में 'अवामंसा' शब्द अमावस्या के अर्थ में प्रयुक्त है। प्रथम दृष्टिपात में लगता है कि यह 'अमावस' शब्द में वर्णव्यत्यय होने से या लिपि-दोष होने के कारण 'अवामंसा' रूप बन गया होगा। किंतु कल्पसूत्र की चूर्णि तथा टिप्पणक की सभी प्रतियों में 'अवामंसा' शब्द मिलने से लगता है कि उस समय अमावस के लिए अवामंसा शब्द ही प्रचलित रहा होगा। मुनि पुण्यविजयजी ने इस पर पर्याप्त विमर्श किया है।[2]

'उत्तुहिय' के स्थान पर उड्डुहिय शब्द भी कहीं-कहीं मिलता है जो कि हेमचंद्राचार्य की दृष्टि में लिपिभ्रम ही है।[3] इसी प्रकार अइरिप-अइरिप्प, अंबसमी-अंबमसी, उत्तम्पिअ-उत्तम्मिअ, झरंक-झरंत—इन शब्दों में भी लिपिभ्रम की संभावना की जा सकती है। इस विषय में आचार्य हेमचंद्र अपना अभिमत प्रस्तुत करते हुए कहते हैं कि हो सकता है लिपिभ्रम न भी हो।

---

१. देशीनाममाला, १।९५ वृत्ति :
न हि देशीशब्दानामुपसर्गसम्बन्धो भवति।

२. कल्पसूत्र टिप्पनक, पृष्ठ १६ :
विश्वेष्वपि चूर्ण्यादर्शेषु टिप्पणकादर्शेषु च अवामंसा। इत्येव पाठो वरीवृत्यते इति सम्भाव्यते तत्कालीनभाषाविदां अमावसाऽर्थको अवामंसा-शब्दोऽपि सम्मतः इति नात्राशुद्धपाठाशंका विधेयेति।

३. देशीनाममाला, १।१०५ वृत्ति :
उत्तुहियं तकारसंयोगस्थाने डकारसंयोगं केचित् पठन्ति। स च लिपिभ्रम एव इति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

दोनों रूपों में ही शब्दों का प्रचलन रहा हो। इसमें बहुश्रुत या सर्वज्ञ ही प्रमाण हैं।[1]

लिपिभ्रम के कारण कहीं-कहीं अर्थ का आमूलचूल परिवर्तन भी परिलक्षित होता है। 'पडीर' शब्द का अर्थ है—चोरणिवह अर्थात् चोरों का समूह। लिपिभ्रम के कारण किसी ने 'चोरणिवह' के स्थान पर 'बोरणिवह' पढ़ लिया और इस संदर्भ में 'पडीर' का अर्थ बेरों (बदरी फल) का समूह हो गया।[2]

देशीनाममाला की वृत्ति में आचार्य हेमचंद्र ने अन्य आचार्यों के अर्थभेद, शब्दभेद तथा उनके मतों का भी उल्लेख किया है। जैसे—

केचित् प्रिये कायरो इत्याहुः।
अलमलवसहो सप्ताक्षरं नामेति गोपालः।
ऊसाइअं उत्क्षिप्तमिति धनपालः।
जंबुलं मद्यभाजनमिति सातवाहनः।
टोलं पिशाचमाहुः सर्वे शलभं तु राहुलकः।
खेआलू निःसह, असहन इत्यन्ये।
पेढालं वर्तुलमिति द्रोणः।
पेंडारो महिषीपाल इति देवराजः।

हमने इन सबका समावेश कोश के मूलभाग में किया है।

कहीं-कहीं आचार्य हेमचंद्र ने पूर्वज देशी कोशकारों द्वारा मान्य या प्रयुक्त देशी शब्द-संघटना के विषय में ऊहापोह किया है। जैसे—अच्छिघरुल्ल, अच्छिहरिल्ल तथा अच्छिहरुल्ल—इन तीन शब्द-प्रयोगों में उन्होंने केवल 'अच्छिहरुल्ल' को अपने ग्रंथ में स्थान दिया है। शेष दो के लिए 'बहुज्ञाः प्रमाणम्' कहकर छोड़ दिया है। हमने ऐसे सभी शब्दों का संकलन किया है।

देशी शब्द विभिन्न ग्रंथों में भिन्न-भिन्न रूप से प्रयुक्त हुए हैं। व्याख्याकारों ने किसी एक रूप को मुख्य मानकर दूसरे रूपों को पाठभेद में उल्लिखित किया है। यत्र-तत्र हमने उन पाठभेदों में प्रयुक्त कुछेक देशी रूपों को टि और पा के उल्लेख के साथ इस कोश में समाविष्ट किया है। जैसे—

उस्सूलग-उच्छूलग। कुंडिल्लग-कुंटुल्लिग। फुग्गफुग्ग-फुग्गपुग्ग।
भंभब्भूय-भंभाभूय। भुंभर-भुंभल-सुंभल।

कहीं-कहीं मूलशब्द तो हमें जैसा मिला वैसा ही रखा है, किन्तु कोष्ठक

---

१. देशीनाममाला, १।३७ वृत्ति :
केषांचिद् भ्रमोऽभ्रमो वेति बहुदृश्वान एव प्रमाणम्।
२. वही, ६।८ वृत्ति।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

में उसका संभावित शुद्ध रूप भी दे दिया है। जैसे—

ओट्टिय (दोट्टिय, दोद्धिय ?)
गोमाणसिया (गोमासणिया ?)
तल्लकट्ट (तल्लवत्त ?)
तूमणय (णूमणय ?)

जो शब्द आगम एवं आगमेतर ग्रंथों तथा देशीनाममाला दोनों में मिले हैं, उन शब्दों के दोनों प्रमाण-स्थलों का उल्लेख किया है। जैसे—

अइराणी (अंवि पृ २२३; दे १।५८)
अंगुट्ठी (उसुटी प ५४; दे १।६)
अणह (ज्ञा १।१८।२४; दे १।१३)

इसी प्रकार अणुय, पक्खरा, पडिहत्थ, पणवण्ण आदि आदि।

अनेक स्थलों पर मूलपाठ में प्रसंग से शब्द का अर्थ भिन्न प्रतीत होता है तथा व्याख्याकार उसका भिन्न अर्थ करते हैं। ऐसी स्थिति में हमने दोनों अर्थों का सप्रमाण उल्लेख किया है। जैसे—आडोलिया। टीकाकार ने इसका अर्थ रुद्ध किया है जबकि प्रसंग से उसका अर्थ खिलौना होना चाहिए।[1] कन्नड हिन्दी कोश में आदु-आडु शब्द खेलने के अर्थ में गृहीत है।

इसी प्रकार संपादकों द्वारा किए गए अर्थों पर भी हमने विमर्श किया है। निशीथचूर्णि का एक शब्द है अत्थभिल्ल। पादटिप्पण में इसका अर्थ शस्त्र-विशेष किया गया है। शब्द के आधार पर यह अर्थ ठीक भी लगता है – अत्थ अर्थात्-अस्त्र, भिल्ल अर्थात्-भाला। वहां जंगली जानवरों के प्रसंग में यह शब्द आया है, अतः अत्थभिल्ल का अर्थ भालू होना चाहिए।[2]

जिस किसी शब्द के एकाधिक अर्थ हैं उनमें से हमारे द्वारा निरीक्षित ग्रंथों में प्राप्त अर्थों के प्रमाण प्रस्तुत किए गये हैं। शेष अर्थ हमने 'पाइयसद्दमहण्णवो' से बिना प्रमाण के ग्रहण किए हैं, क्योंकि प्रमाण हमने उन्हीं ग्रंथों के प्रस्तुत किए हैं, जिनका हमने स्वयं निरीक्षण किया है।

इस कोश में अनेक ऐसे शब्दों का भी संग्रहण है जो देशी हैं या नहीं, इस दृष्टि से विमर्शणीय हो सकते हैं। किन्तु अन्यान्य विद्वानों तथा कोशकारों द्वारा वे देशी रूप में मान्य रहे हैं, अतः हमने उनका उसी रूप में संकलन किया है। इस संकलन का एकमात्र उद्देश्य है कि विभिन्न विद्वानों द्वारा देशीरूप में स्वीकृत सभी शब्दों की उपलब्धि एक ही ग्रन्थ में हो जाए।

---

१. ज्ञाताधर्मकथा, १।१८।८ : अप्पेगइयाणं आडोलियाओ अवहरइ, अप्पेगइयाणं तिंदुसए अवहरइ.....। टीका पत्र २४४ : आडोलियाओ – रुद्धाः।

२. निशीथचूर्णि २, पृष्ठ ९३ :
अदेसिको वा अडविपहेण गच्छति, तत्थ वि तरच्छ-वग्घ-अत्थभिल्लादिभयं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रस्तुत कोश की विशेषता

एक ही अर्थ के वाचक भिन्न शब्दों के संदर्भ में अन्य कोशों की भांति 'देखो' का निर्देश न कर पाठक की सुविधा के लिए उस शब्द का अर्थ वहीं दे दिया गया है। कहीं-कहीं शब्द के अर्थ की विस्तृत जानकारी तथा तुलना की दृष्टि से दो-चार स्थानों पर 'देखो' का निर्देश भी किया है। जैसे—**आणंदवड— देखें वहूपोत्ति। उक्कोडभंग— देखें खोडभंग।**

कोशों में कहीं-कहीं एक शब्द का अर्थ देखने के लिए तीन-चार शब्द देखने पर भी अर्थ नहीं मिलता। पाइयसद्दमहण्णवो में अनेक स्थलों पर ऐसा हुआ है। जैसे - पज्जुसवणा देखो पज्जुसणा। पज्जुसणा देखो पज्जोसवणा। पलोहिय देखो पलोभिअ। पलोभिअ देखो पलोभविअ। रम्ह देखो रंफ। रंफ देखो रंप। अनेक स्थलों पर शब्दों के पास-पास आने से पुनरुक्ति दोष-सा प्रतीत हो सकता है किंतु सुविधा की दृष्टि से हमने सभी शब्दों का अर्थ प्रायः उनके सामने ही दे दिया है।

जहां दो समस्त शब्द एक अर्थ के वाचक हैं वहां देशी शब्द को अलग से प्रदर्शित करने के लिए ' ' चिह्न लगा दिया है, जैसे—'कन्न'लइय', 'अट्टण' साला आदि।

इस कोश में अनेक ऐसे शब्द हैं जो अर्थ की दृष्टि से बहुत समृद्ध हैं। भिन्न-भिन्न प्रसंगों में उन शब्दों के भिन्न-भिन्न अर्थ मिलते हैं। जैसे—अव्वो, कडिल्ल, भंड, वल्लर आदि।

प्रस्तुत कोश में प्रयुक्त ग्रंथों में कुछ ग्रंथ देशी शब्दों की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं। जैसे—अंगविज्जा, भगवती, आवश्यकचूर्णि, कुवलयमाला, नंदीचूर्णि, निशीथभाष्य एवं चूर्णि, व्यवहार भाष्य, बृहत्कल्पभाष्य आदि-आदि। इनमें नवीन एवं अप्रचलित देशी शब्दों का प्रयोग हुआ है। जैसे—अंबखुज्ज, अक्खु, इद्ध, चोप्प, चोरालि, तेह, वियडासय आदि।

इस कोश में वनस्पति, जीवजंतु, आभूषण, खाद्यपदार्थ से संबंधित अनेक ऐसे शब्द हैं जो भिन्न-भिन्न क्षेत्रों से संबंधित हैं। अनेक स्थलों पर स्वयं व्याख्याकार क्षेत्र-विशेष का उल्लेख भी करते हैं। जैसे—

मूयग—मूयग त्ति मेदपाटप्रसिद्धस्तृणविशेषः।

विरालिया— गोल्लविसए वल्ली।

धरच्छ—मगधकं धराक्षं च रूढिगम्यम्।

देश विशेष में प्रचलित एवं व्यवहृत होने वाले शब्द देश्य की कोटि में आते हैं। क्योंकि इनका मूलरूप न संस्कृत में मिलता है और न प्राकृत में। हमने भी अनेक ऐसे शब्दों का समावेश इसमें किया है जो क्षेत्र-विशेष से संबंधित हैं। जैसे—नारिकेल, ताम्बूल, घोडग आदि। यद्यपि ये शब्द संस्कृत

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साहित्य एवं कोशों में भी मिलते हैं, किन्तु ये शब्द क्षेत्र-विशेष में प्रचलित भाषाओं के हैं। बाद में इनका संस्कृत साहित्य में प्रयोग होने लगा। इसी प्रकार वारक/वारग शब्द संस्कृत में घड़े के लिए प्रसिद्ध है किन्तु यह शब्द मरुधर देश में मंगलघट के अर्थ में प्रसिद्ध था—'वारकः मरुदेशप्रसिद्धनाम्ना मांगल्यघटः।'

पण्णवणा सूत्र में अनेक जीव-जंतुओं एवं वनस्पतियों का नामोल्लेख हुआ है। उनकी पहचान को कठिन बताते हुए स्वयं टीकाकार कहते हैं—देशतोऽवसेयाः। सम्प्रदायादवसेयः। लोकप्रतीतः। रूढ़िगम्यम् आदि।

जहां हमें नाम के बारे में निश्चित जानकारी मिली उसका नामोल्लेख किया है। अन्यथा वनस्पति-विशेष, लता-विशेष, पुष्प-विशेष का उल्लेख किया है। इसी प्रकार आभूषणों के बारे में भी आभूषण-विशेष का उल्लेख किया है।

इस कोश में ऐसे अनेक देशी शब्द संकलित हैं जो प्राचीन भारत की सभ्यता एवं संस्कृति पर प्रकाश डालते हैं। जैसे—

आवाह, विवाह, आहेणग, पहेणग, गिरिजन, करडुयभत्त, मडगगिह, एमिणिआ, अण्णाण, आणंदवड, वहूपोत्ति, भोयडा आदि आदि शब्द सामाजिक रीति-रिवाजों एवं परम्पराओं के संवाहक हैं। अधिक्कमणक, अवयार, इंदड्ढलय आदि शब्द उत्सवों तथा अइराणी, इंदियाली, उंत, उयणिसय, कोंटल, विंटल आदि शब्द विशेष अनुष्ठानों एवं मंत्रों के वाचक हैं।

अप्पसत्थभ, आपुरायण, आमोसल, कंडूसी, ककितजाण, गल्लोल आदि अनेक शब्द विविध गोत्रों के वाचक हैं।

इसी प्रकार नानाप्रकार के शिल्पकर्म, पुस्तकें, जातियां, सिक्के, यान-वाहन, शस्त्र, रोग, खेल, जाल, वाद्य, वेशभूषा, खानपान, घर के अवयव, घरेलु उपकरण, पारिवारिक सम्बंध आदि के संसूचक सैंकड़ों शब्द इस कोष में संगृहीत हैं।

अमोसली, कडजुम्म, उग्गह, अमुदग्ग, किट्टि, णिगोद, फड्डग, पउट्ट-परिहार आदि पारिभाषिक शब्द भी इसमें संगृहीत हैं।

इस कोश में अनेक एकार्थक देशी शब्दों का संकलन है। जैसे—छोटी तलाई के वाचक तीन शब्द हैं—खल्लर खिल्लूर छिल्लर शब्दा देश्या एकार्थकाः।

इसी प्रकार और भी उदाहरण द्रष्टव्य हैं—

१. विदग्ध—छलिआ छइल्ल छप्पण्ण।

२. मां—अल्ला अव्वा अम्मा।

३. दुष्टघोडा—तंडीति वा गलीति वा मरालीति वा एगट्ठा।

४. पैबंद—पडियाणिया थिग्गलयं छंदंतो य एगट्ठं।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोश परम्परा में प्राय: यह देखा जाता है कि पुल्लिग शब्द लेने के बाद उसी का स्त्रीलिंग शब्द स्वतंत्ररूप में नहीं लिया जाता। किंतु हमने स्त्रीलिंग एवं पुल्लिग दोनों प्रकार के शब्दों को संगृहीत किया है। जैसे—पिल्लक-पिल्लिका, सिंगक-सिंगिका, कब्बट्ठ-कब्बट्ठी आदि आदि। इनको संगृहीत करने का एक विशेष उद्देश्य यह भी था कि कहीं-कहीं शब्द में लिंग-परिवर्तन के साथ अर्थ-परिवर्तन भी हो जाता है। जैसे—हालाहल—स्वामी। हालाहला—ब्राह्मणी (कीट-विशेष)।

ओवासण, उवासणा और उपासना—ये तीनों एकार्थक हैं। इनका अर्थ है—क्षुरकर्म। उपासना टीकाकारों द्वारा प्रयुक्त संस्कृतनिष्ठ शब्द है, किन्तु संस्कृत से अर्थ भिन्न होने के कारण यह देशी है। ऐसे अनेक संस्कृत-निष्ठ देशी शब्द इस कोश में संगृहीत हैं। जैसे—छेलापनक, परिपूणक आदि।

कोश का बाह्य स्वरूप

प्रस्तुत ग्रन्थ के मूल भाग में लगभग दस हजार देशी शब्दों का संकलन है। प्राय: शब्दों के साथ संदर्भ-स्थल भी निर्दिष्ट हैं जिससे पाठक उस अर्थ को भली-भांति हृदयंगम कर सके। जैसे—

१. अंतोवगडा नाम उवस्सयस्स अब्भंतरं अंगणं।

२. एरंडइए साणे त्ति हडक्कायित: श्वा।

३. कुब्बंति निम्नं क्षाममित्यर्थ:।

४. रज्जं कागिणी भण्णति।

जहां अर्थ की स्पष्टता के लिए संदर्भ-स्थल अपेक्षित या अत्यावश्यक नहीं समझे गये, वहां केवल शब्द का अर्थ और प्रमाण का उल्लेख मात्र किया गया है।

इस देशी शब्दकोश का उद्देश्य आगम एवं उसके व्याख्या-ग्रन्थों के देशी शब्दों को संकलित करना था किन्तु कुवलयमाला, पाइयलच्छीनाममाला, प्राकृत व्याकरण एवं सेतुबंध के देशी शब्द भी मूल भाग में संकलित हैं।

प्रस्तुत कोश के साथ दो परिशिष्ट भी संलग्न हैं। प्रथम परिशिष्ट अवशिष्ट देशी शब्दों का है। इसमें आगमेतर प्राकृत तथा अपभ्रंश ग्रन्थों के ३३८१ देशी शब्दों का समावेश है। ग्रन्थ के मूलभाग में हमने मूल ग्रन्थों का दो या तीन बार पारायण किया तथा अर्थ-निर्धारण की दृष्टि से भी मूलग्रन्थों का अनेक बार अवलोकन किया। इस परिशिष्ट में हमने मूलग्रंथ को नहीं देखा, किन्तु उनके संपादकों ने जहां अन्त में देशी शब्दों की सूची दी है, अथवा शब्द-सूची में जिन शब्दों को देशीचिह्न से चिह्नित किया है, उन शब्दों का इसमें संकलन कर दिया है। पाइअसद्दमहण्णवो के सैंकड़ों शब्द जो कोश के मूल भाग में नहीं आए उनको भी इसी के अन्तर्गत रखा है। त्रिविक्रम के प्राकृत-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्दानुशासन के अन्त में १६०० देशी शब्दों की सूची है। उनमें से कुछ शब्द हेमचन्द्र के देशी संग्रह में आ चुके हैं। शेष सभी शब्द इस परिशिष्ट में समाविष्ट हैं। यह ग्रंथ हमें बहुत बाद में प्राप्त हुआ अतः हम इसके शब्दों को ग्रन्थ के मूल भाग में समाविष्ट नहीं कर सके।

समीक्षात्मक एवं आलोचनात्मक ग्रन्थों में भी यदि कहीं देशी शब्दों की सूची मिली है, उन शब्दों को भी हमने इस परिशिष्ट में सम्मिलित किया है। जैसे—'हरिभद्र के प्राकृत कथा साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन'' में लेखक 'भाषा शैली और उद्देश्य'—अध्याय के अन्तर्गत कुछ देशी शब्दों का संकेत करते हैं। वे कहते हैं—'यहां कुछ देशी शब्दों की तालिका दी जाती है। यद्यपि इन शब्दों में कुछ शब्दों को संस्कृत से व्युत्पन्न किया जा सकता है पर मूलतः इन शब्दों को देशी कहा गया है।' ऐसा कह कर लेखक ने लगभग १९३ शब्दों का अर्थ सहित उल्लेख किया है, जिनमें कुछ शब्द देशीनाममाला के भी हैं। इस प्रकार जहां भी हमें देशी शब्द मिले, उनका बिना संदर्भ एवं प्रमाण के अर्थ सहित संकलन कर दिया है। इस परिशिष्ट में प्रयुक्त ग्रन्थों के नाम इस प्रकार हैं--

१. मुणिचन्द कहाणयं, २. कंसवहो, ३. वज्जालग्गं, ४. हरिभद्र के प्राकृत कथा साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन, ५. जंबूसामिचरिउ, ६. पउमचरियं, ७, आख्यानकमणिकोश, ८. अपभ्रंश काव्यधारा, ९. चउप्पन्नमहापुरिसचरियं, १०. गउडवहो, ११. वड्ढमाणचरिउं, १२. सुदंसणचरिउ, १३. रावणवह-महाकाव्यम्, १४. महापुराणम्, १५. णायकुमारचरिउ, १६. पउमचरिउ-भाग १ से ३, १७. पुहविचंदचरियं, १८. करकंडुचरिउ, १९. मयणपराजयचरिउ, २०. जसहरचरिउ, २१. सिरिवालचरिउ, २२. प्राकृतशब्दानुशासन।

इस परिशिष्ट में एकत्रित कुछेक देशीशब्द विमर्शणीय हैं। किन्तु हमने तत् तत् ग्रन्थ के विद्वान् संपादकों के चिन्तन को मान्य कर उन शब्दों का यहां अविकल संकलन कर दिया है। अधिक से अधिक देशी शब्द एक ही ग्रन्थ में प्राप्त हों, यह इस संकलन का उद्देश्य है। प्रत्येक शब्द की समीक्षा हमें अभिप्रेत नहीं रही। सुधी पाठक इस बात को ध्यान में रखें।

दूसरा परिशिष्ट देशी धातुओं से सम्बन्धित है। इसमें १७४५ धातुएं हैं। हमने सन्दर्भ सहित तथा बिना सन्दर्भ वाली – दोनों प्रकार की धातुओं को साथ में ही रखा है। इनमें प्राकृत व्याकरण की सभी आदेशप्राप्त धातुओं का समावेश है तथा आगम तथा आगमेतर साहित्य में अन्य विद्वानों द्वारा मान्य देशी धातुओं का भी संकलन है। जिस संस्कृत धातु को आदेश हुआ है उसे भी कोष्ठक में दिया गया है। यह परिशिष्ट छोटा होते हुए भी व्याकरण एवं धातुज्ञान की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पंचांग प्रणति

विक्रम संवत् २०४० । नाथद्वारा की ऐतिहासिक भूमि । मर्यादा महोत्सव की सम्पन्नता । एक गोष्ठी का आयोजन । इसका उद्देश्य था आगम के कार्य को गति देना । उसी समय आचार्य श्री ने मुझे तथा कुछ साध्वियों को लाडनूं भेजा । एक दिन ग्रन्थागार में जब मैंने साध्वियों, समणियों एवं मुमुक्षु बहिनों द्वारा किए गए आगम-कार्य के विविध पहलुओं को देखा तो चिन्तन उभरा कि इस बिखरे कार्य को समेटना आवश्यक है । उस समय तीन कोशों को सम्पन्न करने का निश्चय किया । एकार्थक कोश और निरुक्तकोश तो उसी वर्ष प्रकाश में आ गए । देशी शब्दकोश का कार्य चालू था । देशी शब्दों के चयन और अर्थ-निर्धारण के लिए शताधिक ग्रन्थों का अवलोकन आवश्यक था । अन्यान्य बाधाओं के कारण कार्य में गति नहीं आ सकी । कार्य स्थगित कर दिया गया । वि० सं० २०४३ के लाडनूं चातुर्मास में फिर कार्य प्रारम्भ किया, पर उसका नैरन्तर्य नहीं रहा । वि० सं० २०४५ का पूरा वर्ष (२०४४ चैत्र शुक्ला १ से २०४५ चैत्र शुक्ला १ तक) इस कार्य की फलश्रुति/निष्पत्ति का वर्ष रहा । इसमें कार्य की निरन्तरता और सघनता भी रही ।

साध्वी अशोकश्री तथा साध्वी विमलप्रज्ञा इस कार्य में प्रारम्भ से ही संलग्न रही हैं । कुछेक अनिवार्य कारणों से इन दो वर्षों में इनकी संलग्नता व्यवहित रही, किन्तु इन दोनों की संपूर्ति कर दी साध्वी सिद्धप्रज्ञा ने । इन्होंने जिस निष्ठा, उत्साह और आनन्दप्रवणता से कार्य किया वह स्तुत्य है । शारीरिक अस्वास्थ्य के बावजूद भी इनका पूरा समय इसी कार्य में नियोजित रहा । ये तन्मना होकर कोश कार्य के प्रत्येक अवयव की संपूर्ति में संलग्न रहीं । इस कार्य से इन्होंने अपनी उपादेयता को बरकरार रखा । विधि-विधान के अनुसार आने-जाने में इन्हें एक साध्वी का सहयोग अपेक्षित था और वह अपेक्षा पूरी की साध्वी सूरजकुमारी ने । वे प्रसन्नता से इनके साथ आतीं और अपना पूरा समय आगम-स्वाध्याय में बितातीं । इनकी अनुपस्थिति में पूर्ण उत्साह एवं प्रसन्नता से सहयोग किया अस्सी वर्षीया साध्वी सूवटांजी ने ।

साध्वी निर्वाणश्री ने भी प्रारम्भ में कुछेक ग्रन्थों के देशी शब्द-चयन में सहयोग दिया है ।

समणी कुसुमप्रज्ञा प्रारम्भ से ही देशी शब्द-संकलन में संलग्न रही हैं । इस बार लगभग ८-१० माह का अधिकांश समय इस देशी शब्दकोश को संवारने में लगाया । कोश की समायोजना में इनका सहयोग बहुत मूल्यवान है । समणी नियोजिका मधुरप्रज्ञा ने समणी श्रुतप्रज्ञा को इनके साथ नियोजित कर इनके कार्य को सुगम बना डाला । समणी श्रुतप्रज्ञा ने अपने समय का पूरा उपयोग किया और पूर्ण प्रसन्नता और उत्साह से सहयोग दिया । इनकी अनुपस्थिति में अन्यान्य समणियों का नियोजन भी रहा और सभी ने कर्तव्य-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

भावना से सहयोग किया।

मुमुक्षु बहिन निरंजना, इंदु, अमिता, मधु, आशा, जतन, गुलाब आदि-आदि ने देशीकोश के कार्डों की प्रतिलिपि करने तथा अन्यान्य कार्यों में पूर्ण सहयोग दिया।

यह सारा कोशकार्य के सहभागियों का स्मरणमात्र है। इन सबके सहयोग का स्मरण आत्मतोष की अनुभूति कराता है।

मैं श्रुत-परम्परा के संवाहक और संवर्धक प्राचीन आचार्यों तथा मुनिजनों के प्रति प्रणत हूं, जिन्होंने श्रुतपरम्परा को अविच्छिन्न रखने का सतत प्रयास किया है और उसे अपने ज्ञानकणों से सींचा है, विकसित किया है। उन सबकी श्रुतोपासना की ही यह फलश्रुति है कि जैन साहित्य भंडार उनके सारस्वत अवदान से भरा रहा है। उन्होंने श्रुतसागर का जो मंथन किया, वह अपूर्व है। उनकी ग्रन्थराशि से कुछेक ग्रन्थों का अवलोकन कर हमने इस कोश ग्रन्थ का निर्माण किया है। मैं सभी श्रुतसमृद्ध आचार्यों को श्रद्धासिक्त भाव से नमन करता हूं।

इसी श्रुतपरम्परा के वर्तमान संवाहक तथा त्रिविध स्थविर भूमिकाओं के धनी अक्षर पुरुष हैं---आचार्य तुलसी और युवाचार्य महाप्रज्ञ। तेरापंथ धर्मसंघ को इनका सारस्वत अवदान अपूर्व है। आगम-सम्पादन इनका शलाका-कार्य है और है साहित्यिक प्रसाद जो तन-मन का कायाकल्प करने में समर्थ है। उसी आगम-सम्पादन महाकार्य का यह कोशकार्य एक स्फुलिंग है। ऐसे स्फुलिंग अनेक हैं। आचार्य श्री ने उन स्फुलिंगों के संवाहक अनेक मुनियों, साध्वियों और समणियों को तैयार किया है और अपने इन सहस्रकरों से कार्य करवा रहे हैं। नए-नए आयामों का सर्जन, पोषण और संरक्षण इन्हीं घटकों पर आधृत है। दोनों युगपुरुषों के मार्गदर्शन ने इस बहु आयामी आगम कार्य को सुगम बनाया है और कार्य की मंथरता में भी नई निष्पत्तियों की सर्जना की है। मैं उनके इस शाश्वतिक अवदान को सहस्रशः नमन करता हूं।

तीन साध्वियों को इस कोश-कार्य में नियोजित करने और उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करने में साध्वी प्रमुखा श्री कनकप्रभाजी का महान् योग रहा है। कोश के यात्रापथ की निर्विघ्न संपूर्ति में उनकी मंगलभावना बहुत ही कार्यकर रही है। मैं उनके इस भावना-योग के प्रति प्रणत हूं।

मैं उन सभी ग्रन्थकर्त्ताओं, व्याख्याकारों तथा कोशकारों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं, जिनके ग्रन्थों के अवलोकन से हमारा दुरूह कार्य सुगम बना, दृष्टि परिमार्जित हुई और नए-नए उन्मेष आते रहे।

अनेकांत शोधपीठ के डाइरेक्टर डॉ० नथमल टाटिया ने इस ग्रन्थ की भूमिका लिखकर हमें उत्साहित किया है। अभी-अभी एक मेजर आपरेशन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

से गुजरने के बावजूद भी उन्होंने समय निकाल कर भूमिका लिखी, यह उनका श्रुत-सेवा के प्रति बनी हुई श्रद्धा का ही परिणाम है। श्रुत की उपासना उनका जीवनमंत्र है। इसी मंत्र ने उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर लाकर खड़ा किया है। मैं उनकी प्रेरणा का बहुत मूल्यांकन करता हूं।

मुनि प्रमोदकुमारजी मेरे सहयोगी हैं। वे अपने कर्तव्य-पालन के प्रति जागरूक हैं। उन्होंने मुझे अन्यान्य कार्यों से मुक्त रखकर, निरंतर इसी कार्य में संलग्न रहने का अवकाश दिया। उनका सहयोग भी स्मरणीय है।

इसी प्रकार मुनि सुदर्शनजी, मुनि श्रीचन्दजी 'कमल', मुनि राजेन्द्र कुमारजी, मुनि प्रशान्तकुमारजी आदि का सहयोग भी स्मृति-पटल पर अंकित है। उन सबको प्रणाम।

अन्त में पंचांग प्रणति उन सबको जिनका प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग मुझे मिला है/मिल रहा है।

वि० सं० २०४५, नूतन वर्ष का पहला दिन
चैत्र शुक्ला १/२, ता० १९-३-८८
जैन विश्व भारती, लाडनूं (राजस्थान)

—मुनि दुलहराज

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रयुक्त ग्रन्थ सूची

अंगविज्जा—(प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, बनारस, सन् १९५७)।

अंतकृद्दशा—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

अंतकृद्दशा टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९२०)।

अनुत्तरौपपातिकदशा—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

अनुत्तरौपपातिकदशा टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९२०)।

अनुयोगद्वार—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६)।

अनुयोगद्वार चूर्णि—(श्री ऋषभदेव केशरीमल श्वेताम्बर संस्था, रतलाम, सन् १९२८)।

अनुयोगद्वार मलधारीया टीका—(श्री केशरबाई ज्ञानमन्दिर, पाटण, सन् १९३९)।

अनुयोगद्वार हारिभद्रीया टीका—(सेठ देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, बम्बई,संवत् १९७३)।

अपभ्रंश काव्यधारा—(संपादक डॉ. प्रेमसुख जैन, डॉ. कृष्णकुमार शर्मा, सरस्वती पुस्तक भण्डार, अहमदाबाद, सन् १९७४)।

अभिधानचिंतामणि नाममाला—(श्री जैनसाहित्यवर्धक सभा, अहमदाबाद, वि. सं. २०३२)।

अमरकोश—(चौखम्बा संस्कृत सिरीज, वाराणसी, सन् १९६८)।

अल्पपरिचित शब्दकोश—(संपा. आचार्य आनन्द सागर सूरि, देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, सूरत, प्रथम संस्करण, १९७४)।

अष्टाध्यायी—(पणिनि'ज ग्रेमेटिक, १९७७, जोर्ज ओल्म्स वरलेग, हिलडेशियम, न्यूयार्क)।

आख्यानक-मणिकोश—(संपा. मुनि पुण्यविजय प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी, सन् १९६२)।

आचारांग—(अंगसुत्ताणि भाग १, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

आचारांग चूर्णि—(श्री ऋषभदेव केशरीमल श्वे. संस्था, रतलाम, सन् १९४१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आचारांगचूला— (अंगसुत्ताणि भाग १, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४) ।

आचारांग टीका—(मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन् १९७८) ।

आचारांग निर्युक्ति—(मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन् १९७८) ।

आवश्यक—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६) ।

आवश्यक चूर्णि १—(श्री ऋषभदेव केशरीमल श्वे. संस्था, रतलाम, सन् १९२८) ।

आवश्यक चूर्णि २—(श्री ऋषभदेव केशरीमल श्वे. संस्था, रतलाम, सन् १९२९) ।

आवश्यक टिप्पणकम्—(शाह नगीनभाई घेलाभाई जवेरी, बम्बई) ।

आवश्यक निर्युक्ति—(भैरुलाल कन्हैयालाल कोठारी धार्मिक ट्रस्ट, बम्बई, संवत् २०३८) ।

आवश्यक निर्युक्तिदीपिका—(श्री विजयदानसूरीश्वर जैनग्रंथमाल, सूरत, सन् १९३९) ।

आवश्यक मलयगिरि टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९२८) ।

आवश्यक हारिभद्रीया टीका १—(भैरुलाल कन्हैयालाल कोठारी धार्मिक ट्रस्ट, बम्बई, संवत् २०३८) ।

आवश्यक हारिभद्रीया टीका २—(भैरुलाल कन्हैयालाल कोठारी धार्मिक ट्रस्ट, बम्बई, संवत् २०३८) ।

इन्ट्रोडक्शन टु कम्पेरेटिव फिलोलोजी—(सम्पा. पी. डी. गुणे) ।

इसिभासियाइं—(सुधर्मा ज्ञान मन्दिर, बम्बई, सन् १९६३; श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४) ।

उत्तराध्ययन—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, द्वितीय संस्करण, सन् १९८६) ।

उत्तराध्ययन चूर्णि—(देवचन्द लालभाई, जैन पुस्तकोद्धार, बम्बई, सं. १९६३) ।

उत्तराध्ययन निर्युक्ति—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, भांडागार संस्था, बम्बई, सं. १९७२, ७३) ।

उत्तराध्ययन शान्त्याचार्य टीका—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, भांडागार संस्था, बम्बई, सं. १९७२) ।

उत्तराध्ययन सुखबोधा टीका—(पुष्पचन्द्र खेमचन्द्र, वलाद, वीर सं. २४६७) ।

उपासकदशा—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उपासकदशा टीका— (श्री हिन्दी जैनागम प्रकाशक सुमति कार्यालय, कोटा, सन् १९४६) ।

उर्दू हिन्दी शब्द कोश—(अंजुमन तरक्की उर्दू (हिंद), नई दिल्ली, सन् १९५५) ।

ओघनिर्युक्ति— (आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१९, देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, सूरत, सं० १९८४) ।

ओघनिर्युक्ति टीका— (आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१९, देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, सूरत, सं० १९८४) ।

ओघनिर्युक्तिभाष्य—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१९! देवचन्द लालभाई, जैन पुस्तकोद्धार, सूरत, सन् १९८४) ।

ओब्जर्वेशन्स ऑन हेमचन्द्राज देशीनाममाला—(सम्पा. पी. एल. वैद्य, एनेल्स ऑफ भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट) ।

औपपातिक—(उवंगसुत्ताणि (४) खण्ड १, जैन विश्व भारती, लाडनूं सन् १९८७) ।

औपपातिक टीका—(पण्डित दयाविमलजी ग्रन्थमाला, द्वितीय संस्करण, सं. १९९४) ।

कंसवहो—(सम्पा. डॉ. ए. एन. उपाध्याय, मोतीलाल बनारसीदास, द्वितीय संस्करण, १९६६) ।

कन्नड़ हिन्दी शब्दकोश—(सम्पा. डॉ. एन. एस. दक्षिणामूर्ति हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, प्रथम संस्करण, सन् १९७१) ।

कन्नडीज वर्ड्ज इन देशी लेक्सिकन्स—(सम्पा. ए. एन. उपाध्ये, एनेल्स ऑफ भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट) ।

कम्पेरेटिव ग्रामर ऑफ गौडियन लेंग्वेजिज—(सम्पा. हार्नले) ।

कम्पेरेटिव ग्रामर ऑफ मॉडर्न आर्यन लेंग्वेजिज—(सम्पा. जान बीम्स) ।

करकंडचरिउ—(ले. मुनि कनकामर, सम्पा. डॉ. हीरालाल जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, सन् १९६४) ।

कल्पसूत्र—(सम्पा. मुनि पुण्यविजयजी, साराभाई मणिलाल नवाब, अहमदाबाद, सन् १९५२) ।

कुवलयमाला भाग १, २—(सम्पा. आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्ये, भारतीय विद्या भवन, बम्बई, सन् १९५९) ।

कुवलयमालाकहा का सांस्कृतिक अध्ययन—(सम्पा. डॉ. प्रेमसुमन जैन, प्राकृत जैन शास्त्र एवं अहिंसा शोध-संस्थान, वैशाली, सन् १९७५) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गउडवहो—(बम्बई संस्कृत सिरीज, सं० १८८७) ।

गच्छाचारपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४) ।

चउप्पन्नमहापुरिसचरिय—(सम्पा. पण्डित अमृतलाल मोहनलाल भोजक, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, अहमदाबाद, सन् १९६१) ।

चंदावेज्झयपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४) ।

चन्द्रप्रज्ञप्ति—(उवंगसुत्ताणि (४) खण्ड-२, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८८) ।

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति—(उवंगसुत्ताणि (४), खण्ड-२, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८८) ।

जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति टीका—(नगीनभाई घेलाभाई झवेरी, बम्बई, सन् १९२०) ।

जम्बूसामिचरिउ—(सम्पादक डॉ. विमलप्रकाश जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, सन् १९४४) ।

जसहरचरिउ—(ले. महाकवि पुष्पदन्त सम्पा. डॉ. हीरालाल जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, सन् १९७२) ।

जीतकल्प—(बबलचन्द्र केशवलाल मोदी, अहमदाबाद, सं. १९९४) ।

जीतकल्पभाष्य—(बबलचन्द्र केशवलाल मोदी, अहमदाबाद, सं. १९९४) ।

जीतकल्प विषमपद व्याख्या ।

जीवाजीवाभिगम—(उवंगसुत्ताणि (४), खण्ड १, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८७) ।

जीवाजीवाभिगम टीका—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, सं. १९९५) ।

ज्ञाताधर्मकथा—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४) ।

ज्ञाताधर्मकथा टीका—(श्री सिद्धचक्र साहित्य प्रचारक समिति, सूरत, सन् १९५२) ।

डिंगलकोश—(सम्पादक डॉ. नारायणसिंह भाटी, राजस्थान शोध संस्थान, जोधपुर, द्वितीय संस्करण, सन् १९७८) ।

णायकुमारचरिउ—(ले. पुष्पदन्त, सम्पा. डॉ. हीरालाल जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, सन् १९७२) ।

तंदुलवेयालियपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

तित्थोगालीपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४)।

तुलसी मञ्जरी—(जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८३)।

तुलसीशब्दसागर—(सम्पा. हरगोविन्द)।

दशवैकालिक—(जैन विश्व भारती, लाडनूं, द्वितीय संस्करण, सन् १९७४)।

दशवैकालिक अगस्त्यसिंहचूर्णि—(प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी, सन् १९७३)।

दशवैकालिक चूलिका—(जैन विश्व भारती, लाडनूं, द्वितीय संस्करण; सन् १९७४)।

दशवैकालिक जिनदासचूर्णि—(श्री ऋषभदेव केशरीमल श्वेताम्बर संस्था, रतलाम, सन् १९३३)।

दशवैकालिक निर्युक्ति—(प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी, सन् १९७३)।

दशवैकालिक हारिभद्रीया टीका—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, सूरत)।

दशाश्रुतस्कन्ध—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६)।

दशाश्रुतस्कन्ध चूर्णि—(श्री मणिविजयजीगणिग्रन्थमाला, भावनगर, सं. २०११)।

दशाश्रुतस्कन्ध निर्युक्ति—(श्री मणिविजयजीगणिग्रन्थमाला, भावनगर, सं. २०११)।

देशीनाममाला—(संपा० आर. पिशेल, बोम्बे संस्कृत सिरीज १७, संस्कृत विभाग, दूसरा संस्करण, सन् १९३८)।

देशीनाममाला का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन—(सम्पा. शिवमूर्ति शर्मा, देवनागर प्रकाशन, जयपुर)।

देशीशब्दसंग्रह—(संपा० बेचरदास दोशी, श्री फार्बस गुजराती सभा, मुंबई, प्रथम संस्करण, सन् १९४७)।

नंदी—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६)।

नंदी चूर्णि—(प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, बनारस, सन् १९६६)।

नंदी टिप्पणक—(प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, बनारस, सन् १९६६)।

नंदी टीका—(प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, बनारस, सन् १९६६)।

नाट्यशास्त्र—(भरतमुनि)।

निरयावलिका—(उवंगसुत्ताणि (४), खण्ड-२, जैन विश्व भारती, लाडनूं; सन् १९८८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

निरयावलिका टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई) ।

निरुक्तम्—(यास्क) ।

निशीथ—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६) ।

निशीथचूर्णि भाग १-४—(सन्मति ज्ञानपीठ, दूसरा संस्करण, सन् १९८२) ।

निशीथभाष्य—(सन्मति ज्ञानपीठ, दूसरा संस्करण, सन् १९८२) ।

पउमचरिउ भाग १ से ३—(ले. स्वयम्भूदेव, सम्पा. डॉ. हरिवल्लभ चुन्नीलाल भायाणी, सिंघी जैन शास्त्र शिक्षापीठ, भारतीय विद्या भवन, बम्बई-७, वि. सं. २००९, २०१७) ।

पउमचरियं—(सम्पा. डॉ. हर्मन जेकोबी, मुनि पुण्यविजयजी, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, अहमदाबाद, सन् १९६८) ।

पंचकल्पभाष्य—(आगमोद्धारक ग्रन्थमाला, पारडी, वि. सं. २०२८) ।

पंचवस्तु—हस्तलिखित ।

पाइयलच्छीनाममाला—(सम्पा. बेचरदास दोशी, श्री शादीलाल जैन, बम्बई-३, सन् १९६०) ।

पाइयसद्दमहण्णवो—(पण्डित हरगोविन्ददास सेठ, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, ईस्वी सन् १९६३) ।

पिण्डनिर्युक्ति—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, बम्बई, सन् १९१८) ।

पिण्डनिर्युक्ति टीका—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, बम्बई, सन् १९१८) ।

पिण्डनिर्युक्ति भाष्य—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, बम्बई, सन् १९१८) ।

पुहइचन्दचरियं—(ले. आचार्य शान्तिसूरि, सम्पा. मुनिश्री रमणीक विजय, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, अहमदाबाद, सन् १९७२) ।

प्रज्ञापना—(उवंगसुत्ताणि (४) खण्ड-२, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८८) ।

प्रज्ञापना टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१८) ।

प्रवचनसारोद्धार—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, द्वितीय संस्करण, सं. १९८१) ।

प्रवचनसारोद्धार टीका—(देवचन्द लालभाई जैन पुस्तकोद्धार, द्वितीय संस्करण, सं. १९८१) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

प्रश्नव्याकरण—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

प्रश्नव्याकरण टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१९)।

प्राकृतलक्षण—(चण्ड)।

प्राकृत वर्ड्स् विद प्राकृत टर्मीनेशन्स—(सम्पा. पी. एल. वैद्य)।

प्राकृतव्याकरण—(हेमचन्द्र, जैन दिवाकर दिव्यज्योति कार्यालय, ब्यावर, सं. २०१६)।

प्राकृत शब्दानुशासन—(त्रिविक्रमदेव, सम्पा. पी. एल. वैद्य, जैन संस्कृति संरक्षक संघ, शोलापुर, सन् १९५४)।

प्राचीनकर्मग्रन्थ टीका—(जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, वि. सं. १९७२)।

बृहत्कल्प—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६)।

बृहत्कल्प चूर्णि—(हस्तलिखित, लाडनूं भंडार)।

बृहत्कल्प टीका—(जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, सन् १९३६)।

बृहत्कल्प भाष्य—(जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, सन् १९३६)।

भगवती—(अंगसुत्ताणि भाग २, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

भगवती टीका, पत्र १-३२७—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१८)।

भगवती टीका, पृष्ठ ६०१-१२०८—(ऋषभदेव केशरीमल श्वेताम्बर संस्था, रतलाम, द्वितीय संस्करण, सन् १९४०)।

भत्तपरिण्णापइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, द्वितीय संस्करण, सन् १९८४)।

भविसयत्तकहा तथा अपभ्रंश कथा काव्य—(सम्पादक देवेन्द्रकुमार शास्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली, सन् १९७०)।

भारतीय भाषाएं—(सम्पा. कैलाशचन्द्र भाटिया, दिल्ली, सन् १९८१)।

भाषा विज्ञान कोश—(डॉ. भोलानाथ तिवारी)।

मयणपराजयचरिउ—(ले. हरिदेव, सम्पा. डॉ. हीरालाल जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, काशी, सन् १९६२)।

मरणविभत्तिपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४)।

महापच्चक्खाणपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

महापुराण—(ले. महाकवि पुष्पदन्त, सम्पा. परशुराम शर्मा, माणिकचन्द्र दिगम्बर जैन ग्रन्थमाला समिति) ।

महाभारत—(भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पूना, सन् १९६१) ।

मुणिचन्द कहाणय—(सम्पा. के. आर. चन्द्र, जय भारत प्रकाशन एण्ड कं., अहमदाबाद, द्वितीय संस्करण, सन् १९७७) ।

यशस्तिलकचम्पू का सांस्कृतिक अध्ययन— (सम्पा. गोकुलचन्द्र जैन, अमृतसर)।

राजप्रश्नीय—(उवंगसुत्ताणि (४) खण्ड १, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८७) ।

राजप्रश्नीय टीका—(गूर्जर ग्रन्थरत्न कार्यालय, अहमदाबाद, वि. सं. १९९४) ।

राजस्थानी शब्दकोष—(सम्पा. सीताराम, राजस्थानी शोध संस्थान, जोधपुर, प्रथम संस्करण, सं. २०१८) ।

रावणवहमहाकाव्य—(सम्पा. डॉ. राधागोविन्द, संस्कृत कॉलेज, कलकत्ता, सन् १९५९) ।

लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इण्डिया—(सम्पा. ग्रियर्सन) ।

वज्जालग्गम्—(सम्पा. माधव वासुदेव पटवर्धन, प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, अहमदाबाद, प्रथम संस्करण, सन् १९६९) ।

वड्ढमाणचरिउ—(सम्पादक डॉ. राजाराम जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, सन् १९७५) ।

वाग्भटालंकार—(चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, सन् १९५७) ।

वाचस्पत्यम् भाग ६—(सम्पादक तारानाथ, चौखम्बा संस्कृत सिरीज, वाराणसी, तृतीय संस्करण, सं. २०२५) ।

विपाकश्रुत—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४) ।

विपाकश्रुत टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९२०) ।

विलसन्स फिलोलोजिकल लेक्चर्स—(सम्पा. श्री आर. जी भंडारकर) ।

विशेषावश्यकभाष्य—(दिव्य दर्शन कार्यालय, अहमदाबाद, वीर सं. २४८९) ।

विशेषावश्यकभाष्य कोट्याचार्य टीका—(ऋषभदेव केशरीमल, रतलाम, सन् १९३६) ।

विशेषावश्यकभाष्य मलधारीहेमचन्द्र टीका—(दिव्य दर्शन कार्यालय, अहमदाबाद, वीर सं. २४८९) ।

व्यवहार—(नवसुत्ताणि (५), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८६) ।

व्यवहारभाष्य टीका—(वकील केशवलाल प्रेमचन्द, अहमदाबाद, सन् १९२६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

शब्दकल्पद्रुम भाग १ से ५—(सम्पा. राधाकांतदेव, चौखम्बा संस्कृत सिरीज, वाराणसी, तृतीय संस्करण, वि. सं. २०२४)।

शब्दार्थ कौस्तुभ—(रामनारायणलाल अग्रवाल, प्रयाग)।

संक्षिप्त हिन्दी शब्दसागर—(सम्पा. रामचन्द्र, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, प्रयाग, प्रथम संस्करण, सन् १९६६)।

संथारगपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४)।

संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी—(सम्पा. वी. एस. आप्टे, प्रसाद प्रकाशन, पूना)।

संस्कृत इंग्लिश डिक्शनरी—(सम्पा. मोनियर विलियम्स)।

संस्कृत प्राकृत जैन व्याकरण और कोश की परम्परा—(श्री कालूगणी जन्म-शताब्दी समारोह समिति, छापर, सन् १९७७)।

समवायांग—(अंगसुत्ताणि भाग ३, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

समवायांग टीका—(कांतिलाल चुन्नीलाल, अहमदाबाद, सन् १९३८)।

सारावलीपइण्णय—(श्री महावीर जैन विद्यालय, बम्बई, प्रथम संस्करण, सन् १९८४)।

सिरिवालचरिउ—(ले. नरसेन देव, सम्पा. डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन, भारतीय ज्ञानपीठ, वाराणसी, सन् १९४४)।

सुदंसणचरिउ—(ले. नयनन्दी, सम्पा. डॉ. हीरालाल जैन, प्राकृत शोध-संस्थान, वैशाली, सन् १९७०)।

सूत्रकृतांग—(अंगसुत्ताणि भाग १, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४)।

सूत्रकृतांग चूर्णि (प्रथमश्रुतस्कन्ध)—(प्राकृत टेक्स्ट सोसायटी, वाराणसी, सन् १९७५)।

सूत्रकृतांग चूर्णि (द्वितीय श्रुतस्कन्ध)—(ऋषभदेव केशरीमल श्वेतांबर संस्था, रतलाम, सन् १९४१)।

सूत्रकृतांग टीका १ (प्रथम श्रुतस्कन्ध)—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१९)।

सूत्रकृतांग टीका २ (द्वितीय श्रुतस्कन्ध)—(श्री गोडी पार्श्वनाथ जैन ग्रन्थमाला, सन् १९५३)।

सूत्रकृतांग निर्युक्ति—(मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, सन् १९७८)।

सूरशब्दसागर—(सम्पा. हरदेव बाहरी, स्मृति प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रथम संस्करण, सन् १९८१)।

सूर्यप्रज्ञप्ति—(उवंगसुत्ताणि (४), जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९८८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूर्यप्रज्ञप्ति टीका—(आगमोदय समिति, बम्बई, सन् १९१९) ।

सेतुबन्ध—(सम्पा. पण्डित शिवदत्त, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, सन् १९८२) ।

स्टडीज इन हेमचन्द्राज देशीनाममाला—(सम्पा. हरिवल्लभ सी. भयाणी, पी. वी. रिसर्च इंस्टीट्यूट, जैनाश्रम हिन्दी यूनिवर्सिटी, बनारस) ।

स्थानांग—(अंगसुत्ताणि भाग १, जैन विश्व भारती, लाडनूं, सन् १९७४) ।

स्थानांग टीका—(सेठ माणेकलाल चुनीलाल, अहमदाबाद, सन् १९३७) ।

हरिभद्र के प्राकृत कथा साहित्य का आलोचनात्मक परिशीलन—(सम्पा. डॉ. नेमीचंद शास्त्री, प्राकृत शोध संस्थान, वैशाली, सन् १९६५) ।

हिन्दीशब्दसागर ११ भाग—(सम्पा. श्यामसुन्दर, शम्भुनाथ बाजपेयी, नागरी मुद्रण, वाराणसी, प्रथम संस्करण, वि. सं. २०२२) ।

हिन्दी शब्दानुशासन—(सम्पा. किशोरीदास बाजपेयी) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

संकेत सूची

अंत	अंतकृद्दशा
अंतटी	अंतकृद्दशा टीका
अंवि	अंगविज्जा
अचि	अभिधानचिंतामणि नाममाला
अनु	अनुत्तरौपपातिकदशा
अनुटी	अनुत्तरौपपातिकदशा टीका
अनुद्वा	अनुयोगद्वार
अनुद्वाचू	अनुयोगद्वार चूर्णि
अनुद्वामटी	अनुयोगद्वार मलधारीयटीका
अनुद्वाहाटी	अनुयोगद्वार हारिभद्रीयटीका
आ	आचारांग
आचू	आचारांगचूर्णि
आचूला	आचारांगचूला
आटी	आचारांग टीका
आनि	आचारांग निर्युक्ति
आव	आवश्यकसूत्र
आवचू-१	आवश्यक चूर्णि १
आवचू-२	आवश्यक चूर्णि २
आवटि	आवश्यक टिप्पणकम्
आवदी	आवश्यक निर्युक्तिदीपिका
आवनि	आवश्यक निर्युक्ति
आलइअ—पहना हुआ, आविद्ध—'आलइअमालमउडो' (आवहाटी १ पृ १२३) । देखें—लइअ ।

आलंकिअ—लंगड़ा किया हुआ (दे १।६८) ।

आलंब—भूमिछत्र, वनस्पति-विशेष जो वर्षा में उत्पन्न होती है (दे १।६४) ।

आलक—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (अंवि पृ २३७) ।

आलजाल—ऊलजलूल, निरर्थक—'आलजालं अणेगविहाइं सदेसकहं तेसिं दूरं' (निचू ३ पृ ३५५) ।

आलत्थ—मयूर (दे १।६५) ।

आलप्पाल—१ आल-जंजाल—'एयं आलप्पालं अव्वो दूरं विसंवयइ' (उसुटी प २१) । २ दुराचार, कलंक—'आलप्पालं आढत्तं' (कु पृ ४७) ।

आलयण—शय्यागृह (दे १।६६) ।

आलास—वृश्चिक, बिच्छू (दे १।६१) ।

आलि—वनस्पति-विशेष (जंबूटी प ४५) ।

आलिंगिणी—१ जानु, कूर्पर आदि के नीचे रखने का तकिया (बृभा ३८२४) । २ रूई का बड़ा बिछौना (व्यभा १० टी प ७१) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आलिसंद—धान्य-विशेष (प्रज्ञा १।४५।१)।

आलिसंदग—धान्य-विशेष, चवला (भ ६।१३०)।

आलीघरय—वनस्पति-विशेष (ज्ञा १।६।२०)।

आलील—निकट भविष्य में होने वाला भय (दे १।६५)।

आलीवण—प्रदीप्त अग्नि (दे १।७१)। पलेवणु (गुज)।

आलु—आलू, कन्द-विशेष (भ २३।२)।

आलुका—कुण्डिका, छोटा घड़ा (अनुटी पृ ५)।

आलुगा—छोटा घड़ा (सूचू १ पृ ११७)।

आलुय—आलू, कंद-विशेष (भ २३।१)।

आलुया—कुंडिका (अंतटी पृ ५)।

आवंग—अपामार्ग का वृक्ष (दे १।६२)।

आवट्टिआ—१ नववधू। २ परतन्त्र स्त्री (दे १।७७)।

आवडिअ—१ संबद्ध। २ सार (दे १।७८)।

आवरेइअ—कारिका, मद्य परोसने का पात्र (दे १।७१)।

आवलिका—कंठ का आभूषण—'हार-अद्धहार-आवलिका' (अंवि पृ १६२)।

आवल्ल—बलीवर्द, बैल (उशाटी प १९२)।

आवल्लक—१ नौका चलाने का एक साधन। २ वलयबाहा—नौका का लंबा काष्ठ जिस पर ध्वजा बांधी जाती है—'दीर्घकाष्ठलक्षणबाहुषु आवल्लकेष्विति सम्भाव्यते' (ज्ञाटी प १४३)।

आवाडा—चिलात, एक अनार्य जाति—'आवाडा नाम चिलाता परिवसंति' (आवचू १ पृ १९४)।

आवाल—जल के निकट का प्रदेश (दे १।७० वृ)।

आवालय—जल के निकट का प्रदेश (दे १।७०)।

आवाह—१ वरपक्षसंबंधी भोज (व्यभा ९ टी प ८)। २ नव विवाहित वर-वधू को लाना—'आवाहः अभिनवपरणीतस्य वधूवरस्यानयनम्' (प्रटी प १३९)।

आवि—१ प्रसव-पीड़ा। २ नित्य। ३ दृष्ट, देखा हुआ (दे १।७३)।

आविअ—१ इन्द्रगोप, क्षुद्र कीट-विशेष। २ मथित (दे १।७६)। ३ पिरोया हुआ (पा ९५५)।

आविअज्झा—१ नववधू। २ पराधीन स्त्री (दे १।७७)।

आविद्ध—प्रेरित (दे १।६३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

आवेल्लक—नौका चलाने का साधन, डांड (ज्ञाटी प १४३)।

आवेल्लय—यानपात्र चलाने का साधन—'चालियाइं आवेल्लयाइं' (कु पृ ६७)।

आसंग—शयनकक्ष, वासगृह (दे १।६६)।

आसंघ—१ अध्यवसाय, परिणाम (से १।२५)। २ श्रद्धा। ३ आशंसा।

आसंघा—१ इच्छा (दे १।६३)। २ आस्था (वृ)। ३ आसक्ति।

आसंघिअ—१ अध्यवसित। २ अवधारित (से १०।६६)। ३ संभावित।

आसक्खअ—पक्षि-विशेष (दे १।६७)।

आसय—निकट (दे १।६५)।

आस'मिठ'—अश्व-प्रशिक्षक (नि ९।२५)।

आसरिअ—सम्मुख आया हुआ (दे १।६९)।

आसल—स्वादिष्ट (जीवटी प ३५१)।

आसवण—शयनकक्ष, वासगृह (दे १।६६)।

आसातिका—कृमि-विशेष (अंवि पृ २२९)।

आसालिका—द्वीन्द्रिय जन्तु (अंवि पृ २३७)।

आसिअअ—लोहमय, लोह-निर्मित (दे १।६७)।

आसित्तिया—खाद्य विशेष—'विसाहाहिं आसित्तियाओ भोच्चा कज्जं साधेति' (सूर्य १०।१२०)।

आसिय—जाना, निकलना—'आसियं ति णिग्गच्छति' (निचू २ पृ २७६)।

आसियग—लोह निर्मित शस्त्र-विशेष (सूचू १ पृ ११६)।

आसियावण—अपहरण—'तुच्छलोभेण य आसियावणादी भवे दोसा' (निभा २४५२)।

आसियावित—अपहृत (निचू ३ पृ २१)।

आसीवअ—दरजी, वस्त्र सीने वाला (दे १।६९)।

आसीसा—आशीर्वाद (प्रा ३।१७४)।

आसूणिय—श्लाघा, प्रशंसा—'आसूणिकं णाम श्लाघा, येन परैः स्तूयमानः सुज्जति' (सूचू १ पृ १७८)।

आसूय—औपयाचितक, मनौती (पिनि ४०५)।

आसेक्क—नपुंसक-विशेष (अंवि पृ २२४)।

आहच्च—१ आकर, उपस्थित होकर—'संति संपाइमा पाणा, आहच्च संपयंतिय' (आ १।१६४)। २ कदाचिद् (प्रज्ञा १७।२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३ अत्यधिक (दे १।६२)। ४ शीघ्र। ५ व्यवस्था करके। ६ छीनकर। ७ अन्यथा। ८ निष्कारण।

आहट्ट—प्रहेलिका, पहेलियां—'तेसु न विम्हयइ सयं, आहट्ट-कुहेडएहिं च' (बृभा १३०१)—'आहट्ट त्ति प्रहेलिका (प्रसाटी प १८०)।

आहरणा—खर्राटे, घोरण—'आहरणा-घोरयति घोरणं करोति महता शब्देन' (ओटी प ५८)।

आहाडक—बिलाशयी प्राणी (अंवि पृ २२९)।

आहाडीय—बार-बार आना-जाना (आवटि प २४)।

आहित्थ—१ आकुल—'आहित्थं उप्पिच्छं च आउलं रोसभरियं च' (जीवटी प १९४; दे १।७६)। २ कुपित। ३ चलित (दे १।७६)।

आहिरिक्क—प्रतीकार (दश्रुचू प ४३)।

आहु—उल्लू (दे १।६१)।

आहुंदुर—बालक—'आहुंदुरा करि-हरीण' (दे १।६६)।

आहुंदुरु—बालक (दे १।६६ वृ)।

आहुड—१ अनुराग की आवाज, सीत्कार—'रति में 'सी' 'सी' की ध्वनि। २ बेचने योग्य वस्तु (दे १।७४)।

आहुडिअ—निपातित, गिराया हुआ (दे ६९)।

आहेण—१ विवाह के बाद वधू-प्रवेश के समय किया जाने वाला भोज। २ अन्य घरों से लाई जाने वाली भोजन-सामग्री। ३ जो भोज्य-पदार्थ वधू के घर से वर के घर में ले जाया जाता है, वह। ४ वरपक्ष और वधूपक्ष का पारस्परिक लेन-देन—'जमन्नगिहातो आणिज्जति तं आहेण, जं बहूगिहातो वरगिहं णिज्जति तं आहेणं, अहवा वरवहूण जं आभव्वं परोप्परं णिज्जति तं सव्वं आहेणकं' (निचू ३ पृ २२२-२३)।

आहेणक—देखें—आहेण (निचू ३ पृ २२३)।

आहोडिय—संप्रधूमित, धूप-वासित (आचू पृ ३६३)।

इ

इंखिणि—कर्ण-पिशाचिका देवी—'विज्जाभिमंतिया घंटिया कण्णमूले

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

चालिज्जति, तत्थ देवता काधिति, कहेंतस्स पसिणापसिणं भवति, स एव इंखिणि भण्णति' (निचू ३ पृ ३८३)।

इंखिणिया—१ अवहेलना—'अदु इंखिणिया उ पाविया' (सू १।२।२४)।
२ घुघरु, घंटिका—इंखिणियाओ—घंटियाओ' (आवचू १ पृ १५७)।

इंखिणी—१ खिसणा, निन्दा—'अहऽसेयकरी अण्णेसि इंखिणी' (सू १।२।२३) —'इंखिणी णाम खिसणा निन्दणा हीलणा' (सूचू १ पृ ५९)।
२ किंकिणी, छोटी घंटिका (आवदी प ६०)।

इंगाली—इक्षुखण्ड (दे १।७९)।

इंघिय—घ्रात, सूंघा हुआ (दे १।८०)।

इंचक—मत्स्य-विशेष (अंवि पृ २२८)—'इंचका कुडुकालक सित्थमच्छका....'

इंदगाइ—वे कीट जो युक्त होकर एक के ऊपर एक चढ़कर घूमते हैं (दे १।८१)।

इंदग्गि—हिम, बर्फ (दे १।८०)।

इंदग्गिधूम—हिम, बर्फ (दे १।८०)।

इंदट्ठलअ—'इन्द्रमह' उत्सव की संपन्नता पर विधिपूर्वक 'इन्द्रध्वज' को हटाना (दे १।८२)

इंदड्ढलय—'इन्द्रमह' उत्सव की संपन्नता पर विधिपूर्वक 'इन्द्रध्वज' को हटाना (दे १।८२)।

इंदमह—१ कार्तिकेय। २ कुमारावस्था (दे १।८१)।

इंदमहकामुय—कुत्ता (दे १।८२)।

इंदिआलि—भूमीकर्म की विद्या का अभीष्ट शब्द, मंत्र-विशेष का शब्द—'इमा भूमीकम्मस्स विज्जा—इंदिआली इंदिआलि माहिंदे मारुदि स्वाहा' (अंवि पृ ८)।

इंदिआली—भूमिकर्म की विद्या का अभीष्ट शब्द, मंत्र-विशेष का शब्द (अंवि पृ ८)।

इंदिंदिर—भ्रमर (दे १।७९)—'कैश्चित् इंदिंदिर शब्दोऽपि देश्य उक्तः'।

इंदोवत्त—इन्द्रगोपक, वर्षाऋतु में होने वाला लाल या सफेद रंग का कीट-विशेष (दे १।८१)।

इक—प्रवेश—'इकमप्पए पवेसणमेयं' (विभा ३४८३)—'इकशब्दो देशीवचनः क्वापि प्रवेशार्थे वर्तते' (टी पृ ३४३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इक्कड—तृण-विशेष—'वणस्सतिभेदो इक्कडा लाडाणं पसिद्धा' (निचू २ पृ ४८१)।

इक्कण—चोर (दे १।८०)।

इक्कलिया—अकेली (उसुटी प १४५)।

इक्कल्लय—अकेला (उसुटी प ११२)।

इक्कास—१ रस-विशेष (अंवि पृ १३४)। २ भोज्य (अंवि पृ १०१)। ३ गुग्गुल वृक्ष का गोंद (अंवि पृ २३२)।

इक्कुस—नीलोत्पल (दे १।७९)।

इग—अवयव, प्रदेश—'इगमवि देशीपदं क्वापि प्रदेशार्थे वर्तते' (आवहाटी १ पृ ३१६)।

इग्ग—भयभीत (दे १।७९)।

इग्घिअ—भर्त्सित (दे १।८०)।

इज्जा—१ मां। २ देवी। ३ देवपूजा—'इज्जत्ति वज्जा माया मज्जा भणिया देवपूया वा इज्जा' (अनुद्वाचू पृ १३); 'देशीभाषया इज्येति माता' (अनुद्वामटी प २६)।

इट्टग—खाद्य-विशेष,सेवई (पिनि ४६१)।

इट्टगा—खाद्य-विशेष, सेवई (जीभा १३९७)।

इट्टाल—ईंट (द ५।६५)।

इड्डुकार—वर्धकी, बढ़ई (अंवि पृ १६१)।

इड्डुर—१ धान्य रखने का कोठा (अनुद्वा ३७५)। २ गाड़ी का एक अवयव (ओटी पृ ३७४)। ३ ढक्कन (भटी प ३१३)।

इड्डरक—बड़ी पेटी—'इड्डरकं महत् पिटकं येन समस्तापि रसवती स्थध्यते' (राजटी पृ ३२५)।

इड्डुरग—ढक्कन—'पईवं इड्डुरयं अंतो अंतो ओभासेइ....., नो चेव इड्डुरगस्स बाहिं' (भ ७।१५९)।

इड्डरय—ढक्कन—'तं पईवं इड्डुरएणं पीहेज्जा' (भ ७।१५९)।

इड्डुरिका—१ खाद्यविशेष, इडली—'रात्रिपरिवसनेन सम्पन्न इड्डुरिकादिः, यतस्ताः पर्युषित-कलनीकृताः अम्लरसा भवन्ति' (स्थाटी प २१३)। २ एक प्रकार की मिठाई(प्रसाटी प ५१)। इड्डलिगे—'चावल का रवा और उड़द से निष्पन्न खाद्य-विशेष (कन्नड़)।

इड्डिर—गाड़ी का एक अवयव (ओनि ४७८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इड्ढिसिय—याचक-विशेष (भटी पृ ८८४) ।

इणं—यह (दे १।७९ वृ) ।

इण्हि—अब (पिनि ६३४; दे १।७९ वृ) ।

इणमो—यह (दे १।७९ वृ) ।

इतिपिंडि—भोज्य-विशेष—'सत्तुपिंडि.....तप्पणपिंडि त्ति इतिपिंडि त्ति' (अंवि पृ ७१) ।

इत्ताहे—इस समय (व्यभा ४।३ टी प १९) ।

इत्तोप्पं—इतः प्रभृति, यहां से लेकर (पा ४४८) ।

इत्थीदोस—व्यभिचारिणी—'इत्थीदोसो णाम व्यभिचारिणी' (सूचू १ पृ १०८) ।

इदूर—सूत आदि से बुना हुआ धान्य रखने का साधन-विशेष—सुम्बादिव्यूतं ढञ्चनकादि तदिदूरं' (अनुद्वामटी प १३९) ।

इद्दंड—भ्रमर (दे १।७९) ।

इद्ध—चित्त—'इद्धं चित्तं भण्णति' (जीभा २५२६) ।

इब्भ—वणिक्, व्यापारी (दे १।७९) ।

इय—१ इस प्रकार (बृभा २१५२) । २ प्रवेश ।

इर—किल—संभावना, निश्चय आदि अर्थों का सूचक अव्यय (प्रा २।१८६) ।

इरमंदिर—करभ, ऊंट (दे १।८१) ।

इरहा—अथवा—'जइ रायवसेणं अन्नेणं समं वसेज्जा । इरहा बंभचारिणी' (उसुटी प ३०) ।

इराव—हाथी (दे १।८०) ।

इरिआ—कुटी, झोंपड़ी (दे १।८०) ।

इरिकाक—पुष्प-विशेष—'तधा चंपगपुप्फं ति इरिकाकं ति वा पुणो' (अंवि पृ ६३) ।

इरिण—१ स्वर्ण (दे १।७९) । २ सुन्दर—'रमणीयेसु इरिणं वा' (अंवि पृ १३४) ।

इरिमंदिर—लक्ष्मी-मंदिर—'इरिमंदिरि पत्तहारतो गततो मज्झ कंतो वणिजारतो' (दअचू पृ २८) ।

इलअ—छुरिका—'इलएण छिहलि छिदित्ता भणति' (निचू १ पृ २१) ।

इलिका—क्षुद्र जंतु, इल्ली (अंवि पृ २२९) ।

इलिया—क्षुद्र जन्तु (बृभा १२०) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

इल्ल—१ दरिद्र । २ कोमल । ३ प्रतीहार, द्वारपाल । ४ लवित्र । ५ कृष्णवर्ण वाला (दे १।८२) ।

इल्लि—१ व्याघ्र । २ सिंह । ३ छाता (दे १।८३) । ४ व्याघ्र-चर्म से बना प्रावरण (अंवि पृ ७१) ।

इल्लीर—१ गृहद्वार । २ वृषी, ऋषियों का आसन । ३ वर्षा से बचने का साधन (दे १।८३) ।

इसिय—तृणमय शलाका (सू २।१।१७) ।

इहरा—अन्यथा (उशाटी प १६०) ।

ई

ईय—इस प्रकार (बृभा २१५३) ।

ईस—कीलक (दे १।८४) ।

ईसअ—'रोझ' नामक मृग की एक जाति (दे १।८४) ।

ईसर—कामदेव (दे १।८४) ।

ईसिअ—१ भील के सिर पर बांधा जाने वाला पत्रपुट, पत्तों का वेष्टन । २ वशीकृत (दे १।८४) ।

ईसिणिया—देश-विशेष की दासी (ज्ञा १।१।८२) ।

ईसी—भूमि—'ईसिं पाडेइ त्ति भूम्यां पातयति' (भटी पृ १२९४) ।

उ

उअ—१ देखो—'उअ निच्चल-निप्फंदा भिसिणीपत्तंमि रेहइ बलाआ ।
निम्मल-मरगय-भायण-परिट्ठिआ संखसुत्तिव्व ॥' (प्रा २।२११) ।
२ सरल, ऋजु—'उअउण्णमदेहलिमुल्लंघिअ' (दे १।८८ वृ) ।

उअअ—ऋजु, सरल (दे १।८८) ।

उअक्किअ—पुरस्कृत (दे १।१०७) ।

उअचित्त—अपगत (दे १।१०८) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उअचिय—परिकर्मित (औपटी पृ ३२)।

उअट्टी—नीवी, स्त्री का कटिवस्त्र या कटिवस्त्र के दी जाने वाली रस्सी की गांठ, नाडा (नारा) (पा ४९१)।

उअत्त—निष्क्रांत, अतिक्रांत—'जाहे जलं वेलाए उअत्तं भवति' (निचू ३ पृ १४०)।

उअपोत—आकीर्ण, व्याप्त—'उअपोते देशीपदत्वाद् आकीर्णे' (बृटी पृ ८८९)।

उअरी—शाकिनी, देवी-विशेष (दे १।९८)—'उंछयवाडे मज्जारिरूवयाओ भमन्ति उअरीओ' (बृ)।

उअह—देखो—'उअह त्ति पेच्छहत्थे' (दे १।९८)।

उअहारी—दोहन करने वाली स्त्री (दे १।१०८)।

उआलि—अवतंस, शिरोभूषण (दे १।९०)।

उइंतण—उत्तरीय वस्त्र, चादर (दे १।१०३)।

उंगुणी—वनस्पति-विशेष (अंवि पृ ७०)।

उंचहिआ—चक्रधारा (दे १।१०९)।

उंछ—१ गर्ह्य, जुगुप्सनीय (सूटी १ प १०८)। २ छींपा, कपड़ों को छापने वाला (पा ७७०)।

उंछय—वस्त्र छापने का काम करने वाला (दे १।९८)।

उंजण—उत्सेचन (दजिचू पृ १५६)।

उंड—१ मुख—'देसीवयणतो उंडं—मुहं' (अनुद्वाचू पृ १३)। २ ऊंडा, गहरा (औपटी पृ ५; दे १।८५)—'खणिआ उड्डेहिं कूवया य अइउंडा' (बृ)।

उंडअ—पांव में पिण्डरूप में लग जाए उतना गहरा कीचड़ (ओभा ३३)—'उंडका—पिण्डकास्तद्रूपो यो भवति, पादयोर्यः पिण्डरूपतया लगति स पिण्डक इत्यर्थः' (टी प २९)। उंडे—मिट्टी, गोबर (कन्नड़)।

उंडग—१ स्थण्डिल (द ४।२३)। २ पिण्ड, लोथड़ा—'बालाई मंसउंडग मज्जाराई विराहेज्जा' (ओभा २४६)।

उंडणाही—अंतरिक्ष में होने वाले क्षुद्र जंतु—'अंतलिक्खेसु संताणका उंडणाही घुक्कभरधा वा वि विण्णेया' (अंवि पृ २२९)।

उंडय—मांसपिण्ड—'तेसिं जीवंतगाणं चेव हिययउंडए गिण्हावेइ' (विपा १।५।१४)।

उंडरुक्क—मुंह से वृषभ की भांति शब्द करना—'देसीवयणतो उंडं—मुहं तेण

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रुक्कंति सद्दकरणं, तं च वसभढिक्किकयाइ' (अनुद्वाचू पृ १३)।

उंडल—१ मंच, मचान। २ समूह (दे १।१२९)।

उंडि—मुद्रा (व्यभा ६ टी प ३५)।

उंडिअ—मुद्रा वाला (व्यभा ६ टी प ३५)।

उंडिय—मांस-पिण्ड—'तेसिं जीवंतगाणं चेव हिययउंडियाओ गिण्हावेइ' (विपा १।५।१५)।

उंडिया—मुद्रा-विशेष, पत्र पर लगाई जाने वाली मुहर (बृभा १८९) —उंडिया लेहस्स मुद्दा इति चूर्णौ' (टी पृ ६१)।

उंडी—पिंड, गोलाकार वस्तु—'तत्थ णं एगा वणमयूरी दो पुट्ठे परियागए पिट्टुंडीपंडुरे निव्वणे निरुवहए भिण्णमुट्ठिप्पमाणे मयूरी-अंडए पसवइ' (ज्ञा १।३।५)।

उंडुय—स्थान—'सपिंडपायमागम्म उंडुयं पडिलेहिया' (द ५।१।८७)।

उंडेरग—एक प्रकार का धान्य (आवचू २ पृ ३१७)।

उंडेरय—खाद्य वस्तु, बड़ा (आवचू २ पृ १६८)।

उंढिय—संकुचित—'जह वा उंढियपादे पाअं काऊण हत्थिणो पुरिसे' (व्यभा १० टी प ७३)।

उंत—मंत्र का अभीष्ट शब्द, देव-विशेष (अंवि पृ ९)।

उंदर—चूहा (उशाटी प १६९)।

उंदु—मुख—'देशीवचनं उन्दु—मुखं' (अनुद्वामटी प २६)।

उंदुक—स्थान—'उंदुकं इति स्थानम्' (बृटी पृ ३८०)।

उंदुय—स्थान (बृभा १२२३)।

उंदुर—१ वृक्ष पर रहने वाला प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२६)। २ पर्वत की कन्दरा में रहने वाला प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२७)।

उंदुरअ—लम्बा दिन (दे १।१०५)।

उंदुरी—चुहिया (अंवि पृ ६९)।

उंदुरुक्क—मुंह से वृषभ की भांति शब्द करना—'उंदुरुक्क त्ति देशीवचनं उन्दु—मुखं तेन रुक्कं—'वृषभादिशब्दकरणमुन्दुरुक्कं देवतादिपुरतो वृषभगर्जितादिकरणमित्यर्थः' (अनुद्वामटी प २६)।

उंदोइया—चुहिया (बृटी पृ ३६०)।

उंबभरिया—एकास्थिक वृक्ष-विशेष (भ ८।२१९।२)।

उंबर—प्रचुर (दे १।९०)।

उंबरउप्फ—नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति (दे १।११९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उंबा—बन्धन (दे १।८६)।

उंबी—पका हुआ गेहूं (दे १।८६)।

उंबेभरिया—एकास्थिक वृक्ष-विशेष (प्रज्ञा १।३५)।

उकरड—कूड़ा-करकट डालने का स्थान—'भाषायाम् उकुरडो इति प्रसिद्धं मलनिक्षेपणस्थानम्' (राजटी पृ २६)।

उकुरटिका—अकुरड़ी, कूड़ा डालने का स्थान (ओटी प १६२)।

उक्क—पाद-पतन, पैरों में गिरना (दे १।८५)।

उक्कंचण—१ बंधन—'वंसग कडणोक्कंचण छावण छेवण दुवार भूमी य' (बृभा ५८३)। २ माया (दश्रुचू प ४०)। ३ झूठी प्रशंसा, चापलूसी, अगुणी के गुण बताना (ज्ञाटी प ८६)। ४ घूंस, रिश्वत। ५ मूर्ख या भोले पुरुष को ठगने वाले धूर्त्त का, समीपस्थ विचक्षण व्यक्ति के भय से, कुछ समय के लिए निश्चेष्ट रहना (ज्ञाटी प २४५)। ६ मानोन्मान में कुटिलता करने वाले ठग का, अधिकारी की उपस्थिति में, कहीं यह राजा को मेरी शिकायत न कर दे, इस चिन्तन से छुप जाना (सूचू २ पृ ४६२)।

उक्कंठुलय—उत्सुक (कु पृ १३४)।

उक्कंडा—रिश्वत, लंचा (दे १।९२)।

उक्कंति—कूपतुला, कुएं से पानी खींचने का साधन (दे १।८७)।

उक्कंती—कूपतुला (दे १।८७)।

उक्कंदि—कूपतुला, कूप से पानी खींचने का साधन (दे १।८७)।

उक्कंदी—कूपतुला (दे १।८७)।

उक्कंपित—बांस की खपचियों से बांधा हुआ (दश्रुचू प ६५)।

उक्कंबिय—बांस की खपचियों से बांधा हुआ—'कडिए वा उक्कंबिए वा छन्ने वा लित्ते वा' (आचूला २।१०)।

उक्कड—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष (प्रज्ञा १।५०)।

उक्कडिअ—तोड़ा हुआ, छिन्न (पा ४९६)।

उक्कल—मकड़ी (उ ३६।१३७)।

उक्कलिय—१ त्रीन्द्रिय जन्तु, मकड़ी (प्रज्ञा १।५०)। २ उबला हुआ।

उक्कली—मकड़ी, लूता (दअचू पृ १८८)।

उक्का—कूपतुला, कुएं से पानी खींचने का साधन (दे १।८७)।

उक्कारिका—खाद्य पदार्थ-विशेष (अंवि पृ १८२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्कारिग—अलग होने का भेद-विशेष, जैसे एरंड के बीज से छिलका अलग होता है (सूचू १ पृ १३०)।

उक्कासिअ—उत्थित, उठा हुआ (दे १।११४)।

उक्किट्ठि—निन्दा—'पाणिए निब्बुड्डो, उक्किट्ठी कया, एवं डंभएहिं लोगो खज्जइ त्ति' (आवहाटी १ पृ २७५)।

उक्कुंड—उन्मत्त (दे १।९१)।

उक्कुट्ठ—आनन्द की महाध्वनि—'उत्कृष्टिनाद—आनन्दमहाध्वनिरित्यर्थः' (प्रटी प ४९)।

उक्कुट्ठि—१ खुशी की ध्वनि (ति १३५)। २ ऊंचे स्वर से पुकारना—'उक्कुट्ठी पुक्कारो' (जीभा १७२२)। ३ निंदा—'ण य कोलाहलं करे, ण उक्कुट्ठिबोलं वा करेज्ज रायसंसारियं वा' (सूचू १ पृ १८२)।

उक्कुडनिक्कुडिया—बार बार उठ-बैठकर झांकना—'उक्कुडनिक्कुडियाहिं पलोएइ भिक्खा वेला हूया न व त्ति' (आवमटी प २८१)।

उक्कुडिक—कूड़ा-करकट डालने का स्थान (अंवि पृ २०६)।

उक्कुडुनिउडिया—बार बार उठ-बैठकर झांकना—'उक्कुडुनिउडियाहिं पलोएति कं वेलं देसकालो भविस्सइ त्ति' (आवचू १ पृ २८९)।

उक्कुरुड—१ ईंट, काठ आदि का ढेर (बृभा २६५३)। २ अकुरडी, घूरा, कचरा डालने का स्थान (बृभा १९२५; दे १।११०)। ३ रत्नों की राशि—'उक्कुरुडो रत्नादीनामपि राशिः' (बृ)।

उक्कुरुडय—ढेर, कूड़ा डालने का स्थान (अनुद्वा ३४६)।

उक्कुरुडिक—घूरा, कूड़ा डालने का स्थान (अंवि पृ २०६)।

उक्कुरुडिया—कूड़ा डालने की जगह—'एयं तुमं दारगं एगंते उक्कुरुडियाए उज्झाहि' (विपा १।१।६५)।

उक्कुरुडी—घूरा, कचरा डालने का स्थान (दे १।११०)—'णच्चसि चडिअ उक्कुरुडि' (बृ)।

उक्कुलिणी—गृह-उपकरण, भांड-विशेष (अंवि पृ ७२)।

उक्केर—१ समूह (ओनि ७०४)। २ उपहार, भेंट (दे १।९६)।

उक्केलाविय—उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ—'राइणा उक्केलावियाइं चोल्लयाइं, निरूवियाइं समंतओ' (उसुटी प ६५)।

उक्केल्ल—उकेलना, एक-एक कर उखाडना (दजिचू पृ १२४)।

उक्कोड—१ राज्यकर (प्र ३।११)। २ रिश्वत (आचू पृ २३७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

३ राजकुल में दातव्य द्रव्य, बेगार तथा सैनिक आदि की भोजन-व्यवस्था (निचू ४ पृ २८०)।

उक्कोडभंग—राजकुल में दातव्य की राजा द्वारा दी जाने वाली छूट, देखें—'खोडभंग' (निचू ४ पृ २८०)।

उक्कोडा—रिश्वत, लंचा (विपा १।१।४९; दे १।९२)।

उक्कोडी—प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि (दे १।९४)।

उक्कोल—घाम, गरमी (दे १।८७)।

उक्कोस—अरुण रंग का पक्षी-विशेष (अंवि पृ २२५)।

उक्ख—जैन साध्वियों के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश—'परिधाण-वत्थस्स अब्भितरचूलाए उवरिकण्णो नाभिहेट्ठा उक्खो भण्णइ' (बृटी पृ ३३४)।

उक्खंड—१ संघात। २ विषमोन्नत प्रदेश (दे १।१२६)।

उक्खंडिय—आक्रांत (दे १।११२)।

उक्खंद—छावनी, घेरा डालना (निचू २ पृ ४२७)।

उक्खडमड्डा—पुनः पुनः—'उक्खडमड्डा इति देशीपदमेतत् पुनः पुनः शब्दार्थश्च' (व्यभा २ टी प ४७)।

उक्खणण—खांडना, निस्तुषीकरण (दे १।११५ वृ)।

उक्खणिअ—कंडित, निस्तुषीकृत (दे १।११५)।

उक्खल—ओखली (निचू ३ पृ ३७८)।

उक्खलित—उन्मूलित, चलित (आचू पृ ३३९)।

उक्खलिय—उन्मूलित, उत्पाटित (से ६।२९)।

उक्खलिया—१ स्थाली, पात्र-विशेष (पिनि २५०) २ उलूखल, ऊखल (आवचू २ पृ ३१७)।

उक्खली—थाली, पिठर—'अलिंदक त्ति पत्ति त्ति उक्खली थालिक त्ति वा' (अंवि पृ ७२; दे १।८८)।

उक्खलुंपिय—खुजला कर—'णो गाहावइं अंगुलियाए उक्खलुंपिअ-उक्खलुंपिअ जाएज्जा'—(आचूला १।६२)

उक्खल्लय—अंगूठे को आच्छादित करने वाला जूता (आचू पृ ३५२)।

उक्खा—पिठर, स्थाली—'दोहिं उक्खाहिं परिएसिज्जमाणे पेहाए' (आचूला १।२१)।

उक्खिण्ण—१ अवकीर्ण। २ गुप्त, आवृत। ३ पार्श्व में शिथिल, एक तरफ से ढीला (दे १।१३०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उक्खिन्न—व्याप्त (बृचू प १४१)।

उक्खिरण—दान, उपहार—'रहग्गतो य विविधफले खज्जगे य कवड्डगवत्थमादी य उक्खिरणे करेति' (निचू ४ पृ १३१)।

उक्खिरणग—दान, उपहार (निभा ५७५४)।

उक्खुंड—१ उल्मुक, अलात। २ समूह। ३ वस्त्र का एक भाग, अंचल (दे १।१२५)।

उक्खुडहुंचिय—उत्क्षिप्त, उछाला हुआ (दे १।४ वृ)।

उक्खुरुहुंचिय—उत्क्षिप्त, उछाला हुआ (दे १।४ वृ)।

उक्खुलंपिय—खुजला कर (आटी प ३४०)।

उक्खुलंबिय—खुजला कर (आचूला १।६२ पा)।

उक्खुलणियत्थ—जिसके वस्त्र अस्त-व्यस्त हों, वह (बृभा ४११२)।

उक्खुलि—ऊखली (अंवि पृ १९३)।

उखडुमड्डा—बार बार—'उखडुमड्डु त्ति वा बहुसो त्ति भूयो भूयो त्ति वा पुणो पुणो त्ति वा एगट्ठं' (निचू ४ पृ ३०८)।

उखलिका—ऊखली (अंवि पृ २२१)।

उखली—उलूखल, ऊखली (आवहाटी २ पृ २४३)।

उखा—थाली (भटी प ३२६)।

उखुल—अस्तव्यस्त (बृटी पृ ११२१)।

उगारिया—क्षुद्र जन्तु, दीमक (सूचू १ पृ १४५)।

उगाल—फलक (व्यभा ४।४ टी प १०२)।

उगाली—फलक (व्यभा ४।४ टी प १०२)।

उग्गह—योनिद्वार—'उग्गह इति जोणिदुवारस्स सामइकी संज्ञा' (निचू २ पृ १८९)।

उग्गहिय—अच्छे प्रकार से ग्रहण किया हुआ (दे १।१०४)।

उग्गाल—पान की पिचकारी (पंव ३८)।

उग्गाहिय—१ गृहीत। २ उत्क्षिप्त। ३ प्रवर्तित (दे १।१३७)। ४ उच्चालित (पा ५४६)।

उग्गुंडिय—धूल से सना हुआ—'पंसुउग्गुंडियंगमंगा' (भ ७।११९)।

उग्गुतिय—उत्तेजित—'सिंगाररसुग्गुतिया मोहकुवितफुंफगा' (दअचू पृ ५९)।

उग्गुलुंछिआ—हृदय-रस का उछलना—१ भावोद्रेक। २ वमन के संवेदन के कारण होने वाली उथल-पुथल (दे १।११८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उग्घट्टि—अवतंस, शिरोभूषण (दे १।९०)।

उग्घाडपोरिसि—प्रहर का तीन चौथाई भाग—'उद्घाटपौरुष्यां समयभाषया पादोनप्रहरे' (प्रसा ५९० टी प १६६)।

उग्घाय—१ संघात। २ विषमोन्नत प्रदेश (दे १।१२६)।

उग्घुट्ट—१ पौरुष, शूरता (दे १।९९)। २ लुप्त, विनष्ट।

उचूलयालग—नीचा सिर और ऊपर पांव कर पानी में डुबोना (विपाटी प ७२)।

उच्च—नाभितल (दे १।८६)।

उच्चंतग—दंतराग, दांतों को रंगने की मसी—'उच्चंतगो दंतरागो भन्नइ' (प्रज्ञाटी प ३६२)।

उच्चंपिअ—१ दबाया हुआ, रौंदा हुआ—'सीसं उच्चंपिअं कबंधम्मि' (तंदु १४९)। २ दीर्घ (दे १।११६)।

उच्चड्डिय—उत्क्षिप्त, ऊपर उछाला हुआ (दे १।१०६)।

उच्चत्त—निश्चित अवधि तक स्वामी के कथनानुसार कार्य करने वाला (भृतक)—'एच्चिरकालोच्चत्ते, कायव्वं कम्म जं बेंति' (निभा ३७२०)।

उच्चत्तवरत्त—१ दोनों पार्श्व में स्थूल। २ अनियत भ्रमण (दे १।१३९)।

उच्चत्तवरत्तय—दोनों पार्श्वों को ऊंचा-नीचा करना, इधर-उधर करना (पा ६६३)।

उच्चत्थ—दृढ़, मजबूत (दे १।९७)।

उच्चप्प—आरूढ, ऊपर बैठा हुआ (दे १।१००)।

उच्चरग—कमरा, कक्ष (निचू १ पृ ६७)।

उच्चाड—विपुल (दे १।९७)।

उच्चाडिर—१ रोकनेवाला। २ अफसोस करने वाला (प्रा २।१९३)।

उच्चात—परिश्रान्त (व्यभा ६ टी प २५)।

उच्चाय—परिश्रान्त (ओनि ५१८)। २ आलिंगन, परिरम्भ।

उच्चार—विमल, स्वच्छ (दे १।९७)।

उच्चारिय—गृहीत (दे १।११४)।

उच्चिइय—आभूषण-विशेष (जीवटी प १४७)।

उच्चिवलय—गंदा पानी (पा १५८)।

उच्चिडिम—मर्यादा-रहित, निर्लज्ज—'उच्चिडिमं मुक्कमज्जायं' (पा ५११)।

उच्चुंच—दृप्त, अभिमानी (दे १।९९)।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

उच्चुप्पिय—आरूढ़ (दे १।१००)।

उच्चुलउल्लिय—कुतूहलवश त्वरता से जाना (दे १।१२१)।

उच्चुल्ल—१ उद्विग्न। २ अधिरूढ़, चढ़ा हुआ। ३ भयभीत (दे २।१२७)।

उच्चूर—विविध प्रकार—'उच्चूरपउरलंभे' (व्यभा ४।२ टी प ८२)।

उच्चेल्लर—१ हल आदि से बिना जोती हुई भूमी। २ साथल के रोम (दे १।१३६)।

उच्चेव—प्रकट (दे १।९७)।

उच्चोल—१ विश्रान्त। २ नीवी, स्त्री के अधोवस्त्र के दोनों छोरों पर दी जाने वाली गांठ (दे १।१३१)। ३ चुल्लू, चुलुक—'पाणिए उच्चोल-एहिं मारिज्जइ' (आवहाटी २ पृ १२५)।

उच्चोली—गठरी—'परिकरेण बंधह चुण्णस्स उच्चोलीओ' (सूचू १ पृ १९३ टि)।

उच्छ—आंतों का आवरण (दे १।८५)।

उच्छंगिय—पुरस्कृत (दे १।१०७)।

उच्छंट—जल्दी-जल्दी चोरी करना (दे १।१०१)।

उच्छंटअ—शीघ्र चोरी करना (पा ६७६)।

उच्छंद—छीला हुआ, तोड़ा हुआ (आचू पृ ३४४)।

उच्छंदण—मर्दन, अभ्यंगन—'मक्खणऽब्भंगण उच्छंदण उव्वट्टण' (अंवि पृ १९३)।

उच्छट्ट—चोर, डाकू (दे १।१०१)।

उच्छडिय—चुराई हुई वस्तु (दे १।११२)।

उच्छय—व्याप्त—'देवेहि य देवीहि य समंतओ उच्छयं गयणं' (आवहाटी १ पृ १२३)।

उच्छल्लिउं—एक ओर ले जाकर—'उच्छल्लिउं ति एकपार्श्वे नयित्वा' (निचू १ पृ ९८)।

उच्छल्लित्तु—एक ओर ले जाकर (निचू १ पृ ९८)।

उच्छल्लिय—१ एक ओर ले जाकर (निभा २८१) २ जिसकी छाल छील दी गई हो वह (दे १।१११)।

उच्छविय—शय्या, बिछौना (दे १।१०३)।

उच्छाह—सूत का तंतु (दे १।९२)।

उच्छिदण—१ ब्याज पर लेना। २ उधार लेना (पिनि ३१७)।

उच्छिपक—चोरों का एक प्रकार (प्र ३।३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उच्छित्त—१ विक्षिप्त। २ उत्क्षिप्त (दे १।१२४)।

उच्छिल्ल—छिद्र (दे १।९५)।

उच्छु—१ राई (उसुटी प ५९)। २ वायु, पवन (दे १।८५)।

उच्छुअ—भय से की हुई चोरी (दे १।९५)।

उच्छुअरण—ईक्षु का खेत (दे १।११७)।

उच्छुआर—संछन्न, ढका हुआ (दे १।११५)।

उच्छुआरिअ—छादित, ढका हुआ (दे १।११५ वृ)।

उच्छुंडिअ—१ बाण आदि से अत्यन्त व्यथित। २ अपहृत (दे १।१३५)।

उच्छुच्छु—दृप्त, अभिमानी (दे १।९९)।

उच्छुड्ड—आहत—'ततो उच्छुड्डं फुमति रागो लग्गति' (निचू २ पृ २२०)।

उच्छुद्ध—१ विक्षिप्त—'उच्छुद्धणयणकोसे' (अनु ३।५२)। २ रोगग्रस्त —'उच्छुद्धसरीरे वा, दुब्बलतवसोसिते व जो होज्जा' (बृभा ४५५८)। ३ परित्यक्त (बृभा ३१३२)। ४ बिखरा हुआ (ओभा २२१)।

उच्छुर—अविनश्वर (दे १।९०)।

उच्छुरण—१ ईख का खेत (दे १।११७)। २ ईख—'उच्छुरणं इक्षुरिति केचित्' (वृ)।

उच्छुल्ल—१ अनुवाद। २ विश्रान्त (दे १।१३१)।

उच्छूढ—चुराना, अपहरण करना—'सायं एकल्लयाइं जायाइं चोरेहिं उच्छूढाइं' (बृटी पृ १०८)।

उच्छूर—१ असमय, विलंब—'रन्धनवेलां तामुच्छूर एव करोति येन साधोरपि भक्तं भवति' (ओटी प १४८)। २ प्रचुर (निचू ३ पृ २०६)।

उच्छूरिय—सुप्रावृत—'उच्छूरिया णडी विव दीसति कुप्पासगादीहिं' (बृभा ४१२५)।

उच्छूलग—परिखा, शत्रु-सेना का नाश करने के लिए ऊपर से आच्छादित गर्त्त-विशेष (उ ९।१८ पा)।

उच्छेव—१ छत का नीचे गिरना—'परिपेलवच्छातिते णेव्वे गलणं उच्छेवो' (निचू २ पृ ३३८)। २ दीवार का छेद (व्यभा ४।४ टी प ६)।

उच्छेवण—घृत (दे १।११६)।

उच्छोलणा—प्रचुर जल (द ४।२६)—'उच्छोलणा—पभूओदगेण' (जिचू पृ १६४)।

उजल्ल—बलवान् (प्रा २।१७४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उज्जंगल—१ बलात्कार। २ दीर्घ (दे १।१३५)।

उज्जग्गिर—जागृति, अनिद्रा (दे १।११७)।

उज्जग्गुज्ज—स्वच्छ (दे १।११३)।

उज्जड—उजाड़, बस्ती-रहित स्थान (दे १।९६)।

उज्जणिअ—टेढ़ा, वक्र (दे १।१११)।

उज्जर—१ प्रवाह (आवहाटी २ पृ ८७)। २ मध्यगत, भीतर का। ३ निर्जरण, क्षय।

उज्जल—अत्यधिक—'वेयणा पाउब्भूया—'उज्जला विउला कक्खडा....' (अंत ३।९०)।

उज्जला—छोटी संघाटी (व्यभा ७ टी प ४५)।

उज्जल्ल—१ पसीने से लथपथ, मलिन—'मुंडा कंडू विणट्ठंगा, उज्जल्ला असमाहिया' (सू १।३।१०)। २ हठ (प्रा २।१७४)।

उज्जल्ला—१ अत्यन्त मलिन (बृभा २४५७)। २ बलात्कार (दे १।९७)।

उज्जाण—प्रतिलोमगामी नौका (निभा १८३)।

उज्जाणिय—नीचा किया हुआ (दे १।११३)।

उज्जात—(विवेक) शून्य (सूचू १ पृ ९१)।

उज्जीरिय—अपमानित, तिरस्कृत (दे १।११२)।

उज्जुग—बिल—'उज्जुगं बिलं' (दशचू प ६८)।

उज्जूरिय—१ क्षीण (दे १।११२)। २ शुष्क (वृ)।

उज्जूहिगा—जंगल की ओर जाने वाली गायों का समूह—'गोसंखडी उज्जूहिगा भन्नति' (निचू ३ पृ ३४८)।

उज्जोमिआ—रस्सी, डोरी (दे १।११५)।

उज्जोवण—१ गायों को चरने के लिए खुला छोड़ना। २ गाड़ी आदि को चलाने में प्रवृत्त होना—'उज्जोवणं ति गावीणं पसरणं सगडादीणं वा पयट्टणं' (निचू २ पृ ९)।

उज्झंखणी—१ लोकापवाद (निभा ६५८)। २ फुंहार, शीतल वायु—'दगवातो सीतभरो, सा य उज्झंखणी भण्णति' (निचू २ पृ ३३८)।

उज्झमण—पलायन (दे १।१०३)।

उज्झरिय—१ टेढ़ी नजर से देखा हुआ, कानी आंख से देखा हुआ। २ विक्षिप्त, पागल। ३ क्षिप्त, फेंका हुआ। ४ त्यक्त (दे १।१३३)।

उज्झस—उद्यम, प्रयत्न (दे १।९५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उज्झाइ—विरूप, मैला (बृभा ३९१३)।

उज्झाइग—विरूप (बृभा ३९९४)।

उज्झिखिअ—लोकापवाद, लोक-निन्दा (दे ३।५५ वृ)।

उट्ट—१ जल-जंतु विशेष। २ सिंधु देश के कोमल चमड़ी वाले मत्स्य-विशेष—'उट्टा मच्छा सिंधुविसए, तेसिं चम्मयं मउयं भवति' (आचू पृ ३६४)। ३ कुत्ते की आकृति वाले जलचर प्राणियों का चर्म (निचू २ पृ ४००)। देखें—'उद्द'।

उट्टिक—बड़ा भाजन-विशेष (अंवि पृ २१४)।

उट्टिया—पात्र-विशेष (अंवि पृ २२१)।

उट्ठ—१ घड़े आदि का किनारा, कांगरा—'बोडो जस्स उट्ठा णत्थि' (आवचू १ पृ १२२)। २ कुत्ते की आकृति वाले जलचर प्राणियों का चमड़ा—'सुणगागिती जलचरा सत्ता तेसिं अजिणा उट्ठा' (निचू २ पृ ४००)।

उट्ठल—उल्लास (दे १।९१)।

उट्ठल्ल—उल्लास (दे १।९१)।

उट्ठी—१ मुट्ठी। २ अंश—'महीए एका उट्ठी छुब्भइ' (आवहाटी २ पृ ९०)।

उट्ठोणा—उठकर—'उट्ठोणा (? उट्ठित्ता) से णं इमं लोगं तिरियं करेति' (सूचू १ पृ २११)।

उडव—उरद, माष (निरटी पृ २७)।

उडिव—उरद, माष (दे १।९८)।

उडु—तृण का आच्छादन (दे १।८६)।

उडुक्किय—दांतों से काट कर दागी करना—'सव्वतउसाणि दंतेहिं उडुक्कियाणि' (दअचू पृ २९)। उडि—काटना, टुकड़े करना (कन्नड)।

उडुरुक्क—मुंह से वृषभ की भांति शब्द करना (अनुद्वाहाटी पृ १९)।

उडुरुक्ख—मुंह से वृषभ की भांति शब्द करना—'उडुरुक्खं ति देशीवचनं वृषभगर्जितकरणाद्यर्थम्' (अनुद्वाहाटी पृ १९)।

उडुहिय—१ विवाहित स्त्री का कोप। २ जूठा, उच्छिष्ट (दे १।१३७)।

उड्ड—१ दीर्घ, बड़ा (सू १।५।३४)। २ उड़ीसा देश का वासी (प्र १।२१)। ३ कुआ आदि खोदने वाला (निभा ३७२०; दे १।८५)। ओड्ड (कन्नड)। ४ तीव्र (आचू पृ १४३)। ५ कूप (आवटि प २४)।

उड्डंचक—उड्डाह, उपहास—'देशीपदमेतत्' (बृटी पृ १६०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उड्डंचग—१ उपहास करने वाला (निभा १०९५)। २ याचक—'उदञ्चका याचकाः' (बृटी पृ १६०)।

उड्डंचय—अवहेलना—'वंदणादिसु उड्डंचये करेज्ज' (निचू २ पृ १७२)।

उड्डंडग—वे भिक्षु जो पाणिपात्र होते हैं (आचू पृ १६९)।

उड्डंबालग—कोतवाल—'तत्थ चारियत्ति काऊण उड्डंबालगा अगडे पक्खिविज्जंति' (आवहाटी १ पृ १३६)।

उड्डंस—खटमल (उ ३६।१३७)।

उड्डण—अंगीकार—'तत्थोड्डणं अप्पणो कुणति' (व्यभा ४।३ टी प १८)। २ दीर्घ। ३ बैल (दे १।१२३)।

उड्डण्ड—प्रद्विष्ट (आचू पृ १४३)।

उड्डस—खटमल (दे १।९६)।

उड्डहण—१ लोकापवाद (निचू ३ पृ ४९८)। २ चोर (दे १।१०१)।

उड्डाअ—उद्गम, उदय (दे १।९१)।

उड्डाण—१ प्रतिध्वनि। २ कुरर पक्षी। ३ विष्ठा। ४ अभिमानी। ५ मनोरथ (दे १।१२८)।

उड्डावणक—आकर्षण—'तस्स कड्ढणट्ठाए उड्डावणकं करेति' (निचू ४ पृ ७६)।

उड्डास—संताप, परिताप (दे १।९९)।

उड्डाह—निन्दा (पिनि ४१४)।

उड्डिआहरण—छुरी के अग्रभाग पर रखे हुए फूल को पांव की अंगुलियों से लेकर ऊपर उछलना (दे १।१२१)।

उड्डिय—१ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ—'अस्सेण हेसियं पट्ठी च उड्डिया' (निचू ४ पृ ३४३)। २ बेचने के लिए रखना (आवहाटी १ पृ २६४)।

उड्डिहिअ—ऊपर फेंका हुआ (पा ५१७)।

उड्डुय—डकार (आचूला ८।२९)।

उड्डुयर—जो मलमूत्र का विसर्जन करते हुए चंचलता के कारण हाथ आदि पर भी लेप लगा लेता है (बृटी पृ ५१४)।

उड्डुहिअ—छिन्न (दे १।१०५ वृ)।

उड्डोय—१ डकार (जीभा ९०८)। २ उबाक, ओकाई (निचू ३ पृ ८०)।

उड्ढ—१ दीर्घ, बड़ा (सू १।५।३४)। २ वमन (बृटी पृ १५३९)। ३ पात्र का किनारा (निचू ४ पृ १५७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उड्ढल—उल्लास (दे १।९१)।

उड्ढल्ल—उल्लास (दे १।९१)।

उणुयत्त—अवस्थित, ठहरा हुआ—'साचि तं पलोएंती तहेव उणुयत्तेति' (आवहाटी १ पृ १८२)।

उण्णम—समुन्नत (दे १।८८)।

उण्णलिय—१ कृश, दुर्बल। २ ऊंचा किया हुआ (दे १।१३६)।

उण्णुहअ—१ हुंकार। २ आकाश की ओर मुंह किए हुए कुत्ते की आवाज (दे १।१३२)। ३ गर्वित (व्यभा ४।२ टी प ६९)।

उण्हाली—चतुष्पद प्राणी-विशेष—'मज्जारी मुंगसी व त्ति उण्हाली अडिल त्ति वा' (अंवि पृ ६९)।

उण्हिआ—खिचड़ी (दे १।८८)।

उण्हेला—कीट-विशेष, घृतपिपीलिका—'उण्हेला णाम तेल्लपाइयाओ, तातो तिक्खेहिं तुंडेहिं अतीव दंसंति' (आवमटी प २८९)।

उण्होवयभंड—भ्रमर (दे १।१२०)।

उण्होलक—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ६३)।

उण्होला क्षुद्र जन्तु-विशेष—'उण्होला-तेल्लपातियाओ। तातो तिक्खेहिं अतीव दंसंति' (आवचू १ पृ ३०४)।

उतपोत—आकीर्ण (बृभा ३१७२)।

उत्तइय—उत्तेजित (दअचू पृ ५९ पा)।

उत्तंपिअ—खिन्न, उद्विग्न (दे १।१०२)।

उत्तप्प—१ गर्वित। २ अधिक गुण वाला (दे १।१३१)।

उत्तम्मिअ—खिन्न (दे १।१०२)।

उत्तरणवरंडिआ—उडुप, नौका, जहाज आदि (दे १।१२२)—'समुद्रनद्यादौ जलतरणोपकरणं प्रवहणादि' (वृ)।

उत्तरणवरंडी—जलसंतरण के साधन नौका आदि—'भवउत्तरणवरंडि संभर सव्वण्णुमण्णहा तुज्झ। णरगोत्तिरिविडिमज्झे होही उत्थल्ल-पत्थल्ला ॥' (दे १।१२२ वृ)।

उत्तरिविडि—एक के ऊपर एक रखे हुए भाजनों का ढेर (दे १।१२२ पा)।

उत्तलहअ—वृक्ष (दे १।११९)।

उत्ताणपत्त—एरण्ड से संबंधित, एरण्ड के पत्ते (दे १।१२० वृ)।

उत्ताणपत्तय—एरण्ड-संबंधी, एरण्ड के पत्ते (दे १।१२०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उत्ताणय—तत्पर (आवचू १)।

उत्ताल—लगातार रुदन, अंतर रहित क्रन्दन की आवाज (दे १।१०१)।

उत्तावल—१ उतावल, शीघ्रता। २ शीघ्रकारी, आकुल—'उत्तावलो सहिसत्थो' (कु पृ १८०)।

उत्ताहिय—ऊपर उछाला हुआ (दे १।१०६)।

उत्तिग—१ चींटियों का बिल (आ ८।१०६)। २ सर्पच्छत्र वनस्पति (द ८।११)। ३ छिद्र—'उत्तिगो पुण छिड्डं' (निभा ६०१८)।

उत्तिरिबिडि—एक के ऊपर एक रखे हुए भाजनों का ढेर (दे १।१२२)। उतरड (गुज), उत्तरंड (मराठी)।

उत्तुइय—उत्तेजित (दनि १११ पा)।

उत्तुण—अभिमानी, गर्वयुक्त (उसुटी प २३४; दे १।९९)।

उत्तुपित—चिकना किया हुआ (प्रटी प ५९)।

उत्तुपिय—स्निग्ध, चिकना (प्र ३।१६)।

उत्तुयय—उत्तेजित (व्यभा ६ टी प ३२)।

उत्तुरिद्धि—१ अभिमानी (दे १।९९)। २ दर्प, गर्व (वृ)।

उत्तुहिअ—उत्खोटित, छिन्न, नष्ट (दे १।१०५)।

उत्तूइय—गर्व—'एवं भणितो संतो उत्तूइओ सो कहेइ सव्वं—उत्तूइओ त्ति देशीपदमेतद् गर्वे वर्तते' (व्यभा ४।२ टी प ६९)।

उत्तह—तटशून्य कूप (दे १।९४)।

उत्तेड—बिन्दु—'भंडगपासवलग्गा उत्तेडा बुब्बुया न सम्मंति' (पिनि १९)।

उत्थंघिय—उत्थापित (से ५।६०)।

उत्थग्घ—संमर्द, उपमर्द (दे १।९३)।

उत्थरिय—१ उत्थित (दे ७।९२)। २ आक्रांत (पा ५८५)। ३ निर्गत।

उत्थलिअ—१ गृह। २ ऊंचा गया हुआ (दे १।१०७)।

उत्थल्ल—उथलना, पलटना (दअचू पृ ११५)।

उत्थल्लण—धकेलना, उछालना (प्र ३।१०)।

उत्थल्लपत्थल्लण—उथल-पुथल—'उत्थल्ल-पत्थल्लणेण भुक्तम्' (ओटी प १९२)।

उत्थल्लपत्थल्ला—दोनों पार्श्वों से परिवर्त्तन, उथल-पुथल (दे १।११२)।

उत्थल्ला—१ परिवर्त्तन (दे १।९३)। २ उद्वर्तन।

उत्थाण—अतिसार रोग (व्यभा ७ टी प ८५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उदअ—गढा, अवपात—'गर्त्ताविशेषेषु उदक इत्येवंरूढेषु' (प्रटी प २२)।

उदंक—जल का पात्र-विशेष जिससे जल ऊंचा छिड़का जाता है (जीवटी प १४६)।

उदकधसर—नाली, मोरी (ओटी पृ ३६५)।

उदग—अनंतकायिक वनस्पति—'तत्थ उदगं नाम अणंतवणप्फई, से भणियं च उदए अवए पणए सेवाले' (दजिचू पृ २७७)।

उदरिय—१ आजीविका के लिए इधर उधर घूमने वाले। २ पाथेय युक्त यात्री—'उदरिया णाम जहिं गता तेहिं चेव रूवगावी छोडुं समुद्दिसंति पच्छा गम्मति। गहियसंबला उदरिया' (निचू ४ पृ ११०)।

उदसी—छाछ—'तक्कं उदसी छासि त्ति एगट्ठं' (निचू १ पृ ९२)।

उदाण—वनस्पति का एक प्रकार (अंवि पृ २६६)।

उदूक्खल—मुशल—'मुशलं उक्खलं वा' (आचू पृ ३३९)।

उद्द—१ सिन्धु देश के मत्स्य-विशेष—'उद्राः सिन्धुविषये मत्स्याः'। २ मत्स्य-चर्म का बना हुआ वस्त्र-विशेष (आचूला ५।१५; टी प ३९३)। —देखें—'उट्ट'। ३ जल-मानुष। ४ ककुद, बैल के कंधे का कूबड़ (दे १।१२३)।

उद्दंसग—मत्कुण, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।५०)।

उद्दद्दर—सुभिक्ष—'दुविधा दरा—धण्णदरा पोट्टदरा य, ते उद्दं जाव भरिया तं उद्दद्दरं भण्णति। पर्यायवचनेन सुभिक्षमित्यर्थः' (निचू ३ पृ ८०)।

उद्दरिअ—१ उखाड़ा हुआ (दे १।१००)। २ स्फुटित, विकसित (पा ५१३)। ३ उद्दर्पित (नंदीटि पृ १०१)। ४ युद्ध से पलायित।

उद्दा—ऊदबिलाव, जलमार्जार (सू १।७।१५)।

उद्दाइंत—शोभमान (ज्ञा १।१।३३)।

उद्दाइय—दीमक, कीट (निचू १ पृ १५५)।

उद्दाण—१ परित्यक्त (निचू २ पृ १४)। २ मृत—'उद्दाणे भोइयम्मि चेइयाइं वंदामि' (उसुटी प २)। ३ चुल्हा (दे १।८७)।

उद्दाणग—मृत—'उद्दाणगं जायं तं मए विगिंचियं' (आवहाटी २ पृ १४०)।

उद्दाणभत्तारा—पति के द्वारा परित्यक्त स्त्री—'उद्दाणभत्तारा भत्तारेण परिठविता' (निचू २ पृ १४)।

उद्दाम—१ संघात। २ विषमोन्नत प्रदेश (दे १।१२६)।

उद्दाल—वृक्ष-विशेष (जीव ३।५८१)।

उद्दालक—वृक्ष-विशेष (जीवटी प १४५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उद्दिक—घट का एक प्रकार (अंवि पृ २५५)।

उद्दिट्ठा—अमावस्या (स्था ४।३६२)।

उद्दिसिअ—उत्प्रेक्षित (दे १।१०९)।

उद्दीढ—भक्षित, खाया हुआ (निचू ३ पृ ५८७)।

उद्दुंडुग—उपहास का पात्र (बृभा ४००२)।

उद्दूढ—१ चुराया हुआ, मुषित—'देशीवचनत्वाद् मुषितं' (बृटी पृ ८२५)। २ पराजित (अंवि पृ २५०)।

उद्देसग—जंतु-विशेष, दीमक (जीवटी प ३२)।

उद्देहि—उपदेहिका, दीमक (दे १।९३)।

उद्देहिगा—१ दीमक। २ दीमक द्वारा कृत वल्मीक की मिट्टी (पिटी प २०)।

उद्देहिया—दीमक—'उद्देहियाखइयं वा कट्ठं दुब्बलं' (आचू पृ २१२)।

उद्धइय—आभ्यंतर—'उद्धइयाहि देसीभासातो जं अब्भंतरं वुच्चति' (आचू पृ २१५)।

उद्धच्छवि—विसंवादित, विपरीत, अप्रमाणित (दे १।११४)।

उद्धच्छविअ—सज्जित (दे १।११९)।

उद्धच्छिअ—निषिद्ध (दे १।१११)।

उद्धट्ट—ऊंचा (सूचू १ पृ १०४)।

उद्धट्टक—उपहास पैदा करने वाली भाषा या आवाज (बृटी पृ १६७०)।

उद्धत्थ—विप्रलब्ध, वंचित (दे १।९६)।

उद्धरण—उच्छिष्ट, जूठा (दे १।१०६)।

उद्धवअ—उत्क्षिप्त, ऊपर फेंका हुआ (दे १।१०६)।

उद्धविअ—पूजित (दे १।१०७)।

उद्धाअ—१ ऊबड़-खाबड़ प्रदेश, ऊंचा-नीचा प्रदेश। २ श्रान्त, थका हुआ। ३ संघात, समूह (दे १।१२४)।

उद्धाण—उद्वसित, उजड़ा हुआ (व्यभा ४।४ टी प ७०)।

उद्धाविय—समुद्रचारी डाकू आदि अत्यन्त क्रूर मनुष्य—'किं वा अहं सभग्गो त्ति चिंतयंतो च्चिय सहसा उद्धाविएहिं बद्धो' (कु पृ ६९)।

उद्धि—गाड़ी का एक अवयव (सूर्य १०।३७)। उंध (गुज)।

उद्धुमात—व्याप्त (नंदीचू पृ ६)।

उद्धुमाय—पूर्ण (पा १४२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उधेइ—दीमक (निचू ३ पृ १२४) । उदई (राज) ।

उन्नालिअ—उन्नामित, ऊंचा किया हुआ (पा ५०८) ।

उपघसर—नाली, मोरी (ओटी पृ ३६५ पा) ।

उपासना—नापित-कर्म, हजामत—'उपासना नाम श्मश्रुकर्त्तनादिरूपं नापित-कर्म' (आवमटी प १९९) ।

उप्पंक—१ कर्दम, पंक । २ ऊंचाई । ३ समूह । ४ अत्यधिक (दे १।१३०) ।

उप्पर—ऊपर (जीभा १४६२) ।

उप्पल—संख्या-विशेष—'चतुरशीतिरुत्पलाङ्गा-शतसहस्राणि एकमुत्पलम्' (जीवटी प ३४५) ।

उप्पलंग—संख्या-विशेष (भ ५।१८) ।

उप्पल्लाणित—अश्व से पलाण उतारना—'उप्पल्लाणितो आसो । विस्सामितो राया' (उसुटी प २५१) ।

उप्पाडक—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (अंवि पृ २६७) ।

उप्पातिका—मत्स्य की एक जाति (अंवि पृ २२८) ।

उप्पाय—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।५०) ।

उप्पाहल—उत्कण्ठा (पा ८०३) ।

उप्पि—ऊपर (अनु ३।९) ।

उप्पिगलिआ—करोत्संग, हाथ को गोदरूप बनाना (दे १।११८) ।

उप्पिजल—१ मैथुन । २ धूल । ३ अपकीर्ति, अपयश (दे १।१३५) ।

उप्पिच्छ—१ त्वरित । २ तीव्र श्वास—'श्वासयुतं त्वरितं वा' (अनुद्वाचू पृ ४६) । ३ त्रस्त, भीत (ज्ञाटी प १६८) । ४ आकुल । ५ कुपित—'उप्पिच्छं नाम आकुलम् आहितयं उप्पिच्छं च आउलं रोसभरियं च' (जीवटी प १९४) ।

उप्पित्थ—१ व्याकुल—'उप्पित्थशब्दस्त्रस्तव्याकुलवाची देशीति क्वचित्' (से ११।४०) । २ लयबद्ध श्वास (राजटी पृ १८९) । ३ कुपित । ४ विधुर (दे १।१२९) ।

उप्पियण—बार-बार श्वास लेना (व्यभा ४।४ टी प ५०) ।

उप्पीड—समूह, राशि (से ४।३७) ।

उप्पील—१ संघात, समूह—'पसरिओ बहुलो धूमुप्पीलो' (कु पृ १०८; दे १।१२६) । २ विषमोन्नत-प्रदेश (दे १।१२६) ।

उप्पुय—उत्सुक (प्रटी प ५२) ।

Jain Education International　For Private & Personal Use Only　www.jainelibrary.org

उप्पेअ—अभ्यंग, तैल आदि से मालिस—'उप्पेअं देशीपदमेतत् अभ्यङ्गम्' (व्यभा ६ टी प १०)।

उप्पेस—त्रास (से १०।६१)।

उप्पेहड—१ उद्भट, तीव्र (दे १।११६)। २ आडंबरयुक्त (पा ९०)।

उप्फंदोल—अस्थिर (दे १।१०२)।

उप्फल्ल—दुर्जन, खल (ति ९०१)।

उप्फाल—दुर्जन (ति ९००; दे १।९०)।

उप्फिस—उफनना (बृटी)।

उप्फुंकिआ—धोबिन, कपड़ा धोने वाली (दे १।११४)।

उप्फुंडिअ—बिछाया हुआ, आस्तृत (दे १।११३)।

उप्फुण्ण—आपूर्ण, भरा हुआ (दे १।९२)।

उप्फुन्न—स्पृष्ट, छुआ हुआ (प्रसाटी प ३०४)।

उप्फुरुहंसिगा—प्रज्वलित अंगीठी (सूचू १ पृ १२५)।

उप्फेणउप्फेणिय—क्रोध से उफनते हुए—'उप्फेणउप्फेणियं सीहसेणं रायं एवं वयासी' (विपा १।९।१८)।

उप्फेणओफेणीय—क्रोध से उफनते हुए (विपाटी प ८३)।

उप्फेस—१ मुकुट (स्था ५।७२)। २ त्रास, भय (दे १।९४)। ३ अपवाद, निन्दा (वृ)।

उप्फेसण—त्रास, भय (उसुटी प ५८)।

उप्फेसया—निन्दा—'असरिसजण उप्फेसया ण हु सहियव्वा कुले पसूएण' (दे १।९४ वृ)।

उप्फोअ—उद्गम, उदय (दे १।९१)।

उप्फोस—१ त्रास (निभा १४८०)। २ प्रक्षालन (निभा ४०८५)।

उप्फोसण—सिंचन, छिड़काव—'आवरिसणं पाणिएण उप्फोसणं' (निचू २ पृ १७५)।

उबेड्ड—अन्तःप्रविष्ट (आवचू २ पृ १६५)।

उब्बिब—१ खिन्न। २ शून्य। ३ भयभीत। ४ उद्भट, उग्र। ५ क्रांत। ६ प्रकट वेष वाला (दे १।१२७)।

उब्बिबल—कलुषित जल, मैला पानी (दे १।१११)।

उब्बुक्क—१ प्रलपित। २ संकट। ३ बलात्कार (दे १।१२८)।

उब्बुड्ड—अन्तःप्रविष्ट, गड़ी हुई—'उब्बुड्डणयणकोसे' (अनुटी प ७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उब्बूर—१ अधिक। २ संघात, समूह। ३ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १।१२६)।

उब्भ—१ खड़ा हुआ (निचू १ पृ ५४)। २ ऊर्ध्व (दे १।८६ वृ)।

उब्भंड—फूहड़, अस्त-व्यस्त वेशभूषा (बृभा ६१५७)।

उब्भंत—ग्लान (दे १।९५)।

उब्भग्ग—व्याप्त (दे १।९५)—'तिमिरोब्भग्गणिसाए' (वृ)।

उब्भज्जी—क्षीरपेया—'कलमोतणो उ पयसा, उक्कोसो हाणि कोद्दवुब्भज्जी' (ओभा ३०७)।

उब्भट्ठ—मांगा हुआ—'उब्भट्ठपरिन्नायं अन्नं लद्धं पओयणे घेत्थी' (पिनि २८१)।

उब्भाअ—शांत (दे १।९६)।

उब्भालण—१ धान्य को छाज आदि से साफ-सुथरा करना (दे १।१०३)। २ अपूर्व (वृ)।

उब्भालिअ—सूर्प आदि से साफ किया हुआ (पा ५३८)।

उब्भावण—परिभव (ओनि १४८)।

उब्भावणा—अपभ्राजना, तिरस्कार (उशाटी प १६९)।

उब्भाविअ—मैथुन (दे १।११७ वृ)।

उब्भासुअ—शोभा-हीन (दे १।११०)।

उब्भुआइअ—उभरा हुआ (दे १।१०५ वृ)।

उब्भुआण—उफनता हुआ, अग्नि से तप्त दूध आदि का उछलना (दे १।१०५)।

उब्भुग्ग—चल, अस्थिर (दे १।१०२)।

उब्भुत्तिअ—उद्दीपित, प्रदीपित (पा १६)।

उब्भुभंड—भांड-विशेष (अंवि पृ १९३)।

उब्भे—तुम सब (दे १।८६ वृ)।

उभज्झी—क्षीरपेया (ओटी प १९६)।

उमत्थिय—बांधकर—'सव्वोवही (एगट्ठा कज्जति भायणं उमत्थिए) एगट्ठाणे पुढो कज्जति' (निचू ३ पृ ३७४)।

उमाण—प्रवेश—'उमाणं ति प्रवेशः' (आटी प ३२६)।

उमुत्तिल्लय—१ बहु-मूत्र रोगवाला। २ मूत्राशय में सूजनवाला—'जेण वा कट्ठाइणा संचालेति तं सविसं उमुत्तिल्लयं वा खयं वा कट्ठेण हवेज्जा' (निचू २ पृ २८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उम्मइअ—मूढ़, मूर्ख (दे १।१०२)।

उम्मंड—१ हठ, आग्रह। २ उद्वृत्त, बचा हुआ (दे १।१२४)।

उम्मच्छ—१ असंबद्ध। २ भंगयुक्त, विकल्प से कथित। ३ क्रोध (दे १।१२५)।

उम्मच्छविअ—उद्भट, तीव्र (दे १।११६)।

उम्मच्छिअ—१ रुष्ट। २ आकुल (दे १।१३७)।

उम्मड्डा—बलात्कार (दे १।९७)।

उम्मत्त—१ धतूरा (दे १।८९)। २ एरण्ड (वृ)।

उम्मत्थ—अधोमुख, विपरीत (दे १।९३)।

उम्मर—देहली (आचू पृ ३६४; दे १।९५)।

उम्मरिअ—उत्खात (दे १।१००)।

उम्मल—जमा हुआ, स्त्यान, कठिन (दे १।९१)।

उम्मल्ल—१ नृप। २ मेघ। ३ पुष्ट, पीवर। ४ बलात्कार (दे १।१३१)।

उम्मल्ला—तृष्णा (दे १।९४)।

उम्माल—देवता को चढाई गई वस्तु, निर्माल्य (पा ३५२)।

उम्मुह—अभिमानी (दे १।९९)।

उम्हाविअ—मैथुन (दे १।११७)।

उयचित—परिकर्मित, संस्कारित (ज्ञाटी प १७)।

उयचिय—परिकर्मित (ज्ञाटी प १७)।

उयट्टिणी—जंघा—'उयट्टिणीए णीणेऊण दरिसिओ'—जंघाया निष्काश्य दर्शितः' (उशाटी प ११८)।

उयट्टी—१ कटी। २ जंघा—'जेण घेत्तुं उयट्टीए छूढो—येन गृहीत्वा कट्यां (जंघायां ?) क्षिप्तः' (उशाटी प ११८)।

उयणिसय—रहस्य-कला, जादू-टोना, मुगटनी कला (कु पृ २२)।

उयरिय—उतरकर—'मज्झे वा उयरिय पाणियं पियह' (ओटी पृ ३६२)।

उयरी—गर्भवती (कु पृ १६२)।

उयल्ल—मृत—जाहे अदिस्सो जाओ ताहे तहठिया चेव रागसंमोहियमणा उयल्ला' (आवहाटी १ पृ १८२)।

उयविय—जीत लेने पर—'उयविए प्रसाधिते अर्धभरते' (व्यभा ६ टी प ४५)।

उर—आरम्भ (दे १।८६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उरंउरेण—साक्षात्—'रहबलेण वा चाउरंगेणं पि उरंउरेणं गिण्हित्तए' (विपा १।३।५०) ।

उरंमुह—औंधेमुंह—'परंमुहा पडंतु उरंमुहा पासेल्लिया (वा)' ? (आवहाटी १ पृ २८५) ।

उरच्छक—मद्य का बड़ा पात्र (अंवि पृ २५९) ।

उरणा—वेणी में गूंथा जाने वाला ऊन का आभरण (अंवि पृ ६४) ।

उरणि—जन्तु-विशेष (बृभा ५८८३) ।

उरणी—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष (अंवि पृ २३७) ।

उरत्त—खण्डित, विदारित (दे १।९०) ।

उरत्थय—कवच, वर्म (पा २७४) ।

उररि—पशु, बकरा (दे १।८८) ।

उरल—१ स्थूल, बड़ा । २ असघन, विरल—'उरलं तिं विरलं न तु घनम्' (प्रज्ञाटी प २६९) ।

उराल—१ सुन्दर—'अणुस्सुओ उरालेसु जयमाणो परिव्वए' (सू १।९।३०) । २ प्रधान (स्था १०।१०३) । ३ भीषण—'भीमा भय भेरवा उराला' (उ १५।१४) । ४ विशाल, विस्तृत—'भण्णइ य तहोरालं वित्थरवंतवणस्सति पप्प । पयतीय णत्थि अण्णं एद्दहमेत्तं विसालंति ॥' (अनुद्वाहाटी पृ ८७) । ५ हरित वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।४४) ।

उरालक—धान्य-विशेष (अंवि पृ ६६) ।

उरालिय—औदारिक शरीर—'मंसट्ठिण्हारुबद्धं उरालियं समयपरिभासा' (अनुद्वाहाटी पृ ८७) ।

उरिणण—कपास निकालना (ओटी पृ ३७३ पा) ।

उरुणण—कपास निकालना (ओटी पृ ३७३) ।

उरुणी—गृह-उपकरण (अंवि पृ १४२) ।

उरुपुल्ल—१ अपूप, पूआ । २ धान्यों के मिश्रण से बना खाद्य, खिचड़ी आदि (दे १।१३४) ।

उरुमिल्ल—प्रेरित (दे १।१०८) ।

उरुलुंचग—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।५०) ।

उरुसोल्ल—प्रेरित (दे १।१०८) ।

उलइय (ओलइय ?)—लटका दिया (व्यभा १० टी प ८०) ।

उलग—हल चलाने वाला—'उलगादिभतओ भतीए घेप्पति' (दशचू प ३८) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उलणा—देवी-विशेष (अंवि पृ २२३)।

उलवी—पानी को सुगंधित करनेवाला एक प्रकार का घास (पा ६२८)।

उलाण—बाज पक्षी—'उलाणसिंगतससयाण जालच्छइयाए' (निचू २ पृ २८१)।

उलिअ—निकूणित आंख वाला, टेढी आंख वाला (दे १।८८)।

उलित्त—ऊंचा कुंआ, ऊंची भूमी पर स्थित कुंआ (दे १।८९)।

उलुंडिअ—१ प्रलुठित। २ विरेचित (दे १।११९)।

उलुकसिअ—पुलकित (दे १।११५)।

उलुखंड—उल्मुक, अलात (दे १।१०७)।

उलुफुंटिअ—१ विनिपातित। २ प्रशान्त (दे १।१३८)।

उलुहंत—काक, कौआ (दे १।१०९)।

उलुहलिअ—जो कभी तृप्त नहीं होता, अतृप्त (दे १।११७)।

उल्लअण—अर्पण (से ११।५१)।

उल्लंकय—काष्ठपात्र—'उल्लंकओ कट्ठमओ पत्तो' (निभा ४११३)।

उल्लंचिय—खाली करना—'सो तस्स कए समुद्दं उल्लंचिउमाढत्तो' (आवहाटी १ पृ २७६)।

उल्लंठ—उद्धत—'उल्लंठवयणा विग्घाणि करेंति' (उसुटी प ६६)।

उल्लंडग—मिट्टी का गोला—'उल्लंडगा परिबज्झंति मृद्गोलकमित्यर्थः' (निचू ३ पृ १६०)।

उल्लंडिअ—बाहर निकाला हुआ, रिक्त किया हुआ (पा ५९२)।

उल्लग—कृश, क्षीण—'सा उल्लगसरीरा जाया' (उशाटी प ३००)।

उल्लढ—शुष्क, सूखा (ओटी पृ ३५६ पा)।

उल्लण—छाछ से गीला किया हुआ ओदन, खाद्य-विशेष (पिनि ६२४)।

उल्लणिया—शरीर पोंछने का वस्त्र, तोलिया (उपा १।२९)।

उल्लत्थपल्लत्थ—असमंजस, उलट-पलट, अव्यवस्थित—'उल्लत्थपल्लत्था से आलावया दिज्जंति' (आवहाटी २ पृ ९१)।

उल्लद—उतार कर—'तत्थ बइल्ले उल्लदेत्ता उवक्खडेंति' (आवहाटी १ पृ १९४)।

उल्लरय—कौडिओं का आभूषण (दे १।११०)।

उल्ललिअ—शिथिल, ढीला (दे १।१०४)।

उल्लसिय—पुलकित (दे १।११५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उल्लाय—पाद-प्रहार (तंदु १६२)।

उल्लायक—कर्माजीवी (अंवि पृ ९०)।

उल्लिअ—१ खींचा हुआ, छीला हुआ—'उल्लिओ फालिओ गहिओ मारिओ य अणंतसो' (उ १९।६४)। २ उपागत (कु पृ १६१)।

उल्ली—काई, शैवाल—'पणओ उल्ली' (निचू २ पृ १९७)। २ दांत पर जमनेवाली पपड़ी—'उल्ली दंतेसु दुग्गंधा' (आवचू २ पृ ७२)। ३ चुल्हा, चुल्ली (दे १।८७)।

उल्लुंटिअ—चूर्णित, चूरा-चूरा किया हुआ (दे १।१०९)।

उल्लुक्क—त्रुटित, टूटा हुआ (दे १।९२)।

उल्लुग—विकृत, त्रुटित (प्रटी प २२)।

उल्लुट्ट—मिथ्या (दे १।८९)।

उल्लुरुह—छोटा शंख (दे १।१०५)।

उल्लूड—विध्वंस (व्यभा ५ टी प ७)।

उल्लूडित—विध्वंसित, नष्ट (व्यभा ५ टी प ७)।

उल्लूढ—१ आरूढ़ (दे १।१००)। २ अंकुरित (वृ)।

उल्लूरधूविता—खाद्य-पदार्थ-विशेष (अंवि पृ ७१)।

उल्लूरिया—मिठाई (उसुटी प ८६)।

उल्लूह—शुष्क, सूखा—'उल्लूहं च नलवणं हरियं जायं' (ओटी प ३५६)।

उल्लेव—हास्य, हंसी (दे १।१०२)।

उल्लेवअ—हंसी, हास्य (दे १।१०२ वृ)।

उल्लेहड—लम्पट, लुब्ध (दे १।१०४)।

उल्लोइय—खड़ी आदि से भींत को पोतना (जंबू १।३७)।

उल्लोग—थोड़ा, अल्प (बृभा १६०५)।

उल्लोच—वितान, चंदोवा (दे १।९८)।

उल्लोट्ट—अपवर्तन, मुड़ना (प्रटी प ८६)।

उल्लोपिक—भोज्य-पदार्थ-विशेष (अंवि पृ १८२)।

उल्लोय—चंदोवा, वितान (बृभा ५६८१)।

उल्लोल—१ शत्रु (ति ८८५; दे १।९९)। २ जलतरंग (पा ५६)। ३ कोलाहल।

उल्लोहित—पुता हुआ—'उल्लोहितं उव्वलितं तधा उच्छाडितं ति वा' (अंवि पृ १०६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उल्हक—छोटा चूल्हा (पिनि ५४)।
उल्हसिअ—उद्भट, तीव्र (दे १।११६)।
उव—पक्षी-विशेष (अंवि पृ ६२)।
उवअ—हाथी को पकड़ने के लिए बनाया गया गढा (पा ६००)।
उवइक—दीमक (बृटी पृ १६६९)।
उवइग—दीमक (निचू १ पृ ९६)।
उवइय—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जीव १।८८)।
उवउज्ज—उपकार (दे १।१०८)।
उवएइआ—मद्य परोसने का पात्र (दे १।११८)।
उवक—गढा, खातिका (बृटी पृ २२२)।
उवकय—सज्जित (दे १।११९)।
उवकयय—सज्जित (दे १।११९ वृ)।
उवकसिअ—१ सन्निहित, पास में पड़ा हुआ। २ परिसेवित। ३ सर्जित, सृष्ट (दे १।१३८)।
उवक्खडाम—कोरडू, जो धान्य-कण पकाने पर भी नहीं पकता—'उवक्खडामं णाम जहा चणयादीण उक्खडियाण जे ण सिज्झंति ते कंकडुया, तं उवक्खडामं भण्णति' देखें—'कंकडुय' (निचू ३ पृ ४८४)।
उवग—१ योग्य—'उवगा नाम योग्याः' (सूचू १ पृ ४५)। २ गढा (निचू ४ पृ ४८)।
उवचिक—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष (अंवि पृ २६७)।
उवचुल्ल—छोटा चूल्हा (निचू १ पृ ८२)।
उवचुल्लग—छोटा चूल्हा (निचू १ पृ ८२)।
उवजंगल—दीर्घ (दे १।११६)।
उवट्टिअ—अनाथ, अशरण—'उवट्टितो अणाहो असरणेत्यर्थः' (निचू १ पृ १२२)।
उवतिग—दीमक—'संचारोवतिगादी, संजमे आयाऽहि विच्चुगादीया' (बृभा ६३२२)।
उवत्थवण—अस्तमन (वेला) (निचू १ पृ ८७)।
उवदीव—द्वीपान्तर, अन्यद्वीप (दे १।१०६)।
उवयिय—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जीवटी प ३२)।
उवर—कक्ष, कोठरी, तलघर (निभा १७३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उवरिग—माल का निरीक्षण करने वाला अधिकारी—'सामि ! पेसेह उवरिगो जो भंडं निरूवेइ' (उसुटी प ६५) ।

उवरिल्ल—ऊपर (पंक १४१) ।

उवरिल्लअ—मजबूत वस्त्र, मोटा कपड़ा—'विरइओ उवरिल्लएण पासो, णिबद्धो य कीलए' (कु पृ ५३) ।

उवरेग—व्यापाररहित—'तत्थ वरिसमेत्तं उवरेगं गओ' (उसुटी प ७९) ।

उवलभत्ता—कंगन (दे १।१२०) ।

उवलयभग्गा—कंगन (दे १।१२०) ।

उवललय—मैथुन (दे १।११७) ।

उवलुअ—लज्जायुक्त, लज्जालु (दे १।१०७) ।

उवलेट्ठ—सन्तुष्ट—'तीसे महिलाए कप्पासमोल्लं दिन्नं, सा य उवलेट्ठा' (उशाटी प १९२) ।

उवसग्ग—मंद (दे १।११३) ।

उवसेर—रति-योग्य (दे १।१०४) ।

उवहत्थिय—समारचित, सज्जित (दे १।११९ वृ) ।

उवहा—मच्छ (निभा ४२२३ पा) ।

उवहावण—परिभव (ओटी प १३१) ।

उवाई—'पोताकी' विद्या की प्रतिपक्षी विद्या (उसुटी प ७३) ।

उवातिय—खाद्य-विशेष (निचू ३ पृ ५२१) ।

उवारस—एक प्रकार का प्रावरण—'उवारसा कंबला खरडगपारिगादि पावारगा' (निचू २ पृ ४००) ।

उवासणा—क्षौरकर्म, हजामत (बृभा २०६७) ।

उविअ—१ संस्कारित, परिकर्मित (ज्ञा १।१।२४) । २ शीघ्र (दे १।८९) ।

उव्वक्क—धौत, दूध में भिगोकर निकाला हुआ—'जह पुण ते चेव तिला उसिणोदगधोयखीरउव्वक्का' (व्यभा ३ टी प ११०) ।

उव्वट्ट—१ नीराग, रागरहित । २ गलित (दे १।१२९ वृ) ।

उव्वट्टी—नीवी, स्त्री के कटिवस्त्र की नाडी (दे १।१५१ पा) ।

उव्वण्ण—उत्कण्ठित (व्यभा ७ टी प ६) ।

उव्वत्त—१ रागरहित । गलित (दे १।१२९) ।

उव्वर—१ कक्ष, तलघर—'पुव्वखओ जो भूघरोव्वरो' (निचू १ पृ ६७) । २ धान्य रखने का कोठा (बृभा ३२९९) । ३ घाम, ऊष्मा (दे १।८७) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उव्वरअ—कोष्ठागार—'उव्वरओ त्ति वा कोट्ठगो त्ति वा एगट्ठं' विशेषचूर्णौ' (बृटी पृ ९२६) ।

उव्वरग—कोठरी—'सव्वोवगरणं उव्वरगे छुभंति, अह णत्थि उव्वरगो तो सव्वोवकरणं एगकोणे करेंति' (निचू २ पृ १७८) ।

उव्वरिअ—१ अधिक । २ अनीप्सित । ३ निश्चित । ४ ताप । ५ अगणित (दे १।१३२) । ६ अतिक्रान्त, उल्लंघित ।

उव्वविय—तीन इन्द्रिय वाला जन्तु-विशेष (जीव १।८८) ।

उव्वहण—महान् आवेश (दे १।११०) ।

उव्वा—धर्म, ताप (दे १।८७) ।

उव्वाअ—खिन्न (दे १।१०२) ।

उव्वाउल—१ गीत । २ उपवन (दे १।१३४) ।

उव्वाडुअ—१ विपरीत मैथुन । २ मर्यादा-शून्य मैथुन (दे १।१३३) ।

उव्वाढ—१ विस्तीर्ण, विशाल । २ दुःखमुक्त (दे १।१२९) ।

उव्वात—श्रान्त, थका हुआ (निचू ४ पृ २८७) ।

उव्वाय—परिश्रान्त, थका हुआ—'धावंतो उव्वाओ, मग्गन्नू किं न गच्छइ कमेणं' (बृभा ३२०) ।

उव्वाह—धर्म, ताप (दे १।८७) ।

उव्वाहिअ—उत्क्षिप्त, ऊपर उछाला हुआ (दे १।१०६) ।

उव्वाहुल—१ कामासक्ति से उत्पन्न उत्सुकता । २ द्वेष्य, द्वेष-पात्र (दे १।१३६) ।

उव्विडिम—१ अधिक प्रमाणवाला । २ मर्यादारहित, स्वच्छंद (दे १।१३४) ।

उव्विवार—भूकंप—'उव्विवारा जलोहंता तेतणीए मतोट्ठितं' (इ ४५।१४) ।

उव्विव्व—१ उद्भट वेषयुक्त (पा ५६७) । २ क्रुद्ध ।

उव्वीढ—उत्खात, खोदा हुआ (दे १।१००) ।

उव्वुण्ण—१ उद्विग्न । २ उत्सिक्त । ३ उद्भट, तीव्र । ४ शून्य (दे १।१२३) ।

उव्वेत्ताल—निरन्तर रुदन (दे १।१०१) ।

उव्वेल्लय—त्वरा—'एसो सो चेय मओ चल-चल्लुव्वेल्लयं करेऊण' (कु पृ १८६) ।

उव्वेल्लिर—१ उत्फुल्ल, चंचल (कु पृ ७८) । २ शीघ्रगामी (कु पृ २०१) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उव्वेहलिया—वनस्पति-विशेष (भ २३।४)।

उव्वेहासित—ऊंचा किया हुआ (अंवि पृ १४८)।

उसणसेण—बलभद्र (दे १।११८)।

उसणी—एक प्रकार का धान्य जिसमें से तेल निकलता है (अंवि पृ २३२)।

उसद्ध—उत्कृष्ट–'उसद्धं–उत्कृष्टं' (आचू पृ ३६२)।

उसध—पुष्प-विशेष (अंवि पृ २३२)।

उसोर—पद्मनाल, कमलनाल (दे १।९४)।

उसु—बालक का इषु के आकार का एक आभरण (पिनि ४२४)।
२ तिलक–'उसू तिलगा' (निचू ३ पृ ४०७)।

उसुअ—दूषण, भूल (दे १।८९)।

उसुक—तिलक, आभरण-विशेष (निचू ३ पृ ४०७)।

उसुकाल—उदूखल (निचू ३ पृ ३७८)।

उसुयाल—ऊखल, उदूखल (आचूला ५।३६)।

उस्स—ओस (स्था ४।६४०)।

उस्सण्ण—१ प्रायः (बृभा २०४)। २ प्रभूत (व्यभा २ टी प ९२)।

उस्सन्न—प्रायः (भ १५।१८६ वृ)।

उस्सयण—अभिमान–'पलिउंचणं च भयणं च थंडिल्लुस्सयणाणि च। (सू १।९।११)।

उस्सरण—वपन, बुआई–'निच्चुदग नदी कुडंगमुस्सरणं' (बृभा ४०३५)।

उस्सा—गाय (दे १।८६ वृ)।

उस्सिंघण—मर्दन–'उस्सिंघण-मक्खणऽब्भंगण उच्छंदण उव्वट्टण' (अंवि पृ १९३)।

उस्सुग—मध्य-भाग (आचूला १।११६ पा)।

उस्सूलग—परिखा, खाई (उ ९।१८)। देखें–'उच्छूलग'।

उस्सूलय— १ परिखा। २ शत्रु सेना का नाश करने के लिए ऊपर से आच्छादित गर्त्त-विशेष (उशाटी प ३१०)।

उस्सेल्लय—सर्षपनाल से निष्पन्न शाक–'एगेण साहुणा सासवणालुस्सेल्लयं सुसंभृतं लद्धं' (निचू ३ पृ २६४)।

उहर—१ छोटा घर, उपगृह (प्र १।१२)–'उहर त्ति उपगृहाणि आश्रय-विशेषाः' (टी प ११)। २ छोटा–'उहरगाममयंमी' (व्यभा ७ टी प ५६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

उहरक—छोटा गांव (व्यभा ७ टी प ५६)।

उहावणा—अपमान (व्यभा ६ टी प ५)।

ऊ

ऊ—१ गर्हा, निन्दा सूचक अव्यय—'ऊति णाम मरहट्टादिसु णादिदुगुंच्छिज्जति' (आचू पृ २३३)। २ प्रस्तुत वाक्य के विपरीत अर्थ की आशंका से उसे उलटना। ३ विस्मय। ४ सूचना।

ऊआ—यूका, जूं (दे१।१३९)।

ऊढिअय—१ प्रावृत, आच्छादित। २ आच्छादन, प्रावरण (पा ९३७)।

ऊणंदिअ—आनन्दित (दे १।१४१)।

ऊणिमा—पूर्णिमा—'तओ तीए चेव ऊणिमाए भरिऊण भंडस्स पत्थिओ' (उसुटी प ६४)।

ऊणिस—तकिया 'सामायंति मुहाइं ऊणिसगहियाण व थणाण' (कु पृ १७)।

ऊमुत्तिअ—दोनों पार्श्वों में आघात करना (दे १।१४२)।

ऊयरिणिया—जंतु-विशेष—'पत्तगबंधे ऊयरिणिया लग्गा' (निचू १ पृ ९८)।

ऊर—१ ग्राम। २ संघ (दे १।१४३)।

ऊरणिया—जन्तु-विशेष (निभा २८१)।

ऊरणी—मेष, भेड़ (दे १।१४०)।

ऊरणीया—जंतु-विशेष। (निचू १ पृ ९८)

ऊल—गतिभंग, उतावल (दे १।१३९)।

ऊसढ—श्रेष्ठ, वर्ण आदि गुणों से युक्त, ताजा—'ऊसढं ऊसढे ति वा, रसियं रसिए ति वा' (आचूला १।५७)।

ऊसण—कामासक्ति से उत्पन्न उत्सुकता (दे १।१३९)।

ऊसत्थ—१ जम्भाई। २ आकुल (दे१।१४३)।

ऊसय—उपधान, तकिया (दे१।१४०)।

ऊसल—पीन, पुष्ट (दे १।१४०)।

ऊसलिअ—१ रोमांचित, पुलकित (दे १।१४१)। २ उल्लसित (वृ)।

ऊसविअ—१ उद्भ्रांत। २ ऊंचा किया हुआ (दे १।१४३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ऊसाइअ—१ विक्षिप्त (दे १।१४१)। २ उत्क्षिप्त—'ऊसाइअं उत्क्षिप्तमिति धनपालः' (वृ)।

ऊसायंत—खेद होने पर शिथिल (दे १।१४१)।

ऊसार—विशेष प्रकार का गढा (दे १।१४०)।

ऊसिक्किअ—प्रदीप्त (पा १६)।

ऊसिग—मध्यभाग (आचूला १।११६ पा)।

ऊसुंभिअ—१ अवरुद्ध गले से रोना, धीरे रोना (दे १।१४२)। २ उल्लसित (वृ)।

ऊसुक्किअ—विमुक्त (दे १।१४२)।

ऊसुय—मध्य-भाग (आचूला १।११६)।

ऊसुर—ताम्बूल, पान (प्रा २।१७४)।

ऊसुरुसुंभिअ—अवरुद्ध गले से रोना, धीरे रोना (दे १।१४२)।

ऊहट्ठ—उपहसित (दे १।१४०)।

ए

एआवंती—इतने—'एआवन्ती सव्वावन्ती ति एतौ द्वौ शब्दौ मगधदेशीभाषाप्रसिद्धया एतावन्तः सर्वेऽपीत्येतत्पर्यायौ' (आटी प २६)।

एकल्ल—अकेला (ज्ञा १।१।१५७)।

एकहेला—एक साथ (प्रटी प ४६)।

एकाणंसा—देवी-विशेष (अंवि पृ २२३)।

एकुडिया—तीतर आदि का मांस पकाने की प्रक्रिया—'आतंकाभिभूता रसगाविहेउं वगतित्तिरादीहि य एकुडियाओ पकरेंति' (आचू पृ १६)।

एक्क—स्नेहिल (दे १।१४४)।

एक्कंग—चन्दन (दे १।१४४)।

एक्कक्कम—परस्पर (से ५।५६)।

एक्कघरिल्ल—देवर, पति का छोटा भाई (दे १।१४६)।

एक्कणड—कथिक, कथा कहने वाला (दे १।१४५)।

एक्कमुह—१ धर्म रहित। २ दरिद्र। ३ प्रिय, इष्ट (दे १।१४८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

किराडय—व्यापारी—'जाहि किराडयं उच्छिण्णं मग्गाहि' (आवहाटी २ पृ २२१)।

किरि—ज्येष्ठ, बड़ा—'सिरिओ वि किरि भायनेहेण कोसाए गणियाए घरमल्लियइ' (उसुटी प ३०)।

किरिइरिआ—१ कर्णोपकर्णिका, एक कान से दूसरे कान गई हुई बात। २ कुतूहल (दे २।६१)।

किरिकिरिया—बांस आदि की कम्बा से निष्पन्न वाद्य-विशेष (आचूला ११।३)।

किरीडय—रेशम का कीड़ा—'किरीडयलाला मलयविसए मयलाणि पत्ताणि कोविज्जति' (निचू २ पृ ३९९)।

किलणी—रथ्या, गली (दे २।३१)।

किलिंच—बांस की खपची (द ४।सू १८; दे २।११)।

किलिम्मिअ—कथित, उक्त (दे २।३२)।

किविड—१ खलिहान, अन्न साफ करने का स्थान। २ खलिहान में जो हुआ हो वह (दे २।६०)।

किविडी—१ पार्श्वद्वार। २ घर का पिछला आंगन (दे २।६०)।

किविल्लिका—कीट-विशेष (अंवि पृ २५३)।

किविल्लिग—क्षुद्र जन्तु (अंवि पृ २२९)।

किसोर—घोड़ी का गर्भस्थ बच्चा (निचू ३ पृ ४११)।

कीडी—चींटी—'जस्स कीडीओ खायंति उत्तमंगं' (आवदी प १६८)।

कीर—शुक, तोता (दे २।२१)।

कील—१ कंठ—'कीलेहिं विज्झंति असाहुकम्मा'—कीलेषु—कण्ठेषु (सूटी १ प १२९)। २ स्तोक, अल्प (दे २।२१)।

कीलणिआ—रथ्या, गली (दे २।३१)।

कीलणी—रथ्या (दे २।३१ वृ)।

कीला—नववधू, दुलहिन (दे २।३३)।

कुइग—दही के ऊपर का तिरता हुआ पानी—'कूचिका नाम दध्न उपरि

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

द्रवस्वरूपो माधुशब्दतया ख्यातो वस्तुविशेषः, स च किल जीरकादिभिः संस्कृतोऽतीव स्वादुर्भवति' (आवटि प २४)।

कुउआ—तुम्बी-पात्र (दे २।१२)—'भिक्खु ! को तुह कुउअं पूरिस्सइ पिण्डवाएण' (वृ)।

कुऊल—१ नीवी, अधोवस्त्र को बांधने का नाड़ा (दे २।३८)। २ पहने हुए कपड़े का प्रांत भाग, अञ्चल—'कुऊलं परिहितवस्त्रप्रान्त इति केचित्' (वृ)।

कुंकुण—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (उ ३६।१४६)।

कुंचल—मुकुल, कलिका (दे २।३६)।

कुंचवीरग—जलयान-विशेष—'कुंचवीरगो सगडपक्खसारिच्छं जलयाणं कज्जति' (निचू ४ पृ ५०)।

कुंटल—जादू-टोना (दजिचू पृ २८२)।

कुंटलविंटल—१ मन्त्र-तन्त्र का प्रयोग (व्यभा ४।३ टी प ४९)। २ मंत्र-तंत्र से आजीविका चलाने वाला।

कुंटार—म्लान (दे २।८०)।

कुंटि—१ गठरी। २ वस्त्र में बंधा हुआ (दे २।३४)। ३ वस्त्रविशेष।

कुंटुल्लिग—बच्चों का खिलौना (सूचू १ पृ ११७ टि)।

कुंड—१ गोत्र-विशेष (अंवि पृ १४९)। २ बांस से बना हुआ ईख पेरने का जीर्ण काण्ड (दे २।३३)।

कुंडग—तुष मिश्रित चावलों की भूसी—'तुसमुहीकणिया कुक्कसमीसा कुंडग भण्णति' (निचू २ पृ २३७)। २ कुंडा (अंवि पृ ६५)।

कुंडरोट्ट—निस्तुषधान्य—'कुंडरोट्टो पुण णितुसा' (निचू २ पृ २३७)।

कुंडिअ—ग्राम का अधिपति, गांव का मुखिया (दे २।३७)।

कुंडिअपेसण—ब्राह्मणविष्टि, ब्राह्मण को जबरदस्ती से दी जाने वाली सेवा (दे २।४३)।

कुंडिल्लगा—बच्चों का खिलौना—'कुंडिल्लगा चेडरूव-रमणिका' (सूचू १ पृ ११८)।

कुंडुक्क—वनस्पति-विशेष (आटी प ५७)।

कुंडुल्लिग—बच्चों का खिलौना (सूचू १ पृ ११८ टि)।

कुंढ—१ आलसी (उशाटी प १०८)। २ मूर्ख (उसुटी प ३२)।

कुंढय—१ चुल्ली, चुल्हा। २ छोटा बरतन (दे २।६३)।

कुंत—१ ठेका, इजारा—'कुन्तकम्—एतावद् द्रव्यं त्वया देयमित्येवं नियंत्रणया

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

नियोगिकस्य देशादेर्यत् समर्पणमिति' (विपा १।१।४९ टी प ३९)। २ शुक तोता (दे २।२१)।

कुंतक—ठेका, इजारा (विपाटी प ३९) देखें—'कुंत'।

कुंतल—सातवाहन, नृप-विशेष (दे २।३६)।

कुंतली—करोटिका, परोसने का एक उपकरण (दे २।३८)।

कुंती—मंजरी, मांजर (दे २।३४)।

कुंतीपोट्टलय—चतुष्कोण (दे २।४३)।

कुंदअ—कृश, दुर्बल (दे २।३७)।

कुंदीर—बिम्बीफल, कुन्दरुन का फल (दे २।३९)।

कुंदुरुक्क—मुर्गे की ध्वनि—'सो गंतुकामो रयणिपज्जवसाणे भणइ कुंदुरुक्क-पडिबोहियल्लओ' (आवमटी प ५१२)।

कुंदुल्लुय—उल्लू (पा ३९३)।

कुंधर—छोटी मछली (दे २।३२)।

कुंपल—कोंपल (पा ८८)।

कुंबर—छोटी मछली (पा ३०१)।

कुंभ—ललाट—'सिगं पुण कुंभपासेहि, कुंभशब्देन ललाटमेव भण्यते' (प्रसाटी प ३८)।

कुंभकंडक—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ २३२)।

कुंभकारिआ—क्षुद्र जंतु-विशेष (अंवि पृ २३८)।

कुंभिणी—जल का गर्त्त (दे २।३८)।

कुंभिया—लोहमय या ताम्रमय पात्र (सूचू २ पृ ३७३)।

कुंभिल—१ चोर। २ पिशुन (दे २।६२)।

कुंभिल्ल—खोदने योग्य (दे २।३९)।

कुंभी—केश-रचना, केश-संयम (दे २।३४)।

कुंभेल्ल—खाद्य-विशेष—'कुंभेल्लसालिमाति पिहुखज्जा' (दअचू पृ १७३)।

कुकह—थूभ, ककुद (आवचू १ पृ ३७२)।

कुकुंदल—शरीर का अवयव-विशेष (अंवि पृ १२३)।

कुकुड—मत्त, उन्मत्त (सूचू २ पृ ३१८)।

कुकुला—नववधू (दे २।३३)।

कुक्कयय—तुम्बवीणा (सू १।४।३८)।

कुक्कस—धान्य आदि का तुष (निचू २ पृ २३७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुक्कुड—१ उन्मत्त, मत्त (बृभा २०१६; दे २।३७)। २ शरीर का अवयव-विशेष (अंवि पृ ११४)।

कुक्कुडिगा—ककड़ी (अंवि पृ ७१)।

कुक्कुरुड—निकर, समूह (दे २।१३)।

कुक्कुस—धान्य आदि का तुष (आचूला १।७९; दे २।३६)।

कुक्कुह—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (प्रज्ञा १।५१)।

कुक्कुहग—ताम्रवीणा—'कुक्कुहगो णाम तंबवीणा' (सूचू १ पृ ११६)।

कुक्कुहाइय—चलते समय के अश्व का शब्द-विशेष—'सीहे कुडुंबयारस्स पोट्टलं, कुक्कुहाइयं अस्से। जाणंति बुद्धिमंता, महिलाहिययं न जाणंति ॥' (तंदु १६४)।

कुक्खलिका—उपकरण-विशेष (अंवि पृ १९१)।

कुक्खि—कुक्षि, पेट (दे २।३४)।

कुच्चविच्च—गृहस्थों की क्रियाएं—'ण य ताण कुच्चविच्चाणि निज्झातियव्वाणि' (आवचू १ पृ ३५४)।

कुच्चोलि—संवत्सर (?) (अंवि पृ २३६)।

कुच्छर—दक्ष (दे २।१३ पा)।

कुच्छिमइ—गर्भवती (दे २।४१)।

कुच्छिल्ल—१ बाड़ का छिद्र (दे २।२४)। २ छिद्र, विवर (पा १०५)।

कुट्टयरी—चण्डी, पार्वती (दे २।३५)।

कुट्टविंद—मिट्टी के साथ कूटी हुई वट, पीपल, आदि वृक्षों की छाल—'वड-पिप्पल-आसत्थयमादियाण वक्को मट्टियाए सह कुट्टिज्जंति सो कुट्टविंदो भण्णति' (निचू ४ पृ २०९)।

कुट्टा—१ इमली—'कुट्टा चिञ्चनिका' (बृभा १७०६ टी)। २ गौरी, पार्वती (दे २।३५)।

कुट्टाअ—चर्मकार, मोची (दे २।३७)।

कुट्टि—नकल—'कुट्टिं वा करोतीत्यर्थः' (निचू ३ पृ ३९)।

कुट्टिब—द्रोणी, नौका (पा ३२६)।

कुट्टिद—नकल करने वाला, नकलची (निचू २ पृ १२१)।

कुट्टिया—नकल (निचू २ पृ १७२)।

कुठारी—कुठार (अंवि पृ ७२)।

कुठारीक—भाजन-विशेष (अंवि पृ ७२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुडंग—१ बांस का झुरमुट (ज्ञा १।१८।२१)। २ लतागृह, निकुञ्ज (बृभा ६१४९; दे २।३७)।

कुडंगअ – लतागृह (पा ७२१)।

कुडंगी—१ वन, जंगल-अइगुविलगव्वरा वंसकुडंगी सिग्घं लंघियव्वा' (आवहाटी १ पृ २५६)। २ बांस की जाली (प्राक १ टी पृ २१)।

कुडंड—बांस की डोरी, खपाची–'अपवरकस्य द्वारं बहिः 'कुडण्डेन' वंशटोक्करादिना बध्यते येन न निर्गंत्यापगच्छति' (बृटी पृ १६४१)।

कुडंडिता—ताला लगाना, कूंटा लगाना–'घरे छोढूण बाहिरि कुडंडिता' (आवचू १ पृ ३१९)।

कुडक्ख—कुडक्क (कुर्ग) देश का निवासी (कु पृ ४०)।

कुडग—कुक्कसमिश्रित तुषमुखी कणिका (निचू २ पृ २३७)।

कुडपूरि—मादा पक्षी-विशेष (अंवि पृ ६९)।

कुडभी—छोटी पताका (उशाटी प ३०३)।

कुडय—१ लतागृह, लता से आच्छादित घर (अनुद्वा ३५२; दे २।३७)। २ कुरैया का वृक्ष (औप ९)।

कुडा—१ बांस का एक प्रकार, पर्व वनस्पति। २ वृक्ष-विशेष (भ २१।१७)।

कुडिअ – कुब्ज, वामन (पा ४११)।

कुडिआ—बाड़ का विवर (दे २।२४)।

कुडिच्छ—१ बाड़ का विवर। २ कुटी, झोंपडी। ३ त्रुटित, छिन्न (दे २।६४)।

कुडिय—चुराई हुई वस्तु की खोज करने वाला (उशाटी प १०९)।

कुडियंठ—पाल–'ततो कुविएण कुडियंठो मत्थए दाऊण अंगाराणं से भरिता' (आवहाटी १ पृ १८२)।

कुडियंडी—शिरोवेष्टन–'कुडियंडी सीसकरणं वा' (आचू पृ ३५८)।

कुडिल्ल—छिद्र (पा १०५)।

कुडिल्लय—कुटिल (दे २।४०)।

कुडोर—बाड़ का छिद्र (दे २।२४)।

कुडुंब—महावत (पिटी प ७२)।

कुडुंबक—१ वनस्पति-विशेष, धनिया। २ कन्द-विशेष। (अंवि पृ २४३)।

कुडुंबिय—ताला लगाना, कूंटा लगाना (आवहाटी १ पृ १५०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुडुंभग—जलमंडूक की भांति फुदकना अथवा जल में मंडूक की भांति आवाज करना—'कुडुंभगो जलमंडुओ भण्णति·····सुंदरं कुडुंभगं करेसि त्ति मं पि सिक्खावेहि' (निचू १ पृ ७०)।

कुडुक—कुरुदेश का वासी (व्यभा ४।४ टी प ५२)।

कुडुकालक—मत्स्य की एक जाति (अंवि पृ २२८)

कुडक्क—१ कुरु देश का वासी (व्यभा ४।४ टी प ५२)। २ लतागृह (व्यभा १० टी प १५)। ३ निर्दय, निष्ठुर (निचू २ पृ २६६; दे २।९३)। ४ देश-विशेष (व्यभा ४।४ टी प ५२)।

कुडुच्चिअ—संभोग, मैथुन (दे २।४१)।

कुडुह—उभरा हुआ भाग (नंदीचू पृ ६४)।

कुड्ड—१ दीवार (भ ८।२५७)। २ पात्र-विशेष (निचू ३ पृ ३८९)। ३ कुतूहल, आश्चर्य (आवमटी प ५३०; दे २।३३)।

कुड्डगिलोई—छिपकली (दे २।१९)।

कुड्डुलेवणी—चूना, खड़ी, खटिका (दे २।४२)।

कुढ—१ चुराई हुई या छीनी हुई वस्तु की खोज करने वाला (दअचू पृ ५१; दे २।६२)। २ चुराई हुई चीज को छुड़ानेवाला (दे २।६२)।

कुढारक—घटाकार पात्र (अंवि पृ ६५)।

कुढावय—अनुगमन—'तुरयस्स कुढावयम्मि पडिलग्गो' (विभामहेटी पृ ५३४)।

कुढिय—१ चुराई वस्तु को खोजने वाला (पंक ५७४)। २ चुराई वस्तु को खोजकर लानेवाला (निचू १ पृ १२२)। ३ ग्रामप्रधान। ४ आरक्षक (आवहाटी १ पृ १८१)।

कुढेरग—कन्द-विशेष (पंक ७३३)।

कुण—हास्यास्पद शब्द—'वेयणचेट्ठाहिं एवं कुणं·····वा करोतीत्यर्थः' (निचू ३ पृ ३९)।

कुणक्कय—कुहन वनस्पति का एक प्रकार (प्रज्ञा १।४७)।

कुणिआ—बाड़ का छिद्र (दे २।२४)।

कुणिक—सेवक-विशेष—'कुणिकाश्च सेवकविशेषाः' (प्रटी प १५)।

कुणिणह—अक्षिरोग-विशेष (अंवि पृ २०३)।

कुणिम—१ मांस (सू १।४।८)। २ रुधिर, मांस, वसा आदि से संकीर्ण अपवित्र स्थान (सू १।५।२७)। ३ शव (प्र ३।९)। ४ शव का

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रुधिर, वसा आदि—'तं च से कुणिमं गलति उवरिं' (आवहाटी २ पृ ४८)।

कुणिय—हास्यास्पद शब्द—'कुणियं वा भणंतो हसिज्जसि' (निचू ३ पृ ३९)।

कुतकिट्ट—रोम-विशेष—'कुतकिट्टा वि रोमविसेसा चेव देसंतरे, इह अप्पसिद्धा' (निचू ३ पृ ५७)।

कुतत्ती—मनोरथ, वांछा (दे २।३६)।

कुतलग—छोटे-छोटे टुकड़े (दअचू पृ ११५)।

कुतव—चूहे के रोमों से बना वस्त्र—'कुतवं उंदररोमेसु' (अनुद्वाहाटी पृ २२)।

कुतिपि—बिल में रहने वाला क्षुद्र-कीट (अंवि पृ २२९)।

कुत्त—ठेका, इजारा (विपा १।१।४९ पा) देखें—कुंत।

कुत्तिका—मधुनिष्पन्न करने वाली मक्षिका-विशेष (प्रसाटी प ५३)।

कुत्तिय—चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष (आवचू २ पृ ३१९)।

कुत्तुंबक—वाद्य-विशेष (जीव ३।७८)।

कुत्थर—१ विज्ञान, प्रज्ञा, कलाकौशल (दे २।१३)। २ वृक्ष-कोटर। ३ सर्प आदि का बिल।

कुत्थुंबरी—बहुबीजक वनस्पति-विशेष (भ ८।२२०)।

कुत्थुहवत्थ—१ नीवी, अधोवस्त्र को बांधने का नाड़ा (दे २।३८)।

कुत्थूंभरिय—वनस्पति-विशेष, धनिया (भ २२।३)।

कुदुक्का—नालिका से खेला जाने वाला द्यूत—'नालिकाक्रीडा कुदुक्का-क्रीडत्ति' (सूचू १ पृ १७९)।

कुदुव्वर—वाद्य-विशेष (आवचू १ पृ ३०९)।

कुद्द—प्रभूत, प्रचुर (दे २।३४)।

कुद्दण—रासक, एक प्रकार का नृत्य (दे २।३८)।

कुधवा—वल्ली-विशेष (प्रज्ञा १।४०)।

कुधुलूक—पक्षी-विशेष, उलूक की एक जाति (अंवि पृ ६२)।

कुप्पढ—१ गृहाचार, घर का रिवाज (दे २।३६)। २ समुदाचार—'कुप्पढो गृहाचारः समुदाचार इत्यन्ये' (वृ)।

कुप्पर—१ तीक्ष्ण, तीखा (पिनि ४१८)। २ कीलाघात, रति-क्रीडा के समय छाती पर एक विशेष प्रकार का आघात करना। ३ समुदाचार, आचार-व्यवहार का सम्यक् पालन। ४ क्रीडा, उपहास (दे २।६४)।

कुप्पल—जलयंत्र का एक भाग (अंवि पृ २५५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुप्पासया—केंचुली (कु पृ १७०)।
कुप्पिस—कञ्चुक, कांचली (दे २।४० वृ)।
कुब्ब—धंसा हुआ, क्षीण—'कुब्बं ति निम्नं क्षाममित्यर्थः' (उपाटी पृ ९७)।
कुभिधि—पुष्प-विशेष (अंवि पृ ७०)।
कुमार—आश्विन मास, कुंआर का महीना (स्था २।१)।
कुमारी—गौरी, पार्वती (दे २।३५)।
कुमारील—केशमय बहुपदी जन्तु-विशेष (अंवि पृ २२८)।
कुमुली—चुल्ली, चुल्हा (दे २।३९)।
कुम्मण—म्लान, शुष्क (दे २।४०)।
कुम्मरिय—कसाई (ओभा ९०)।
कुयवा—वल्ली-विशेष (प्रज्ञा १।४०)।
कुरबक—कर्णाभूषण, कुंडल (अंवि पृ ६४)।
कुरर—मार्जार नाम का पक्षि-विशेष (उशाटी प ५२१)।
कुररी—पशु (दे २।४०)।
कुराइ—सीमान्तवर्ती राजा—'पच्चंत णिवो कुराया' (निचू २ पृ ४६८)।
कुरिण—बड़ा जंगल—'कुरिणमिव पोयाला जे मुक्का पव्वई मेत्ता' (ओनि ४४९)।
कुरिल—कुरल पक्षी (अंवि पृ २३७)।
कुरुंडित—जासूस, चर (व्यभा १० टी प ७)।
कुरुंडिय—जासूस, चर—'कुरुंडितो नाम उवचरओ' (व्यभा १० टी प ८)।
कुरुकया—पाद-प्रक्षालन (व्यभा ६ टी प २९)।
कुरुकुया—पाद-प्रक्षालन, शौचक्रिया (ओनि ३१८)।
कुरुकुरिअ—कामासक्ति से उत्पन्न उत्कंठा, औत्सुक्य (दे २।४२)।
कुरुग—माया (आवहाटी २ पृ १९)।
कुरुचिल्ल—१ ग्रहण, उपादान। २ कुलीर, केकड़ा (दे २।४१)।
कुरुच्च—अनिष्ट, अप्रिय (दे २।३९)।
कुरुड—१ निपुण। २ निर्दय (दे २।६३)।
कुरुडूक—पुष्प-विशेष (अंवि पृ ७०)।
कुरुण—१ राजकीय अथवा अन्य खेत जिसमें बीज बो दिए गए हों (व्यभा ४।१ टी प ८)। २ राजा का या दूसरे का धन।
कुरुमाण—म्लान (दे २।४०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुरुमुयाग—घर का एक उपकरण–'उंमरो कुरुमुयागं उक्खलं मुसलं वा' (आचू पृ ३६४)।

कुरुय—मायावी–'णिंदा वा सा पसंसा वा पप्पाति कुरुए जगे' (इ ४।२०)।

कुरुल—१ निर्दय। २ निपुण। ३ कुटिलकेश, घुंघराले बाल (दे २।६३)।

कुरुविंद—तृण-विशेष (प्र ४।७)।

कुरुविल्ल—केकड़ा (पा ३०५)।

कुलत्थ—कुलथी, धान्य-विशेष (जंबू २।३७)।

कुलफंसण—कुलकलंक (दे २।४२)।

कुलसंतइ—चुल्हा, चुल्ली (दे २।३९)।

कुलिंगवच्छा—चींटी के सदृश जीव-विशेष (भटी पृ १३८९)।

कुलिच्चग—क्रूर (दश्रुचू प २४)।

कुलित—घास काटने के लिए दो हाथ प्रमाण का छोटा काठ जिसके अंत में लोहे की दंती लगी रहती है–'कुलितं णाम सुरट्ठाविसते दुहत्थप्पमाणं कट्ठं, तस्स अंते अयकीलगा, तेसु एगायओ एगाहारो य लोहपट्टो अडिज्जति, सो जावतियं दोब्बादि तणं तं सव्वं छिंदंतो गच्छति (निचू १ पृ ३१)।

कुलिय—खेत में घास काटने का छोटा काष्ठ (निभा ६०)। देखें कुलित।

कुलीयंधक—आभूषण-विशेष (अंवि पृ १८३)।

कुल्ल—१ नितंब (उसुटी प १३०)। २ ग्रीवा, गला। ३ असमर्थ। ४ छिन्नपुच्छ, जिसकी पूंछ कट गई हो वह (दे २।६१)।

कुल्लग—कुल्हा, पुतभाग (निचू ३ पृ ३२३)।

कुल्लड—१ चुल्ली। २ छोटा पात्र (दे २।६३)।

कुल्लडय—कुलडी, छोटा बरतन (पा ७३९)।

कुल्लडिका—मिट्टी का खिलौना (सूटी १ प ११८)।

कुल्लरिअ—हलवाई, मिठाई बनाने वाला (दे २।४१)।

कुल्लरिका—एक प्रकार की मिठाई (प्रसाटी प ५१)।

कुल्लुरी—खाद्य-विशेष (प्रसाटी प ५६) कुलेर (गुज)।

कुल्लूरिक—हलवाई (आवहाटी १ पृ १८३)।

कुल्ह—शृगाल (दे २।३४)।

कुवण—यष्टि, लाठी–'कुवण त्ति लउडगो' (निचू ३ पृ ५०१)।

कुवणय—यष्टि, लाठी (बृभा ९१५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कुविक—हीन अवयव वाला (अंवि पृ १५३)।

कुव्वरग—खप्पर (आवचू २ पृ २४७)।

कुसण—१ गोरस। २ पानक, मूंग की दाल आदि का पानी—'कुसणं गोरसं पाणगं वा' (आचू पृ २५०)। ३ तीमन, कढी आदि व्यञ्जन (पिनि २०२; दे २।३५)। ४ गोरस से बना हुआ करंबा आदि खाद्य (पिनि २८२)।

कुसत्त—आस्तरण-विशेष (ज्ञा १।१।१८)।

कुसी—कृमि की एक जाति (अंवि पृ ७०)।

कुसुंभिल—पिशुन, चुगलखोर (दे २।४०)।

कुसुकुंडो—मधुर सुरा-विशेष (अंवि पृ २२१)।

कुसुण—दही आदि (पिनि ६०७)।

कुसुणित—गोरस से बना हुआ करंबा आदि खाद्य—'कुसुणितमपि करंबादि-रूपतया कृतमपि' (पिंटी प ९१)।

कुसुमण्ण—कुंकुम (दे २।४१)।

कुसुमाल—चोर (दे २।१०)।

कुसुमालिअ—अन्यमनस्क (दे २।४२)।

कुहंडिय—ताला लगाना, ढकना—'सा घरे छोढूणं बाहिरि कुहंडिया' (आवहाटी १ पृ १५०)

कुहड—कुब्ज, कूबड़ा (पंव ८३२; दे २।३६)।

कुहणय—कुहन वनस्पति का एक प्रकार (प्रज्ञा १।४७)।

कुहव्वय—कन्द-विशेष (उ ३६।९७)।

कुहाड—कुल्हाड़ी, फरसा (निचू २ पृ ५)।

कुहावणा—बहुरूपिये की वृत्ति से अर्थार्जन करना—'वट्टादि इंदजालं, खेड्डा उ कुहावणा एसा' (जीभा १७२१)।

कुहिअ—लिप्त, पोता हुआ (दे २।३५)।

कुहिणी—१ कोहनी, कूर्पर। २ रथ्या, गली (दे २।६२)।

कुहिय—वायु-विशेष, दौड़ते हुए अश्व के उदर-प्रदेश के पास उत्पन्न होने वाला एक प्रकार का वायु—'घणगज्जिय-हयकुहियं विज्जूदुग्गेज्झ गूढहियआओ' (ग ९५)।

कुहुण—वनस्पति-विशेष (भ २३।४)।

कुहेड—१ चमत्कार, मंत्र-तंत्र के द्वारा झूठा चमत्कार (उसुटी प २७१)। २ गुरेटक, एक प्रकार का हर्रे का गाछ (दे २।३५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कूहेडग—१ अदरक (प्रसा २१०)। २ अजवायन।

कूइय—दुग्ध-वराटिका, खोआ, मावा (आवटि प १३)।

कूचित—छेना, भोज्य पदार्थ-विशेष (अंवि पृ २२०)।

कूचिया—छेना (नंदीटि पृ १८२)।

कूड—जाल, फंदा (बृभा २३९०; दे २।४३)।

कूडाहच्च—कुचल कर मारना (भ ७।२०२)।

कूणिअ—ईषद् विकसित (दे २।४४)।

कूभंड—बड़ा फल, कुम्हड़ा (अंवि पृ २३१)।

कूभंडग—कुम्हड़ा, कुष्मांडक (अंवि पृ २३९)।

कूभंडी—वल्ली-विशेष (अंवि पृ ७०)।

कूय—जहाज का मध्य-स्तंभ जहां पाल बांधा जाता है (निचू १ पृ ७४)। २ कुतुप, तैल-भाजन (ज्ञाटी प ६३)।

कूर—थोड़ा (प्रा २।१२९)।

कूरउंडिया—खाद्य-विशेष (आवचू २ पृ ९९)।

कूरओडिया—खाद्य-विशेष (आवहाटी २ पृ ८८)।

कूरखोट्ट—ओदन का भोजन (ओटी पृ ३७९)।

कूल—१ तिनका—'इतरोवि य तं नेड्डं घेत्तूणं पादवस्स सिहराओ। कूलं एक्केक्कं अंछिऊण तो उज्झती कुवितो॥ (आवचू १ पृ ३४५)। २ सेना का पिछला भाग (दे २।४३)।

कूव—१ चुराई हुई चीज को लाने वाला (ज्ञा १।१६।२०९)। २ चुराई हुई वस्तु की खोज में जाना (दे २।६२)।

कूवग्गाह—तैलपात्र को धारण करने वाला (भ ९।२०४)।

कूवल—जघन-वस्त्र, अधोवस्त्र (दे २।४३)।

कूविय—१ चोर की खोज करने वाला—'सुबहुस्स वि कूवियबलस्स आगयस्स दुप्पहंसा यावि होत्था' (ज्ञा १।१८।१८)। २ चुराई हुई वस्तु को खोजकर लाने वाला (पिनि ११९)।

कूवियत्त—मुक्तता (दिलाना)—'जो कुणति कूवियत्तं, सो वण्णं कुणति तित्थस्स' (निभा ३५१)।

'कूविय'बल—१ भोष-व्यावर्तक सेना। २ चोरों की खोज करने वाली सेना (ज्ञा १।१८।१८)।

कूसार—गर्त्त, खड्डा (दे २।४४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

केआरबाण—पलाश वृक्ष (दे २।४५)।

केउ—कन्द, कांदा (दे २।४४)।

केकर—ऐंचाताना, आंख का रोग, जिसमें आंख की पुतली ताकते समय दूसरी तरफ खिंची रहे (दअचू पृ १६७)।

केचइ—वलय-वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।४३)।

केतरात—मुद्रा-विशेष, एक प्रकार का सिक्का (निचू ३ पृ १११)।

केदकंदली—कन्द-विशेष (उ ३६।९७)।

केद्दह—कितना—'केद्दह त्ति किंप्रमाणानि' (बृभा ७९८ टी)।

केयण—१ माया। २ टेढ़ी वस्तु चंगेरी आदि—'छज्जिया-लेवणगंडो केयणं ति भण्णति' (निचू ३ पृ १४९)।

केयर—टेढ़े अंग वाला (कु पृ १३०)।

केयवसक—फल-विशेष (अंवि पृ २३८)।

केया—रज्जु, रस्सी (भ १३।१४९; दे २।४४)।

केयाघडिया—रज्जु के प्रान्त से बंधी हुई घटिका (भ १३।१।१ टी पृ ११५२)।

केर—संबंधित वस्तु (प्रा ४।३५९)।

केला—भांड-विशेष (अंवि पृ ३०)।

केली—कुलटा, व्यभिचारिणी स्त्री (दे २।४४)।

केवग—कितना (निचू ३ पृ १०४)।

केवडिय—१ पूर्वदेश में प्रचलित 'केतर' नाम का सिक्का (बृभा १९६९)। २ कितना (पंक १८०१)।

केसुक—पलास (अंवि पृ २३९)।

कोआसित—विकसित (जंबूटी प ११३)।

कोइलच्छद—तैलकण्टक, वनस्पति-विशेष—'जो एत्थ कोइलच्छदो सो तिलकंटओ भण्णइ' (प्रज्ञाटी प ३६२)।

कोइला—कोयला (दे २।४९)।

कोउआ—कंडे की अग्नि, करीषाग्नि (दे २।४८)।

कोऊहल्लिल—कुतूहल करने वाला (ओटी पृ २१६)।

कोंटक—तुष—'तुस त्ति कोंटको व त्ति कक्कुसो तप्पणो त्ति वा' (अंवि पृ १०६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोंटल—१ शकुन आदि की सूचना (ओभा २२१)। २ जादू-टोना (दश्रुचू प ७६)।

कोंटलय—१ ज्योतिष संबंधी सूचना। २ शकुन आदि निमित्त-संबंधी सूचना—'पउंजणे कोंटलयस्स य' (ओभा २२१)।

कोंटलवेंटल—जादू-टोना—'कोंटलवेंटलेण कार्मणवशीकरणादिना' (आवहाटी १ पृ १२९)।

कोंटि—शस्त्र-विशेष—कोंटि आभामिऊणं पहाविओ' (कु पृ ४७)।

कोंड—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १४९)।

कोंडइल—पक्षि-विशेष (निचू ३ पृ २६०)।

कोंडलिआ—१ कुत्ते को बींधने वाला जंतु-विशेष, साही (दे २।५०)। २ कीट (वृ)।

कोंडल्लु—उल्लू (दे २।४९)।

कोंडिअ—ग्रामनिवासी लोगों के संगठन को छिन्न-भिन्न कर छल-कपट से गांव की उपज का उपभोग करने वाला ग्राम-भोक्ता (दे २।४८)।

कोंदुल्लु—उल्लू (दे २।४९)।

कोंतिय—१ तृण-विशेष (भ २१।१९)। २ शहद का एक प्रकार (निचू २ पृ २३८)।

कोक—वृक-विशेष (प्रटी प ९)।

कोकंतिका—लोमड़ी (प्रटी प ९)।

कोकंतिय—लोमड़ी—'शृगालाकृतिर्लोमटकः' (आटी प ३३८)।

कोकंतिया—लोमड़ी (प्रज्ञा १।६६)।

कोकासित—विकसित (जीव ३।५९६)।

कोकासिय—विकसित (प्र ४।७)।

कोकि—मादा पक्षि-विशेष (अंवि पृ ६९)।

कोक्कास—इस नाम का एक व्यक्ति जिसने यंत्रमय कापोत बनाकर शालि उत्पन्न की थी (व्यभा ५ टी प २०)।

कोक्कासिअ—विकसित (दे २।५०)।

कोच्चप्प—झूठा हित (दे २।४६)।

कोच्चित—शैक्ष, नया शिष्य—'कोच्चितो नाम शैक्षकः' (व्यभा ६ टी प १४)।

कोच्छ—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १४९)।

कोच्छर—दक्ष (दे २।१३ पा)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोज्जक—कमल की एक जाति—'इंदीवरं कोज्जकं ति पाडलं कंदलं ति वा' (अंवि पृ ६३)।

कोज्जन—पक्षि-विशेष (भटी पृ ११५३)।

कोज्जप्प—स्त्री-रहस्य, स्त्री-चरित्र (दे २।४६)।

कोज्झरिअ—आपूरित, भरा हुआ (दे २।५०)।

कोटिंब—उडुप, नाव (निचू ३ पृ ३६४)।

कोटुंभ—हाथ से आहत जल (पा ३२७)।

कोट्ट—१ नगर (सूचू १ पृ १३८; दे २।४५) २ किला, दुर्ग (प्रटी प १७)। ३ आक्रमण—'परबलकोट्टं च वट्टति' (निचू १ पृ ८)। ४ फल पकाने का स्थान—'फलाणि व जत्थ पच्चंति तं कोट्टं' (निचू ३ पृ २१४)। ५ क्रीडा। ६ दुर्गा (प्रटी प १७)।

कोट्टंब—गौड देश में बना वस्त्र-विशेष—'कोट्टंबानि गौडदेशोद्भवानि' (व्यभा ७ टी प ७)।

कोट्टकवास—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ २३८)।

कोट्टकिरिया—दुर्गा—'कोट्टकिरिया महिषावरूढदुर्गा' (ज्ञाटी प १४६)।

कोट्टग—१ चण्डाल-बस्ती (बृभा ९९३)। २ अटवी का वह स्थान जहां फलों के ढेर किए जाते हैं (बृटी पृ २७९)। ३ हरे फलों को सुखाने का स्थान-विशेष (निभा ४७३२) ४ बढ़ई (जीभा ४२६)।

कोट्टज्जा—नगर की देवी (कु पृ ८३)।

कोट्टनी—महिष का व्यापादन करने के पश्चात् उस रूप में अवस्थित दुर्गा देवी का एक नाम—'दुर्गा महिषव्यापादनकालात् प्रभृति तद्रूपस्थिता कोट्टनी भण्णति' (अनुद्वाचू पृ १२)।

कोट्टपाल—कोतवाल (प्रटी प ४६)।

कोट्टर—पोला भाग—'अज्झुसिरो जत्थ कोट्टरं णत्थि' (निचू २ पृ १५२)।

कोट्टा—१ गला, गर्दन—'पच्छा तेण कोट्टाए गहिओ' (उसुटी प ५३)। २ पार्वती (दे २।३५)।

कोट्टाक—वर्धकी, बढ़ई (अंवि पृ १६०)।

कोट्टाग—बढई, काष्ठतक्षक (आचूला १।२३)।

कोट्टिंब—१ गाय—'जह पढमपाउसम्मि, गोणो वातो उ हरितगतणस्स। अणुमज्जति (अणुसज्जति) कोट्टिंबं, वावण्णं दुब्भिगंधीयं॥' (निभा ३५७८)।
२ गोशाला, ऐसा स्थान जहां गायों के लिए खाद्य रखा जाता है

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

—'कोट्टिवे त्ति जत्थ गोभत्तं दिज्जति' (निचू ४ पृ १२२)।
कोट्टिगे—गोशाला (कन्नड़)। ३ नौका (अंवि पृ १६६; दे २।४७)।

कोट्टिबिया—नौका (आचू पृ ३५७)।

कोट्टिबी—गाय—'गोणो अणुसज्जति कोट्टिबि' (बृभा ५१५५)।

कोट्टित—कूट कर पिंडीभूत किया हुआ (अंवि पृ २३९)।

कोट्टिल्ल—छोटा मुद्गर-विशेष (विपा १।६।२१)।

कोट्टी—१ दुर्दोहा, दुहते समय जो हैरान करती है वह गाय या भैंस।
२ स्खलना, भूल (दे २।६४)।

कोट्टुंभ—हाथ से आहत जल (दे २।४७)।

कोट्ठग—पाठशाला—'क्रोष्टका नाम वट्टानां (चट्टानां ?) शाला' (व्यभा १० टी प ६६)।

कोट्ठिब—नौका—'उडुगे त्ति कोट्ठिबो' (निचू १ पृ ७०)।

कोठार—धान्य का कोठा (निभा १२८)।

कोड—वृद्ध (आवहाटी २ पृ ३१)।

कोडय—छोटा शराव (पा ७३९)।

कोडलग—पक्षि-विशेष (औप ६)।

कोडिअ—१ मिट्टी का छोटा पात्र, लघु शराव (दे २।४७)। २ दुर्जन।

कोडित—दबा-दबाकर भरा हुआ (बृभा ४०११)।

कोडिय—दबा-दबा कर भरा हुआ—'कोडियं ति गाढचम्पितम्' (बृटी पृ १०९८)।

कोडिल्ल—पिशुन, चुगलखोर (दे २।४०)।

कोडुंब—१ प्रयोजन—'कारणेसु य कोडुंबेसु य मंतेसु य रहस्सेसु य' (भ १८।४०)। २ कार्य (दे २।२)।

कोड्ड—१ स्पष्ट, प्रसिद्ध—'दोण्हं भाउगाण एगा भज्जा लोगे कोड्डं दोण्ह वि समा' (आवहाटी १ पृ २८०)। २ आश्चर्य, कुतूहल, जिज्ञासा (उशाटी प १२७; दे २।३३)।

कोण—१ लकड़ी, यष्टि (जीभा ५०७)। २ श्याम वर्ण (दे २।४५)।
३ वीणा-वादन-दंड—'वेयालियवीणाए····चंदणसारनिम्मियकोण-परिघट्टियाए' (राज १७३)।

कोणय—यष्टि—'कोणओ लगुडो भण्णति' (निचू २ पृ ५)।

कोणु—रेखा (दे २।२६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोण्ण—घर का कोना (दे २।४५)।

कोण्हुय—गीदड़—'चुक्को मंसं च मच्छं च कलुणं झायसि कोण्हुया !' (आवहाटी १ पृ २३४)।

कोतव—चूहों के रोओं से बना प्रावरण (नि १७।१२)।

कोत्तलंका—मद्य परोसने का पात्र-विशेष (दे २।१४)—'मयकोत्तलंकसउणं' (वृ)।

कोत्थ—उदर-प्रदेश—गणियारकणेरुकोत्थहत्थी—कोत्थं ति उदरदेशस्तत्र हस्तो यस्य कामक्रीडापरायणत्वात्' (ज्ञाटी प ७४)।

कोत्थकापल—थैला—'पडलं कोत्थकापलं मंजूसा कट्ठभायणं' (अंवि पृ २७)।

कोत्थर—१ कोटर, गह्वर—'खोल्लं कोत्थरं' (निचू ३ पृ ५००)। २ विज्ञान, प्रज्ञा, कलाकौशल (दे २।१३)।

कोत्थल—१ कपड़े का थैला—'जहा दुक्खं भरेउं जे होइ वायस्स कोत्थलो' (उ १९।४०)। २ कुशूल, अनाज का कोठा (दे २।४८)। ३ कीट-विशेष, भौंरी (प्रज्ञा १।५०)।

कोत्थलकारी—भौंरी, भ्रमरी (बृभा १७८७)।

कोत्थलग—चमड़े की मशक, थैला (पिंटी प १८)।

कोत्थलगारी—भौंरी, कीट-विशेष (पंव २७४)।

कोत्थलय—वस्त्र का थैला (उसुटी प २७)।

कोत्थलवाहग—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष (जीवटी प ३२)।

कोद्दविया—क्षुद्र कीट-विशेष, मातृवाहा (उसुटी प २३६)।

कोद्दालक—वृक्ष-विशेष (जीवटी प १४५)।

कोनाली—गोष्ठी—'कोनाली त्ति गोष्ठी' (बृभा २३९६ टी)।

कोप्प—१ कुए का पानी (अंवि पृ २६६)। २ अपराध (दे २।४५)।

कोप्पर—१ सेना का पड़ाव, छावनी (आवचू २ पृ १५५)। २ नदी का तट—'णतिकोप्परो' (निचू १ पृ ७२)।

कोमुई—पूर्णिमा (दे २।४८)—'कोमुइमाह च शाम्बो या काचित् पौर्णमासी स्यात्' (वृ)।

कोमार—मिट्टी—'कोमारा मट्टिया' (निचू २ पृ ४०७)।

कोयर—(कोयव ?)—'कोयव' देश में निष्पन्न वस्त्र (निचू २ पृ ३९८)।

कोयव—रूई से भरा कपड़ा, रजाई (ज्ञा १।१७।२२)।

कोयवग—१ रूई से भरे हुए कपड़े का बना हुआ प्रावरण-विशेष, रजाई (निभा ४००२)। २ सिल्हक का सूता—'कोयवगो वरक्को' (निचू ३ पृ ३२१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोयवय—रजाई (ज्ञा १।१७।२२)।

कोयवी—१ रूई की रजाई (जीभा १७७०)। २ सिल्हक का सूता (निभा ४००२)।

कोयहा—रजाई, रूई से भरे हुए कपड़े का बना प्रावरण (आचूला ५।१४)।

कोयासिय—विकसित (औप १९)।

कोरण—पात्र आदि का मुंह बांधना—'भायणस्स मुहकोरणे णिक्कोरणे वा' (निचू ३ पृ ४७२)।

कोरिल्लय—पुराना, जीर्ण-शीर्ण—'कोरिल्लएणं धणुणा कोरिल्लयाए जीवाए कोरिल्लएणं उसुणा' (राज ७५९)।

कोल—ग्रीवा, गला (सू १।५।९; दे २।४५)।

कोलंब—१ पर्वत का अग्रभाग—'गिरिकडकोलंब' (ज्ञा १।१८।१८)।
२ पात्रविशेष—'कट्ठकोलंबए इ वा (अनु ३।३७; दे २।४७)।
३ गुफा का प्रान्त भाग (विपा १।३।६)।

कोलक—वनस्पति-विशेष (अंवि पृ २३१)।

कोलज्जा—नीचे गोल और ऊपर से खाई के आकार का धान्य-कोष्ठक (आचूला १।८९)।

कोलथ—धान्य-विशेष (अंवि पृ २२०)।

कोलवाल—डोरा—'मोत्तियं आइण्णंती आगासे उक्खिवित्ता तहा णिक्खिवइ जहा कोलवाले पडइ' (आवहाटी १ पृ २८५)।

कोलाहल—१ पक्षियों का कलरव (भ ७।११७; दे २।५०)।

कोलिक—१ अधम जाति का मनुष्य—'न व्यत्याग्रेडितं कोलिकपायसवत्' (अनुद्वाहाटी पृ ९)। २ मकड़ी, जाल का कीड़ा (अंवि पृ २३७)।

कोलिज्जा—नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य-कोष्ठक (आचूला १।८९ पा)

कोलित—तंतुवाय, जुलाहा (नंदीटि पृ १३९)।

कोलित्त—अलात, अधजली लकड़ी (दे २।४९)।

कोलिय—१ जुलाहा, तन्तुवाय (नंदी ३८।९; दे २।६५)। २ जाल बनाने वाला कीड़ा, मकड़ा (बृभा १७०७; दे २।२५)।

कोलियग—जाल बनाने वाला कीड़ा, मकड़ा (आवचू २ पृ ७२)।

कोलियापुडग—मकड़ी का जाला—'कोलियापुडगो मक्कडसंताणओ' (निचू २ पृ ४०७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोली—मकड़ी (अंवि पृ ६९)।

कोलोर—हिंगुल, कुरुविन्द (दे २।४६)।

कोलेज्जय—नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य-कोष्ठक (आचू पृ ३३९)।

कोलेज्जा—नीचे से वृत्त और ऊपर से खाई के आकार का धान्य भरने का कोठा (आचूला १।८९ पा)।

कोल्ल—१ शृगाल (निभा १३४९)। २ कोयला (निचू १)।

कोल्लर—१ हौदा (भटी पृ ७३०)। २ पिठर, स्थाली (औपटी पृ ११२; दे २।४७)।

कोल्लु—कोल्हू (बृभा ५७५)।

कोल्लुक—कोल्हू (बृटी पृ १६७)।

कोल्लुग—सियार—'कोल्लुगा णाम सिगाला' (निचू २ पृ १७९)।

कोल्हाहल—कुन्दरुन का फल, बिंबीफल (दे २।३९)—'दट्ठु कुंदीरोट्ठि पहिआ कोल्हाहलाइ चुण्टन्ति' (वृ)।

कोल्हुक—गीदड़ (आवचू १ पृ ४६५)।

कोल्हुग—१ कोल्हू (निचू ४ पृ ४३५)। २ सियार (उसुटी प १८६)।

कोल्हुय—१ शृगाल, सियार (उसुटी प १८६; दे २।६५)। २ कोल्हू, चरखी (दे २।६५)।

कोविआ—शृगाली (दे २।४९)।

कोविडाल—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ६३)।

कोविराल—वृक्ष की एक जाति (अंवि पृ ६३)।

कोवीण—एक प्रकार का कल्पवृक्ष जो आभरण देता है (ति ५६)।

कोस—१ अंगुलियों एवं अंगुष्ठ को आच्छादित करने वाला जूता (निचू २ पृ ८७)। २ कुसुंभ रंग से रंगा हुआ वस्त्र। ३ समुद्र (दे २।६५)।

कोसग—१ उपकरण-विशेष (जीभा १७७२)। २ नाखूनों की सुरक्षा के लिए अंगूठे और अंगुलियों को आच्छादित करने वाला उपकरण—'कोसग नहरक्खट्ठा' (बृभा २८८५)।

कोसट्ट—आवरण, कोश—'रुहिरे उप्पन्ना किमितो तत्थेव मलेत्ता कोसट्टं उत्तारेत्ता' (अनुद्वाचू पृ १५)।

कोसट्टइरिआ—चंडी, पार्वती (दे २।३५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

कोसय—लघु शराव (दे २।४७)।

कोसल—नीवी (दे २।३८)।

कोसलिअ—भेंट, उपहार (दे २।१२)।

कोसलिआ—भेंट (दे २।१२ वृ)।

कोसल्ल—उपहार, भेंट—'तं पुरजणकोसल्लं, नरवइणा अप्पियं कुमारस्स' (उसुटी प ८६)।

कोसल्लिअ—भेंट, उपहार (दे २।१२ वृ)।

कोसेज्जा—टसर, सूती वस्त्र—'कोसेज्जा वडओ भण्णति' (निचू २ पृ ६८; दे २।३३)।

कोहलिआ—कुष्मांडी, कोहंडा का गाछ (पा ३७२)।

कोहल्ली—तापिका, तवा (दे २।४६)।

कोहिल्ल—क्रोधी (ओटी पृ २१६)।

ख

खइय—स्वभाव (स्थाटी प २६२)।

खइव—स्वभाव—'खइव त्ति संवेगशून्यधर्मकथनलक्षणो हेवाक: स्वभावो यस्यां सा तथा' (स्थाटी प २६२)।

खउर—१ तापसों का पात्र-विशेष (बृभा ३४५)। २ खैर आदि का गोंद (निचू ४ पृ ६७)। ३ नीच—'असूयपुत्ता! खउरपुत्ता! सुट्ठु अक्कोसामि' (आवहाटी १ पृ १४१)। ४ कलुषित—'दरदट्ठविवण्ण-विद्दुमरअक्खउरा' (से ५।४७)। ५ व्याप्त (से ६।११)।

खउरकढिणय—तापसों का उपकरण-विशेष, जो बांस, शुम्ब आदि द्रव्यों को अत्यंत कूट-पीसकर कमठ के आकार का बनाया जाता है। उसको बिल्व और भिलावे के रस से लिप्त कर देने पर उसमें से पानी भी परिस्रवित नहीं होता (नंदीटि पृ १०५)।

खउरल्लिय—कलुषित, लिप्त (जीभा ७०५)।

खउरित—निर्भर्त्सित, तिरस्कृत—'खउरिता खरंटिता रोषेणेत्यर्थः' (निचू २ पृ २६२)।

खउरिय—१ कलुषित (बृभा ३७३०)। २ मुण्डित। ३ धवलित (से १०।४३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खउस—एक प्रकार का जूता (निचू २ पृ ९०)।

खंजण—१ कज्जल—'खञ्जनं दीपादीनाम्' (स्थाटी प २०८)। २ गाड़ी के पहिए के भीतर का काला कीच (प्रज्ञाटी प ५२५)। ३ कर्दम, पंक (दे २।६९)।

खंजर—शुष्क वृक्ष (दे २।६८)।

खंड—१ मुंड। २ मदिरा-पात्र (दे २।७८)।

खंडई—असती, कुलटा (दे २।६७)।

खंडरक्ख—१ शुल्कपाल, चुंगी वसूल करने वाला (प्र ३।३)। २ घुमक्कड़ (बृभा ३४९६)। ३ कोतवाल (प्रटी प ४६)।

खंडिय—१ स्तुतिपाठक (भ ९।२०८; दे २।७८)। २ विद्यार्थी (उ १२।३०)। ३ जिसका निषेध न किया जा सके वह (दे २।७८)।

खंडियग—भाट, विरुद-पाठक (ज्ञा १।१।१४३)।

खंडी—१ किले का छिद्र (ज्ञा १।२।११)। २ छोटा द्वार (विपा १।३।६)।

खंडोट्ठ—भोजन से संबंधित रोग-विशेष (अंवि पृ २०३)।

खंत—१ पिता (पिनि ४३२)। २ वृद्ध (दअचू पृ ४१)।

खंतग—पिता (निचू ४ पृ १२३)।

खंतय—पिता (उसुटी प २४)।

खंतिग—पिता (निभा ४३९९)।

खंतिगा—माता (निचू ४ पृ १२३)।

खंतिया—माता (पिनि ४३०)।

खंती—माता, जननी (पिनि ४३१)।

खंध—१ प्राकार। २ पीठ। ३ घर (निचू ३ पृ ३७९)। ४ दीवार (आचू पृ ३३९)।

खंधग्गि—स्थूल काष्ठ की अग्नि (व्यभा ३ टी प ७; दे २।७०)।

खंधमंस—बाहु, भुजा (दे २।७१)।

खंधयट्ठि—बाहु, भुजा (दे २।७१)।

खंधीधार—अत्यन्त उष्ण जल की धारा (दे २।७२)।

खंस—१ ललाट का आभूषण बनाने वाला (अंवि पृ १६०)। २ कर्माजीवी (अंवि पृ १६०)।

खक्खर—१ घोड़े को संत्रस्त करने का साधन—हन्टर, चाबुक आदि। २ टूटे

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुए बांस का टुकड़ा (विपा १।२।१४ टी)। ३ खर्खर् आवाज (आवहाटी १ पृ २८३)।

खग्गिअ—गांव का मुखिया (दे २।६९)।

खग्गूड—१ निद्रालु (बृभा १५४३)। २ रसलोलुप (निभा ४४९२)। ३ धूर्त्त-सदृश—'खग्गूडो शठप्रायो भवेत्'। ४ नास्तिक—'खग्गूडति निर्धर्मप्रायाः' (ओटी प ४४)। ५ उच्छृंखल, स्वच्छंद (व्यभा ४।३ टी प २३)।

खघाणस—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

खच्चल्ल—भालू, रींछ (दे २।६९)।

खच्चोल—व्याघ्र, बाघ (दे २।६९)।

खज्जग—जीर्ण (आचू पृ ३२९)।

खज्जिअ—१ जीर्ण। २ उपालब्ध (दे २।७८)।

खज्जोअ—नक्षत्र (दे २।६९)।

खट्ट—१ खट्टा (जीव १।६५)। २ खाट (आवहाटी १ पृ २३६)। ३ तीमन (दे २।६७)।

खट्टंग—छाया (दे २।६८)।

खट्टकि—कसाई (निचू ३ पृ २७१)।

खट्टिक्क—कसाई (दे २।७०)।

खड—१ तृण, घास—'जह अग्गिम्मि वि पबले खडपूलिय खिप्पमेव झामेइ' (म २९२; दे २।६७)। २ म्लेच्छ जाति-विशेष।

खडइअ—संकुचित (दे २।७२)।

खडक्किका—खिड़की, छोटा द्वार (ओटी प १९८)।

खडक्किया—खिड़की, छोटा द्वार—'तओ अज्जा खडक्कियाए नयरं पविट्ठा' (उसुटी प १४१)।

खडक्की—लघुद्वार, खिड़की (दे २।७१)।

खडखड—खट्-खट् की आवाज (निचू १ पृ १२)।

खडखडग—छोटा और लंबा (जीव ३।१९२ पा)।

खडपूयय—घास का पूला (व्यभा ३ टी प १७)।

खडपूलग—घास का पूला—'तेहिं य ते दंता खडपूलगेहिं गोविता' (निचू ४ पृ ३६१)।

खडपूलय—तृण का पूला—'तेण तीसे सिंगे खडपूलओ बद्धो' (विभाकोटी पृ ४१८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खडफडा—हलचल–'किं एवट्टाए खडफडाए' (आवचू २ पृ १३)।

खडय—टक्कर–'ते भीता····खडयं देज्जा' (निचू ३ पृ ३४५)।

खडयप्पयाण—दौड़ना (जीविप पृ ३४)।

खडहड—गीले गुड का एक प्रकार–'फाणिओ गुलो भण्णति, सो दुविहो–छिड्डगुडो खडहडो य' (निचू २ पृ २३८)।

खडहडअ—खड-खड की आवाज–'चालियमहल्लघंटाखडहडओ कोट्टज्जाघरेसु' (कु पृ ८३)।

खडहडग—१ छोटा और लंबा (जीव ३।२९२)। २ गिलहरी (ति ३१)।

खडहडी—गिलहरी (दे २।७२)।

खडियाचुप्पडिया—जादू-टोना–'कुंटलविंटलं नाम खडियाचुप्पडियादि' (आवमटी प २७०)।

खडुआ—१ मोती (दे २।६८)। २ कंकड (?) (कु पृ ४१)।

खडुक्का—मुंड सिर पर अंगुली का आघात, ठुनकाना, 'ठोला' मारना (व्यभा १ टी प १३)।

खडुग—१ मुंड मस्तक पर अंगुली का प्रहार (निचू ४ पृ ३१२)। २ हाथ का आभूषण (अंवि पृ ६४)।

खडुहा—ठोकर, आघात–'कण्णामोड-खडुहा-चवेडादी' (जीभा २३७६)।

खडु—१ श्मश्रु, दाढीमूंछ (दे २।६६)। २ बड़ा, महान्। ३ गर्त्त के आकार वाला।

खडुग—बड़ा–'खडुगच्छगलमहिससूगरादिषु' (सूचू २ पृ ३५९)।

खडुय—गर्त्त (आवचू २ पृ ७२)।

खड्डा—१ गर्त्त के आकार वाला (उपा २।२१)। २ गर्त्त–'जारिसियाओ इच्छिज्जंति तारिसा खड्डा खणंति' (आवचू १ पृ ८१)। ३ खानि, आकर (दे २।६६)। ४ पर्वत का गर्त्त–'खड्डा-खानिः। पर्वतखातमित्यन्ये' (वृ)।

खड्डिअ—मत्त, उन्मत्त (दे २।६७)।

खड्डुग—मुद्रारत्न, राजमुद्रा से अंकित अंगूठी (आवचू १ पृ ५४६)।

खड्डुय—बालक (अनुद्वाहाटी पृ ११)।

खड्डुया—आघात, मुंड मस्तक पर अंगुली का प्रहार–'खड्डुया मे चवेडा मे' (उ १।३८)।

खणय—सेंध–'रत्ति खणओ णीहिति' (आवचू १ पृ ३१३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खणि—खाली, रिक्त—'भायणाणि खणीकरेंतीए दोसीण छड्डेउकामाए' (आवचू १ पृ ३००)।

खणुसा—मानसिक दुःख (दे २।६८)।

खण्ण—१ सेंध—'चोरो खण्णमुहेण पविट्ठो' (दअचू पृ ८४)। २ संपूर्ण रूप से लुंटित, त्रस्त—'खण्णा इति देशीपदमेतत् सर्वात्मना लूषिताः' (व्यभा ३ टी प ७७) ३ खोदा हुआ (दे २।६६)।

खण्णवाय—खनन-विद्या (कु पृ १०४)।

खण्णुअ—१ स्थाणु (ज्ञा १।२।६)। २ कीलक, खूंटी (दे २।६८)।

खतय—राहु का नाम—'राहुस्स णं देवस्स नव नामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—सिंघाडए जडिलए खतए खरए····' (भ १२।१२३)।

खत्त—१ खाई, परिखा (भ १५।१८६)। २ गोबर-विशेष (पिनि १३)। ३ सेंध, चोरी के लिए दीवार में किया जाने वाला छेद (दअचू पृ २७)। ४ खोदा हुआ (नंदीटि पृ १३३; दे २।६६)।

खत्तपक—सिक्का-विशेष—'काहापणो खत्तपको पुराणो त्ति' (अंवि पृ ६६)।

खत्तय—१ ग्रह-विशेष, राहु (भ १२।१२३ पा)। २ सेंध लगाकर चोरी करने वाला। ३ खेत खोदने वाला।

खत्तोदय—गोबर का पानी (भ १५।१८६)।

खत्थ—विमना, झुंझलाया हुआ—'स खत्थो भणति—मए पुव्वं भणितं' (दअचू पृ २७)।

खदुया—कंकड (?) (कु पृ ४१)।

खद्ध—१ शीघ्र (आचूला १।४९)। २ प्रचुर—'जस्स जस्स इच्छइ तस्स तस्स खद्धं-खद्धं दलयइ'। ३ उच्च, उद्धततापूर्वक (सम ३३।१)। ४ भुक्त, भक्षित (ओनि १५२; दे २।६७)। ५ विशाल (ओनि ३०८)।

खद्धं-खद्धं—१ त्वरित। २ बहुत (आचूला १।४९)।

खद्धादाणिय—धनी—'खद्धि आदाणि जेसु गिहेसु ते खद्धादाणियगिहा—ईश्वरगृहा' (निचू ३ पृ १४७)।

खद्धाययण—बड़े-बड़े ग्रास लेना (प्रसाटी प ३३)।

खन्न—१ मत्स्य की एक जाति (जीव ३।७८१)। २ खोदा हुआ (पा ७०३)।

खपल्लापाडण—रूक्ष पदार्थ विशेष (अंवि पृ १०६)।

खपुसा—१ शीत, कंटक आदि से पैर की सुरक्षा करने वाला जूता—'हिमाऽहि-कंटाइसू उ खपुसादी' (बृभा २८८५)। २ टखने को ढकने वाला जूता—'या घुंटकं पिदधाति सा खपुसा' (निचू २ पृ ८७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खप्पर—रूक्ष (दे २।६९)।

खप्पुर—रूक्ष (दे २।६९ वृ)।

खफुट्ट—रूक्ष पदार्थ-विशेष (अंवि पृ १०६)।

खम्मक्खम—१ संग्राम। २ मानसिक दुःख (दे २।७९)। ३ विशेष मनोदुःख, पश्चात्ताप के साथ निःश्वास छोड़ना—'खम्मक्खमो संग्रामो मनोदुःखं च। मनोदुःखविशेषोऽनुशयनिःश्वसितमित्यन्ये' (वृ)

खयक्का—कीलक, खैर का कांटा—'सो खंतो पाए खयक्काए विद्धो' (उशाटी प ८५)।

खर—१ तैल—'किं देमि त्ति नरवई, तुब्भं खरमनिखया दुचक्कि त्ति' (बृभा ४९८)। २ दास (बृभा ३३७७)। ३ घास-विशेष (व्यभा ८ टी प ५)।

खरंट—१ उपालंभ (निभा ५४०९)। २ चिपका हुआ—'खरंटो उ जो मलो तं कमढं भण्णति' (निचू २ पृ २२१)। ३ तिरस्कार (निचू ३ पृ ४९७)।

खरंटणा—निर्भर्त्सना—'धी मुंडिओ दुरप्पा, धिरत्थु·····मुक्कोसि खरंटणा एसा' (निभा ४७५६)।

खरंटिय—तिरस्कृत (निचू २ पृ ५२)।

खरग—कर्मकर, नौकर (निचू ३ पृ २४५)।

खरड—१ हाथी की पीठ पर बिछाया जाने वाला आस्तरण-विशेष—'हस्तिनः पृष्ठे यदास्तीर्यते खरडः' (प्रसा ६८० टी)। २ विकलांग (अंवि पृ १५२)। ३ रोग-विशेष (अंवि पृ २०३)।

खरडग—प्रावरण-विशेष (निचू २ पृ ४००)।

खरडिअ—१ रूक्ष। २ भग्न (दे २।७९)।

खरण—बबूल की कण्टकमय डाली—'खरकण्टं—बब्बूलादिडालं खरणमिति लोके यदुच्यते' (स्थाटी प २३६)।

खरत—१ दास, नौकर (बृचू प १४२)। २ इस नाम का एक वैद्य—'तस्स य मित्तो खरतो नाम वेज्जो' (आवमटी प २९७)।

खरमुहि—वाद्य-विशेष (भ ९।१८२)।

खरय—१ राहु का एक नाम (भ १२।१२३)। २ दास (निभा ४०५०)। ३ कर्मकर, नौकर (ओनि ४४०)।

खरहिअ—पौत्र (दे २।७२)।

खरिअ—भुक्त (दे २।६७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खरिंसुय—कंद-विशेष (प्रसा २३८)।

खरिगा—दासी (निभा ३६६५)।

खरिमुही—नपुंसक दासी (व्यभा ६ टी प १७)।

खरियत्ता—वेश्या के रूप में—'.....रायगिहे नगरे बाहिं खरियत्ताए उववज्जिहिति' (भ १५।१८६)।

खरियमुही—नपुंसक दासी (व्यभा ६ टी प १८)।

खरिया—१ दासी (बृभा २५१७)। २ वेश्या।

खरी—दासी (बृभा ३३७७)।

खरुल्ल—१ कठिन। २ स्थपुट, विषमोन्नत (दे २।७८)।

खलइअ—खाली, रिक्त (दे २।७१)।

खलक—शरीर का अवयव विशेष—'घूरीयाओ त्ति जंघाः खलका वा' (सूटी प ३२३)। २ खलिहान, धान्य साफ करने का स्थान (ज्ञाटी प १२६)। ३ पानक (अंवि पृ ६४)।

खलखल—चूड़ियों की आवाज (उशाटी प ३०३)।

खलखलाविय—क्षुब्ध होना, लड़खड़ाते चलना (आवचू २ पृ ९४)।

खलखिल—निर्जीव—'खलखिलं निर्जीवमित्यर्थः' (व्यभा ६ टी प ६६)।

खलग—मांस सुखाने का स्थान—'खलगं जत्थ मंसं सोसंति' (निभा ३४८१)।

खलगंडिअ—मत्त (दे २।६७ वृ)।

खलय—पुंज, राशि, ढेर—'मच्छखलए करेंति—मत्स्यपुञ्जान् कुर्वन्ति' (विपाटी प ८१) २ खलिहान—'निद्धन्नयं च खलयं, पुप्फेहि विवज्जियं च आरामं' (तंदु १६६)। ३ स्थान—'जूयखलयाणि य पाणागाराणि य' (ज्ञा १।२।११)।

खलयारिय—तिरस्कृत—'डिंभेहिं मुणिउ त्ति काऊण खलयारिओ' (आवहाटी १ पृ १४३)।

खलहल—चूड़ियों का आपस के आघात से होने वाला 'खल-खल' शब्द (उसुटी प १४१)।

खलाविय—नुकसान किया, हानि पहुंचाई (आवचू १ पृ ४९३)।

खली—तिल-पिण्डिका, खली, तेल रहित तिलों की सीठी (दे २।६६)।

खलुंक—१ अविनीत बैल। (स्थाटी प २४८)। २ अविनीत शिष्य (उ २७।१५)।

खलुंकिज्ज—१ अविनीत बैल संबंधी। २ उत्तराध्ययन सूत्र का सताइसवें अध्ययन का नाम (उ २७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खलुंग—अविनीत बैल (सूचू २ पृ ३५६)।

खलुक्का—मुंड मस्तक पर अंगुली का प्रहार—'खल्लाडसिरे खलुक्का दिण्णा' (निचू ४ पृ ३१२)।

खलुग—टखना (निभा १४०२)।

खलुय—गुल्फ, पांव का मणिबंध (विपा १।६।२३)।

खलुहय—टखना (निचू २ पृ ९१)।

खल्ल—१ गढा (अनुद्वा ३६८)। २ बाड का छिद्र। ३ विलास (दे २।७७)। ४ धंसा हुआ, निम्न-मध्य (दे १।३८)। ५ खाली, रिक्त।

खल्लइअ—१ संकुचित। २ प्रकृष्ट (दे २।७९)।

खल्लग—१ चमड़े का थैला (जीभा १७७२)। २ पत्रपुट, दोना (निचू ३ पृ ४३)। ३ जूता (निचू २ पृ ८७)।

खल्लय—१ पत्र-पुट, दोना (बृभा २७१४)। २ जूता-विशेष (निचू २ पृ ८८)।

खल्लर—१ छोटी तलाई—'खल्लर-खिल्लूर-छिल्लर-शब्दा देश्या एकार्थकाः' (दअचू पृ ८)। २ पाल—'खल्लरं बद्धं' (अनुद्वाहाटी पृ २९)।

खल्ला—१ खाल, चमड़ा (भटी पृ १२८२; दे २।६६)। २ जूता (निचू २ पृ ८७)। खल्ला (राज)।

खल्लित—टखने तक पहना जाने वाला जूता (दहाटी प ९९)।

खल्लिरी—संकेत (दे २।७०)।

खल्ली—गंजा सिर—'सा खल्ली उण्हेण डज्झति' (उशाटी प १६५)।

खल्लीड—गंजा, खल्वाट (आवचू १ पृ ४२३)।

खल्लूड—कंद-विशेष (जीव १।७३ पा)।

खल्लूडक—कंद-विशेष—'खल्लूडकाः—कन्दभेदाः' (प्रसाटी प ५७)।

खव—१ बायां हाथ। २ गधा (दे २।७७)।

खवअ—कंधा (दे २।६७)।

खवडिअ—स्खलित (दे २।७१)।

खवलिअ—१ आमंत्रित। २ कुपित—'किह अकाले मच्चू खवलिओ' (आवचू १ पृ २३३; दे २।७२)।

खवल्ल—मत्स्य की जाति-विशेष (प्रज्ञा १।५६)।

खवुसा—टखने तक पहना जानेवाला जूता—'खवुसा उ खलुगमेत्तं' (निभा ९१८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खव्व—१ बायां हाथ । २ गधा (दे २।७७) ।

खव्वुल्ल—मुख (दे २।६८) ।

खसर—रोग-विशेष, खुजली (जंबू २।१३३) ।

खस्सिअ—टखनों तक पहना जाने वाला जूता—'उवरितला मे फुट्टंति । खस्सिताओ से कताओ' (दअचू पृ ४१) ।

खाइ—१ वाक्यालंकार में प्रयुक्त अव्यय । २ पुनः अर्थ का सूचक अव्यय—'से कहिं खाइ णं भंते ! सिद्धा परिवसंति ?' (औप १९२) । ३ परिखा (आवचू १ पृ ३९) ।

खाइआ—१ परिखा (दे २।७३) ।

खाइं—वाक्यालंकार के रूप में प्रयुक्त अव्यय—'से केणं खाइं अट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ' (भ १७।२१) ।

खाइणं—वाक्यालंकार में प्रयुक्त अव्यय—'खाइणं ति देशी-भाषया वाक्यालंकारे' (औपटी पृ २१८) ।

खाइया—खाई, खातिका (भ ५।१९९) ।

खाखट्टिका—सेवई आदि खाद्य पदार्थ-विशेष (अंवि पृ १८२) ।

खाडइअ—प्रतिफलित (दे २।७३) ।

खाडइला—गिलहरी, वह प्राणी जिसके शरीर पर काली और श्वेत धाराएं होती हैं (नंदी ३८।४) ।

खाडलिल्ल—गिलहरी (प्रटी प १०) ।

खाडहिला—गिलहरी (प्र १।८) ।

खाडहिल्ला—गिलहरी (उपाटी पृ ९६) ।

खाडहेल्ला—गिलहरी (आवहाटी १ पृ २७८) ।

खात—१ भूमिगृह (निचू १ पृ ११४) । २ कूप, बावड़ी आदि (आवटि प ५८) ।

खातिका—खाई, परिखा (प्र १।१४) ।

खातोदग—खुदे हुए जलाशय का पानी (भ १५।१८६) ।

खायं—वाक्यालंकार में प्रयुक्त अव्यय—'तो खायं अहमवि ओलग्गामि' (बृटी पृ ५३) ।

खायर—खदिर वृक्ष सम्बंधी—'खायरो य सूलो····पादो छिज्जए' (निचू १ पृ १६) ।

खार—गायों के विचरण करने का वह स्थान जहां तिक्त कुंतल आदि जलाए जाते हैं, जिससे कि गायों के कीट-जन्य उपद्रव शांत हो जाएं—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'खारो जत्थ तित्तकुंतलया डज्झंति, गावीसु रमंतीसु मसगाइं सरीराइ उवसमणत्थं डज्झंति' (आचू पृ ३७०)।

खारंफिडी—गोधा, छिपकली (दे २।७३)।

खारक—चतुष्पद प्राणी-विशेष (अंवि पृ ६९)।

खारय—अर्ध विकसित फूल या कली (दे २।७३)।

खारा—भुजपरिसर्पिणी (जीव २।९)।

खारापक—राख—'छगणि छारिक्खारापको' (अंवि पृ २५४)।

खालक—१ वृक्षवासी प्राणी-विशेष—'तत्थ वुक्खचरा विराला उंदुरा खालका' (अंवि पृ २२६)। २ छोटा पशु-विशेष (अंवि पृ २२७)।

खालग—चतुष्पद जंतु-विशेष (अंवि पृ २३८)।

खाह—खांसी—'खाहुत्थूभाउ कुणइ जत्तेणं' (वृभा २६२५)।

खाहिया—खाई, परिखा (अनुद्वाहाटी पृ ७८)।

खिखिणी—१ लघु घंटिका (आवचू १ पृ १८९)। २ शृगाली (दे २।७४)।

खिखिय—सियार की खि-खि आवाज (उशाटी प १२१)।

खिग—उद्दण्ड (जीविप पृ ५२)।

खिसणा—तिरस्कार (ओनि ७१५)।

खिसा—निष्ठुर और निःस्नेह वचन, निंदा, अवहेलना—'णिट्ठुरं णिण्हेहवयणं खिसा' (निचू ३ पृ ६)।

खिक्खिड—गिरगिट (दे २।७४)।

खिक्खिरी—डोम आदि लोगों की चिह्नरूप लाठी जिसे देखकर लोग उनको न छूने का परिज्ञान कर लेते हैं (दे २।७३)।

खिच्च—खिचड़ी (दे १।१३४)।

खिज्जिय—१ रोष (ज्ञा १।९।४१) २ उपालम्भ (दे २।७४)।

खित्तय—१ अनर्थ। २ दीप्त, प्रज्वलित (दे २।७९)।

खिल्ल—फोड़ा-फुंसी (तंदु ११६)।

खिल्लर—१ तलैया (निचू २ पृ ३०३)। २ चारों ओर गोलाकार पाल (आवहाटी १ पृ ३७)।

खिल्लूर—छोटी तलाई—'खल्लर-खिल्लूर-छिल्लरशब्दा देश्या एकार्थकाः' (दअचू पृ ८)।

खिवल—(नौका को) खेना, आगे ले जाना—'खिवलं ढोक्कणं णयणं वा' (आचू पृ ३५७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खीरपक—मिट्टी-विशेष (अंवि पृ २३३)।

खुइत—१ खांसना। २ छींकना—'खुत्ति कतं तं खुइतं छीयं वा होति इह उ खुइतं तु' (जीभा ९०७)।

खुंखुणअ—नाक का छिद्र, नथुना (दे २।७६)।

खुंखुणक—१ आभूषण-विशेष। २ वीणा-विशेष (सूटी प ११६)। ३ टखना, गुल्फ—'खुंखुणका नाम घुर्घुरुकास्ते धावतां पततां भज्यन्ते' (आवटि प २४)।

खुंखुणग—गुल्फ, टखना—'जाणूणि य फोडिज्जंति, अप्पेगइयाणं खुंखुणगा भज्जंति' (आवहाटी १ पृ १३७)।

खुंखुणी—गली, मुहल्ला (दे २।७६)।

खुंडय—स्खलित (दे २।७१)।

खुंडिय—अर्जित, प्राप्त—'वाणियएण छ रयणाणि खुंडियाणि' (दजिचू पृ १३)।

खुंपक—वर्षा को रोकने वाला पलास-पत्रों से बना हुआ उपकरण—'कुडसीसगं पलासपत्रमयं खुम्पकम्' (जीविप पृ ५०)।

खुंपा—वर्षा के निवारण के लिए बनाया हुआ तृणमय उपकरण (दे २।७५)

खुक्खुरक—चमड़े का थैला (आवटि प ५९)।

खुखु—खु-खु शब्द, दौड़ते हुए घोड़े की आवाज—'आसस्स धावमाणस्स 'खु-खु त्ति करेति' (भ १०।३९)।

खुज्जा—देश-विशेष की दासी (ज्ञा १।१।८२)।

खुट्ट—१ त्रुटित (दे २।७४)। २ न्यून, कम (कु पृ २०९)।

खुट्टिमा—गंधार स्वर की एक मूर्च्छना (जीवटी प १९३)।

खुडलग—छोटा (निचू ४ पृ १४८)।

खुडि—खंडित (से १।३०)।

खुडिय—स्खलित (आवहाटी २ पृ ४४)।

खुड्ड—१ अधम, नीच (स्था ६।६८)। २ छोटा (उ १।९; दे २।७४)। ३ कामचेष्टा (निचू २ पृ २४)। ४ अंगूठी।

खुड्डंत—हंसी मजाक करते हुए क्रीडा करना (बृभा ४९३८)।

खुड्डुक—१ बालक (अंवि पृ १६९)। २ अंगूठी (ज्ञाटी प ३०)।

खुड्डुग—१ अप्राप्त वय वाले और काम करने में अयोग्य—'खुड्डुग त्ति अप्राप्तवयसः अकर्मयोग्या वा (सूचू १ पृ ८४)। २ लघु, छोटा (द ६।६)। ३ मुद्रिका, अंगूठी (आवहाटी २ पृ १२१)।

खुड्डुगुल—फाणित, गीला गुड़ (बृटी पृ ९६९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खुड्डगुल्ल—गीला गुड़–'खुड्डगुल्लो त्ति फाणितं' (बृटी पृ ९६९)।
खुड्डमुह—मधुरभाषी–'खुड्डमुहा संति इहं, जे कोविज्जा जिणवइं पि' (बृभा २१३९)।
खुड्डय—छोटा (आ ३।५७)।
खुड्डल—छोटा (निचू ४ पृ १४६)।
खुड्डलग—१ छोटा (निचू ४ पृ १४८)। २ जंतु-विशेष (अंवि पृ २३८)।
खुड्डलय—छोटा (ओनि ९१)।
खुड्डलिय—स्वल्प (आवचू २ पृ २८८)।
खुड्डाखुड्डि—अत्यंत छोटा (आचू पृ ३५२)।
खुड्डाखुड्डिया—अत्यधिक छोटी (जंबूटी प ४१)।
खुड्डाग—१ लघु (भ ८।१८७)। २ अंगूठी (भटी पृ ८४३)।
खुड्डालिजर—लघु पात्र, छोटा कुंडा (जीव ३।७२६)।
खुड्डिअ—मैथुन (दे २।७५)।
खुड्डित्ता—तोड़कर (भ १५।७४)।
खुड्डिमा—गंधार स्वर की मूर्च्छना (जंबूटी प ३८)।
खुड्डिय—छोटा (राज ७७२)।
खुड्डी—छोटी (निभा २३७७)।
खुणक्खुडिआ—नाक (दे २।७६)।
खुण्ण—मढ़ा हुआ, परिवेष्टित (दे २।७५)।
खुण्णिय—नमित (भ ९।१६८)।
खुत—भिन्न, खंडित–'भावसबलो खुतायारो' (दशचू प ९)।
खुत्त—निमग्न, डूबा हुआ (प्र ३।१७; दे २।७४)।
खुत्तग—निमग्न, फंसा हुआ (औप ९०)
खुत्थ—जीर्ण, खाया हुआ–'कालेण वा खुत्थं परिजुण्णं' (निचू २ पृ ३१७)।
खुदुग—छोटा (व्यभा ४।४ टी प ६०)।
खुम्मिय—नमित (ज्ञा १।१।१०५)।
खुरुखुरक—चमड़े का पात्र (बृटी पृ ७७९)।
खुरुड्डक्खुडी—प्रणय-कोप (दे २।७६)।
खुल—टखने के नीचे का भाग (अंवि पृ ११९)।
खुलखेत्त—ऐसा क्षेत्र जहां कम भिक्षा मिलती हो या केवल रूखा आहार ही मिलता हो (बृभा १५५६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खुलग—१ फोड़ा, फफोला (निभा १०५६) । २ गुल्फ (बृभा ४०८७) ।

खुलत्त—वैसा गांव जहां पर्याप्त भिक्षा न मिलती हो अथवा घृत आदि पौष्टिक द्रव्य न मिलते हों—'खुलत्तेणं णाम मंदभिक्खं जत्थ वा घयादि उवग्गहदव्वं न लब्भति' (निचू ४ पृ ३००) ।

खुला—फोड़ा, फफोला (निचू २ पृ ११४) ।

खुलुक—१ कीट-विशेष (अंवि पृ ६३) । २ कर्मांजीवी-विशेष (अंवि पृ १६०) ।

खुलुह—गुल्फ, टखना (दे २।७५) ।

खुल्ल—१ छोटा (निचू २ पृ ११५) । २ दो इन्द्रिय वाला जंतु-विशेष—'खुल्लाः लघवः शंखाः सामुद्रशंखाकाराः' (जीवटी प ३१) । ३ कुटी (दे २।७४) ।

खुल्लक—द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (अंवि पृ २३७) ।

खुल्लय—कौड़ी-विशेष—'अप्पेगइयाणं खुल्लए अवहरइ' (ज्ञा १।१८।८) ।

खुल्लिका—बिल में रहने वाला प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२६) ।

खुल्लिरी—संकत (दे २।७०) ।

खुवअ—गंडुत् तृण के सदृश कंटकी-तृण (दे २।७५) ।

खुवग—दोना, पत्तों का पुडवा (व्यभा ४।२ टी प ८४) ।

खुव्वग—पत्तों का दोना, पुडवा (व्य २।२६) ।

खुव्वय—दोना, पत्तों का पुडवा (व्यभा ४।२ टी प ८४) ।

खुसिय—कुरेदा हुआ (निचू ३ पृ ५८७) ।

खूण—१ न्यून, कमी—'किमेत्थ खूणं' (उसुटी प ६०) । २ अपराध—'तहाविहे खूणे जाए' (उसुटी प १८६) ।

खेआलु—१ निःसह, अधीर, आलसी (दे २।७७) । २ असहनशील—'खेआलू निःसहः । असहन इत्यन्ये' (वृ) ।

खेआलुय—असहनशील (पा ७०५) ।

खेड—मिट्टी के प्राकार वाला छोटा गांव (विपा १।१।४६) ।

खेडिय—क्रम, बारी (विभाकोटी पृ ३३१) ।

खेडुखंड—आसन-विशेष—'कट्ठच्छगणपीढ़ं वा खेडुखंडं समंथणी' (अंवि पृ १७) ।

खेड्ड—१ खेल (प्रा २।१७४) । २ शस्त्र-विशेष (कु पृ १५०) ।

खेड्डा—क्रीडा (जीभा १७२१) ।

खेत्ताद—क्षिप्तचित्त (बृभा २७३१) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खेरि—१ परिशाटन, बिखराव—'रासी ऊणे दट्ठुं, सव्वं णीतं व घण्णखेरिं वा' (बृभा ३३५७)। २ खेद, उद्वेग। ३ उत्कण्ठा।

खेलूड—अनंतकाय-वनस्पति-विशेष (भ ७।६६)।

खेल्लर—पाल (आवमटी प ९२)।

खेल्लिय—हंसी-ठट्ठा (आवचू १ पृ ४५१; दे २।७६)।

खेल्लूड—कंद-विशेष (प्रसा २३८)।

खेविय—खिन्न (उसुटी प २६४)।

खोइय—विच्छेदित—'संधी खोइया' (उसुटी प २६)।

खोखर—चाबुक, त्राजन—'खोखरेण पिट्टित्ता' (आवहाटी १ पृ १७४)।

खोटन—खटखटाना, ठोकना (व्यभा ८ टी प ४६)।

खोट्टरिका—खंड, अंश (आवटि प ९७)।

खोट्टिता—खोरक, कटोरा—'ते गता सुवण्णस्स खोट्टिताओ गहाय' (नंदीटि पृ १३६)।

खोट्टिया—खोरक, कटोरा—'ते रत्तपडगवेसेणं गता सुवण्णस्स खोट्टियाओ गहाय' (आवचू १ पृ ५५०)।

खोट्टी—दासी—'किं वा कम्मं खोट्टिपुत्ताणं ?' (दअचू पृ २७; दे २।७७)।

खोड—१ प्रमार्जन, प्रतिलेखन का एक प्रकार (ओनि २६५)। २ लकड़ी का प्राकार (बृभा ११२३)। ३ प्रदेश, स्थान (ओभा ७६)। ४ लकड़ी का बड़ा फलक (प्रटी प ५७)। ५ खूंटा (आवचू २ पृ २२६)। ६ राजकुल में दातव्य द्रव्य, देखें—खोडभंग (व्यभा १ टी प १०)। ७ सीमानिर्धारक काष्ठ। ८ धार्मिक। ८ खंज, लंगड़ा (दे २।८०)।

खोडक—खाद्य पदार्थ-विशेष, खाजा (अंवि पृ १८२)।

खोडपज्जाली—स्थूल काष्ठ की अग्नि (दे २।७०)।

खोडभंग—राजकुल में दातव्य द्रव्य, बेगार तथा सैनिक आदि की भोजन-व्यवस्था में राजा के द्वारा दी जाने वाली छूट—'खोडं नाम जं रायकुलस्स हिरण्णादि दव्वं दायव्वं वेट्ठिकरणं परं परिणयणं चारभडादियाण य चोल्लगादिप्पदाणं तस्स भंगो खोडभंगो। तं रायणुग्गहेणं मज्जायाए भंजंतो एक्कं दो तिण्णि वा सेवति जावतिय अणुग्गहो से कज्जति तत्तियं कालं सो दव्वादिसु परिहरिज्जति तावत् कालं न दाप्यतेत्यर्थः' (निचू ४ पृ २८०)।

खोडा—खोटक, वस्त्र-प्रतिलेखन की एक विधि (उ २६।२५)।

खोडित—१ स्वीकृत—'पडहओ खोडितो वहणं कारितं' (आवचू १ पृ ३९७, ३९८)। २ खंडित (अंवि पृ २१५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

खोडिय—खण्डित, दूषित (निचू ३ पृ ४४०)।

खोडी—१ बड़ा काष्ठ (प्र ३।१२)। २ टुकड़ा—'गोसीसचंदणक्खोडी हरिचंदणक्खोडी वा' (आचू पृ १६८)। ३ काष्ठ-पेटी (सूचू २ पृ ४३०)। ४ कटोरा, पात्र-विशेष (आवहाटी १ पृ २८१)। ५ लकड़ी का बना हुआ बंधन-विशेष—'विहाडियव्वा खोडी' (उसुटी प २५३)। ६ पोला काष्ठ (उसुटी प २९२)। ७ काष्ठ-विशेष (आवहाटी १ पृ १९९)। ८ काठ का गट्ठर (व्यभा ४।३ टी प २०)।

खोमडक्खाय—भिक्षु के लिए प्रयुक्त अपशब्द (सूचू १ पृ २३१)।

खोर—१ खोरक, कटोरा (आवचू १ पृ ५५२)। २ नट (कु पृ १७१)।

खोरक—वृत्ताकार भाजन-विशेष (व्यभा ३ टी प ४१)।

खोरय—पात्र-विशेष (दअचू पृ २७)।

खोरिय—कटोरा (व्यभा ३ टी प ४०)।

खोल—१ मद्य के नीचे जमा हुआ कर्दम (आचूला १।११२)। २ गुप्तचर, जासूस (पिनि १२७)। ३ दूध से भावित वस्त्र (बृटी पृ ८१७)। ४ सिर पर बांधने का वस्त्र—'विशेषचूर्णौ 'खोल' त्ति सीसखोला तीए सिरं वेढियव्वं' (बृटी पृ ८१९)। ५ वस्त्र का एक भाग (बृटी पृ २३७; दे २।८०)। ६ छोटा गधा (दे २।८०)।

खोलकमालिका—पुष्प-विशेष (अंवि पृ ७०)।

खोला—१ कोशी, गोलाकार एक वस्तु—'काञ्चनकोशी—सुवर्णमयी खोला' (भटी पृ ८८२)। २ शिरोवेष्टन—'खोला नाम शीर्षवेष्टनम्' (बृटी पृ ८१९)।

खोल्ल—१ एक देश का नाम (आचू पृ ३४०)। २ कोटर, गह्वर—'देशीशब्द-त्वात् कोटरम्' (बृटी पृ २८९)।

खोसलअ—दंतुर, बाहर निकले हुए दांत वाला (दे २।७७)।

खोसिय—जीर्णप्रायः—'मइलिय फालिय खोसिय हियनट्ठे वावि अन्न मग्गंते' (पिनि ३२१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ग

गंगावडिय—श्वेत रेशम से बना चीन देश का वस्त्र जो भारत में गंगाजुल नाम से प्रसिद्ध था—'अहं चीण-महाचीणेसु गओ महिसगवले घेत्तूण, तत्थ गंगावडिओ णेत्तपट्टाइयं घेत्तूण लद्धलाभो णियत्तो त्ति' (कु पृ ६६)।

गंछ—वरुड नाम की म्लेच्छजाति (दे २।८४ वृ)।

गंछअ—वरुड नाम की म्लेच्छ जाति (दे २।८४)।

गंछिअ—तैली (जंबूटी प १९४)।

गंज—१ खाद्य-विशेष (प्र १०।६)। २ गुच्छ वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३७।५)। ३ गाल (दे २।८१)।

गंजिल्ल—विधुर, निरंकुश, पागल (दे २।८३)—'कामगंजिल्लो, भमिअ किमिमाइ गोसे करसि' (वृ)।

गंजोल्लिय—१ रोमांचित। २ हंसाने के लिए किया जाने वाला अंग-स्पर्श, गुदगुदी (दे २।१००)।

गंठिल्ल—गांठों वाला (भटी पृ १२९७)।

गंड—१ वस्त्र-विशेष (जीभा १७६९)। २ वन। ३ कोतवाल। ४ लघु मृग। ५ नापित (दे २।९९)। ६ गुच्छा।

गंडग—१ भिक्षुक, याचक—'पिंडेसु दिज्जमाणेसु उल्लंतीति पिंडोलगा, जं भणितं—दमगा गंडगा वा' (आचू पृ ३२३)। २ गांव के आदेश की उद्घोषणा करने वाला—गामतित्तिवाहगा' (आचू पृ ३३१)।

गंडमाणिया—बांस का बना हुआ पात्र-विशेष (भ ७।१५९)।

गंडय—उद्घोषणा करने वाला पुरुष, नाई—'तत्थ अमावसा होहिति त्ति गंडओ उग्घोसेइ' (आवहाटी १ पृ २४८)।

गंडरिया—श्वेत मिट्टी—'सेडिया—गंडरिया' (दजिचू पृ १७९)।

गंडवाणिया—बांस का पात्र-विशेष (भटी प ३१३)।

गंडाक—नापित, नाई, उद्घोषणा करने वाला पुरुष—'गण्डाकः—नापितः यो हि ग्राम उद्घोषयति' (आटी प ३२७)।

गंडाग—नापित (आचूला १।२३)।

गंडि—१ यानविशेष (अनुद्वाचू पृ ५३)। २ दुष्ट बैल या घोड़ा (उशाटी प ४९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गंडी—पुस्तक का एक प्रकार जिसके चारों कोण समान तथा लम्बाई-चौड़ाई समान हो—'बाहल्लपुहुत्तेहिं गंडीपोत्थो उ तुल्लगो दीहो' (प्रसा ६६५)।

गंडीरी—ईख का टुकड़ा, गंडेरी (दे २।८२)।

गंडीव—धनुष (दे २।८४)।

गंडूपक—पैर का आभूषण, नूपुर—'गंडूपकं ति वा बूया·····तधा णीपूरगं व त्ति' (अंवि पृ ६५)।

गंडूपयक—जंघा का आभूषण—'गंडूपयकं णीपुराणि परिहेरकाणि' (अंवि पृ १६३)।

गंद—जाति-विशेष—'चंडाल-पुलिंद-गंद-गोपालादि च' (सूचू १ पृ २३१)।

गंदित—गंदा कर दिया (अंवि पृ १४८)।

गंदीणी—आंख-मिचौनी का खेल (दे २।८३)।

गंधपिसाअ—गंधिक, पंसारी (दे २।८७)।

गंधलया—नासिका (दे २।८५)।

गंधिअ—दुर्गन्ध (दे २।८३)।

गंधेल्ली—१ छाया। २ मधुमक्खी (दे २।१००)।

गंधोल्ली—१ इच्छा। २ रात्री (दे २।९९)।

गंभीर—चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष (प्रज्ञा १।५१)।

गग्गर—१ स्त्रियों के पहनने का वस्त्र, घाघरा (निचू ३ पृ ६०) २ गद्गद्, अस्पष्ट आवाज—'सरोवि से····खूभियगग्गरो (निचू ४ पृ ३०५)।

गग्गरग—घाघरा (निभा ७८२)।

गज्ज—यव (दे २।८१)।

गज्जणसद्द—पशुओं को निवारण करने की ध्वनि (दे २।८८)।

गज्जफल—देश-विशेष में उत्पन्न वस्त्र-विशेष (आटी प ३९३)।

गज्जर—गाजर, कंद-विशेष (प्रसा २३७)।

गज्जल—पहनते समय बिजली के समान कड़कड़ शब्द करने वाला वस्त्र—'गज्जलाणि कडकडेंताणि कायकंठलपावारादीणि' (आचू पृ ३६४)।

गज्जह—पश्चिमोत्तर दिशा का पवन (आवचू १ पृ ५१२)।

गट्ठि—गुठली (जीभा १७०१)।

गट्ठिया—गुठली (अनु ३।४५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गडगड—चिंघाड, हाथी की आवाज (जीवटी प २४७)।

गडयडी—वज्रनिर्घोष, मेघ की गड़गड़ाहट (दे २।८५)।

गडु—स्तन, कुच (उसुटी प १३२)।

गडुअय—काष्ठपात्र—'मत्तो दगवारगो गडुअओ (निचू ३ पृ ३४३)।

गडुक—लघु कलश (उपाटी पृ १८७)।

गडुल—चावल आदि का धावनजल (प्रसाटी प ४९)।

गडूल—अलसिया, शिशुनाग—'अलसो त्ति वा गडूलो त्ति वा सुसुणागो त्ति वा एगट्ठं' (निचू १ पृ ६६)।

गड्डु—१ गढा, गर्त्त (भटी पृ १२५५)। २ शकट, गाड़ी।

गड्डुक—गाड़ी (अनुद्वामटी प १४६)।

गड्डुरक—भेड़ (पिटी प २१)।

गड्डुरा—भेड़—'उण्ण त्ति लाडाणं गड्डुरा भण्णंति' (निचू २ पृ २२३)।

गड्डुरिका—१ भेड़ (आटी प २२४)। २ कीट-विशेष (जीवटी प १८७)।

गड्डुरी—१ बकरी (दे २।८४)। २ भेड़।

गड्डिक—गाड़ी वाला (अंवि पृ ६२)।

गड्डिया—गाड़ी (जीचू पृ १७)।

गड्डी—गाड़ी, शकट (आचू पृ ३५०; दे २।८१)।

गड्डुय—घड़ा (दजिचू पृ १८१)।

गड्ढ—१ गढा (भ ३।९५)। २ शय्या (दे २।८१)।

गढ—दुर्ग, किला (दे २।८१)।

गणणाइआ—चण्डी, पार्वती (दे २।८६)।

गणसम—गोष्ठी में लीन (दे २।८६)।

गणायमह—विवाह-गणक, विवाह का मुहूर्त्त आदि बताने वाला ज्योतिषी (दे २।८६)।

गणिकाखंसक—कर्माजीवी-विशेष (अंवि पृ १६०)।

गणियार—समान शरीर वाले—'गणियार त्ति गणिकाकाराः समकायाः (ज्ञाटी प ७४)।

गणेत्तिया—कलई में पहनी जाने वाली रुद्राक्ष की माला—'जन्नोवइय-गणेत्तिय-मुंजमेहलावागलधरे—गणेत्रिका रुद्राक्षकृतं कलाचिकाभरणं' (ज्ञा १।१६।१८५ टी प २२७)।

गणेत्ती—अक्षमाला (दे २।८१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

गत्तिल्लिय—गया (उचू पृ ६९)।

गतेल्लत—गया (आवभटी प २६६)।

छाण—१ छांद, दर्भपटल (भ ८।२५७)। २ गोबर (बृभा ३३१२; दे ३।३४)। ३ धान्य आदि का मलना (दे ३।३४)। ४ वस्त्र (जीव ३; दे ३।३४)।

छाणन—छानना (प्रटी प २५)।

छाणिय—गालित, छानना (बृभा ५१७)।

छाणी—१ छाणा, कंडा (प्रसा ४३४)। २ धान्य आदि का मलना। ३ गोमय, गोबर। ४ वस्त्र, कपड़ा (दे ३।३४ वृ)।

छात—बुभुक्षित (निभा १११७)।

छातक—भूखा, गरीब (अंवि पृ २५१)।

छातता—भूख (अंवि पृ १३५)।

छातेल्लय—भूखा, बुभुक्षित (उचू पृ ७६)।

छाद—भूखा—'छादो वेयावच्चं ण तरति काउं' (जीभा १६५९)।

छाय—१ बालक (भ १८।१५९)। २ बुभुक्षित, भूखा (द ९।२।७; दे३।३३)। ३ कृश (दे ३।३३)।

छाया—१ कीर्त्ति। २ भ्रमरी (दे ३।३४)।

छायाल—छयालीस (निचू ४ पृ ३६७)।

छार—भालू (दे ३।२६)।

छारय—१ ईख का टुकड़ा या ईख की छाल। २ मुकुल, कली (दे ३।३४)।

छासी—छाछ, मट्ठा—उदसी छासि त्ति एगट्ठं' (निचू १ पृ ९२; दे ३।२६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छाही—गगन, आकाश (दे ३।२६)।

छिछ—शलाटु-फल (दे ३।३६ वृ)।

छिछअ—१ शरीर। २ जार-पुरुष (दे ३।३६)। ३ शलाटु-फल (वृ)।

छिछई—कुलटा, व्यभिचारिणी (उसुटी प २५०)।

छिछटरमण—आंखमिचौनी (दे ३।३०)।

छिछोली—लघु जल-प्रवाह, छोटी नाली (दे ३।२७)।

छिड—१ चूड़ा, चोटी। २ छत्र। ३ धूपयंत्र (दे ३।३५)।

छिडिका—१ बाड का छिद्र (ज्ञाटी प ८७)। २ अपवाद, आगार (प्रसाटी प २७८)।

छिडिया—अपवाद, छूट—'छ छिडियाओ जिणसासणम्मि' (प्रसा १४८)।

छिडी—वृत्ति-छिद्र, बाड का छेद (ज्ञा १।२।११)।

छिडीया—छोटा द्वार (बृभा २५७)।

छिपक—वस्त्र छापने वाला (व्यभा ३ टी प १०)।

छिपा—कपड़े रंगने व छापने का काम करने वाला (प्रसाटी प २३०)।

छिक्क—१ स्वीकृत (निचू ३ पृ १४०)। २ स्पृष्ट, छुआ हुआ। ३ छींक (दे ३।३६)। ४ गुल्म का एक प्रकार (अंवि पृ ६३)।

छिक्कप्परोइया—वनस्पति-विशेष जो स्पर्शमात्र से संकुचित हो जाती है—'छिक्कप्परोइया छिक्कमेत्तसंकोयओ कुलिंगोव्व' (विभा १७५४)।

छिक्का—१ छीं-छीं आवाज से पुकारना (ओभा १२४)। २ छींक।

छिक्कार—छीं-छीं की आवाज से बुलाना (निचू २ पृ २४६)।

छिक्कारिय—छीं-छीं की आवाज से आहूत—'वीरसुणिआ····छिक्कारिआ तित्तिराईणि गिण्हेइ' (ओटी प ९६)।

छिक्कोअण—असहन, असहिष्णु (दे ३।२९)।

छिक्कोट्टली—१ पैर की आवाज। २ पांव से धान्य का मलना। ३ गोमय-खण्ड (दे ३।३७)।

छिक्कोलिअ—पतला (दे ३।२५)।

छिक्कोवण—असहिष्णु, असहनशील (बृभा ६१५७)।

छिग्गल—मैल—'छिग्गलं जल्लो भण्णति' (निचू २ पृ २२१)।

छिच्चोलय—१ अरुचिप्रकाशक मुखविकार-विशेष। २ विकूणित मुख (पा ६६७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छिच्छिक्कार—१ निवारणसूचक या घृणासूचक शब्द, छिः-छिः (पिनि ४५१)। २ घोड़े की आवाज—'छिच्छिक्कार हयाणं' (जीभा १३७७)।

छिड्ड—१ खुला आकाश। २ बरंडा, खिड़की (निचू १ पृ ८४)।

छिण्ण—१ निःस्नेह (ज्ञाटी प १७५)। २ जार-पुरुष (दे ३।२७)।

छिण्णंगाल—पक्षी-विशेष (अंवि पृ २३९)।

छिण्णच्छोडण—शीघ्र (दे ३।२९)।

छिण्णयड—टंक से छेदा हुआ (पा ३६१)।

छिण्णा—कुलटा (दे ३।२७ वृ)।

छिण्णाल—जार-पुरुष (दे ३।२७)।

छिण्णालिंगा—सुवर्ण वाला पक्षी-विशेष (अंवि पृ २२६)।

छिण्णाली—कुलटा (दे ३।२७ वृ)।

छिण्णोब्भवा—दर्भ, दूर्वा (दे ३।२९)।

छित्त—१ छींक (निचू १ पृ ८५)। २ स्पृष्ट (नंदीटि पृ १३४; दे ३।२७)।

छित्तर—१ बांस की खपचियां जिन पर घास आदि छाया जाता है (भ ८।२५७)—'छित्तराणि—वंशादिमयानि छादनाधारभूतानि किलिञ्जानि' (टी पृ ६९१)। २ पुराना छाज आदि गृह-उपकरण।

छिद्द—१ अवसर—'हत्थिजूहेण समं चरंती छिद्देण आगंतूण थणं देइ' (आवहाटी २ पृ १२३)। २ लघुमत्स्य (दे ३।२६)।

छिद्धा—पत्र (नंदीटि पृ १३४)।

छिन्न—व्यभिचारी, छिनरा (बृभा २३१५)।

छिन्नगाली—पक्षी-विशेष की ध्वनि—'विगतदारुणेसु छिन्नगालीय रतं। इति पक्खिगतरतं ति' (अंवि पृ १८३)।

छिन्नाल—तुच्छ जाति का बैल, दुष्ट बैल (उ २७।७)।

छिप्प—१ भिक्षा। २ पूंछ (दे ३।३६)।

छिप्पंती—१ व्रत-विशेष। २ उत्सव-विशेष (दे ३।३७)।

छिप्पंदूर—१ गोमय-खंड, कंडे का टुकड़ा। २ विषम (दे ३।३८)।

छिप्पाल—धान्य खाने में आसक्त बैल (दे ३।२८)।

छिप्पालुअ—पूंछ (दे ३।२९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छिप्पिय—झरित, झरा हुआ (पा १३९)।

छिप्पिडी—१ व्रत-विशेष। २ उत्सव-विशेष। ३ पीसा हुआ आटा (दे ३।३७)।

छिप्पोर—पलाल (दे ३।२८)।

छिप्पोली—बकरी की विष्ठा—'ततो जंमि पदेसे छगणछिप्पोली वरिसो-वट्टाविया ततो घेप्पति' (निचू १ पृ ६६)।

छिया—लोहे की पतली छड़ी (सू २।२।१२)।

छिर—प्राणी-विशेष (अंवि पृ २३७)।

छिरिया—अनंतकाय वनस्पति-विशेष (भ ७।६६)।

छिल्ल—१ छिद्र। २ कुटी (दे ३।३५)। ३ बाड़ का छिद्र (वृ)। ४ पलाश का पेड़।

छिल्लर—१ अखात जलाशय, छोटा तालाब—'छिल्लराणि—अखाताः स्तोक-जलाश्रयभूताः भू प्रदेशाः गिरिप्रदेशा वा' (प्रज्ञा २।४ टी; दे ३।२८)। २ असार।

छिल्ली—शिखा (दे ३।२७)।

छिवअ—१ समूह। २ नीवी, अधोवस्त्र का नाड़ा (दे ३।३६)।

छिवा—चिकना चाबुक (प्र ३।१३)।

छिवाडिआ—फली (जंबूटी प ३५)।

छिवाडी—१ फली—'छेवाडी शब्दो देश्यः' (राज २९ टी पृ ९०)। २ पतले पन्नों वाली ऊंची पुस्तक—'तणुपत्तेहिं उस्सीओ छेवाडी' (निचू ३ पृ ३२१)। ३ जिसके पन्ने विशेष लंबे और कम चौड़े हों तथा जो मोटी हो ऐसी संपुट फलक वाली पुस्तक—'दुमाइ-फलगसंपुडं दीहो हस्सो वा पिहुलो अप्पवाइल्लो छेवाडी' (निचू ३ पृ ३२१)।

छिविअ—१ ईख का टुकड़ा (दे ३।२७)। २ स्पृष्ट (से २।८)।

छिव्व—कृत्रिम, बनावटी (दे ३।२७)।

छिव्वोल्ल—१ निन्दासूचक मुख की आकृति-विशेष (दे ३।२८)। २ विकूणित मुख (वृ)।

छिहंडअ—दही का बना हुआ मिष्टान्न, श्रीखंड—'छिहंडेहिं धवल ! पुट्ठोसि' (दे ३।२९)।

छिहंडि—दही (दे ३।३० पा)।

छिहंडिभिल्ल—दही (दे ३।३० पा)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छिहली—शिखा (बृभा ५१७७)।

छिहिडिभिल्ल—दही (दे ३।३०)।

छु—पशुओं को निषेध करने का अनुकरणवाची शब्द—'छुत्ति हडि त्ति वा भन्नइ' (निचू ४ पृ ६२)।

छुई—बलाका (दे ३।३०)।

छुंछिका—छुछुंदरी (अंवि पृ ६९)।

छुछुई—कपिकच्छू, कवाछ का वृक्ष (दे ३।२४)।

छुंछुमुसय—कामासक्ति से होने वाली उत्सुकता (दे ३।३१)।

छुंद—अधिक (दे ३।३०)।

छुक्कारण—निषेधकारक अनुकरणवाची शब्द (निभा ५४०५)।

छुट्ट—१ मुक्त (व्यभा ४।३ टी प ५७)। २ छोटा, लघु (पा ४७)। ३ बन्धनमुक्त।

छुट्टगुल—गीला गुड़, फाणित—'छुट्टगुलो फाणियं' (बृभा ३४७६)।

छुड्ड—१ सुष्ठु—तेण भण्णति—छुड्ड अब्भासत्थो होउ तो सक्केमि' (उशाटी प २४५)। २ यदि, जो (प्रा ४।३८५)। ३ शीघ्र (प्रा ४।४०१)।

छुड्डिया—आभरण-विशेष, अंगूठी (प्र १०।१४)।

छुद्दहीर—१ शिशु। २ शशी, चन्द्रमा (दे ३।३८)।

छुद्दिया—आभरण-विशेष (प्र १०।१४)।

छुभत्थ—अप्रिय (दे ३।३३ वृ)।

छुरमड्डि—नाई, नापित (दे ३।३१)।

छुरहत्थ—नाई, नापित (दे ३।३१)।

छुरिया—मृत्तिका (दे ३।३१)।

छुस—भूसा (निचू २ पृ ४३२)।

छुहिअ—लिप्त (दे ३।३०)।

छेअ—१ विशुद्ध (आवनि ११३८)। २ अन्त, सीमा (क १।३९)। ३ देवर (दे ३।३८)। ४ एक देश, एक भाग (से १।७)। ५ निर्विभाग अंश (क ४।८२)। ६ कालोपयुक्त हित।

छेंड—१ चूड़ा, चोटी। २ छत्र। ३ धूपयंत्र (दे ३।३५ वृ)।

छेंडा—१ चोटी। २ नवमालिका, लता-विशेष (दे ३।३९)।

छेंडी—छोटी गली (दे ३।३१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छेणक—१ झाग, फेन । २ कल्लोल (अंवि पृ २५५) ।

छेत्तर—पुराना छाज आदि गृह-उपकरण (दे ३।३२) ।

छेत्तसोवणय—खेत में जागना (दे ३।३२) ।

छेध—स्थासक—कुंकुम, चंदन आदि सुगंधित द्रव्यों से दिए गए हाथ के पांचों अंगुलियों के छापे, हस्तबिंब । २ स्थासक—चंदन आदि सुगंधित द्रव्य से शरीर का विलेपन करना । ३ चोर (दे ३।३९) ।

छेप्प—पूंछ (विपा १।२।२४) ।

छेभअ—हथेली का थापा, हस्तबिम्ब (दे ३।३२) ।

छेरित्ता—लीद करके—'गद्दभी····छेरित्ता गया' (उसुटी प ७३) ।

छेल—बकरा (उसुटी प ५४; दे ३।३२ वृ) ।

छेलअ—बकरा (दे ३।३२) ।

छेलण—हर्ष ध्वनि, आनन्द की आवाज—'छेलणं णाम उक्कट्ठी हसितादि' (आवचू १ पृ १५७) ।

छेलापनक—बालक्रीडा, उत्कृष्ट हर्षध्वनि, सीत्कार करना आदि—'छेलापनकमिति देशीवचनमुत्कृष्टबाल-क्रीडापनं सेण्टिताद्यर्थवाचकमिति' (आवहाटी १ पृ ८६) ।

छेलावण—१ उत्कृष्ट हर्षध्वनि । २ बाल-क्रीडापन । ३ सीत्कार करना—'छेलावणमुक्किट्ठाइ बालकीलावणं च सेंटाइ' (आवमटी प २०१) ।

छेलावणय—हर्ष-ध्वनि, हसना आदि—'छेलणं णाम उक्कट्ठीहसितादि' (आवचू १ पृ १५७) ।

छेलित—सेंटिका करता हुआ (अंवि पृ ४६) ।

छेलिका—बकरी (प्रटी प १५) ।

छेलिय—सेंटित, सीत्कार करना, अव्यक्त ध्वनि-विशेष (प्र ३।५) ।

छेलिया—बकरी (उसुटी प २४१) ।

छेल्लिय—नाक से छींकने का शब्द (दजिचू पृ २३९) ।

छेली—थोड़े फूल वाली माला (दे ३।३१) ।

छेवग—महामारी (व्यभा ५ टी प १८) ।

छेवट्ट—संहनन का एक प्रकार, अस्थि-रचना-विशेष (जीव १।१७) ।

छेवट्ठ—संहनन का एक प्रकार, अस्थि-रचना-विशेष (स्था ६।३०) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

छेवडित—महामारी से पीड़ित (निचू २ पृ १७२)।

छेवाडिया—फली (जीवटी प १९१)।

छेवाडी—१ फली—'छेवाडी शब्दो देश्यः' (राजटी पृ ९०)।
२ पुस्तक का एक प्रकार (निचू ३ पृ ३२१)। देखें—'छिवाडी'।

छेह—क्षेपण, प्रेरण (से ४।१७)।

छोअ—छिलका—'अयमाउसो ! खोयरसे, अयं छोए' (सू २।१।१७)।

छोइअ—दास, नौकर (दे ३।३३)।

छोइया—छिलका, ईख आदि की छाल—'उच्छुखंडे पत्थिए छोइयं पणामेइ' (उसुटी प ६१)।

छोटि—१ उच्छिष्टता, जूठन—'छोटिरिति कृत्वा लोके गर्हा स्यात्' (पिटी प १०६)। २ नखच्छोटिका (व्यभा १० टी प ३०)।

छोट्टि—उच्छिष्टता, जूठाई—'भुंजंती आयमणे उदगं छोट्टी य लोगगरिहा य' (पिनि ५८७)।

छोढूण—१ घुसेडकर—'अवाणे सूलं छोढूण मुहेण णिक्कलिज्जति' (सूचू २ पृ ३६५)। २ रखकर, भरकर—'चालणीए पाणियं छोढूणं' (आवहाटी २ पृ २०७)।

छोति—१ छिलका (आचू पृ ३६७)। २ जुगुप्सा (व्यभा ८ टी प ४७)।

छोब्भ—पिशुन, दुर्जन (दे ३।३३)।

छोब्भत्थ—अप्रिय (दे ३।३३)।

छोब्भाइत्ती—१ अस्पृश्य स्त्री, छूने के अयोग्य स्त्री। २ अप्रीतिकर स्त्री, द्वेष्या (दे ३।३९)।

छोभ—१ निस्सहाय, दीन (प्र ३।२४)। २ झूठा आरोप (बृभा ३३५४)। ३ वंदन का एक प्रकार—नर्तन करते हुए वंदन करना (आवनि ११२७)। ४ आघात। ५ पिशुन, दुर्जन।

छोभग—१ झूठा आरोप—'छोभगो अब्भक्खाणं' (निभा ४३८५)। २ अपयश (निचू ४ पृ ५५)।

छोय—छिलका (सू २।१।१७)।

छोह—१ आघात—'ताव य सो मायंगो, छोहं जा देइ उत्तरिज्जम्मि' (उसुटी प ९१)। २ समूह। ३ विक्षेप (दे ३।३९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ज

जंकयसुकअ—अल्प उपकार से अधीन होने वाला (दे ३।४५)।
जंगय—शिविका-विशेष—'अवरे जंपाणेसु, अवरे जंगएसु' (कु पृ २४)।
जंगल—जंगल, वन (उसुटी प २३७)।
जंगलिक—जंगली (अंवि पृ २२६)।
जंगा—गोचर भूमी, पशुओं के चरने की भूमि (दे ३।४०)।
जंगोल—विषापहार विद्या, विषविघातक तन्त्र (विपा १।७।१५)।
जंघाछेअ—चौराहा (दे ३।४३)।
जंघामअ—तीव्र गति से चलने वाला (दे ३।४२)।
जंघालुअ—तीव्र गति से चलने वाला (दे ३।४२)।
जंपण—१ अकीर्ति। २ मुंह (दे ३।५१)।
जंपिच्छअ—जिसको देखे उसी को चाहनेवाला (दे ३।४४ वृ)।
जंपुलिग—कुल्माष-विशेष—'जंपुलिगादि कुम्मासा' (दअचू पृ १२४)।
जंपेच्छिरमग्गिर—जो-जो देखता है, उसी को मांग करनेवाला (दे ३।४४)।
जंबाल—१ जरायु, गर्भवेष्टन चर्म (स्था २।३६६)। २ सेवाल (दे ३।४२ वृ)।
जंबालय—सेवाल (दे ३।४२)।
जंबुअ—१ वेतसवृक्ष, बेंत। २ पश्चिम दिक्पाल (दे ३।५२)।
जंबुल—१ वानीर वृक्ष, बेंत (दे ३।४१)। २ मदिरा-पात्र—'जंबुलं मद्य-भाजनमिति सातवाहनः' (वृ)।
जंबुल्ल—वाचाल (पा १११)।
जंबूका—करधनी (अंवि पृ ७१)।
जंबूलय—पात्र-विशेष (उपा ७।७)।
जंभ—तुष, भूसा (ति ६६१; दे ३।४०)।
जंभणअ—इच्छानुसार बोलने वाला, स्वच्छंदभाषी (दे ३।४४)।
जंभणभण—स्वच्छंदभाषी (दे ३।४४ वृ)।
जंभल—जड, मन्द (दे ३।४१)।
जक्खरत्ती—यक्षरात्री, दीवाली (दे ३।४३)।
जग—जीव—'विरते गामधम्मेहिं, जे केई जगई जगा' (सू १।११।३३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जगडिअ—१ कदर्थित (दे ३।४४)। २ लड़ाया हुआ।

जगडिज्जंत—उत्तेजित होते हुए—'धन्नाणं तु कसाया जगडिज्जंता वि परकसाएहिं' (चं १४१)।

जगडित—प्रेरित (निभा ३५१)।

जगल—१ पंकवाली मदिरा, मदिरा का नीचे का भाग (दे ३।४१)। २ पंकिल सरका—'पंकिलसरको जगलं इत्यन्ये' (वृ)।

जगार—राब, यवागू (प्रसाटी प ५१)।

जगारी—राब, यवागू—'जगारीशब्देन समयभाषया रब्बा भण्यते' (प्रसाटी प ५१)।

जग्गह—जो मिले वह लूटने की राजाज्ञा—'रन्ना जग्गहो घोसितो' (आवचू १ पृ ३१८)।

जग्गिक—जंगम जीवों के रोम का बना वस्त्र (अंवि पृ २३२)।

जच्च—पुरुष (दे ३।४०)।

जच्चंदण—१ गंध द्रव्य-विशेष, अगर। २ कुंकुम (दे ३।५२)।

जच्छंद—स्वच्छंद, स्वतंत्र (दे ३।४३ वृ)।

जच्छंदअ—स्वच्छंद, स्वतंत्र (दे ३।४३)।

जडिअ—जड़ित, खचित (दे ३।४१)।

जडियाइल—एक महाग्रह (स्था २।३२५ पा)।

जडियाइलग—एक महाग्रह (स्था २।३२५)।

जडियाइलय—एक महाग्रह (चन्द्र २०)।

जडिलय—राहु, ग्रह-विशेष (सूर्य २०)।

जडु—१ हाथी (पिनि ३८६)। २ मोटा (निचू ३ पृ ३)। ३ अशक्त, असमर्थ (ति ११९३)।

जडुतरी—जाडी, मोटी (निचू ३ पृ ५१५)।

जड्ड—रहित, त्यक्त (प्रसाटी प ३८)।

जढ—परित्यक्त—'वाहिओ वा अरोगी, वा सिणाणं जो उ पत्थए। वोक्कंतो होइ आयारो, जढो हवइ संजमो॥' (द ६।६०)।

जणउत्त—१ ग्राम-प्रधान, गांव का मुखिया। २ विट, भांड (दे ३।५२)।

जणक—कान का कुंडल जैसा आभूषण-विशेष (अंवि पृ १६२)

जणत्ता—बराती (आवहाटी २ पृ ४६)

जण्णत्ता—बराती (आवहाटी २ पृ ४६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जण्णोहण—राक्षस (दे ३।४३)।

जण्ह—१ छोटी थाली। २ कृष्ण, काला (दे ३।५१)।

जण्हली—नीवी, नारा (दे ३।४०)।

जण्हुआ—जानु, घुटना (पा ८५९)।

जप्पसरीर—अनेक रोगों से ग्रस्त शरीर (निभा ६३३७)।

जमइत्ता—अति परिचित कर, स्थिर कर—'पुनः पुनरावर्तनेन अतिपरिचितं कृत्वा' (औप २६ वृ)।

जमग—पक्षि-विशेष, शकुनी (जीवटी प २८६)।

जमगसमगं—एक साथ (भ ९।१८२)।

जमण—विषम को सम करना—'जमणं विसमाण समकरणं' (निभा ६९४)।

जमल—एक साथ—'महागइंददंतजुवल-जमलाहएण' (कु पृ ५७)।

जम्मपक्क—मत्स्य-विशेष (विपाटी प ८०)।

जयण—घोड़े का बख्तर (दे ३।४०)।

जयार—एक प्रकार का अपशब्द—'जत्थ जयार-मयारं समणी जंपइ गिहत्थपच्चक्खं' (ग ११०)।

जरंड—वृद्ध (दे ३।४०)।

जरड—वृद्ध (दे ३।४० वृ)।

जरढ—१ जीर्ण, पुराना (औप ५)। २ मजबूत (से १।४३)। ३ कठिन (ज्ञाटी प ५)।

जरल—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (जीवटी प ३२)।

जरलद्धिअ—ग्रामीण (दे ३।४४)।

जरलविअ—ग्रामीण (दे ३।४४)।

जरुला—चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष (प्रज्ञा १।५१)।

जलणीली—सेवाल (दे ३।४२)।

जलूसक—जलोदर रोग (आवचू २ पृ १८१)।

जल्ल—१ शरीर का मैल (भ १।४९)। २ रस्सी पर खेलने वाला नट (जीव ३।६१६)। ३ स्तुति-पाठक (नि ९।२२)—'जल्लाः राज्ञः स्तोत्रपाठकाः' (चू २ पृ ४६८)। ४ एक म्लेच्छ देश। ५ जल्ल देश में रहने वाली जाति-विशेष (प्रटी प १५)।

जल्लिय—१ शरीर के मैल से खरंटित—'वत्थस्स जल्लियस्स वा पंकियस्स वा' (भ ६।२३)। २ मल, शरीर का मैल—'जल्लियं नाम मलो, णो कप्पइ उवट्टेउं' (दजिचू पृ २७९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जल्लिया—शरीर का मैल—'जल्लिया मलो' (दअचू पृ १८९)।

जल्लूसत—जलोदर (आवहाटी २ पृ १३४)।

जल्लूसय—जलोदर रोग (आवहाटी २ पृ १३४)।

जल्लोसहि—एक तरह की आध्यात्मिक शक्ति जिसके प्रभाव से शरीर के मैल से रोग नष्ट होता है—'खेलोसहिपत्तेहिं जल्लोसहिपत्तेहिं विप्पोसहिपत्तेहिं सव्वोसहिपत्तेहिं' (प्र ६।६)।

जवअ—यव-अंकुर (दे ३।४२)।

जवण—हल का ऊपरी भाग (दे ३।४१)।

जवरअ—यव-अंकुर (दे ३।४२)।

जहणरोह—जंघा (दे ३।४४)।

जहणूसव—अर्धोरुक, आधी साथल तक पहनने का वस्त्र, स्त्रियों का वस्त्र-विशेष (दे ३।४५)।

जहाजाअ—जड, मूर्ख—'जहाजायपसुभूया' (प्र ३।२४; दे ३।४१)।

जहिमा—विद्वान् द्वारा रचित गाथा (दे ३।४२)—'तुह जहिमं तत्थ गायन्ति' (वृ)।

जाइ—१ गुल्म वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३८।२)। २ मदिरा (दे ३।४५)। ३ मदिरा-विशेष—सुरं च महुं च मेरगं च जाइं च' (विपा २।२४)।

जाइंभर—मादक—'जाइंभराइं मण्णे इमाइं णयणाइं होंति लोयस्स' (कु पृ २२४)।

जाउ—कपित्थ का फल (बृटी पृ ५४)।

जाउर—कपित्थ वृक्ष (दे ३।४५)।

जाउलग—गुच्छ वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३७।५)।

जाउलया—क्षीरपेया (ओटी प १९६)।

जागु—खाद्य-विशेष, लपसी आदि (अंवि पृ ७१)।

जाडी—गुल्म, लता-प्रतान (दे ३।४५)।

जामइल्लय—पहरेदार (कु पृ १२३)।

जामिलिका—वस्त्र-विशेष (अंवि पृ ७)।

जार—मणि का लक्षण-विशेष (राज २४)।

जारु—अनंतकाय वनस्पति-विशेष (भ २३।१)।

जारुकण्ह—गोत्र-विशेष (स्था ७।३७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जालगद्दह—रोग-विशेष—'एयस्स हत्थो पादो वा जालगद्दहमादिणा सडितो' (निचू ३ पृ ४४८)।

जालघडिआ—अट्टालिका, अटारी (दे ३।४६)।

जाली—सघन झाड़ी (पा ८७६)।

जावइ—१ कन्द-विशेष (उ ३६।९७)। २ गुच्छ वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३७।५)।

जावति—वृक्ष-विशेष (भ २२।१)।

जाहे—यदा, जब (उशाटी प १४८)।

जिंघिअ—सूंघा हुआ (पा ४९७)।

जिंडह—गेंद—'जिंडहगेड्डिआइरमण' (प्रसा ४३५)।

जिंडुह—कन्दुक (प्रसा ४३५)।

जिग्घिअ—सूंघा हुआ (दे ३।४६)।

जिण्णोब्भवा—दूब, दूर्वा (दे ३।४६)।

जिमिअ—भुक्त (बृभा ३६९५)।

जिम्ह—मंद—'जिम्हीभवंति उदया कम्माणं' (बृभा १२३)।

जीण—१ जीन, अश्व की पीठ पर बिछाया जाने वाला ऊनमय या चर्ममय आसन (प्रसाटी प १९१)। जीणपोस (फारसी)। २ ऊन का बना वस्त्र-विशेष (भटी पृ ११५२)।

जीवयमई—अन्य मृगों को आकर्षित करने के लिए शिकारी द्वारा बनाई गई कृत्रिम मृगी, व्याधमृगी (दे ३।४६)।

जुअल—तरुण (दे ३।४७)।

जुअलिअ—द्विगुणित, दुगुना (दे ३।४७)।

जुंगलिका—त्रीन्द्रिय प्राणी-विशेष (अंवि पृ २६७)।

जुंगित—जाति, कर्म या शरीर से हीन (पंक २०१)।

जुंगिय—१ खंडित (पिनि ४४९)। २ जाति, कर्म या शरीर से हीन। ३ दूषित।

जुंजिय—बुभुक्षित, भूखा (ज्ञाटी प ७३)।

जुंजुरुड—अपरिग्रही, परिग्रहरहित (दे ३।४७)।

जुक्कार—प्रणाम (बृटी पृ ५३)।

जुगय—पृथक् (दहाटी प ४७)।

जुण्ण—विदग्ध, दक्ष (दे ३।४७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जुयक—पृथक्, अलग (दअचू पृ २५)।

जुयग—पृथक्–'तओ जुयगं घरं कयं' (आवहाटी २ पृ २०६)।

जुरुमिल्ल—गहन, निविड (दे ३।४७)।

जुरुमिल्लय—गहन, गहरा (दे ३।४७ पा)।

जुवय—चन्द्र-प्रभा और संध्या-प्रभा का मिश्रण–'सन्ध्याप्रभा चन्द्रप्रभा च यद् युगपद् भवतस्तत् जुयगोत्ति भणितम्' (स्थाटी प ४५१)।

जुहार—जयकार, जुहार, नमस्कार (आवहाटी १ पृ ६७)। जुहार (राज)।

जूअअ—चातक (दे ३।४७)।

जूयत—संध्या और चन्द्रमा की प्रभा का मिश्रण (स्था १०।२० पा)।

जूरण—खेदन (सू २।२।३१)।

जूरणया—खेदन (भ १२।५४)।

जूरावणया—खेदापन (भ ३।१४५)।

जूरिय—खिन्न (पा ५७५)।

जूरुम्मिलय—गहन (दे ३।४७ वृ)।

जूवय—१ ऐसा स्थान जिसके चारों ओर पानी हो–'जूवय णाम विट्ठं (वीउं) पाणियपरिक्खित्तं' (निचू ४ पृ ५४)। २ द्यूतकार (कु पृ १७२)।

जूह—कांजी, मांड या मूंग का पानी–'जूहं च कांजिकं, तंदुलोदगं मुद्गरसो वा जूहं भण्णति' (निचू ३ पृ १०३)।

जे—१ पाद-पूर्ति में प्रयुक्त अव्यय (उ २२।२१) २ अवधारण सूचक अव्यय।

जेमण—मीठा भोजन (ओटी प ४९)।

जेमणय—दक्षिण अंग, दाहिना हाथ आदि (दे ३।४८)।

जोअ—१ युगल (ज्ञाटी प ४७)। २ चन्द्र, चांद (दे ३।४८)।

जोअण—आंख, लोचन (दे ३।५०)।

जोइंगण—कीट-विशेष, इन्द्रगोप (दे ३।५०)।

जोइक्ख—१ दीप–'जोइक्खं तह छाइल्लयं च दीवं मुणेज्जाहि' (व्यभा ७ टी प ६२)–'जोइक्खशब्दः देश्यो दीपे वर्तते' (प्रसाटी प ४६; दे ३।४९)। २ प्रदीप आदि का प्रकाश (ओनि ६५४)।

जोइज्जमाण—दृष्ट (अनु ३।५२)।

जोइय—१ दृष्ट, देखा हुआ (आवचू १ पृ ५२८)। २ खद्योत (दे ३।५०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

जोइर—स्खलित (दे ३।४९)।

जोइल्लय—कीट-विशेष, इन्द्रगोप (आवचू २ पृ ८३)।

जोइस—नक्षत्र (दे ३।४९)।

जोई—विद्युत् (दे ३।४९)।

जोक्ख—मलिन (दे ३।४८)।

जोग्गा—चाटु, खुशामद (दे ३।४८)।

जोड—१ नक्षत्र (दे ३।४९)। २ रोग-विशेष। ३ जोड़ी, युगल।

जोडिअ—१ व्याध, शिकारी (दे ३।४९)। २ जोड़ा हुआ, संयुक्त किया हुआ।

जोडिऊण—जोड़कर, संयुक्त कर—'जोडिऊण करजुयलं कहिओ सुविणगवइयरो' (उसुटी प ६३)।

जोण्णलिआ—धान्य-विशेष, जुआरि (दे ३।५०)।

जोय—युग्म, जोड़ा (भ ११।१५९)।

जोयण—देखना—'उवओग चंदजोयण, साहुत्ति विगिंचणे णाणं' (जीभा १४१७)।

जो रं—वाक्य के आदि में प्रयुक्त 'जो' का अर्थ है—यह तथा 'रं' का अर्थ है—निश्चय—'जो रं च जो किरत्थम्मि' (दे ३।४८)।

जोव—१ बिन्दु। २ अल्प (दे ३।५२)।

जोवण—१ यन्त्र। २ धान्य का मर्दन। ३ धान की बुवाई—'जोवणं—धान्य-प्रकरः। प्रकरो मर्दनं धान्यस्य, लाटविषये जोवणं धण्णपइरणं भण्णइ' (ओटी पृ १६६)।

जोवारि—धान्य-विशेष, जुआरि (दे ३।५०)—'जोवारी शब्दोऽपि देश्य एव (वृ)।

जोव्वण—मध्य भाग (से २।१)।

जोव्वणणीर—वृद्धत्व, बुढ़ापा (दे ३।५१)—'जोव्वणणीरं तरुणत्तणे विजिएन्दिआण पुरिसाण' (वृ)।

जोव्वणवेअ—बुढ़ापा, वृद्धत्व (दे ३।५१)।

जोव्वणोवय—बुढ़ापा, वृद्धत्व (दे ३।५१)।

जोहार—जयकार, नमस्कार—'जयोत्कारकरणं पित्रादीनाम्' (प्रसाटी प १०५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

झ

झंकक—हाथ का आभूषण-विशेष—'तधेव झंकको व त्ति कडगं खडुगं ति वा' (अंवि पृ ६४)।

झंकारिअ—अवचयन, फूल आदि चुनना (दे ३।५६)।

झंख—१ तुष्ट, तृप्त (दे ३।५३)।

झंखणय—कोधी (अनुद्वाहाटी पृ २९)।

झंखर—सूखा पेड़ (दे ३।५४)।

झंखरिअ—फूलों को चुनना (दे ३।५६)।

झंझ—कलह—'अज्झीणझंझे पुरिसे, महामोहं पकुव्वइ' (सम ३०।१।९)।

झंझडिय—डांट-फटकार—'रिणे अदिज्जंते वणिएहिं अणेगप्पगारेहिं दुव्वयणेहिं झडिया—झंझडिया' (निचू ३ पृ २७०)।

झंझा—१ व्याकुलता (आ ३।६९)। २ कलह (स्था ८।१११)। ३ क्रोध। ४ माया (सूटी १ पृ २४०)।

झंझिय—बुभुक्षित (ज्ञा १।१।१६०)।

झंटलिआ—चंक्रमण, भ्रमण (दे ३।५५)।

झंटिय—प्रहत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह (निचू ३ पृ २६४; दे ३।५५)।

झंटी—छोटे किन्तु खड़े केश (दे ३।५३)।

झंडली—कुलटा, असती (दे ३।५४)।

झंडुअ—पीलु का वृक्ष (दे ३।५३)।

झंडुली—१ असती, कुलटा। २ क्रीडा (दे ३।६१)।

झंपक—बुझाने वाला—'झंपको णिव्वावको' (निचू १ पृ ७९)।

झंपणा—स्थगन, आच्छादन (निभा २७०३)।

झंपणी—पक्ष्म, आंख की बरौनी, आंख के बाल (दे ३।५४)।

झंपिअ—१ त्रुटित, टूटा हुआ। २ घट्टित, आहत (दे ३।६१)।

झंपित—आहत (व्यभा ७ टी प ३०)।

झंपुल्लिया—ऊंची छलांग—'झंपुल्लिया खेल्लणइं' (कु पृ ११२)।

झक्किअ—लोकापवाद, लोक-निन्दा (दे ३।५५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

झज्झरी—स्वयं को कोई न छूए—यह बताने के लिए चांडाल आदि जाति के लोग अपने हाथ में एक यष्टि रखते हैं, वह। इसका दूसरा नाम 'खिक्खिरी' है (दे ३।५४)।

झड—१ झड़ा हुआ—पत्र-पुष्पों से रहित—'वणसंडे····जुण्णे झडे परिसडिय-पंडुपत्ते' (राज ७८२)। २ शीघ्र (बृटी पृ १३१६)।

झडप्पड—शीघ्र (प्रा ४।३८८)।

झडप्पिअ—छीना हुआ (दे ५।३४ वृ)।

झडिज्जंत—आहत होता हुआ, खिन्न होता हुआ—'वासेण झडिज्जंतं दट्ठूणं वानरं थरथरेंतं' (आवमटी प ३४५)।

झडित—झड़ा हुआ (निचू ३ पृ २७०)।

झडिय—१ डांटना, फटकारना (निचू ३ पृ २७०)। २ शिथिल, ढीला। ३ श्रान्त, खिन्न (म ४४७)। ४ झड़ा हुआ, गिरा हुआ।

झडी—निरन्तर वर्षा (दे ३।५३)।

झडुरविडुर—जादू-टोना (व्यभा ४।३ टी प ४९)।

झत्थ—१ गत, गया हुआ। २ नष्ट (दे ३।६१)।

झपित—कम्पित (अंवि पृ १४३)।

झमाल—इन्द्रजाल (दे ३।५३)।

झरअ—सुवर्णकार (दे ३।५४)।

झरंक—तृण का बनाया हुआ पुरुष, चञ्चा (दे ३।५५)।

झरंत—तृण-पुरुष, चञ्चा (दे ३।५५ वृ)।

झरक—१ स्मरण करने वाला—'सुत्तत्थे मणसा झायंतो झरको' (नंदीचू पृ ८)। २ ध्यान करने वाला (नंदी टी पृ १२)।

झरणा—१ स्मरण—'एवं सो झरणाए दुब्बलो जातो' (आवचू १ पृ ४१०)। २ झरना, टपकना (बृभा ६००७)।

झरय—ध्यान करने वाला—जो दुब्बलिओ सो झरओ' (आवचू १ पृ ४०९)।

झरुअ—१ मच्छर, मशक (दे ३।५४)। २ झींगुर—'मशकवाचकशब्दाश्चीर्यामपि वर्तन्ते। यदाह—मशकाख्याश्चीर्यामप्युच्यन्ते काव्यतत्त्वज्ञैः' (वृ)।

झलक्किय—दग्ध, संतप्त (प्रा ४।३९५)।

झलज्झल—पानी का शब्द (ओटी प ३७६)।

झलझलिआ—थैली (दे ३।५६)।

झला—मृगतृष्णा, मृगमरीचिका (दे ३।५३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

झलुंकिअ—जला हुआ, दग्ध (दे ३।५६)।

झलुसिअ—जला हुआ (दे ३।५६)।

झल्लमल्ल—परिपूर्ण, भरा हुआ (विभाकोटी पृ २९४)।

झस—१ अयश, अकीर्ति। २ तट, किनारा। ३ छेनी से कटा हुआ। ४ तटस्थ, मध्यस्थ।। ५ दीर्घ-गंभीर, लंबा और गंभीर, बहुत गहन (दे ३।६०)। ६ शस्त्र-विशेष (कु पृ १९८)।

झसिअ—१ पर्यस्त, उत्क्षिप्त। २ आक्रुष्ट, जिस पर आक्रोश किया गया हो वह (दे ३।६२)।

झसुर—१ ताम्बूल, पान। २ अर्थ, प्रयोजन (दे ३।६१)।

झाउल—कर्पास-फल, डोडा (दे ३।५७)।

झाड—झाड़ी, निकुंज (निचू ३ पृ २६७; दे ३।५७)।

झाम—दग्ध (जीव ३।९६)।

झामण—जलाना (जीभा २३२३)।

झामणिक—जलानेवाला (नंदि पृ २५४)।

झामर—वृद्ध, बूढा (दे ३।५७)।

झामल—आंखों का रोग-विशेष—'पुत्तसोगेण य, से किल झामलं चक्खु जायं रुयंतीए' (आवहाटी १ पृ ९९)। झांवला (राज)। झामरो (गुज)।

झामित—दग्ध (जीभा २३२१)।

झामिय—१ जलाया हुआ, दग्ध (भ ५।५१; दे ३।५६)। २ श्यामल। ३ कलंकित।

झारुआ—झींगुर, क्षुद्र कीट-विशेष (दे ३।५७)।

झिखिअ—लोकापवाद, लोक-निन्दा (दे ३।५५)।

झिंगिर—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, झींगुर (प्रज्ञा १।५०)।

झिंगिरिड—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।५०)।

झिंझिय—बुभुक्षित, भूखा—'आउरे झिंझिए पिवासिए तवस्सी' (बृ ४।२८)।

झिज्झरि—वल्ली-विशेष (आचूला १।१०८)।

झिज्झरी—वल्ली-विशेष (आचू पृ ३४१)।

झिमिय—जड़ता, शरीर के अवयवों का अकड़ जाना (आ ६।८)।

झिरिड—जीर्ण कूप (दअचू पृ १००, दे ३।५७)।

झिल्लिय—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, झिल्ली (प्रज्ञा १।५०)।

झिल्लिरिआ—१ 'चीहीं' नामक तृण। २ मशक, मच्छर (दे ३।६२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

झिल्लिरी—मछली पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १।८।१९)।
झिल्ली—१ अनंतकाय वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।४८।४२)। २ तरंग।
झीण—१ अंग, शरीर। २ कीट (दे ३।६२)।
झीम—मन्द—'झीमीभवंति ति मंदीभवंति इति चूर्णौ' (बृटी पृ ३८)।
झीरा—लज्जा (दे ३।५७)।
झुंख—तुणय नामक वाद्य (आवचू १ पृ ३०९; दे ३।५८)।
झुंझिडित—सेवा करने वाला—'झुंझिडिओ णाम उवचरतो' (दशुचू प ५०)।
झुंझिय—१ भूखा (प्र ३।९)। २ मुरझा हुआ (भ १६।४)।
झुंझुमुसय—मन का दुःख (दे ३।५८)।
झुंटण—१ प्रवाह (दे ३।५८)। २ पशु-विशेष।
झुंपडा—झोंपडी, कुटिया—'मंहु कंतहो गुट्ठडिअहो कउ झुंपडा बलंति' (प्रा ४।४१६ टी)।
झुंबनक—लटकने वाला आभूषण, झूमका (भटी पृ ८७६)।
झुझुरायित—जीर्ण-शीर्ण (अंवि पृ १४८)।
झुट्ठ—असत्य (दे ३।५८)।
झुत्ती—विच्छेद (दे ३।५८)।
झुपित—दग्ध, झुलसा हुआ (अंवि पृ १४८)।
झुमुझुमुसय—मन का दुःख (दे ३।५८ वृ)।
झुरित—क्षीण, मुरझाया हुआ (भटी पृ १२९७)।
झुल्लुरी—गुल्म (दे ३।५८)।
झुसिय—बुभुक्षित—'आउरे झुसिए पिवासिए' (भ १६।५२)।
झूर—टेढा, कुटिल (दे ३।५९)।
झूसरिअ—१ अत्यन्त। २ स्वच्छ, निर्मल (दे ३।६२)।
झूसिय—१ बुभुक्षित—'आउरं झूसियं पिवासियं' (अंत ३।९५)। २ परित्यक्त, क्षपित (स्थाटी प २२५)।
झेंडुअ—गेंद, कन्दुक (दे ३।५९)।
झेर—पुराना घण्टा (दे ३।५९)।
झोंडलिआ—रास के सदृश एक प्रकार की क्रीडा (दे ३।६०)।
झोट्टी—अप्रसूत अवस्था वाली भैंस (दे ३।५९)।
झोड—पत्रविहीन वृक्ष, ठूंठ (ज्ञा १।११।२)।
झोडण—शाटन, पातन (प्र १।३५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

झोडप्प—१ चना (दे ३।५९)। २ सूखे चने का शाक—'झोडप्पो चणकधान्यम्। शुष्कचणकशाकमित्यन्ये' (वृ)।

झोडय—वीणा-विशेष (नि १७।१३७)।

झोडिअ—बहेलिया, व्याध, शिकारी (दे ३।६०)।

झोलिआ—१ शिविका-विशेष (कु पृ २४)। २ थैली, झोली (दे ३।५६)।

झोलिका—झोली, थैली—'झोलिकाशब्दो यदि संस्कृते न रूढस्तदायमपि देश्यः' (दे ३।५६ वृ)।

झोस—१ समीकरण—'झोस त्ति वा समकरणं ति वा एगट्ठं' (निचू ४ पृ ३२३)। २ झाड़ना, दूर करना।

झोसण—१ क्षपणा, छोड़ना—'झोसण खवणा मुंचण एगट्ठा' (जीभा २२७६)। २ आसेवन, मार्गण—'आभोगणं ति वा मग्गणं ति वा झोसणं ति वा एगट्ठं' (व्यभा ४।१ टी प २४)।

ट

टंक—१ तलवार (प्र १।२८; दे ४।४)। २ एक दिशा में छिन्न पर्वत—'छिन्नं तडं टंकं' (नंदीचू पृ ६४)। ३ किनारा (निचू १ पृ ४४; दे ४।४)। ४ भित्ति (उसुटी प १९५; दे ४।४)। ५. कुदाल। ६ छिन्न, काटा हुआ। ७ खात. खुदा हुआ जलाशय। ८ जंघा (दे ४।४)।

टंकण—टंकण देश में रहने वाली म्लेच्छजाति, पर्वतीय लोग—'अक्कोसे सरणं जंति टंकणा इव पव्वयं' (सू १।३।५७)।

टंका—जंघा (पा ८५१)।

टंकिअ—फैला हुआ (दे ४।१)।

टंबरअ—भारी (दे ४।२)।

टक्क—म्लेच्छ जाति (कु पृ १५३)।

टक्कर—१ मुद्गरविशेष (प्रटी प ४८)। २ ठोकर, आघात (उसुटी प १३)।

टक्करा—टकोरा, मुंड-सिर पर अंगुली का आघात (निचू ४ पृ ३१२)।

टक्कारा—टकोरा, आघात (व्यभा २ टी प ५२)।

टक्कारिआ—अरणि का फूल (दे ४।२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टक्कारी—१ वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ७०)। २ अरणि का फूल (दे ४।२ वृ)।

टट्टइआ—पर्दा (दे ४।१)।

टप्पर—१ विकराल कान वाला (प्रटी प ८१)। २ छाज के आकार के कान (उपाटी पृ ९६)।

टप्परअ—विकराल कान वाला (दे ४।२)।

टमर—केशों का समूह (कु पृ ७३; दे ४।१)।

टसर—१ सूती वस्त्र (निचू २ पृ ६८)। २ मोड़ना (दे ४।१)।

टसरोट्ट—अवतंस (दे ४।१)।

टार—१ दुष्ट अश्व (दे ४।२)। २ टट्टू, छोटा घोड़ा।

टाल——फल की वह अवस्था जिसमें गुठली न पड़ी हो (द ७।३२)—'टालाणि नाम अबद्धट्ठिगाणि भन्नंति' (जिचू पृ २५६)।

टिंबरु—तेंदू का वृक्ष (दे ४।३)।

टिंबरुय—तेंदु का वृक्ष (दजिचू पृ १८४)।

टिक्क—१ तिलक (दे ४।३)। २ सिर पर फूलों का गुच्छा (वृ)।

टिक्किद—तिलक वा 'टीकी' से विभूषित—'मंडियटिक्किदविभूसिया एगा साहुणी' (उसुटी प ५४)।

टिग्घर—स्थविर, वृद्ध (दे ४।३)।

टिट्टि—टिट्-टिट् की आवाज, बछड़े आदि को प्रतिषेध करने का शब्द (बृभा ७७)।

टिट्टिभीय—टिट्टिभ, टि-टि करने वाला प्राणी (अंवि पृ १८३)।

टिप्पी—तिलक (दे ४।३)।

टिविडिक्किय—अलंकृत, विभूषित—'संजइं पासति मंडिय-टिविडिक्किया' (उशाटी प १३८)।

टुंट—छिन्न-हस्त, कटे हुए हाथ वाला (प्रसा ७९५; दे ४।३)।

टुंटय—छिन्न-हस्त (दे ४।३ वृ)।

टेंकण—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (जीवटी प ३२)।

टेंटा—१ जूआ खेलने का स्थान (दे ४।३)। २ अक्षि-गोलक। ३ छाती का शुष्क व्रण।

टेंटिअ—द्यूतक्रीडा के स्थान पर रहने वाला (दे ४।३ वृ)।

टेंबरुय—तेंदु का फल (आटी प ३४९)।

टेक्कर—स्थल, प्रदेश (दे ४।३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

टेक्करय—स्थल (दे ४।३ वृ)।

टेट्टिकालक—पक्षी-विशेष (अंवि पृ २३८)।

टेट्टिवालक—चित्र-विचित्र रंगों वाला पक्षी-विशेष, तितली (?) (अंवि पृ २२५)।

टेणग—झाग (अनुद्वाचू पृ १३)।

टोक्कण—दारू मापने का बर्तन (दे ४।४)।

टोक्कणखंड—दारु मापने का पात्र (दे ४।४ वृ)।

टोक्कर—जाली या डोरी (बृटी पृ १६४१)।

टोप्परिया—पात्र-विशेष (आवहाटी १ पृ २७५)।

टोल—१ अप्रशस्त (जंबू २।१३३)। २ ऊंट (भटी प ३०८)। ३ टिड्डी—'टोलोव्व उप्फिडंतो' (प्रसा १५७)। ४ शलभ—'टोलोव्व मा पड तुमं उज्जाणे' (दे ४।४)। ५ पिशाच—'टोलं पिशाचमाहुः सर्वे शलभं तु राहुलकः' (वृ)। ६ टोली, यूथ।

टोलंब—महुआ का पेड़ (दे ४।४)।

'टोल' गति—१ टेढ़ी-मेढ़ी गति (भ ७।११९)। २ गुरुवंदन का एक दोष, टिड्डी की तरह फुदक-फुदक कर वंदना करना (प्रसाटी प ३६)।

टोला—टिड्डी—'टोला तिड्डया इति चूर्णौ विशेषचूर्णौ' (बृटी पृ ६७५)।

टोल्ल—मुंड सिर पर अंगुली का आघात, ठुनकाना (व्यभा १ टी प १३)। ठोला मारना (राज)।

ठ

ठइअ—१ उत्क्षिप्त (दे ४।५)। २ अवकाश (वृ)।

ठक्कुर—ठाकुर (बृटी पृ ५४)।

ठरिअ—१ सम्मानित। २ ऊर्ध्वस्थित (दे ४।६)।

ठल्ल—निर्धन (दे ४।५ वृ)।

ठल्लय—निर्धन (दे ४।५)।

ठविआ—प्रतिमा (दे ४।५)।

ठाग—अवकाश, स्थान (बृभा ४८५०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ठाण—अभिमान (दे ४।५)।

ठाणइल्ल—कोतवाल—'ठाणइल्ला रायपुरिसा गहण-कड्ढणं करेज्ज' (निचू ३ पृ १९९)।

ठाणिज्ज—१ सम्मानित (दे ४।५)। २ गौरव।

ठिअअ—ऊर्ध्व, ऊंचा (दे ४।६ वृ)।

ठिक्क—शिश्न, पुरुष-चिह्न (दे ४।५)।

ठिक्करिया—ठीकरी, कपाल—'ठिक्करियं अच्चेहि' (आवहाटी १ पृ २६४)।

ठिक्किरिया—ठीकरी, घड़े का टूटा हुआ अंश—'सरक्खाणं ढुक्काहि ठिक्किरियं च अच्चेहि' (आवचू १ पृ ५२२)।

ठियल्ल—अवस्थित (उसुटी प ७२)।

ठिविअ—१ ऊर्ध्व। २ निकट। ३ हिचकी (दे ४।६)।

ठुंठ—स्थाणु—'छिन्नावशिष्टवनस्पतीनां शुष्कावयवाः ठुंठा इति लोकप्रसिद्धाः' (जंबूटी प ६६)।

ठोठिका—एक प्रकार की मिठाई (प्रसाटी प ५१)।

ड

डआलुय—नौका-विशेष (अंवि पृ १४६)।

डउर—जलोदर रोग (निभा २६५)।

डंक—१ (बिच्छू आदि का) दंश (प्र १।२३)। २ क्षत-विक्षत (निचू २ पृ ८८)।

डंगर—नीच जाति के लोग—'डंगरा पादमूलिया' (निचू ३ पृ ५२१)। २ लाठी रखने वाले चोर—'लाकुटिकाः डङ्गराः' (बृटी पृ ११५७)।

डंड—वस्त्र के जोड़े हुए टुकड़े (दे ४।७)।

डंडअ—रथ्या (दे ४।८)।

डंडपरिहार—जीर्ण-शीर्ण बड़ी कंबल—'महंता जुण्ण कंबली सरडिता डंड-परिहारो भण्णति' (निचू २ पृ ३२२)।

डंडि—सांधा हुआ जीर्ण वस्त्र (निचू ३ पृ ६०)।

डंडी—सिले हुए वस्त्र-खण्ड (दे ४।७ वृ)।

डंबर—घर्म, गर्मी (दे ४।८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डंभण—सूची की भांति तीक्ष्ण शस्त्र-विशेष (विपा १।६।२१)।

डंभिअ—द्यूतकार (दे ४।८)।

डक्क—१ सांप द्वारा डसा हुआ (निचू १ पृ ८२)। २ दन्तगृहीत (दे ४।६)। ३ वाद्य-विशेष।

डक्कुरिज्जंत—पीड़ित होता हुआ—'महाणगरडाहे वा डक्कुरिज्जंतेसु वा णगरगामेसु वा समंता हाहाकाररवा' (सूचू १ पृ १३१)।

डगण—यान-विशेष (बृभा ३१७१)।

डगल—१ फल का छोटा और विषम गोल टुकड़ा (नि १५।७)। २ खण्ड—'डगलं तु होइ खंडं' (निभा ४६९८)। ३ आधाभाग—'डगलं अद्धं भण्णति' (निचू ३ पृ ४८२)। ४ ईंट का टुकड़ा (ओनि ३६०)। ५ पाषाण-खंड (ओभा ७८)।

डगलग—ईंट, पाषाण आदि के टुकड़े (पिनि ३७)।

डग्गल—घर के ऊपर का भूमितल (दे ४।८)। डागला (राजस्थानी)।

डड्ढाडी—दवमार्ग, अग्निमार्ग (दे ४।८)।

डड्ढाली—दवमार्ग, दावानल से निर्मित मार्ग (दे ४।८ पा)।

डप्फ—सेल्ल नामक आयुध (दे ४।७)।

डब्ब—बायां—'चउरंगुल मुहपत्ती उज्जुए डब्बहत्थ रयहरणं' (आवनि १५४५)।

डमर—अशोभनीय—'पच्चंता करिंति डमराइं' (आवहाटी २ पृ ४५)।

डल—लोष्ट, मिट्टी का ढेला (दे ४।७)।

डल्ल—१ बांस की बड़ी छाबड़ी—'गवां चरणार्थं यद्वंशदलमयं महद्भाजनं तद्गोकिलञ्जं डल्ले त्ति यदुच्यते' (उपाटी पृ ९६; दे ४।७)।

डल्ला—बांस का बना हुआ भाजन-विशेष (भटी प ३१३)।

डव्व—बायां हाथ (दे ४।६)।

डहर—१ बालक (सू १।२।२; दे ४।८)। २ छोटा—'जे यावि नागं डहरं ति नच्चा आसायए से अहियाय होइ' (द ९।१।४)। ३ अकुलीन—'डहरो अकुलीणोत्ति' (जीविप पृ ४१)।

डहरप्फर—हड़बड़ाहट (दअचू पृ ८)।

डहरय—छोटा (उसुटी प २४)।

डहराक—छोटा (अंवि पृ ११९)।

डहरिया—छोटी, अठारह वर्ष तक की लड़की (आवचू २ पृ १५४)।

डहरी—१ छोटी (दशुनि ५)। २ अलिञ्जर, मिट्टी का घड़ा (दे ४।७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डाअ—पत्ती वाला हरित शाक-विशेष (दश्रु ३।३)।

डाअल—नेत्र, लोचन (दे ४।६)।

डाउ—१ फलिहंसक वृक्ष। २ गणपति की प्रतिमा-विशेष (दे ४।१२)।

डाग—१ पत्ती वाला शाक (जीभा १२१३)। २ हरा शाक—'मूलफलं हरियगं डागो' (पंक ७२८)। ३ डालो (आटी प ४११)।

डागल—फल का गोल टुकड़ा (नि १५।७)।

डागवच्च—पत्र-प्रधान शाक सुखाने का स्थान (आचूला १०।२६)।

डामित—झामित, जलाया हुआ (व्यभा ७ टी प ५५)।

डाय—१ बैंगन, ककड़ी, चना, पत्ती आदि का शाक। २ मसालों से पकाई हुई बथुआ, राई आदि की भाजी (प्रसा १३६)।

डायलअ—चक्षुष्मान्, आंख वाला—'ता तरलिअडायलओ गुत्तिद्रहे डिड्डुरोव्व डिफेसु' (दे ४।६ वृ)।

डायाल—हर्म्यतल, प्रासाद-भूमि (निचू २ पृ ३६)।

डाल—वृक्षशाखा (निचू ३ पृ २४)।

डालग—१ शाखा का एक भाग—'डालग त्ति शाखैकदेशः' (आटी प ३५४)। २ सूक्ष्म खण्ड (आटी प ४०५)।

डालय—शाखा (ज्ञा १।३।१८)।

डाला—वृक्ष की शाखा (पा ३३३)।

डाली—शाखा (निचू ३ पृ ४७२; दे ४।६)।

डाव—वाम हस्त, बांया हाथ (निर १।३८; दे ४।६)। डावो (राज, गुज)।

डिअली—स्थूणा, खम्भा (दे ४।६)।

डिडि—सिले हुए वस्त्र-खंड (दे ४।७)।

डिडिबंध—गर्भ-संभव (पंक २४४)।

डिडिम—१ कांस्य पात्र (आचूला १।१४५)। २ गर्भ-संभव (निचू २ पृ २६०)।

डिडिल्लिअ—१ तैल-किट्ट से व्याप्त वस्त्र, खलि-खचित वस्त्र (दे ४।१०)। २ स्खलित हस्त (वृ)।

डिडिल्लिअय—स्खलित हस्त (दे ४।१० वृ)।

डिड्डुर—मेंढक (दे ४।६ वृ)।

डिफ—जल—'डिड्डुरो व्व डिफेसु' (दे ४।६ वृ)।

डिफिअ—पानी में गिरा हुआ (दे ४।६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डिक्क—बालक (आवचू १ पृ ४६९) ।

डिक्कर—पुत्र (आवहाटी १ पृ ६२) । डीकरो (गुज) ।

डिक्करिका—छोटी कन्या (आटी प ४१३) । डीकरी (गुज) ।

डिक्करुका—लड़की (आवचू २ पृ २९०) ।

डिक्करूव—बालक–'एए पव्वइया डिक्करूवाणि घेत्तुं मारेंति' (उसुटी प २०५) ।

डिडुर—मेंढक (दे ४।९) ।

डिड्डुर—मेंढक (दे ४।९ वृ) ।

डिप्फर—आसन-विशेष–'डिप्फरो पीढफलकं सत्थियं तलियं ति वा' । (अंवि पृ ६५) ।

डिलय—शाखा–'डिलयम्मि ओलइया' (जीभा ५३८) ।

डीण—अवतीर्ण (आचू पृ ८५; दे ४।१०) ।

डीणोवय—ऊपर (दे ४।१०) ।

डोर—नया अंकुर, कन्दल (दे ४।१०) ।

डुंग—१ शिलाओं का उपचय । २ चोरों का समुदाय–'डुंगानि शिलावृन्दानि चोरवृन्दानि वा' (जंबूटी प १६८) ।

डुंगर—१ छोटी पहाड़ी । २ चोरों की बस्ती (जंबूटी प १६८) । ३ पर्वत (दे ४।११) ।

डुंघ—नारियल का बना पात्र जो पानी निकालने के काम आता है (दे ४।११) ।

डुंडुअ—१ पुराना घण्टा (दे ४।११) । २ बडा घंटा ।

डुंब—१ महावत (पिनि ३८७) । २ चाण्डाल (सूचू २ पृ ३५७; दे ४।११) ।

डुंबिय—चांडाल (निचू २ पृ २६६) ।

डुपक—नाव (अंवि पृ ७९) ।

डेप—१ गहरा–'डेपकूपे प्रतिबिम्बं मरुकूपसदृशमतीवोण्डं कूपं दृष्वेत्यर्थः' । २ प्रतिक्षेपण, गिराना (व्यभा ४।३ टी प ९) ।

डेपन—लंघन, अतिक्रमण (व्यभा ४।३ टी प ६) ।

डेरग—छोटा, लघु (आवहाटी १ पृ २७०) ।

डेवण—कूदना-फांदना–'डेवणं गत्तवरंडाई फडणं' (जीविप पृ ३४) ।

डेवेमाण—प्लवमान (भ १३।१५५) ।

डोअ—दाल-शाक आदि परोसने की काष्ठ-निर्मित बड़ी कडछी (नंदी ३८।९; दे ४।११) । डोयो (गुज) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डोअण—लोचन (दे ४।९)।

डोंगर—१ छोटी पहाड़ी (जंबू २।१३१)। २ ढेर, टीला—'छारेण डोंगरा कता' (आवचू १ पृ २२३)। ३ पर्वत (ओटी प २०)।

डोंगिली—१ ताम्बूल का भाजन-विशेष (दे ४।१२)। २ पान बेचने वाली स्त्री (वृ)।

डोंगी—१ स्थासक—कुंकुम आदि से लिप्त हथेली का छापा। २ पान रखने का पात्र-विशेष, पानदानी (दे ४।१३)।

डोंडिणी—ब्राह्मणी (आवहाटी १ पृ ३७)।

डोंब—१ चाण्डाल, डोम (प्र १।२१)। २ महावत (बृभा ४१२४)। देश-विशेष (प्रज्ञा १।८९)। ४ पटह बजाने वाला—'किं कोइ डोंब-डिभो पडहयसद्दस्स उत्तसइ' (कु पृ ३८)।

डोंबिल—डोम, चाण्डाल (जीभा ४२५)।

डोंबिलग—१ एक अनार्य-जाति। २ म्लेच्छ देश-विशेष (प्रज्ञा १।८९)।

डोंबिल्लिय—अनार्य जाति का नृत्य, वादन आदि (कु पृ १५०)।

डोंबी—कर्णपिशाचिनी, चांडाली (पंवटी प २३२)।

डोड—ब्राह्मण (उसुटी प ५८)।

डोडकित—वनस्पति की वह अवस्था जिसमें अनाज के 'डोडे' उत्पन्न हो गये हों (ज्ञाटी प १२५)।

डोडिणी—ब्राह्मणी (अनुद्वा ९८)।

डोड्डुग—आक का डोडा—'अक्कडोड्डुगाइ तूलभरिया वा तूली' (निचू ३ पृ ३२१)।

डोड्डुनी—ब्राह्मणी (स्थाटी प १४४)।

डोतीय—बड़ा चम्मच (जीभा १२११)।

डोभ—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

डोल—१ चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष, टिड्डी (उ ३६।१४७)। २ फल-विशेष, मधूक (प्रसा २१९)। ३ अक्षिगोलक—'बेवि अक्खिडोलए पाडेति' (आचू पृ २२६)। ४ आंख (दे ४।९)।

डोला—१ शिविका (दे ४।११)। २ हिंडोला, झूला (पा ७४१)। ३ टिड्डी—'डोलाः तिड्डुका उच्यन्ते' (बृटी पृ ६७५)।

डोलिअ—काला हिरण (दे ४।१२)।

डोलिका—बैठने की डोली (जंबूटी प १२३)।

डोव—१ म्लेच्छ जाति (निचू १ पृ १०३)। २ कड़छी (आचटि प ६१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

डोवलिय— शाक आदि परोसने का काष्ठ-पात्र (आवहाटी २ पृ २४४)।

डोविलिय—शाक आदि परोसने का काष्ठ-पात्र (आवचू २ पृ ३१०)।

डोहल—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

डोहिय—फल की अस्थिविहीन अवस्था (आचू पृ ३४१)।

ढ

ढंक—१ जंगली कौआ, मांसभक्षी पक्षी—'सियाल-णंतिक्क-ढंकादी' (जीभा २४६७)। २ जलचर पक्षि-विशेष—'.....जलचरपक्षि-जातिरेव.....एते हि न तृणाहाराः केवलोदकाहारा वा' (सूचू १ पृ २०१)। ३ मांसभक्षी क्षुद्र जीव (सूटी १ प २४९)। ४ कौआ (दे ४।१३)।

ढंकण—ढक्कन, पिधानक (अनुद्वा)।

ढंकणी—पिधानिका, ढक्कनी (दे ४।१४)।

ढंकराली—बडे पक्षी-विशेष—'महासकुणा दिग्घग्गीवा....पारिप्पव-ढंकरालीओ' (अंवि पृ २३९)।

ढंकुण—१ वाद्य-विशेष (आचूला ११।२)। २ खटमल (जंबूटी प १२४; दे ४।१४)।

ढंखरिअ—विशेष प्रकार की वीणा रखने वाला (दे ४।१४ वृ)।

ढंखरी—वीणा का एक प्रकार (दे ४।१४)।

ढंढ—१ पङ्क। २ निरर्थक (दे ४।१६)। ३ कपटी, दाम्भिक।

ढंढणी—१ तृण-विशेष (बृटी पृ २०६)। २ कपिकच्छु का वृक्ष (दे ४।१३)।

ढंढर—१ पिशाच। २ ईर्ष्या (दे ४।१६)।

ढंढरिअ—कर्दम (दे ४।१५)।

ढंढसिअ—१ ग्रामयक्ष (दे ४।१५)। २ ग्रामवृक्ष (वृ)।

ढंढा—भेरी—'णेहो त्ति णाम डड्ढं (ढंढं ?) भणियं मज्झण्हढंढाए' (कु पृ १९९)।

ढंसय—अपयश (दे ४।१४)।

ढक्क—म्लेच्छ जाति-विशेष (कु पृ १५३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ढक्कण—ढक्कन—'संवरं ढक्कणं पिहाणं ति एगट्ठा' (जीचू पृ ५)।

ढक्कय—तिलक (दे ४।१४)।

ढक्करि—अद्भुत (प्रा ४।४२२)।

ढक्कवत्थुल—एक प्रकार की भाजी (प्रसा २३९)।

ढक्किय—१ आच्छादित (पिनि १६८)। २ वृषभ की आवाज (उसुटी प १३५)।

ढड्ढ—भेरी (दे ४।१३)।

ढड्ढर—१ तेज आवाज (बृभा २५९१)। २ गुरुवन्दन का एक दोष—ऊंचे स्वर से वन्दन करना (प्रसा १७३)।

ढमर—१ पिठर, स्थाली। २ उष्णजल (दे ४।१७)।

ढयर—१ पिशाच। २ ईर्ष्या (दे ४।१६)।

ढावरा—बालक (अंवि पृ ६६)। डावरा (राजस्थानी)।

ढिउल्लिका—पुतली (पिटी प ६)।

ढिक—बड़ा काक (प्रटी प १०)।

ढिकिय—वृषभ की गर्जना—'वसभं ढिकिएणं' (अनुद्वा ५२२)।

ढिकुण—१ खटमल (जंबू २।४०)। २ गौ आदि को लगने वाला क्षुद्र जंतु-विशेष 'चींचड' (उ ३६।१४६)।

ढिढ—जल में गिरा हुआ—'दिट्ठो कह वि मह पई ढिढो' (दे ४।१५ वृ)।

ढिढय—जल में गिरा हुआ (दे ४।१५)।

ढिक्कय—नित्य (दे ४।१५)।

ढिविकय—वृषभ का शब्द—'वसभढिक्किकयाइ' (अनुद्वाचू पृ १३)।

ढुंढुल्लिअ—खोजा हुआ (पा ५२९)।

ढुक्कड—उपस्थित, मिलित—'इमं समोसरणं ढुक्कडं' (सूचू २ पृ ४१४)।

ढेंका—१ ढेंकुवा पक्षी (निचू १ पृ १०३)। २ हर्ष। ३ कूपतुला (दे ४।१७)।

ढेंकी—बलाका (दे ४।१५)।

ढेंकुण—खटमल (दे ४।१४)।

ढेंढिअ—धूपित (दे ४।१६)।

ढेकुय—कूप-तुला—'दो जणा ढेकुयादवरकेण····बद्धा' (आवमटी प २७९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

ढेक्किय—सांड की गर्जना—'गोट्ठंगणस्स मज्झे ढेक्कियसद्देण जस्स भज्जंति' (आवहाटी २ पृ १५३)।

ढेणिआल—टिड्डी (अंतटी पृ ४)।

ढेणिकाल—कीट-विशेष (अनुटी पृ ४)।

ढेणियालग—पक्षि-विशेष (प्र १।९)।

ढेणियालिया—पक्षि-विशेष (अनु ३।३३)।

ढेल्ल—निर्धन (दे ४।१६)।

ढेल्लिका—नितम्ब (अंवि पृ ११४)।

ढेल्लिय—ढेला, मृत्खंड (अंवि पृ २१५)।

ढेल्लिया—मिट्टी का ढेला (अंवि पृ २१५)।

ढोइत—प्रविष्ट (निचू २ पृ २८५)।

ढोंघर—भ्रमणशील (दे ४।१६ वृ)।

ढोंघरय—भ्रमणशील (दे ४।१६)।

ढोंढसिव—भगवान् महावीर के समय से प्रचलित ग्राम-देवता—'ततो तप्पभिई ढोंढसिवो पवत्तो' (आवमटी प २९१)।

ढोक्कणिय—आच्छादन—'कुतित्थाणि य जाणासि, अच्छिढोक्कणियाणि य' (आवहाटी २ पृ ४८)।

ढोय—गमन, प्रवेश—'चेल्लणाइ कयाइ ढोयं न देइ' (आवहाटी २ पृ १२९)।

ढोल्ल—१ प्रिय (प्रा ४।३३०)। २ पटह, ढोल। ३ देशविशेष।

ण

णइकुक्कुडिका—जलचर पक्षि-विशेष (अंवि पृ २३८)।

णइमासय—पानी में होने वाला फल-विशेष (दे ४।२३)।

णउत—संख्या-विशेष—'चतुरशीतिर्नयुताङ्गशतसहस्राणि एकं नयुतम्' (स्थाटी प ३४५)।

णउलग—नौली, रुपयों की थैली (उसुटी प ११८)।

णं—पादपूरक अव्यय—'णगारो देसिवयणेण पायपूरणे, जहा—समणे णं रुक्खा णं गच्छा णं ति' (निचू १ पृ २९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णंकार—पादपूर्ति के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द—'णंकार पूरणे देसी-भाषातो वा' (सूचू १ पृ १४२)।

णंगणिगा—नग्नभाव—'नग्नभावो हि णंगणिगा स्यात्' (सूचू १ पृ १५९)।

णंगर—लंगर, जहाज को जल-स्थान में थामने के लिए पानी में डाला जाने वाला लोहे या पत्थर का साधन (ज्ञाटी प १६५)।

णंगल—लांगूल, पूंछ—'गद्दभनंगलेण गाहाविया' (आवहाटी २ पृ १३१)।

णंत—वस्त्र—'णंतमिति देशीवचनं वस्त्रवाचकम्' (आवमटी प ८८)।

णंतक—कपड़ा (आवचू २ पृ २११)।

णंतग—वस्त्र—'उग्गह णंतग पट्टो अड्ढोरुग' (पंक १४८१)।

णंतिक्क—१ बुनकर, जुलाहा—'णंतिक्क-रयग-देवड-डोंबिल-पाडहिय रायपहे' (जीभा ४२५)। २ पशु-विशेष—'अण्णे वि अत्थि संघा, सियाल-णंतिक्क-ढंकादी' (जीभा २४६७)। ३ वस्त्र छापने वाला, छींपा (व्यभा १० टी प ६६)।

णंतुका—पक्षिणी-विशेष (अंवि पृ ६९)।

णंद—१ ईख पेरने का काण्ड। २ कुंडा, पात्र-विशेष (दे ४।४५)। ३ लोहे, का वृत्त आसन-विशेष (ज्ञाटी प ४७)।

णंदण—१ भृत्य, नौकर (दे ४।१९)। २ एक प्रकार का सुगन्धित वृक्ष (कु पृ १४९)।

णंदा—गाय (दे ४।१८)।

णंदिअ—सिंहनाद, सिंह का दहाड़ना (दे ४।१९)।

णंदिक्ख—सिंह (दे ४।१९)।

णंदिणी—गाय (दे ४।१८)।

णंदिविणद्धण—सिर का आभूषण-विशेष (अंवि पृ १६२)।

णंदी—गाय (दे ४।१८)।

णंदीविणद्धक—सिर का आभूषण-विशेष (अंवि पृ १८३)।

णक्क—१ नाक (विपा १।१।६२; दे ४।४६)। २ मूक (दे ४।४६)।

णक्खच्चण—नखचूंटी, नहरनी (पंक २०२४)।

णक्खच्चणि—नहरनी (बृभा २८८३)।

णक्खत्तणेमि—विष्णु (दे ४।२२)।

णगर—घर—'णगरं घरं आश्रयेत्यर्थः' (निचू १ पृ ९९)।

णगरग—घर (निभा २८३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णच्चिर—रमणशील, उन्मत्त—'ण सुणेसि णच्चिराणं जइ गीयं' (दे ४।१८)।

णच्छक—रोग-विशेष (अंवि पृ २०३)।

णच्छोटि—नाखून काटने का शस्त्र, नहरनी (व्यभा १० टी प ३०)।

णज्जर—मलिन (दे ४।१९)।

णज्झर—निर्मल (दे ४।१९)।

णट्टुल्लग—नाटक (ज्ञाटी प १०२)।

णट्टोसक—नाटकाचार्य (अंवि पृ ६८)।

णड—तृण-विशेष (जीवटी प १२३)।

णडइल्ल—नाटकीय (कु पृ ४२)।

णडवेलंब—कोलाहल, छीनाझपटी—'तारिसं णडवेलंबं घरे दट्ठुं' (निचू ३ पृ ४३३)।

णडिअ—१ वञ्चित, प्रतारित (ज्ञा १।९।५४; दे ४।१८)। २ व्याकुलता, खिन्नता (पा ५७५)।

णडुली—कछुआ (दे ४।२०)।

णडुरी—पेंढक (दे ४।२०)।

णडुल—१ रतिक्रीडा। २ दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस (दे ४।४७)।

णड्डुली—कछुआ (दे ४।२० वृ)।

णण्ण—१ कूप। २ दुर्जन। ३ बडा भाई (दे ४।४६)।

णत्तमाल—वृक्ष की एक जाति (अंवि पृ ६३)।

णत्थक—नासारज्जु (अंवि पृ २०२)।

णत्थण—१ नाथना, नाक में छिद्र करना (दअचू पृ १७८)। २ पशु के नाक में बांधी जाने वाली रस्सी (अंवि पृ २१४)।

णत्था—नासारज्जु (भ ९।१४१; दे ४।१७)। नाथ (राज)।

णदीपुत्तक—जलचर प्राणी-विशेष—'अस्समच्छा णरमच्छा णदीपुत्तका सव्वचरा चेति' (अंवि पृ २२८)।

णदीसुत्तक—जलचर प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२५)।

णदुल्लग—नाट्य—'नदुल्लगं च सिक्खावेंति' (ज्ञा १।३।२७)।

णद्दिअ—दुःखित (दे ४।२०)।

णद्ध—आरूढ (दे ४।१८)।

णद्धंबवय—१ अघृणा। २ निन्दा (दे ४।४७)।

णमसिय—मनौती (दे ४।२२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णरिंद—पारे को बांधने वाला—'जो उण बंधइ णिउणो रसं पि सो भण्णइ णरिंदो' (कु पृ १९७)।

णल—मत्स्य की एक जाति—'रोहित-पिचक-णल-मीण-चम्मिराजो' (अंवि पृ २२८)।

णलक—खस का तृण (आवचू १ पृ ३७२)।

णलथंभ—वृक्ष-विशेष—'सुचिरंपि अच्छमाणो नलथंभो उच्छुवाडमज्झंमि।
कीस न जायइ महुरो जइ संसग्गी पमाणं ते ॥'
(आवनि १११७)।

णलय—खस का तृण (दे ४।१९)।

णलिअ—गृह (दे ४।२०)।

णल्लग—पात्र-विशेष (जंबूटी प १००)।

णल्लय—१ कर्दमित, कीचडवाला। २ बाड का विवर। ३ प्रयोजन। ४ निमित्त (दे ४।४६)।

णवणीइया—गुल्म वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३८।३)।

णवतय—बिना पिंजी हुई ऊन से बना आस्तरण-विशेष (ज्ञा १।१।१८)।

णवय—बिना पिंजी हुई ऊन से बना आस्तरण-विशेष—'अत्थुरणं पाउरणं वा अकत्तिय उन्नाए नवयं कज्जति' (निचू ३ पृ ३२१)।

णवर—१ केवल, सिर्फ (आचूला १।३४)। २ अनन्तर।

णवरं—१ केवल, इसके अतिरिक्त—'एवं जहा महब्बले, नवरं—गोयमो नामेणं' (अंत १।१७)। २ अनन्तर (आवचू १ पृ २४९)।

णवरि—१ केवल (प्र ९।१)। २ अनन्तर (से ११।६८)।

णवरिअ—सहसा, शीघ्र (दे ४।२२)।

णवलय—व्रत-विशेष—'दोलाविलाससमए पुच्छंतीहिं सहीहिं पइणामं।
लट्ठीहिं हणिज्जंती बहुया णवलयवयं भरइ ॥' (दे ४।२१ वृ)।
देखें—'णवलया'।

णवलया—नियम-विशेष, जिसके अनुसार सभी लोग पलाश की लताएं लेकर घूमते हैं तथा विभिन्न स्त्रियों को अपने-अपने पति का नाम पूछते हैं। जो स्त्री अपने पति का नाम नहीं बताती, उसे पलाश की लता से आहत करते हैं—'जत्थ पलासलयाए जणेहि पइणाम पुच्छिआ जुवई। अकहन्ती णिहणिज्जइ णिअमविसेसो णवलया सा।' (दे ४।२१)।

णवसिअ—उपयाचितक, मनौती (दे ४।२२ वृ)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णवूहक—चित्र-विचित्र रंगों वाला पक्षी (अंवि पृ २२५)।

णवोद्धरण—जूठा, उच्छिष्ट (दे ४।२३)।

णव्व—आयुक्त, गांव का मुखिया (दे ४।१७)।

णव्वाउत्त—१ ईश्वर, धनाढ्य (दे ४।२२)। २ नियोगीपुत्र, सूबेदार का लड़का (वृ)।

णव्वाउत्तय—धनाढ्य (दे ४।२२ वृ)।

णहट्ठिका—आसन-विशेष—'भद्दासणं पीढगं वा कट्ठखोडो नहट्ठिका' (अंवि पृ १५)।

णहमुह—उल्लू (दे ४।२०)।

णहरणि—नहरणी, नाखून काटने का औजार (बृभा ४०९६)।

णहरणिया—नाखून काटने का साधन-विशेष (आवटि प ८०)।

णहरी—छुरिका (दे ४।२०)।

णहवल्ली—विद्युत् (दे ४।२२)।

णहिया—कुहन-वनस्पति का एक प्रकार (प्रज्ञा १।४७)।

णाअ—अभिमानी (दे ४।२३)।

णाइ—निषेधार्थक अव्यय, नहीं (भ ३।५०)।

णाइं—निषेधार्थक अव्यय, नहीं (उपा २।४०)।

णाउड्ड—१ सद्भाव। २ अभिप्राय (दे ४।४७)। ३ मनोरथ (वृ)।

णाउल्ल—गोमान्, जिसके पास अनेक गायें हों (दे ४।२३)।

णाणग—रुपया, सिक्का—'ताम्रमयं वा जं णाणगं ववहरति तं दिज्जति' (निचू ३ पृ १११)।

णानिका—नानी, माता की माता (अंवि पृ ६८)।

णामत—पर्वत—'णामतो गिरिको व त्ति तहा पव्वतको त्ति वा' (अंवि पृ ७८)।

णामिण—मत्स्य-जाति-विशेष (अंवि पृ ६३)।

णामुक्कसिअ—कार्य, काम (प्रा २।१७४)।

णामोक्कसिअ—कार्य, काम (दे ४।२५)।

णारुट्ट—कूसार, गर्त्ताकार स्थान (पा ३१६)।

णारोट्ट—१ बिल, विवर (दे ४।२३)। २ कूसार, गर्त्ताकार स्थान (वृ)।

णालंपिअ—आक्रन्दित (दे ४।२४)।

णालंबि—कुंतल, केश (दे ४।२४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णालक—भोजन करने का पात्र (अंवि पृ ६५)।

णालिअ—मूढ, मूर्ख (प्रा ४।४२२)।

णालिएर—नारियल (आचूला १।१०४)।

णालिएरी—नारियल (आचूला १।११५)।

णावण—वितरण, दान—'नावण त्ति तस्य दानं' (प्र ३।१२ टी प ५७)।

णावा—प्रसूति, अंजलि—'नावा पसई' (प्रसाटी प २२९)।

णावापूर—चुलुक, चुल्लू—'दोहिं तिहिं वा णावापूरेहिं अच्छि धोवति' (निचू २ पृ २२०)।

णावापूरय—चुल्लू—'नावापूरओ नाम पसती' (बृटी पृ १३३)।

णाहिदाम—चंदोवे के बीच में लटकती हुई माला (दे ४।२४)।

णाहिविच्छेअ—जघन (दे ४।२४)।

णाहीए-विच्छेअ—जघन, कटि के नीचे का भाग (दे ४।२४ वृ)।

णिअंधण—वस्त्र (दे ४।३८)।

णिअंसण—वस्त्र (दे ४।३८)।

णिअक्कल—वर्तुल, गोलाकार (दे ४।३९)।

णिअडि—दम्भ (सू २।२।५८; दे ४।२६)।

णिअत्थ—परिहित, पहना हुआ (दे ४।३३)। देखें—णियत्थ।

णिअय—१ शाश्वत (भ २।१२५; दे ४।४८)। २ मैथुन। ३ शय्या ४ कलश (दे ४।४८)।

णिअरिअ—राशि रूप से स्थित (दे ४।३८)।

णिअल—नूपुर (दे ४।२८)।

णिआणिआ—खराब तृणों का उन्मूलन (दे ४।३५)।

णिआर—शत्रु का घर (दे ४।२९)।

णिइग—प्रतिदिन—'नैतिकं प्रतिदिनमिति यावत्' (प्रटी प १४१)।

णिउक्क—मौनी, तूष्णीक (दे ४।२७)।

णिउक्कण—१ कौवा। २ मूक (दे ४।५१)।

णिउर—१ वृक्ष-विशेष (ज्ञा १।९।२०)। २ कटा हुआ। ३ जीर्ण।

णिओद—१ अनंत जीवों का एक शरीर—'कतिविहा णं भंते ! निओदा पण्णत्ता ?' (भ २५।२७३)। २ कुटुम्ब, समूह—'बावत्तरिं निओदा बीयं बीयमेत्ता बिलवासिणो भविस्संति (भ ७।११९)।

णिंदिणी—खराब तृणों का उत्पाटन (दे ४।३५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिबोलिया—नींबोली, नीम का फल (ज्ञाटी प २०६)।

णिक्क—१ स्वच्छ (ज्ञा १।१।१२५)। २ परिमाण—'कायगमासज्ज तहा, कुत्तियमुल्लस्स णिक्कं ति' (बृभा ४२१६)।

णिक्कइला—जीता हुआ (दे १।४ वृ)।

णिक्कइल्ला—जीता हुआ (दे १।४ वृ)।

णिक्कज्ज—अनवस्थित, चंचल (दे ४।३३)।

णिक्कड—१ कठिन (प्रटी प ६७; दे ४।२९)। २ निश्चय।

णिक्कल—सघन, पोलेपन से रहित—'निम्मलं नित्तलं निक्कलं····मणिरयणं' (भ १५।९१)।

णिक्का—१ जलमार्ग—'णिक्का सारणी वा पाणियाहारिपंथो' (आचू पृ ३६९)। २ नाली—'कद्दम बहुलं पाणीयं सेओ भण्णति, तस्स आययणं णिक्का' (निचू २ पृ २२६)। ३ वाम नासिका।

णिक्काणित—नाक की आवाज (अंवि पृ १८१)।

णिक्कार—अधम जाति-विशेष (पंक ५०१)।

णिक्काल—बाहर निकालने वाला—'रिउजीवियनिक्कालं हत्थि' (ति ३०१)।

णिक्कूइला—जीता हुआ (दे १।४ वृ)।

णिक्केतिज्जंती—प्रसव करती हुई—'तं ओव्वरए पवेसेऊणं णिक्केतिज्जंतीए अप्पसागारियनिमित्तं सयं चेट्ठति' (दअचू पृ ५०,५१)।

णिक्कोरण—पात्र आदि के मुख का अपनयन—'मुहस्स अवणयणं णिक्कोरणं' (निचू ३ पृ ४७२)।

णिक्ख—१ चोर। २ कांचन, स्वर्ण (दे ४।४७)।

णिक्खय—निहत, मारा हुआ (दे ४।३२)।

णिक्खसरिअ—मुषित, अपहृतसार, जो लूट लिया गया हो वह (दे ४।४१)।

णिक्खड—१ अकम्प (दे ४।२८)। २ बिल—'पइसंति णिक्खुडेसुं संकड-कुडिलेसु दुक्खेण' (कु पृ ३६)। ३ गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)। ४ भूमि-खंड (आवचू १ पृ १९९)।

णिक्खुरिअ—अस्थिर (दे ४।४०)।

णिगढ—गरमी, घाम (दे ४।२७)।

णिगोद—१ अनन्त जीवों का एक शरीर (भ २५।२७४)। २ समूह, पिण्ड, कुटुंब—'निगोदा कुटुंबानि' (भटी प ३०९)।

णिग्गा—हल्दी, हरिद्रा (दे ४।२५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिग्गिण्ण—१ बाहर निकला हुआ (दे ४।३६)। २ वान्त, वमन किया हुआ (से ५।२९)।

णिग्घट्ट—कुशल (दे ४।३४)।

णिग्घत्तिय—क्षिप्त, फेंका हुआ (पा ५४५)।

णिग्घोर—निर्दय (दे ४।३७)।

णिग्घोलिय—खाली किया हुआ—'णिग्घोलियं च पल्लं' निघोलितं-रिक्तीकृतम्' (बृभा ३३९९ टी पृ ९५०)।

णिच्चुड्ड—१ निर्दय (पा १२५)। २ बाहर निकला हुआ।

णिच्छ—योग्य (?) (आचू पृ ३७०)।

णिच्छक्क—१ निर्लज्ज (बृभा २२५६)। २ अवसर को नहीं जानने वाला, असमयज्ञ।

णिच्छुंड—निर्दय (दे ४।३७)।

णिच्छूढ—निष्कासित (उशाटी प १६९)।

णिच्छोलित—छीला हुआ, छाल उतारा हुआ (अंवि पृ १७१)।

णिज्ज—सुप्त, सोया हुआ (दे ४।२५)।

णिज्जाअ—उपकार (दे ४।३४)।

णिज्जूह—१ द्वार के ऊपर बाहर निकला हुआ काष्ठ-विशेष (प्र १।१८)। २ गवाक्ष (व्यभा ३ टी प ६३)। ३ नीव्र, गृहाच्छादन (दे ४।२८)। ४ द्वार।

णिज्जूहअ—द्वार का किनारा (कु पृ ६७)।

णिज्जोअ—१ राशि, ढेर (दे ४।३३)। २ पुष्पों का ढेर (वृ)।

णिज्जोमि—रज्जू, रस्सी (दे ४।३१)।

णिज्जोय—सामग्री, परिकर—'एगाभरणवसणगहियनिज्जोया' (भ ९।२०२)।

णिज्झर—जीर्ण (दे ४।२६)।

णिज्झाअ—निर्दय (दे ४।३७)।

णिज्झूर—जीर्ण (दे ४।२६ वृ)।

णिट्टंक—१ पर्वत से छिन्न भाग। २ विषम (दे ४।५०)।

णिट्टुइय—क्षरित, टपका हुआ (पा १३९)।

णिट्ठुहण—थूक—'निट्ठुहणेण घसिऊण कणयवन्ना कया अंगुली दंसिया' (उसुटी प २४२)।

णिट्ठुहिअ—निष्ठीवन, थूक (दे ४।४१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिट्ठूढ—निष्ठ्यूत (दअचू पृ २२)।

णिट्ठह—स्तब्ध (दे ४।३३)।

णिड—राक्षस (दे ४।२५)।

णिड्डील—निलीन (?) (अंवि पृ १६९)।

णिण्णार—नगर से निष्कासित—'सो पच्छा रण्णा पडिहओ, णिण्णारो य कओ, अण्णहिं नगरे एवं चेव करेइ'। (अनुद्वाहाटी पृ १८)।

णिण्णाला—चञ्चु (दे ४।३६)।

णितण्णिक—पुष्प-जाति-विशेष (अंवि पृ ७०)।

णितरिंगी—आभूषण-विशेष (अंवि पृ ७१)।

णित्त—स्त्री-योनि (बृभा २०७५)।

णित्तिरडि—निरन्तर (दे ४।४०)।

णित्तिरडिअ—त्रुटित, टूटा हुआ (दे ४।४१)।

णित्तुप्प—बिना चुपड़ा या बिना बघारा हुआ (बृभा १७०६)।

णित्थक्क—१ निर्लज्ज—'णित्थक्को णिल्लज्जो भवति' (निचू ४ पृ ४४)।
२ अचानक (ज्ञाटी प १७५)।

णित्थरभल्ल—अस्त्र-विशेष, साधन-विशेष—'णित्थरभल्लेण णहादिणा वा खयं करेज्ज' (निचू ४ पृ १७८)।

णिदा—१ जानकर, प्राप्तकर—'खणं णिदाए पविसिस्सामि' (सू २।४।४)।
२ ज्ञानयुक्त वेदना (समप्र १७२।१)।

णिदाय—ज्ञानयुक्त (भटी पृ १४१७)।

णिदोच्च—१ भय का अभाव। २ संघर्ष का उपशमन। ३ स्वास्थ्य (व्यभा ६ टी प ५१)।

णिद्दार—कणिका, टुकड़ा (आवहाटी २ पृ २४३)।

णिद्धअ—अविभिन्नगृह, एक ही घर में रहने वाला (दे ४।३८)।

णिद्धंधस—१ अकृत्यसेवी—'णिद्धंधसो देशीवचनमेतत् अकृत्यं प्रतिसेवमानः' (व्यभा १ टी प १२)। २ निर्दय (दे ४।३७)। ३ निर्लज्ज।

णिद्धंस—निर्लज्ज, दुष्ट (आचू पृ ९५)।

णिद्धम—एक ही घर में रहने वाला (दे ४।३८)।

णिद्धमण—नाली (स्था ५।२१; दे ४।३९)।

णिद्धमाअ—एक ही घर में रहने वाला (दे ४।३८)।

णिद्धम्म—एक तरफ जाने वाला (दे ४।३५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिप्पट्ठ—अधिक (दे ४।३१)।

णिप्पिच्छ—१ ऋजु। २ दृढ (दे ४।४९)।

णिप्फरिस—निर्दय (दे ४।३७)।

णिप्फेस—शब्द-निर्गम, आवाज निकलना (दे ४।२९)।

णिबुक्क—निर्मूल (प्रटी प ४९)।

णिब्भग्ग—उद्यान (दे ४।३४)।

णिब्भुग्ग—खण्डित, भग्न (दे ४।३२)।

णिब्भेरिय—प्रसारित, विस्फारित—'निब्भेरियच्छे रुहिरं वमंते (उ १२।२९)।

णिभेलण—घर, गृह (दश्रु ८।२९)।

णिमिय—१ निवेशित (से ६।७६)। २ आघ्रात, सूंघा हुआ।

णिमेण—स्थान (दे ४।३७)।

णिमेल—दांत का मांस (दे ४।३०)।

णिमेला—दांत का मांस (दे ४।३० वृ)।

णिम्मअ—गत, गया हुआ (दे ४।३४)।

णिम्मंसा—चामुण्डा देवी (दे ४।३५)।

णिम्मंसु—तरुण (दे ४।३२)।

णियंसण—१ परिधान, वस्त्र (राज ६९; दे ४।३८)। २ उपभोग्य (बृभा ६४४)।

णियंसणिय—१ पहनने का वस्त्र (निचू ३ पृ ५७८)। २ उपभोग्य (बृभा ६४५)।

णियंसणो—वस्त्र—'अंतो णियंसणी पुण लीणा कडि जाव अद्धजंघातो' (निभा १४०३)।

णियत्थ—१ परिहित, पहना हुआ—'खोमयवत्थणियत्थो' (आचूला १५।२८।९; दे ४।३३)। २ उत्तरीय वस्त्र—'दुहओ संवेल्लियग्गणियत्थाणं' (राज ६९)। ३ परिधापित, जिसे वस्त्र पहनाया गया हो वह—'संपत्थिया नियत्था तो गणियाए पुणो मुयइ' (विभा २६०७)।

णियल—नूपुर (आवचू १ पृ २५५)।

णियल्ल—महाग्रह-विशेष (स्था २।३२५)।

णियल्लय—निकट का (उसुटी प १३३)।

णिरंगी—घूंघट (दे ४।३१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

णिरक्क—१ चोर। २ स्थित। ३ पीठ (दे ४।४९)।

णिरग्घ—१ पीठ। २ उद्वेष्टित (दे ४।४९)।

णिरद्दन्न—आश्वस्त—'अच्छह निरद्दन्नाओ' (आवचू १ पृ ८८)।

णिरप्प—१ पीठ। २ उद्वेष्टित (दे ४।४९)।

णिरागति—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

णिराद—विनष्ट (दे ४।३०)।

णिराय—१ अत्यंत, प्रचुर (आवचू १ पृ ३१२)। २ सरल। ३ प्रकट। ४ शत्रु (दे ४।५०)। ५ लम्बा किया हुआ (से २।४०)। ६ निरंतर—'पिया य से रण्णो निरायं अच्छिओ' (आवहाटी २ पृ १४७)।

णिराह—निर्दय (दे ४।३७)।

णिरिअ—अविशेषित, साधारण (दे ४।२८)।

णिरिक—नत, झुका हुआ (दे ४।३०)।

णिरिक्क—१ चोर। २ स्थित। ३ पीठ (दे ४।४९)।

णिरित्ता—बुझाकर—'सए गेहे पलित्तम्मि किं धावसि परातकं। सयं गेहं णिरित्ताणं ततो गच्छे परातकं।' (उ ३५।१४)।

णिरुत्त—१ निश्चित (दे ४।३०)। २ निश्चिन्त।

णिरुलि—कुम्भीर, मगर की आकृतिवाला ग्राह-विशेष (दे ४।२७)।

णिरुवक्कय—नहीं किया हुआ (दे ४।४१)।

णिरे—पृष्ठतः, पीछे—'निरे इति पृष्ठतः' (सूचू १ पृ १९८)।

णिलंक—पतद्ग्रह, पात्र (दे ४।३१)।

णिलंजन—करण, करना—'निलंजनं नाम करणं' (सूचू १ पृ १२०)।

माइं—मा, मत, नहीं (दे ६।१२८ वृ)।

माइंदा—आमलकी, आंवला का गाछ (दे ६।१२९)।

माइघर—योगिनी का मंदिर—'वच्च माइघरे सुसाणे कण्हचउद्दसीए बलिं देहि' (उसुटी प ७५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माइय—पक्ष्मल, रूक्ष बालों से युक्त (ज्ञा १।१८।३५)। २ जिसके हाथ में पाश–फंदा हो वह–'माइय त्ति हस्तपासिका:' (प्रटी प ४७)। ३ मयूरित, पुष्पित (औप ५)।

माइलि—मृदु (दे ६।१२९)।

माइवाह—द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (जीवटी प ३१)।

माइवाहय—द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (उ ३६।१२८)।

माईण—जटाधारी देवी–'उब्भडजडाकडप्पा खरफरुसा-दीहकेसणहरिल्ला। चक्कलपीणपओहर माईण व आगया एक्का॥' (कु पृ १२२)।

माईवाह—द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (प्रज्ञा १।४९)।

माउआ—१ मूंछ (ज्ञा १।९।१६)। २ सखी। ३ माता–'माउयाउ उत्तरौष्ठरोमाणि सम्भाव्यन्ते अथवा माउया—सख्यो मातरो वा' (ज्ञाटी प १६६; दे ६।१४७)। ४ दुर्गा (अंवि पृ २२३; दे६।१४७)।

माउक्क—मृदु (दे ६।१२९ वृ)।

माउग—वस्त्र का आदि भाग (बृभा ३९५२)।

माउग्गाम—१ स्त्री–'मरहट्ठविसयभासाए वा इत्थी माउग्गामो भण्णति' (निचू २ पृ ३७१)। २ स्त्रीवर्ग–'समयपरिभाषया स्त्रीवर्ग:' (बृटी पृ ६०४)।

माउच्छ—मृदु (दे ६।१२९)।

माडंबिय—मडंब का नायक–'सन्निवेशविशेष-नायक:' (भटी पृ ९५०)।

माडिअ—गृह (दे ६।१२८)।

माड—शिखर (जंबूटी प ४९)।

माणं—१ निषेधसूचक अव्यय (ज्ञाटी प १६)। २ वाक्यालंकार में प्रयुक्त अव्यय–'माणमिति वाक्यालंकारे' (व्यभा ४।४ टी प ४८)।

माणंसि—१ मायावी। २ चन्द्रवधू, वीरबहूटी, कीटविशेष (दे ६।१४७)। ३ मनस्वी (वृ)।

माणक—एक प्रकार का घट–'अरंजरो अलिंदो त्ति कुंडगो माणको त्ति वा' (अंवि पृ ६५)।

माणिअ—अनुभूत (दे ६।१३०)।

मात—दुर्बल, कृश–'ओझीणं परिहीणं ति मातं ति' (अंवि पृ ११४)।

मातलाहणग—खाद्य-विशेष (निचू २ पृ २५१)।

माथु—खाद्य-विशेष, दही के ऊपर का द्रवपदार्थ (आवटि प २४)।

मादलिआ—माता (दे ६।१३१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

माभाइ—अभय-दान (दे ६।१२९)।

माभीसिअ—अभय-दान (दे ६।१२९ वृ)।

मामणा—ममता, ममकार—'मामण त्ति ममीकारार्थे देशीवचनम्' (आवहाटी १ पृ ८६)।

मामा—मातुलानी, मामी (दे ६।११२)।

मामि—सखी का आमंत्रण-शब्द (दे ६।१२८ वृ)।

मामिया—मामी, मातुलानी (विपा १।३।१४)।

मामी—मामा की पत्नी, मामी—'मामी शब्दोऽपि देश्यः' (दे ६।११२ वृ)।

मायंद—आम्र (दे ६।१२८)।

मायंदी—श्वेतपटा साध्वी, श्वेत वस्त्र धारण करने वाली संन्यासिनी (दे ६।१२९)—'मायंदी उवदिसइ' (वृ)।

मायार—मदारी, बन्दर पकड़ने वाला (बृटी पृ ८९)।

मार—मणि का लक्षण-विशेष (जंबूटी प ३२)।

मारामारी—मारपीट (पिंटी प १५०)।

मारिलग्गा—कुत्सिता (दे ६।१३१)।

माल—१ खाद्य पदार्थ आदि रखने के लिए ऊपर बनाया गया मंच (द ५।१।६९)। २ घर का ऊपरि भाग, दूसरी मंजिल—'मालो य घरोवरिं होति' (भटी प २७४)। ३ समूह (आवहाटी २ पृ ८९)। ४ मञ्च, आसन-विशेष (ज्ञाटी प ७२; दे ६।१४६)। ५ आराम, बगीचा। ६ सुन्दर (दे ६।१४६)। ७ गुच्छ वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३७।५)। ८ चिनकर बनाई हुई पाल—'सण्हकट्ठेहि य मालं करेंति, चिक्खिल्लेणं लिंपइ कंटयछायाए व उच्छाएइ' (आवहाटी २ पृ ८९)। ९ देश-विशेष।

मालग—घर का ऊपरी भाग, मंजिल (जीभा १२७०)।

मालय—म्लेच्छ-विशेष जो मनुष्यों का अपहरण करते हैं (व्यभा ४।४ टी प १३)।

माला—ज्योत्स्ना, चांदनी (दे ६।१२८)।

मालाकुंकुम—प्रधान कुंकुम, श्रेष्ठ कुंकुम (दे ६।१३२)।

मालि—वृक्ष-विशेष (समप्र २३१)।

मालुका—पक्षिणी-विशेष—'उलुकी मालुका व त्ति सेणा' (अंवि पृ ६९)।

मालुग—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (उ ३६।१३७)।

मालुय—तीन इन्द्रिय वाले जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।५०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मालूर—१ कपित्थ, कैथ (दे ६।१३०)। २ बिल्व का गाछ (वृ)। ३ बिल्व-फल।

मासाल—उच्च आसन-विशेष—'मासालो मचको वत्ति पल्लंको पडिसेज्जको' (अंवि पृ ६५)।

मासिअ—पिशुन, चुगलखोर (दे ६।१२२)।

मासी—छाछ—'एगस्स पिया छासी मासी अण्णस्स वेसरी' (आचू पृ १६६)।

मासुरी—श्मश्रु, दाढी के बाल (दे ६।१३०)—'ता माहिल! तुज्झ मुहे किमुग्गया मासुरी एसा' (वृ)।

माह—कुन्द-पुष्प (दे ६।१२८)।

माहकी—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

माहय—चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष (उ ३६।१४८)।

माहारयण—१ वस्त्र (दे ६।१३२)। २ वस्त्रविशेष (वृ)।

माहिल—महिषीपाल, भैंसों को चराने वाला (दे ६।१३०)।

माहिवाअ—१ शिशिर-पवन (दे ६।१३१)। २ माघ का पवन।

माहुर—शाक (दे ६।१३०)।

माहुरग—खाद्य-विशेष (निचू २ पृ २५१)।

मिचणक्कीला—चक्षुःस्थगनक्रीडा, आंखमिचौनी (दे ३।३०)।

मिंजिक—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (अंवि पृ २६७)।

मिंठ—महावत (दजिचू पृ ९१)।

मिंढिय—ग्राम-विशेष (आवमटी प २९७)।

मिंढिया—मेषी (पा ६६९)।

मिथ—महावत (दजिचू पृ ९१)।

मिगंड—कस्तूरी—'मिगंड-कप्पूरागरु-कुंकुम-चंदण' (निचू २ पृ ४६७)।

मिणाय—बलात्कार (दे ६।११३)।

मित्तल—कंदर्प, कामदेव (दे ६।१२६ वृ)।

मित्तलय—कन्दर्प, कामदेव (दे ६।१२६)।

मित्तिवअ—ज्येष्ठ, पति का बड़ा भाई (दे ६।१३२)।

मिय—हरिण के आकार का पशु-विशेष जो हरिण से छोटा होता है और जिसका पुच्छ लंबा होता है—'मिएहिंतो लहुतरा मृगाकृतयो बृहत्पिच्छा' (अनुद्वाचू पृ १५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मिरा—मर्यादा (पिनि २३७)।

मिरिआ—कुटी, झोंपडी (दे ६।१३२)।

मिलाण—पर्याण (औप ६४ टी)।

मिलिंदक—सर्प की एक जाति (अंवि पृ ६३)।

मिलिमिलिमिलंत—चमकता हुआ (प्र ३।५)।

मिसिमिसंत—अत्यन्त चमकता हुआ (औप ६३)।

मिसिमिसित—अत्यन्त चमकता हुआ—'वेरुलियवरिट्ठरिट्ठअंजणनिउणोविय-मिसिमिसितमणिरयणमंडियाओ' (दश्रु ८।१०)।

मिसिमिसेमाण—उत्तेजित—'कुविया चंडिक्किया मिसिमिसेमाणा' (भ ३।४५)।

मिस्सिग—पूज्य—'अह उवज्झाओ से पिट्टेइ अपढंते ताहे साहेंति माइमिस्सिगाणं' (आवहाटी २ पृ १४२)।

मिहिआ—मेघसमूह (दे ६।१३२)।

मिहुज्जुहिय—विवाह का मंडप, वर-वधू का परिणयन-स्थल—'वधुवरपरिआणं ति मिहुज्जूहिया' (निचू ३ पृ ३४८)।

मीअ—समकाल, उसी समय (दे ६।१३३)।

मीढ—भास पक्षी—'भासो मीढसउणओ' (बृटी पृ २४८)।

मीरा—दीर्घ चुल्ली, बड़ा चूल्हा (सूनि ७६)। २ सीमा (निचू २ पृ १६६)

मीराकरण—द्वार को चटाई आदि से ढकना—'मीराकरणं नाम—कटेद्वारादेराच्छादनम्' (बृटी पृ ५९१)।

मीसालिअ—मिश्र, संयुक्त (दे ६।१३३ वृ)।

मुअंगी—चींटी (दे ६।१३४)।

मुआइणी—डुम्बी, चंडालिन (दे ६।१३५)।

मुइअ—योनिशुद्ध, निर्दोषमातृक—'मुइओ जो होइ जोणिसुद्धो त्ति' (औप १४ टी पृ २१)।

मुइअंगा—चींटी (पिनि ३५१)।

मुइंगा—चींटी (ओनि ५५८)।

मुईग—मकोडा—'मुईगत्ति देशीपदमेतत् मत्कोटवाचकम्' (व्यभा ३ टी प ७७)।

मुंगसी—नेवली (अंवि पृ ६९)।

मुंजापिच्चिय—मूंज को कूटकर बनाया हुआ (रजोहरण) (स्था ५।१९१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुंड—१ स्थाणु-विशेष जो भैंसों के बाडे में अर्गला के रूप में काम आता है (अनु ३।३८ टी)। २ तीक्ष्ण—'मुंडपरसूहिं' (प्रटी प ६०)।

मुंडग—पात्र-विशेष, प्याला (अंवि पृ ६५)।

मुंडा—मृगी, हरिणी (दे ६।१३३)।

मुंडी—नीरंगी, घूंघट (दे ६।१३३)।

मुंदिका—फल-विशेष (अंवि पृ ७०)।

मुक्क—पर्याप्त, उचित, योग्य (व्यभा ७ टी प १६)।

मुक्कय—किसी कन्या के विवाह में निमंत्रित अन्य कन्याओं का विवाह (दे ६।१३५)।

मुक्कल—१ मुक्त, स्वतंत्र (बृटी पृ ६००)। २ उचित। ३ स्वैर,स्वच्छंद (दे ६।१४७)।

मुक्कलिअ—बन्धन-मुक्त, स्वतंत्र (दे १।१५६ वृ)।

मुक्किल्लय—मुक्त, त्यक्त (अनुद्वाहाटी पृ ८८)।

मुक्कुंडी—जूट, जूड़ा (दे ६।११७)।

मुक्कुरुड—राशि, ढेर (दे ६।१३६)।

मुक्केल्लय—मुक्त, त्यक्त (अनुद्वाहाटी पृ ८८)।

मुगुंस—नकुल, न्यौला—'मुगुंसपुच्छं व तस्स भुमकाओ फुग्गफुग्गाओ' (उपा २।२१)।

मुगुंसिया—भुजपरिसर्पिणी (जीव २।९)।

मुगुसिआ—भुजपरिसर्पिणी (जीवटी प ५२)।

मुग्गड—मोगल,म्लेच्छ-जाति-विशेष (प्रा ४।४०९)।

मुग्गस—नकुल, न्यौला (दे ६।११८)।

मुग्गिल्ल—पर्वत-विशेष (भत्त १६१)।

मुग्गुसु—नकुल, न्यौला (दे ६।११८)।

मुग्घड—मोगल, म्लेच्छ जाति-विशेष (प्रा ४।४०९)।

मुग्धुरुड—राशि, ढेर (दे ६।१३६)।

मुट्ठि—पुस्तक का एक प्रकार—'चउरंगुल दीहो वा वट्टागिइ मुट्ठिपुत्थगो अहवा चउरंगुलदीहो च्चिय चउरंसो होइ विन्नेओ' (प्रसा ६६६)।

मुट्ठिक्का—हिक्का, हिचकी (दे ६।१३४)।

मुण—मुक्त (आवदी प १०१)।

मुणमुणंती—बड़बडाहट करती हुई (व्यभा ५ टी प ५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुणि—अगस्ति-वृक्ष (दे ६।१३३)।

मुणिय—१ पागल, भूताविष्ट—'मुणिओत्ति काउं मुक्को, मुणिओ पिसाओ' (आवहाटी १ पृ १३७)। २ ज्ञात (उसुटी प २)।

मुत्तोली—१ धान्य का वह कोठा जो ऊपर-नीचे संकरा तथा मध्य में विशाल हो—'मोट्टा हेट्ठुवरि संकडा इसि मज्झे विसाला' (अनुद्वाचू पृ ५०) २ मूत्राशय (तंदु १३६)। ३ प्राणि-विशेष (अंवि पृ २५३)।

मुदग्ग—जीव पुद्गल-निर्मित ही है—ऐसा मिथ्या ज्ञान (स्था ७।२)। देखें—'मुयग्ग'।

मुंदिग—चींटी (निभा ४२६०)।

मुदिय—योनि-शुद्ध—'मुदिओ जो होति जोणिसुद्धो तु' (जीभा १९९७)।

मुदुग—ग्राह-विशेष, जलजन्तु की एक जाति (प्रज्ञा १।५८)।

मुद्दी—चुम्बन (दे ६।१३३)।

मुद्धड—मूर्ख, भोला (कु पृ २१०)।

मुद्धय—जलचर-विशेष, ग्राह (प्रज्ञा १।५८)।

मुद्धुय—ग्राह-विशेष (प्रज्ञा १।५८ पा)।

मुधुलूक—पक्षि-विशेष, उलूक की एक जाति (अंवि पृ ६२)।

मुब्भ—घर के मध्य का तिर्यक् काष्ठ (दे ६।१३३)। 'मोभ' (गुजराती)।

मुम्मुई—१ अस्पष्टभाषी। २ मूक हो जाना—'से मुम्मुई होइ अणाणुवाइ' (सू १।१२।५)।

मुम्मुर—१ तुषाग्नि (सू १।५।१०)। २ भस्मच्छन्न अग्नि (प्र १।२३)। ३ करीषाग्नि (द ४।२०; दे ६।१४७)। ४ करीष, गोइंठा (दे ६।१४७)।

मुम्मुलक—जन्तु-विशेष (अंवि पृ ७०)।

मुयग्ग—जीव पुद्गल-निर्मित ही है—ऐसा मिथ्या ज्ञान—'मुयग्गे त्ति बाह्याभ्यन्तरपुद्गलरचितशरीरो जीव इत्यवष्टम्भवत्, भवनपत्यादिदेवानां बाह्याभ्यन्तरपुद्गल-पर्यादानतो वैक्रियकरणदर्शनात्' (स्थाटी प ३६४)

मुरई—असती, कुलटा (दे ६।१३५)।

मुरग—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष (जीवटी प ३२)।

मुरल—धान्य का माप-विशेष (ज्ञाटी प १२६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मरली—नालिका, मुरली—'णालियत्ति अपव्वा भवति, सा पुण लोए मुरली भण्णति' (निचू १ पृ ८४)।

मुरव—१ धान्य रखने का कोठार। २ धान्य मापने का पात्र-विशेष (अनुद्वा ३७५)। ३ धान्य से भरी गाड़ी के ऊपर दिया जाने वाला ढक्कन—'मुरवं गन्त्र्या उपरि यद्दीयते' (अनुद्वामटी प १४०)।

मुरवि—आभूषण-विशेष (भ ९।१९०)।

मुरवी—मुरज के आकार का आभरण (भटी पृ ८७६)।

मुरिअ—१ त्रुटित (दे ६।१३५)। २ मुड़ा हुआ।

मुरुंडी—अनार्य देश-विशेष की दासी (ज्ञा १।१।८२)।

मुरुंब—मिट्टी-विशेष—'कण्हमत्तिका पंडुमत्तिका तंबभूमी मुरुंबो कडसक्करा' (अंवि पृ २३३)।

मुरुमुंड—धम्मिल्ल, बंधे हुए बालों का जूड़ा (दे ६।११७)।

मुरुमुरिअ—कामासक्ति से होने वाली उत्सुकता, रणरणक (दे ६।१३६)।

मुरुव—चिकनी मिट्टी—'मिट्टसु कण्हमत्तिका मुरुवो तंबो वेति विण्णेया' (अंवि पृ २३३)।

मुलासिअ—स्फुलिंग, चिनगारी (दे ६।१३५)।

मुसंढी—१ अनंतकाय वनस्पति-विशेष (भ ७।६६)। २ लोहमय गोल कांटों से जटित दारुमय प्रहरण-विशेष (उ १९।६१)।

मुसली—दुष्प्रतिलेखना का एक प्रकार (पंव २४०)।

मुसह—मन की आकुलता (दे ६।१३४)।

मुसुंढि—१ अनन्तकाय वनस्पति-विशेष (भ ८।२२१)। २ प्रहरण-विशेष (औप १)।

मुसुमूरणा—चबाया जाना—'करवत्त-करालदाढावली-मुसुमूरणाचुक्कस्स' (कु पृ २२३)।

मुसुमूरिअय—चूर्णित, टूटा हुआ (पा ५१६)।

मुसुमूरिय—त्रुटित, तोड़ा हुआ—'दिण-पक्ख-णक्खत्त-करवत्त-दंतावली-मुसुमूरिओ महाकालमच्चुवेयालेणं ति' (कु पृ २१३)।

मुहत्थडी—मुख के बल पर गिरना (दे ६।१३६)।

मुहमक्कडिय—मुंह को मोड़ना, मुंह मचकाना (आवचू २ पृ १६४)।

मुहरोमराइ—भौंह, भ्रू (दे ६।१३६)।

मुहल—मुख (दे ६।१३४)।

मुहिअ—वैसे ही करना (दे ६।१३४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मुहिआ—वैसे ही करना, व्यर्थ ही करना (दे ६।१३४ वृ)—जिणसासणं पि कहमवि लद्धुं हारेसि मुहियाए'।

मुहुमुह—दुर्जन, खल (पा १२३)।

मूअल—मूक (दे ६।१३७)।

मूअल्ल—मूक (दे ६।१३७)।

मूअल्लइअ—मूक (से ५।४१)।

मूइंग—चींटी—'मूइंगमाति खइते' (निभा २१८६)।

मूइंगलिया—पिपीलिका, चींटी (पंव २३८)।

मूइंगा—चींटी (ओनि ५६०)।

मूइंगुलिया—चींटी (सं ८५)।

मूइयंग—चींटी—'जीवा मूइयंगमूसादी' (जीभा १२६३)।

मूएल्लि—मूक (कु पृ ८२)।

मूड—अन्न का एक दीर्घ परिमाण—'चउत्थीए भाउयखेत्तेसु आरोविऊण वुड्ढि नीया, जाया वरिसपणगेण मूडसहस्सा' (व्यभा ४।४ टी प ३५)।

मूढक—शरासन, आसनविशेष (ज्ञाटी प ४७)।

मूढत्थ—धान्य-विशेष—'मासा मूढत्थ चणका कुलत्थ त्ति सण त्ति वा' (अंवि पृ ६६)।

मूढिगाह—धान्य आदि भरने के लिए जमीन को खोदकर, ऊपर से संकरा और नीचे से विस्तीर्ण बनाया गया भूगृह जो अग्नि से संस्कारित किया जाता है। इसमें एकत्रित धान चिरकाल तक सुरक्षित रहता है—'मूढिगाहा भूमी एगा खणितु भूमीघरगं उवरिं संकडं हेट्ठा विच्छिन्नं अग्गिणा दहित्ता कज्जति, ताहिं तु चिरंपि गोधूमादि वत्थुं अच्छति' (आचू पृ ३३९)।

मूतिंगलिया—चींटी, पिपीलिका (जीभा २१)।

मूयंगा—चींटी (आचू पृ ३२८)।

मूयग—मेवाड़ देश में होने वाला तृण-विशेष—'मेदपाटप्रसिद्धस्तृणविशेषः' (प्रटी प १२८)।

मूरग—भञ्जक, तोड़ने वाला (प्र ४।५)।

मूरण—तोडने वाला—'जय महामोहमूरण' (कु पृ २४२)।

मूरय—भञ्जक, तोड़ने वाला—'पंचविहो ववहारो, दुग्गइभवमूरएहिं पण्णत्तो' (जीभा ८)।

मूलवेलि—घर के छप्पर का आधारभूत स्तम्भ—'पट्टीवंसो दो धारणउ चत्तारि मूलवेलीओ' (प्रसा ८७१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मूलिल्ल—मूल पूंजीवाला—'अत्थि य देवदत्ताए गाढाणुरत्तो मूलिल्लो मित्तसेणो' (उसुटी प ६१)।

मूसरि—भग्न (दे ६।१३७)।

मूसल—पुष्ट, मांसल (दे ६।१३७)।

मूसा—छोटा द्वार (दे ६।१३७)।

मूसाअ—लघु द्वार (दे ६।१३७)।

मेअज्ज—धान्य (दे ६।१३८)।

मेअर—असहन, असहिष्णु (दे ६।१३८)।

मेंट—विकलांग (आवचू २ पृ २१)।

मेंठ—महावत (निभा २४६१; दे ६।१३८)।

मेंठी—मेषी, भेड़ (दे ६।१३८)।

मेंढिय—ग्राम-विशेष (आवचू १ पृ ३१६)।

मेंढी—भेड़, मेषी—'मेण्ढीशब्दोऽपि यदि देश्यः तदा पर्यायभङ्ग्या निबद्धः' (दे ६।१३८ वृ)।

मेज्जुक—पक्षी-विशेष (अंवि पृ १४५)।

मेज्जुल्लअ—मज्जा—'मिज्जं मेज्जुल्लउत्ति वुत्तं भवति' (निचू २ पृ २१)।

मेडंभ—मृगतंतु, मृगजाल (दे ६।१३९)।

मेढ—वणिक्-सहाय, व्यापारी का सहयोगी (दे ६।१३८)।

मेढक—काठ का छोटा डंडा (प्र १।१८)।

मेती—चाण्डालिन—'पुरोहितसुतो तीए दुगुंछाए रायगिहे मेतीपोट्टे आगतो' (आवचू १ पृ ४९४)।

मेत्तिया—मगदंतिका, मालती (दअचू पृ १२८)।

मेरा—१ मर्यादा, सीमा (भ ७।२४; दे ६।११३)। २ तृण-विशेष (प्र ८।१०)।

मेलिमिंद—फण वाले सर्प की जाति-विशेष (प्रज्ञा १।७०)।

मेली—संहति, समूह (दे ६।१३८)।

मेसर—लोमपक्षी-विशेष (जीवटी प ४१)।

मेहच्छीर—जल, पानी—'पेडंभखलिज्जन्ता मेहच्छीरं पि कह वि अपिअन्ता' (दे ६।१३९)।

मेहर—गांव-प्रमुख—'आगओ निजमेहरपेसितो नडो' (उसुटी प २५०; दे ६।१२१ वृ)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मेहुण—मामा का पुत्र (बृभा २८२२)।

मेहुणय—फूफा का लड़का (दे ६।१४८)।

मेहुणि—१ मामे की लड़की। २ बूआ की लड़की—'मेहुणि त्ति माउलपिउस्सय धाता' (निचू ४ पृ १३५)।

मेहुणिआ—१ मामा की लड़की—'मेहुणिया माउलदुहिया' (निचू २ पृ २४; दे ६।१४८)। २ भार्या (व्यभा ७ टी प ४३)। ३ साली, पत्नी की बहिन (दे ६।१४८)।

मेहुल—मामा का बेटा—'मेहुलो (णो) माउलपुत्तो' (निचू ३ पृ ५८६)।

मो—पादपूरक अव्यय (उ ६।१४)।

मोअ—१ अधिगत, प्राप्त। २ ककड़ी आदि का बीजकोश (दे ६।१४८)।

मोंढ—म्लेच्छ-जाति-विशेष (प्रज्ञा १।८९)।

मोकलि—वनस्पति-विशेष (भ २२।६)।

मोक्कणिआ—कमल का काला मध्य भाग, कृष्ण-कर्णिका (दे ६।१४०)।

मोक्कणी—कृष्ण-कर्णिका (दे ६।१४० वृ)।

मोक्कल—स्वतंत्र (निचू २ पृ २२२)।

मोक्कलय—खुला छोड़ना (ओटी प ९७)।

मोगरावड—मत्स्य की एक जाति (जीवटी प ३६)।

मोगली—वल्ली-विशेष (प्रज्ञा १।४०।५)।

मोग्गड—१ नीच जाति-विशेष (पंवटी प ३७)। २ व्यन्तर-विशेष।

मोग्गर—१ गुल्म-विशेष (जीव ३।५८०)। २ मुकुल, कलिका (दे ६।१३९)। ३ मोगरा, मगदंतिका का पुष्प (निचू ३ पृ ५१७)।

मोग्गरग—मोगरा (निभा ४८३८)।

मोग्गरिअ—संकुचित, मुकुलित—'भयमोग्गरिअमुहा तुह रिउणो गयमोचया वणे जंति' (दे ६।१३९ वृ)।

मोच—१ अर्धजंघी, एक प्रकार का जूता (दे ६।१३९)। २ मूत्र, प्रस्रवण (सूचू १ पृ ११८)।

मोचय—एक प्रकार का जूता (दे ६।१३९वृ)।

मोट्टा—छोटा कोठा (अनुद्वामटी प १४०)।

मोट्ठा—धान का वह कोठा जो ऊपर-नीचे से संकरा और मध्य में विशाल हो (अनुद्वाहाटी पृ ७५)।

मोड—जूट, शिर पर बंधे हुए केशों का जूडा, धम्मिल्ल (दे ६।११७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोडाउड—अहमहमिका —'जेणुम्मत्तपमत्तउ हिंडइ पुरिपहिहिं । मोडाउडि करंतउ वेढिउ बहुनरहिं । (उसुटी प १३५) ।

मोढरी—वनस्पति-विशेष (भ २३।६) ।

मोद्दालक—वृक्ष-विशेष (जीव ३।५८०) ।

मोब्भ—घर के ऊपर का तिर्यक् काष्ठ (दे ८।४) ।

मोभ—घर के ऊपर का तिर्यक् काष्ठ—'धरणयोरुपरिवर्ति तिर्यगायतकाष्ठं 'मोभं' इति यत्प्रसिद्धम्' (भटी पृ ६९१) ।

मोय—१ मूत्र (स्था २।२४७) । २ बीजकोश, गिरी—'मोयं पुण छल्लिपरिहीणं' (निभा ५४११), 'मोय अब्भंतरो गीरो' (निचू ४ पृ ६६) ।

मोयइ—देश-विशेष में प्रसिद्ध एक अस्थिवाला वृक्ष (प्रज्ञा १।३५।१) ।

मोयमेहा—प्रस्रवण—'कोसं च मोयमेहाए' (सू १।४।४३) ।

मोयारग—मदारी (अनुद्वाहाटी पृ १२) ।

मोयारय—बंदर पकड़ने वाला—'मोयारएहिं गहिओ' (अनुद्वाहाटी पृ १२) ।

मोर—श्वपच, कुत्तों को पकाकर खाने वाले चांडालों की एक जाति (दे ६।१४०) ।

मोरउल्ला—मुधा, व्यर्थ (प्रा २।२१४) ।

मोरंग—कान का आभूषण-विशेष—'घडेहि मे एत्थ मोरंगाइं' (निचू ३ पृ २६९) ।

मोरंड—१ तिल आदि के मोदक बेचने वाला (बृभा ३२८१) । २ तिल आदि के मोदक । ३ खाद्य-विशेष—'मोरंडा नाम रोट्टमया गोलया जारिसया कीरंति इति विशेष चूर्णौ' (टी पृ ९१९) ।

मोरंडक—तिल आदि के मोदक बेचने वाला (बृभा ३२८१) ।

मोरकुल्ला—अवज्ञा, व्यर्थ—'मोरकुल्ला, मुहा य मुहियत्ति नायव्वा' इति बचनात् अवज्ञयेति भावः । उक्तञ्च मूलटीकायां 'मुधिकया अवज्ञया' (जीवटी प १०९) ।

मोरग—१ कुण्डल—'लोभेण मोरगाणं, भच्चग ! छेज्जेज्ज मा हु ते कन्ना' (बृभा ५२२७) । २ तृण-विशेष (आवचू २ पृ १२८) । ३ मयूर की पांख से निष्पन्न (पंक ४८३) ।

मोरड—क्षाररसवाला एक पौधा (व्यभा २ टी प ४०) ।

मोरत्तअ—१ श्वपच, श्वपाक (दे ६।१४०) । २ चण्डाल—'मोरत्तओ चण्डाल इत्यन्ये' (वृ) ।

मोरत्तिय—चांडाल-जाति (निचू २ पृ २४३) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

मोरेंडक—तिलमोदक (अंवि पृ १८२) ।
मोसली—दुष्प्रतिलेखना का एक प्रकार (स्था ६।४५।१) ।

र

र—निश्चयार्थक अव्यय—'तेण र विसमं नायं वासतणा तस्स पडिसेहे',—'र इति निपातः किलशब्दार्थः' (दनि १४७ हाटी प ७६) ।
रइगेल्ल—अभिलषित (दे ७।३) ।
रइगेल्ली—रतितृष्णा, मैथुन-लालसा—'रइगेल्ली रतितृष्णेति केचित्' (दे ७।३ वृ) ।
रइलक्ख—१ रति-संयोग, मैथुन । २ नितम्ब (दे ७।१३) ।
रइल्लय—प्रियंगु—'आहाकम्माणि भक्खाणि रइल्लयाणि' (ओटी पृ ३५६) ।
रंखोलिर—झूलने वाला (पा ५३२) ।
रंग—त्रपु, रांगा, धातु-विशेष (दे ७।१) ।
रंघड—दरिद्र—'किं एतेहिं रंघडकुलेहिं ? इस्सरकुलेहिं....?' (दअचू पृ १३१) ।
रंजण—१ घट (दे ७।३) । २ कुण्ड—'रंजणं कुण्डमिति केचित्' (वृ) ।
रंडुअ—रज्जु (दे ७।३) ।
रंभ—आन्दोलनफलक, झूले का पाटिया (दे ७।१) ।
रकि—भाण्ड, उपकरण-विशेष—'कुंडगतं वा उक्खलिगतं वा रकिगतं वा' (अंवि पृ २१४) ।
रक्ख—राख, भस्म (आवहाटी १ पृ २१४) ।
रगडा—एक सन्निवेश का नाम (कु पृ ४५) ।
रगसिया—वाद्य-विशेष (जीव ३।५८८) ।
रग्गय—कौसुंभ वस्त्र (दे ७।३) ।
रच्छाभित्ति—भोज्य-पदार्थ-विशेष (अंवि पृ ७१) ।
रच्छामअ—कुत्ता (दे ७।४) ।
रज्जवइ—स्वतंत्र—'रज्जवई राया भविस्सइ—रज्जवइ त्ति स्वतंत्र इत्यर्थः' (भ ११।१३४ टी पृ ६६४) ।
रज्जुग—लिखने का काम करने वाला (दशुचू प ६५) ।
रज्जुगसभा—१ लेखक-गृह (दशु ८।८३) । २ शुल्क-गृह ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रज्जुगोज्ज—संघर्ष—'रज्जुगोज्जं करेति संघसं करोतीत्यर्थः' (आवचू २ पृ ४३)।

रडिय—कलहयुक्त—'कलहाइअं रडिअं' (पा ७४६)।

रणरणय—१ अधृति—'अदिट्ठी अरई य रणरणओ' (पा ४४७)। २ उत्सुकता (दे १।१३६)। ३ निःश्वास।

रण्हक—दीर्घ, लंबा (अंवि पृ ११५)।

रत्तक्खर—सीधु, मद्य-विशेष (दे ७।४)।

रत्तच्छ—१ हंस। २ व्याघ्र (दे ७।१३)।

रत्तय—बंधूक वृक्ष का फूल (दे ७।३)।

रत्ति—आज्ञा (दे ७।१)।

रत्तीअ—नापित, नाई (दे ७।२)।

रद्धि—प्रधान, मुख्य (दे ७।२)।

रप्फ—१ वल्मीक, बांबी (निचू १ पृ ६६; दे ७।१)। २ रोग-विशेष।

रप्फग—खराब फोडा—'दुट्ठवणो रप्फगादि, किरियाए विणा ण विसुज्झति ण णप्पति' (निचू २ पृ २४)।

रप्फडिआ—गोह, गोधा (दे ७।४)।

रप्फा—बांबी, वल्मीक (पा ४७६)।

रब्बा—१ राब, यवागू—'एहि किल शीतलीभवति रब्बा' (आवहाटी १ पृ ६१)। २ रूक्ष पदार्थ (बृटी पृ ४१४)।

रयणिद्धय—कुमुद (दे ७।४)।

रयवली—बाल्य, शिशुत्व (दे ७।३)।

रल्लक—१ त्रीन्द्रिय जीव-विशेष (आवटि प २५)। २ एक प्रकार के मृग या भेड़ के रोओं से बना कंबल (कु पृ १८)।

रल्लग—प्रावरण-विशेष (जीव ३।५९५)।

रल्ला—१ दही में उत्पन्न होनेवाला त्रीन्द्रिय प्राणी (आवचू २ पृ १०१)। २ प्रियंगु, मालकंगनी (दे ७।१)।

रल्लिका—एक प्रकार का कंबल (कु पृ १८)।

रवअ—मंथान-दंड, बिलौने की लकड़ी (दे ७।३)।

रविउ—टुकड़े-टुकड़े किया हुआ—'रविउ' त्ति द्रावितः खण्डशो नीतो मयाऽसौ' (नंदीटि पृ १०३)।

रसद्द—चूल्हे का मूल भाग (दे ७।२)।

रसय—वसा, मेद आदि (बृभा १७११)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रसाअ—भ्रमर, भौंरा—'रसाऊ तथा रोलंबो भ्रमरः। रसाअशब्दोऽयमित्यन्ये। यद् गोपालः—अलिरपि रसाओ स्यात्' (दे ७।२ वृ)।

रसाउ—भ्रमर, भौंरा (दे ७।२)।

रसाल—खाद्य-विशेष—'खंड तुलादसभागो दस खंडपला हवंति णायव्वा। ते तम्मि पक्खित्ता मज्जिय णामं रसालोत्ति॥' (पंक ७३५)।

रसाला—पेय-विशेष, मार्जिता (दे ७।२)।

रसालु—राजा के लिए निर्मित खाद्य पदार्थ-विशेष—दो पल घी, एक पल मधु, आधा आढक दही, बीस मिर्च तथा दस पल चीनी से बना हुआ पाक-विशेष—'दो घतपला महुपलं दहिस्स अद्धाढयं मरिय वीसा। खंडतुलादसभागो, एस रसालू निवइजोगो॥' (पंक ७३४)।

रसिगा—पीव (व्यभा ६ टी प ६१)।

रसिय—रसी, पीव—'किडिभं जंघासु कालाभं रसियं वहति' (निचू ३ पृ ६२)।

रसिया—१ पीव (प्र १।२३)। २ छंद-विशेष।

रसोतीगिह—रसोईघर (अंवि पृ १३६)।

रहिअ—१ एकाकी, अकेला—'रहिए विहारइत्ता, जहारिहं देंति पच्छित्तं' (जीभा ६६१)। २ रहा हुआ, स्थित।

राअ—चटक, गौरैया पक्षी (दे ७।४)।

राअला—प्रियंगु, मालकंगनी (दे ७।१)।

राइल्ल—१ रंगा हुआ (निचू २ पृ २१२)। २ शोभित (कु पृ १२८)।

राइल्लेऊण—चीरकर—'ओट्टियं सयलगं राइल्लेऊण रयणाणि छूढाणि' (आवहाटी १ पृ २८३)।

राडि—१ चिल्लाहट—'ते हम्मंता राडि करेंति' (उसुटी प २६)। २ कलह (उशाटी प १००)। 'राड़' (राजस्थानी)। ३ संग्राम (दे ७।४)।

राणयभोत्ति—राज्य—'राणयभोत्ती रज्जं भण्णति' (निचू १ पृ १३३)।

राणिया—रानी (निचू १ पृ १७)।

रातण—राजादन फल (अंवि पृ २३८)।

राती—संध्या—'संझा राती भणिया' (दशुचू प १५)।

रायंछुअ—वेतस का पेड़ (पा ८९९)।

रायंबु—१ वेतस, बेंत का पेड़। २ शरभ, अष्टपाद पशु (दे ७।१४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रायगइ—जलौका, जौंक (दे ७।५)।

राला—प्रियंगु, मालकांगनी (आवहाटी १ पृ २८३; दे ७।१)।

रावग—राजपुरुष (निचू ३ पृ ४३६)।

राविअ—आस्वादित (दे ७।५)।

रावित—रसी, पीव (आवमटी प २९७)।

राह—१ दयित, प्रिय। २ निरंतर। ३ शोभित। ४ सनाथ। ५ पलित, सफेद केशों से युक्त (दे ७।१३)। ६ रुचिर, सुन्दर (पा १४)।

रिंगणी—वल्ली-विशेष, कण्टकारिका (दे २।४)।

रिंगिअ—भ्रमण (दे ७।६)।

रिंगिणिका—वल्ली-विशेष, कण्टकारिका—'रिंगिणिकाकंटको अश्वशरीरेऽनुप्रविष्टः' (व्यभा २ टी प ४४)।

रिंगिसिगि—घर्षण-वाद्य, घर्षण से स्वर उभारने वाला वाद्य (जंबूटी प १०१)।

रिछोली—श्रेणि, पंक्ति—'कुंदुज्जलपवरदसणरिछोलि' (नंदीटि पृ १०९; दे ७।७)।

रिंडी—कन्था की भांति फटा वस्त्र (दे ७।५)।

रिकिसिक—पक्षी-विशेष (अंवि पृ ६२)।

रिकिसिका—आपस के संघट्टन से बजने वाला वाद्य-विशेष—'घट्टिज्जंतीणं रिकिसिकाणं' (आवचू १ पृ ३०९)।

रिक्क—अल्प—'जाओ रिक्को मे वित्तवयो' (निचू २ पृ ३२६; दे ७।६)।

रिक्कविरिक्क—अत्यन्त भारहीन—'तुमं पुण समणगस्स रिक्कविरिक्कस्स मग्गं देसि' (आवचू १ पृ ५३९)।

रिक्किअ—शटित, सड़ा हुआ (दे ७।७)।

रिक्ख—१ वृद्ध (दे ७।६)। २ बुढ़ापा—'रिक्खो वयःपरिणाम इति केचित्' (वृ)।

रिक्खण—१ उपलंभ, अधिगम। २ कथन (दे ७।१४)।

रिक्खा—थकान—'अण्णा रिक्खाओ अवणेइ' (कु पृ १०१)।

रिगिसिगि—वाद्य-विशेष (आवचू १ पृ १८७)।

रिगिसिगिआ—वाद्य-विशेष—'घर्ष्यमाणवादित्र-विशेषः' (जंबूटी प १०१)।

रिग्ग—प्रवेश (दे ७।५)।

रिच्छ—वृद्ध (दे ७।६)।

रिच्छभल्ल—भालू (दे ७।७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रिट्ठ—१ कौआ (दे ७।६)। २ दैत्य-विशेष (से १।३)।

रिणकंठ—एक जनपद, जहां की भूमि वर्षाकाल में पानी से भर जाती है और शेष समय में उसमें दरारें पड़ जाती हैं (निचू २ पृ १५०)।

रित्तूडिअ—शाटित, झड़वाया हुआ (दे ७।८)।

रिद्ध—पका हुआ (दे ७।६)।

रिद्धि—राशि, समूह (दे ७।६)।

रिप्प—पृष्ठ, पीठ (दे ७।५)।

रिमिण—रोदनशील (दे ७।७)।

रिरिअ—लीन, आसक्त (दे ७।७)।

रीढ—अवगणना, अनादर (दे ७।८)।

रीढा—यदृच्छा, इच्छा के अनुसार (बृभा २१६२)।

रुअरुइआ—उत्कण्ठा (दे ७।८)।

रुंचण—रूई से कपास को अलग करने की क्रिया (पिनि ५८८)।

रुंचणी—घरट्टी, दलने का प्रस्तर-यंत्र (दे ७।८)।

रुंचिय—पिष्ट, पीसा हुआ (बृटी पृ ३९२)।

रुंजग—वृक्ष—'कुहा महीरुहा वच्छा रोवगा रुंजगाई य' (दनि १)।

रुंटणया—अवज्ञा (पिनि २१०)।

रुंटणा—अवज्ञा—'बहूहिं खिज्जणियाहि य रुंटणाहि य उवलंभणाहि य' (ज्ञा १।१८।१०)।

रुंटणिया—१ अवज्ञा, अनादर। २ रोदन क्रिया (ज्ञा १।१६।६७)।

रुंढ—आक्षिक, जूआरी (दे ७।८)।

रुंढिअ—सफल (दे ७।८)।

रुंद—१ दीर्घ—'रुंदाइं पलोएमाणे' (भ १५।१२०)। २ विस्तीर्ण (औप ४६)। ३ महान्, विशाल—'संघसमुद्दस्स रुंदस्स' (नंदी गा ११)। रुंद्र-विशाल (कन्नड़)। ४ विपुल। ५ वाचाल (दे ७।१४)।

रुक्क—बैल की भांति शब्द करना—'रुक्कं ति सद्दकरणं' (अनुद्वाचू पृ १३)।

रुगण—कृष्ण वस्तु-विशेष—'अंजणं कज्जलं व त्ति रुगणं' (अंवि पृ ९२)।

रुण्णमाला—कंठ या वक्षस्थल का आभूषण (कु पृ १९४)।

रुप्फय—सर्प आदि के काटने पर किया जाने वाला उपचार-विशेष—

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

'तहविय अठायमाणो गोणसखइयाइ रुप्फए वावि ।
कीरइ तयंगछेओ सअट्ठिओ सेसरक्खट्ठा' । (आवनि १४२४) ।

रुल्ल—विकलांग—'रुल्ला अजंगम च्चिय पंगुलया चलण-परिहीणा' (कु पृ ४०) ।

रूय—रूई, तूल (भ ११।१३३; दे ७।९) ।

रूरुइअ—काम का आवेग, उत्कंठा—'मुरुमुरिअं रूरुइअं' (पा ५१८) ।

रूवमिणी—रूपवती स्त्री (दे ७।९) ।

रूवि—गुच्छ-विशेष, अर्क-वृक्ष (प्रज्ञा १।३७।१ दे ७।९) ।

रेअविअ—१ शून्य किया हुआ, क्षणीकृत (दे ७।११) । २ मुक्त, त्यक्त (वृ)।

रेंकिअ—१ आक्षिप्त । २ लीन । ३ लज्जित (दे ७।१४)

रेक्खण—१ उपलंभ, अधिगम । २ कथन (दे ७।१४ वृ) ।

रेग—विविक्त अवसर—'रेगो नत्थि दिवसतो रत्तिपि न जग्गते समुव्वातो' (व्यभा ६ टी प २५) ।

रेणि—पंक, कर्दम (दे ७।९) ।

रेल्लग—प्रवाह—'जह वप्प-कूव-सारणि-नइरेल्लगसालिरोप्पाई' (आवहाटी २ पृ ६१) ।

रेल्लण—प्लावन (पिंटी प १६४) ।

रेल्लिया—जल-प्रवाह से युक्त (निचू १ पृ ६१) ।

रेवई—मातृका, देवी (दे ७।१०) ।

रेवज्जिअ—उपालब्ध, जिसको उलाहना दिया हो वह (दे ७।१०) ।

रेवट्ट—धान्य-विशेष (आचू पृ ३३८) ।

रेवय—प्रणाम, नमस्कार (दे ७।९) ।

रेवलिआ—धूल का आवर्त्त (दे ७।१०) ।

रेसणिया—कांस्य-भाजन-विशेष (पा ८१५) ।

रेसणी—१ अक्षि-निकोच । २ करोटिका, एक प्रकार का कांस्य भाजन (दे ७।१५) ।

रेसि—लिए, निमित्त, वास्ते—'पंचह दिवसह रेसि राय ! मं पाविहिं वट्टह' (उसुटी प १२५) ।

रेसिअ—छिन्न, काटा हुआ (दे ७।९) ।

रेहंत—शोभित होता हुआ (ज्ञा १।१।२४) ।

रेहिअ—जिसकी पूंछ काट दी गई हो वह, छिन्नपुच्छ (दे ७।१०) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रेहिर—शोभित (कु पृ ११७)।

रोअणिआ—डाकिनी (दे ७।१२)।

रोंकण—रंक, निर्धन (दे ७।११)।

रोक्कणि—१ शृंगी, सींग वाला प्राणी। २ नृशंस, क्रूर (दे ७।१६)।

रोक्कणिअ—१ शृंगी, सींग वाला प्राणी। २ नृशंस (दे ७।१६ वृ)।

रोघस—रंक, निर्धन (दे ७।११)।

रोज्झ—रोझ, नील गाय (प्रज्ञा १।६४; दे ७।१२)।

रोट्ट—चावल का आटा (निभा १४८; दे ७।११)।

रोट्टग—रोटी—'लभिहिसि तुमं अज्ज घयगुलसम्पन्नं महंतं रोट्टगं' (उसुटी प ६३)।

रोड—१ अनादर। २ हैरानी (निचू १ पृ १६४)। ३ गृहप्रमाण, घर का मान (दे ७।११)।

रोडी—१ इच्छा। २ व्रणी की शिविका (दे ७।१५)।

रोढ—भूमिगत स्रोत से रुका हुआ पानी (अंवि पृ २६६)।

रोद्ध—१ कूणिताक्ष। २ मल (दे ७।१५)।

रोमराइ—जघन, नितम्ब (दे ७।१२)।

रोमलयासय—उदर, पेट (दे ७।१२)।

रोमूसल—जघन, नितम्ब (दे ७।१२)।

रोर—१ कोलाहल। २ रंक, निर्धन (उसुटी प ८६; दे ७।११)।

रोल—१ कोलाहल—'वंदणवोलं रोलं करेंता विसंति' (निचू २ पृ १३)। २ कलह (ओटी प १०३; दे ७।१५)।

रोलंब—भ्रमर (दे ७।२)।

रोसाणिय—मृष्ट, परिमार्जित (पा ६९४)।

रोह—१ प्रमाण। २ नमन (दे ७।१६)। ३ मार्गण—'रोहो मार्गण इत्यन्ये' (वृ)।

रोहणिक—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष—'कुंथु-पिपीलिका-उपचिक-रोहणिक-तेवरुक' (अंवि पृ २६७)।

रोहिणिक—१ द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (अंवि पृ २२९)। २ अरुण रंग का पक्षी (अंवि पृ २२५)।

रोहिणीय—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष—'ओवइया रोहिणीया कुंथू पिपीलिया' (प्रज्ञा १।५०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

रोहिय—रोझ, नील गाय (प्र १।६; दे ७।१२)
रोहियंस—तृण-विशेष (प्रज्ञा १।४२)।

ल

लइअ—१ परिहित, पहना हुआ—'एकावलि-कंठलइय-वच्छा' (समप्र २४१; दे ७।१८)। २ अंग में पिनद्ध (वृ)।
लइअल्ल—वृषभ (दे ७।१९)।
लइणी—लता (दे ७।१८)।
लउस—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ २३८)।
लउसिया—देश-विशेष की दासी (ज्ञा १।१।८२)।
लंका—१ शरीर का एक अवयव—'कंडरा पण्हिका लंका' (अंवि पृ ६६)। २ शाखा।
लंखक—गायक, चंडाल-विशेष जो गाना गाते हैं (व्यभा १० टी प ६६)।
लंगंती—धीरे-धीरे चलती हुई, लंगडाती हुई—'करिणी.....लंगंती ओसरइ' (उशाटी प ५३)।
लंगवलग—धान्य-विशेष (निचू २ पृ १०९)।
लंच—कुक्कुट, मुर्गा (दे ७।१७)।
लंचापलि—वृक्ष की एक जाति (अंवि पृ ७०)।
लंचिक्क—हीरा, माणक आदि—'हयगयलंचिक्कारं तेणेंतो तेणओ उ उक्कोसो' (निभा ३६५४)।
लंछ—चोर-विशेष (विपा १।१।४९)।
लंद—काल, समय—'लंदं तु होइ कालो। समयपरिभाषया लन्दशब्देन कालो भण्यते' (प्रसा ६११ टी प १७३)।
लंदय—गाय आदि पशुओं का भोजन-पात्र (प्रसा ११६)।
लंपिक्क—१ चोर। २ लुब्ध, आसक्त (कु पृ १७२)।
लंपिक्ख—चोर (दे ७।१९)।
लंब—गोवाट, गायों का बाड़ा (दे ७।२६)।
लंबण—१ एक प्रकार का भोज्य-पदार्थ (पंक ७७८)। २ कवल (पंव ३५८)। ३ हाथ (ओटी पृ २१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लंबा—१ केश, बाल (दे ७।२६)। २ वल्लरी।

लंबाली—पुष्प-विशेष (दे ७।१९)।

लंबूस—कन्दुक के आकार का एक आभरण (आवचू १ पृ २२४)।

लंबूसग—कन्दुक के आकार का एक आभरण—'ते णं दामा तवणिज्जलंबूसगा' (राज ४०)।

लंभण—मत्स्य की एक जाति (विपाटी प ७९)।

लंभूसास—वाद्य-विशेष (अंवि पृ १४७)।

लकड—आभरण-विशेष (अंवि पृ ७१)।

लक्कुड—लकड़ी, यष्टि (दे ७।१९)।

लक्ख—१ छद्म (निचू १ पृ १२७)। २ शरीर (दे ७।१७)।

लगंड—वक्रकाष्ठ (उसुटी प ३४६)।

लगड्ड—लकड़ी का भारा, लक्कड—'गोणातिपिट्ठीए लगड्डादिएसु आणिज्जति' (निचू २ पृ २०९)।

लग्ग—१ असंबद्ध, ऊंची-नीची—'सडिय-पडिय-भग्गलग्गाओ' (आचू पृ ३१८; दे ७।१७ वृ)। २ चिह्न (दे ७।१७)।

लचय—गण्डुत् नामक तृण (दे ७।१७)।

लज्जालुइणी—१ लज्जावती (प्रा २।१७४)। २ कलहकारिणी स्त्री।

लट्ट—कुसुंभ धान्य (बृभा २०९४)।

लट्टणी—यष्टि (आवहाटी १ पृ २७८)।

लट्टय—१ कुसुम्भ—'लट्टयवसणा कहं होही' (दे ७।१७)। २ खसखस आदि का तेल।

लट्टा—कुसुंभ धान्य (बृटी पृ ६०३)।

लट्ठ—१ सुन्दर, मनोज्ञ (दशु ८।२२; दे ७।२६)। २ अन्यासक्त, दूसरे में आसक्त। ३ प्रियभाषी (दे ७।२६)। ४ प्रधान, मुख्य।

लट्ठिय—खाद्य-विशेष—'जेट्ठाहिं लट्ठिएणं भोच्चा कज्जं साहिति' (सूर्य १०।१७)।

लडभ—मनोज्ञ, सुन्दर (बृटी पृ ६५३)।

लडह—१ सुन्दर, लावण्य-युक्त—'लडहसुकुमाल-मउयरमणिज्जरोमराइं' (दशु ८।२४; दे ७।१७)। २ लटकते हुए शिथिल बन्धन-युक्त (जानुवाला)। ३ गाड़ी के पिछले भाग में लटकता हुआ काष्ठ जो गाड़ी के अग्र भाग की रक्षा करता है—'इह लडहशब्देन गन्त्र्याः पश्चाद्भागवर्ति तदुत्तराङ्गरक्षणार्थं यत्काष्ठं तदुच्यते'

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

(उपाटी पृ १०२)। ४ विदग्ध, विद्वान् (दे ७।१७ वृ)। ५ कोमल। ६ प्रधान।

लडहक्खभिय—विघटित, वियुक्त (दे ७।२०)।

लड्डुग—लड्डू, मोदक (आवचू १ पृ ४०६)।

लड्डुय—लड्डू, मोदक (बृभा ६१४६)।

लढिय—स्मृत, याद किया हुआ—'भरिअं लढियं सुमरिअं' (पा ५६४)।

लत्तग—आतोद्य-विशेष—'घणं लत्तगादी' (सूचू २ पृ ३६०)।

लत्ता—पाद-प्रहार, लात—'लत्ताहिं य हंतुं गता' (निचू २ पृ ६०)।

लत्तिका—आतोद्य-विशेष (आवचू १ पृ ३०६)।

लत्तिगा—यष्टि (दशुचू प ६१)।

लत्तिया—१ वाद्य-विशेष (नि १७।१३८)। २ पार्ष्णिप्रहार—'लत्तिय त्ति कंसिका:, ता हि आतोद्यत्वेन न विवक्षिता इति, अथवा लत्तिया-सद्दे त्ति पार्ष्णिप्रहारशब्दः' (स्थाटी प ५६)।

लद्दितय—लदा हुआ, भारयुक्त—'उट्टो वा लद्दितओ' (सूचू १ पृ ११६)।

लद्धीय—स्वस्थ—'वेज्जेण संसोहण-वमण-विरेयणकिरियाहिं णिक्कसाएत्ता लद्धीओ कओ' (निचू ४ पृ ३०६)।

लप्पसिया—लापसी, एक प्रकार का मिष्टान्न (प्रसा २३४)।

लय—नव दंपती का आपस में नाम लेने का उत्सव—'णवदंपईण अण्णुण्ण-णामगहणोसवम्मि लयं' (दे ७।१६)।

लयण—१ तनु। २ मृदु। ३ वल्ली, लता (दे ७।२७)।

लयणी—लता (पा ३३४)।

लयापुरिस—वह स्थान जहां पद्महस्त वधू का चित्रण किया जाए—'पउमकरा जत्थ वहू लिहिज्जए सो लयापुरिसो' (दे ७।२०)।

लल्ल—१ उत्सुक, तत्पर, सस्पृह। २ न्यून (दे ७।२६)।

लल्लक्क—१ भयंकर—'लल्लक्कं वा सीतं पडंतं ण सहंति' (निचू ३ पृ १६७; दे ७।१८)। २ ललकार, आह्वान।

लल्लाय—अस्पष्ट-वाक्, 'लल्लर' वाणी से बोलने वाला—'आरियकुले वि जाया अंधा बहिरा य होंति लल्लाया' (कु पृ ४०)।

लल्लि—खुशामद (प्रटी प १०६)।

लल्लिरी—मछली पकड़ने का जाल-विशेष (विपाटी प ८५)।

लवय—गोंद (पा ८८६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लवइत—अंकुरित (आवचू १ पृ ४७७)।

लवइय—पल्लवित (भ १।५०)।

लवली—लता-विशेष (कु पृ १६७)।

लसइ—कंदर्प, काम (दे ७।१८)।

लसक—तरु-क्षीर, पेड़ का दूध (दे ७।१८)।

लसिया—पीब, रसी (अंवि पृ १७७)।

लसुअ—तेल (दे ७।१८)।

लहुअवड—न्यग्रोध, बरगद का वृक्ष (दे ७।२०)।

लहुइय—तोला हुआ (पा ५३९)।

लाइम—१ लाजा के योग्य, खोई के योग्य। २ रोपणयोग्य, बोने लायक (आचूला ४।३३)।

लाइय—१ भूमी को गोबर आदि से लीपना (प्रज्ञा २।४१)। २ गृहीत (बृटी पृ १०७; दे ७।२७)। ३ आभूषण। ४ चर्मार्ध, आधी चमड़ी (दे ७।२७)। घृष्ट (से २।२६)।

लाइल्ल—वृषभ (दे ८।१९)।

लाउल्लोइय—गोमय आदि से भूमि का लेपन और खड़ी आदि से भींत आदि का पोतना (दश्रु ८।६२)।

लाउल्लोपिक—लिपाई-पुताई (अंवि पृ १८३)।

लाउल्लोयिक—लिपाई-पुताई (अंवि पृ २१०)।

लागतरण—भूने हुए चावलों से बनाया गया पेय-विशेष (जीभा ६०५)।

लाजिका—वेश्या (अंवि पृ ६८)।

लाढ—१ आत्मनिग्रही मुनि—'लाढे त्ति साधुणो अक्खा' (निचू ४ पृ १२५)। २ निर्दोष आहार से संयम-यात्रा का निर्वाह करने वाला मुनि। ३ प्रशस्य—'लाढयति प्रासुकैषणीयाहारेण साधुगुणैर्वा आत्मानं यापयतीति लाढः, प्रशंसाभिधायि वा देशीपदमेतत्' (उशाटी प १०७)। ४ प्रधान (उशाटी प ४१४)। ५ एक जैन आचार्य।

लाढय—साधु-गुणों से जीवन-यापन करने वाला (उचू पृ ६६)।

लाणी—पुष्प-विशेष (अंवि पृ १०४)।

लातुल्लोइय—गोबर से भूमी का लेपन करना तथा खड़ी आदि से भींत को पोतना (आवचू १ पृ २२६)।

लाम—सुन्दर (जंबू ३।१७८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लामंजय—पानी को शीतल एवं सुगंधित करने वाला घास-विशेष (पा ३८५)।

लामा—डाकिनी (दे ७।२१)।

लाय—१ आग—'दिण्णाओ लायंजलीओ। समप्पिया य तस्स करंजली कुवलय-मालाए' (कु पृ १७१)। २ भूना हुआ धान—'लाया नाम वीहिया भुज्जिया' (जीविप पृ ३४)।

लायतर—भूने हुए आर्द्र व्रीहि का तंडुल के साथ बनाया जाने वाला पेय (निभा ४८७)।

लायतरण—चावल से बना पेय-पदार्थ—'कते वा विकिट्ठतवे पारणए लायतरणादी पिएज्ज' (निचू १ पृ १६२)।

लालंपिअ—१ प्रवाल। २ घोड़े की लगाम। ३ आक्रन्दित (दे ७।२७)।

लालस—१ मृदु (दे ७।२१)। २ इच्छा (वृ)।

लाला—१ दीपक की बाती (बृभा ३४६५)। २ लार—'अहिस्स मूसगस्स वा उस्सिंघमाणस्स लाला पडेज्ज' (निचू ४ पृ १३३)।

लाली—दीपक की बाती (निभा ५३७७)।

लावंज—सुगंधित तृण-विशेष, उशीर (दे ७।२१)।

लावणी—गुड़-निष्पन्न खाद्य पदार्थ-विशेष—'गुलकत तह लावणी य बोद्धव्वा (पंक ७३२)।

लासयविहअ—मयूर (दे ७।२१)।

लासिया—देश-विशेष की दासी (ज्ञा १।१।८२)।

लाहण—भोज्य का एक प्रकार (दे ७।२१)।

लाहणय—प्रहेणक, उत्सव के उपलक्ष में किसी दूसरे घर से भेंटस्वरूप प्राप्त भोजन-विशेष (पिंटी प ६३; दे ७।२१ वृ)।

लिक—बालक (दे ७।२२)।

लिकिअ—१ आक्षिप्त। २ लीन (दे ७।२८)।

लिगिच्छी—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ७०)।

लिछ—१ चूल्हा (स्था ८।१०)। २ अग्नि-विशेष (स्थाटी प ४१९)।

लिड—१ हाथी की विष्ठा (ज्ञा १।१।१५९)। २ शैवालरहित पुराना पानी—'अशैवालपुराणजलम्' (प्रटी प १६३)।

लिडा—ऊंट, बकरी आदि की विष्ठा, मेंगनी—'उब्भामिगा य महिला जावगहेउंमि उंटलिडाई' (दनि ८८)।

लिडिया—विष्ठा, लिंडी, मेंगनी (नंदीटि पृ १३४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लिब—१ कोमल, मृदु—'णवतयकुसंतलिब-केसरपच्चत्थुयाभिरामे' (राज ३७)। २ बाल उरभ्र का रोओं सहित चर्म—'बालोरभ्रस्योर्णा-युक्ता कृत्तिः' (ज्ञाटी प १७)। ३ आस्तरण-विशेष (ज्ञा १।१।१८)।

लिक्ख—१ कोमल (राज ३७)। २ लघु स्रोत (दे ७।२१ वृ)।

लिक्खा—१ परिमाण-विशेष (अनुद्वा ३९५)। २ छोटा स्रोत (दे ७।२१)।

लिच्च—कोमल (जीव ३।३११)।

लिच्छारिय—लिप्त (आवभा २२१)।

लिट्ठिअ—१ खुशामद,चाटुकारिता (दे ७।२२)। २ लम्पट।

लित्त—कोमल (जीवटी प २१०)।

लित्ति—खड्ग आदि शस्त्रों का दोष (दे ७।२२)।

लित्थारिय—खरंटित, लिप्त (बृभा ५१५)।

लिब्ब—कोमल (ज्ञा १।१।१८ पा)।

लिसय—तनूकृत, क्षीण (दे ७।२२)।

लिहिअ—१ तनु। २ सुप्त (दे ७।२८)।

लीच्छुभ—तुषशाला, कुंभकार जहां जौ, गेहूं आदि का पलाल एकत्रित करता है—'लीच्छुभ त्ति तुससाला कुंभकारा जत्थ तुसा ठबेंति' (आचू पृ ३६९)।

लीय—बच्चा (कु पृ ४५)।

लील—यज्ञ (दे ७।२३)।

लीव—बालक (दे ७।२२)।

लीसना—सन्धान, जोड़—'लीसना नाम सन्धनैव' (सूचू १ पृ १५९)।

लुअ—छिन्न, काटा हुआ (दे ७।२३)।

लुंक—सुप्त (दे ७।२३)।

लुंकडी—लोमड़ी (प्रज्ञाटी प २५४)।

लुंकणिया—तिरोभाव (दे ७।२४ वृ)।

लुंकणी—लुकना, छिपना (दे ७।२४)।

लुंख—नियम (दे ७।२३)।

लुंखाअ—निर्णय—'रे अलस! इत्थ लीलो होहि त्ति सलुंखयाण लुंखाओ' (दे ७।२३)।

लुंखिय—१ मलिन (से १५।४२)। २ स्पृष्ट (से १।२१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लुंठण—१ कोलाहल। २ कलह—'ते विसेसलुंठणाणि विग्घाणि करेंति' (उशाटी प १४९)।

लुंबिया—गुच्छा—'न दुक्करं तोडिय अंबलुंबिया, न दुक्करं नच्चिउ सिक्खियाए। तं दुक्करं तं य महाणुभाव, जं सो मुणी पमणवणंमि वुच्छो॥ (आवहाटी २ पृ १३८)।

लुंबी—१ स्तबक, फूलों का गुच्छा (भटी प ३७; दे ७।२८)। २ लता (ज्ञाटी प ६; दे ७।२८)।

लुक्क—१ लुञ्चित, मुण्डित (पिनि २१७)। २ छिपा हुआ—'बोहिगादिभएण णस्संतो लुक्को' (निचू ३ पृ ३५५)। ३ रोगी (प्रा २।२)। ४ भग्न। ५ सुप्त।

लुक्कणी—लुकना, छिपना (दे ७।२४ पा)।

लुक्ख—वृक्ष (उशाटी प १३८)।

लुग्ग—१ शुष्क (व्यभा ५ टी प ७)। २ भग्न (दे ७।२३)। ३ रोगी (प्रा ४।२५८)।

लुरणी—वाद्य-विशेष (दे ७।२४)।

लूया—१ वात-रोग (कु पृ ४१)। २ मृगतृष्णा—'कत्थइ लूयाए हओ' (कु पृ २७४; दे ७।२४)।

लेंड—हाथी आदि की लीद—'ताहे तत्थ नलगिरिणा मुत्तियं लेंडं च मुक्कं' (आवचू १ पृ ४००)।

लेंडि—लीद (पंक १५४१)।

लेंडिया—लिंडी, लीद (आवहाटी १ पृ २७८)।

लेखा—वस्त्र-विशेष (अंवि पृ ७१)।

लेच्छारिय—लिप्त, खरंटित—'लेच्छारियतुंडेण' (निभा ६१०८)।

लेडुअ—ढेला (पा ४०३)।

लेडुक्क—१ लम्पट। २ लोष्ट, रोड़ा (दे ७।२९)।

लेड्डु—पत्थर का टुकड़ा, ढेला (आवहाटी १ पृ १४६)।

लेढिअ—स्मरण, स्मृति (दे ७।२५)।

लेढुक्क—लोष्ट, मिट्टी का ढेला (दे ७।२४)।

लेण—मृतक की स्मृति में बनाया जाने वाला देवकुल—'मडयस्स उवरिं जं देवकुलं तं लेणं भण्णति' (निचू २ पृ २२५)।

लेत्थरिय—लिप्त (निचू २ पृ ३०१)।

लेत्थारण—लेप (निभा १८७४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लेत्थारिय—खरंटित, लेप से युक्त—'लेत्थारियाणि देशीपदमेतत् खरंटितानि' (बृटी पृ १५०)।

लेलु—मिट्टी का ढेला (द ४।१८)।

लेस—१ स्त्री की योनि (व्यभा ६ टी प ६६)। २ लिखित। ३ आश्वस्त। ४ निद्रा। ५ निःशब्द (दे ७।२८)।

लेहड—लंपट (दे ७।२५)।

लेहुड—लोष्ट, मिट्टी का ढेला (दे ७।२४)।

लोअडी—कंबल (प्रा ४।४२३)।

लोआणी—वनस्पति-विशेष (प्रज्ञाटी प ३६)।

लोंक—सुप्त, सोया हुआ (दे ७।२३ वृ)।

लोट्ट—१ कच्चा चावल (दअचू पृ ११०)। २ हाथी का छोटा बच्चा (आवहाटी २ पृ १६५)।

लोट्टक—कुमार-अवस्था वाला हाथी (ज्ञाटी प ७२)।

लोट्टय—हाथी का छोटा बच्चा (ज्ञा १।१।१५७)।

लोट्टिय—उपविष्ट (दे ७।२५)।

लोट्टिया—१ हाथी की छोटी बच्ची (ज्ञा १।१।१५७)। २ काष्ठपात्र (निचू ३ पृ ३४३)।

लोट्ठ—पत्थर, लेष्टु (व्यभा ६ टी प ५१)।

लोढ—१ लोढा—'लोढेण वावि लेवेण, सिलेसेण व केणइ' (द ५।१।४५)। २ पद्मिनी कंद (प्रसा २३७)। ३ स्मृत। ४ शयित (दे ७।२९)।

लोढणी—कपास निकालने अथवा ऊन आदि को साफ करने का यंत्र (ओनि ४७४)।

लोढिनी—कपास के बीज निकालने का यन्त्र (पिंटी प १०३)।

लोपक—बिल में रहने वाला पंचेन्द्रिय जंतु-विशेष (अंवि पृ २२७)।

लोपा—सियारिन—'वाणर-सस-लोयासु' (अंवि पृ २३८)।

लोभिल्ल—लालची (ओभा १३३)।

लोमंथिक—नट (आवटि प ६१)।

लोमंथिय—नट—'णट्टं लोमंथियं वा' (आवचू २ पृ ३०३)।

लोमंधिय—नट (आवचू १ पृ ५५६)।

लोमटक—लोमड़ी (आटी प ३३७)।

लोमठिका—लोमड़ी (जीवटी प ३८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

लोमसिका—ककड़ी (अंवि पृ ७१)।

लोमसिगा—ककड़ी (अंवि पृ २३८)।

लोमसिया—ककड़ी (आवचू १ पृ ५४६)।

लोमसी—१ ककड़ी, खीरा—'लोमसी कर्कटिकादीनां देशीवचनम्' (निचू १ पृ ३)। २ ककड़ी का गाछ (व्यभा २ टी)।

लोय—१ रससंपन्न और मनोज्ञ भोजन—'पिंडं वा लोयं वा खीरं वा दधिं वा' (आचूला १।४६)। २ रूक्ष भोजन—'इमे लोए इमे तित्तए इमे कडुयए' (आचूला १।१३८)।

लोयक—१ शटित धान्य (अंवि पृ ३३)। २ पशु-विशेष—'लोयको वा ससो वेत्ति' (अंवि पृ ६२)।

लोयय—खाद्य-विशेष (बृ २।८)।

लोलंठिअ—खुशामद, चाटुकारिता (दे ७।२२)।

लोलग—गुटिका, गोली—'गुलिग त्ति लोलगे काउं रुक्खकोटरे वा ठवेति' (निचू ३ पृ २०६)।

लोलुंचाविअ—सतृष्ण, लालसायुक्त (दे ७।२५)।

लोलुग—प्रगाढ़—'लोलुगं भृशं गाढं प्रगाढं निरन्तरम्' (सूचू १ पृ १३०)।

लोहि—कन्द-विशेष (उ ३६।९८)।

लोहिणी—कन्द-विशेष (प्रज्ञा १।४८।१)।

लोहिल्ल—१ अविशुद्ध (निचू ४ पृ १४४)। २ लम्पट (दे ७।२५)।

लोही—१ कन्द-विशेष (भ ७।६६)। २ मंडक आदि पकाने का भाजन (भ ८।३६१)।

ल्हिक्क—१ नष्ट (प्रा ४।२५८)। २ गत।

व

वइअ—१ पीत, जिसका पान किया गया हो वह (दे ७।३४)। २ ढका हुआ (पा ५०५)।

वइउला—फणरहित सर्प की एक जाति (प्रज्ञा १।७१)।

वइंदबुद्धि—पुष्प-विशेष (अंवि पृ ७०)।

वइद्ध—छोटा गांव—'खेत्तओ वइद्धदेसे महुराए वा' (आवचू १ पृ ४०९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वइरोअण—बुद्ध, बुद्धदेव (दे ७।५१)।

वइरोड—जार, उपपति (दे ७।४२)।

वइल्ल—बैल (व्यभा १० टी प ६३)।

वइवलय—दुंदुभ सर्प (दे ७।५१)।

वइवेला—सीमा (दे ७।३१)।

वउ—लावण्य, शरीर-कान्ति (दे ७।३०)।

वउणी—कपास (दे ३।५७)।

वउलिअ—शूला में पिरोया हुआ मांस-खंड (दे ७।४४)।

वओवउप्फ—विषुवत्, समान रात और दिन वाला काल (दे ७।५०)।

वओवत्थ—विषुवत्, समान रात और दिन वाला काल (दे ७।५०)।

वंक—कलंक, दाग (दे ७।३०)।

वंग—वृन्ताक, भंटा (दे ७।२९)।

वंगच्छ—प्रमथ, शिव के अनुचर-विशेष (दे ७।३९)।

वंगेवडु—सूअर (दे ७।४२)।

वंजण—भोजन (दअचू पृ १६०)। देखें—संदेण।

वंजर—नीवी, कटि-वस्त्र (दे ७।४१)।

वंटग—विभाग—'वडो वंटगो विभागो वा एगट्ठं' (निचू ४ पृ २४४)।

वंठ—१ कपट-वेश, ठग (आवचू १ पृ ३१)। २ जो अविवाहित है और मजदूरी से अपनी आजीविका चलाता है वह—'अकयविवाहा भीति-जीविणो य वंठिति' (ओटी पृ १९६)। ३ अविवाहित (ओनि २१९; दे ७।८३)। ४ निःस्नेह, स्नेहहीन। ५ गण्ड, गाल ६ खंड। ७ भृत्य, दास (दे ७।८३)।

वंड—पीडित (ति ६७४)।

वंडुअ—राज्य (दे ७।३६)।

वंडुर—घुड़साल, अस्तबल—'ततो वासुदेवस्स आसरयणं गहाय पधावितो, सो वंडुरापालएण णाओ' (आवहाटी १ पृ ६५)।

वंढ—बन्ध (दे ७।२९)।

वंदालग—पूजापात्र (सू १।४।४४)।

वंफ—उल्लाप—'वंफेति णाम देसीभासाए उल्लावो वुच्चति' (सूचू १ पृ १८०)।

वंफिअ—१ भुक्त, खाया हुआ (दे ७।३५)। २ अभिलषित।

वंस—कलंक (दे ७।३०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वंसकवेल्लुय—लंबे बांस पर रखे जाने वाले तिरछे बांस (जीव २६४)।

वंसकवेल्लुया—छत के नीचे दोनों ओर तिरछे रखे जाते बांस (राज १३०)।

वंसटोक्कर—बांस की डोरी या खपाची (बृटी पृ १६४१)।

वंसप्फाल—१ प्रकट, व्यक्त (दे ७।४८)। २ ऋजु, सरल (वृ)।

वंसी—मस्तक पर अवस्थित माला (दे ७।३०)।

वक्कड—१. दुर्दिन, मेघकृत अन्धकार (दे ७।३५)। २ निरन्तर वृष्टि—'वक्कडं निरन्तरवृष्टिरित्येके' (वृ)

वक्कडबंध—कान का आभूषण (दे ७।५१)।

वक्कल्लय—आगे किया हुआ (दे ७।४६)।

वक्कस—१ पुराना धान का चावल। २ पुराना सत्तुपिंड। ३ बहुत दिनों का बासी गोरस। ४ गेहूं का मांड (उ ८।१२ पा)।

वक्काडय—तृण-विशेष (आचू पृ ३५७)।

वक्किक—वनस्पति-विशेष (अंवि पृ २३२)।

वक्खर—सामान, भाण्ड (बृभा ४४७७)।

वक्खार—१ एकान्त कमरा (व्यभा ६ टी प ६१)। २ गोदाम।

वक्खारय—१ रतिगृह (दे ७।४५)। २ अन्तःपुर (वृ)।

वक्खीर—तृण विशेष (भ २१।१९)।

वक्खोइलिया—छिपकली (दजिचू पृ २७८)।

वक्खोड—विघ्न—'विग्घोत्ति वा वक्खोडत्ति वा एगट्ठा' (आचू पृ १०६)।

वगडा—परिक्षेप, परिधि (व्य ९।१)।

वग्गंसिअ—युद्ध, लड़ाई (दे ७।४६)।

वग्गय—वार्त्ता, बात (दे ७।३८)।

वग्गली—रोग-विशेष, वमन की व्याधि—'जेमणवेलाए जिमितो वा तं संभरित्ता उड्ढं करेति। एवं तस्स वग्गली वाही जातो, विणट्ठो य' (निचू ३ पृ ८१)।

वग्गुडाव—पत्नी के अधीन रहने वाले पति की एक अवस्था—'इत्थिवयणातो दगमाणेति, सो य लोगसंकितो अप्पभाए चेव सुहसुत्ते पगे रोडेंतो आणेति त्ति वग्गुडावो' (निचू ३ पृ ४२०)।

वग्गुरी—अंगुलियों और पैर के ऊपरी भाग को आच्छादित करने वाला जूता—'उवरिं तु अंगुलीओ जा छाए सा तु वग्गुरी होति' (निभा ९१८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वग्गुलिया—व्याधि-विशेष—'तस्स संकाए वग्गुलिया वाही जातो' (निचू १ पृ १५)।

वग्गेज्ज—प्रचुर (दे ७ ३८)।

वग्गोअ—नकुल, न्यौला (दे ७।४०)।

वग्गोरमय—रूक्ष, रूखा (दे ७।५२)।

वग्घरणसाला—तोसलि देश में प्रसिद्ध विवाह-मंडप (बृभा ३४४६)—'व्याघरणशाला नाम तोसलिविषये ग्राममध्ये शाला क्रियते, तत्राग्निकुण्डं स्वयंवरहेतोर्नित्यमेव प्रज्वलति, तत्र च बहवश्चेटकाः एका च स्वयंवरा चेटिका प्रवेश्यन्ते इत्यर्थः। यस्तेषां मध्ये तस्यै प्रतिभाति तमसौ वृणीते, एषा व्याघरणशाला' (टी पृ ९६३)।

वग्घाअ—१ साहाय्य, मदद। २ विकसित, खिला हुआ (दे ७।८६)।

वग्घाडिया—१ उपहास के लिए की जाने वाली विशेष ध्वनि (ज्ञा १।८।१४६)। २ विभिन्न देशों की भाषाओं को इस प्रकार बोलना जिससे सब हंसने लग जायें (बृभा ६३२४)।

वग्घाडी—उपहास के लिए की जाती एक प्रकार की आवाज—'अप्पेगइया वग्घाडीओ करेंति' (ज्ञाटी प १५१)।

वग्घारित—प्रलंबित (जीव ३।३९७)।

वग्घारिय—प्रलम्बित—'वग्घारिय-पाणी एगपोग्गलनिविट्ठदिट्ठी' (भ ३।१०५)।

वचाई—क्षुद्र जंतु-विशेष—'भिंगारी अरका व त्ति वचाई इंदगोविगी (धंवि पृ ६९)।

वच्च—१ घर के चारों ओर की भूमी,—'गिहस्स समंततो वच्चं भण्णति' (निचू २ पृ २२४)। २ मृतक के दग्ध-स्थान के चारों ओर की भूमि। ३ श्मशान के चारों ओर की भूमि-'मडयपेरंतं वच्चं भण्णति। सव्वं वा सीताणं सीताणस्स वा पेरंतं वच्चं भण्णति' (निचू २ पृ २२५)। ४ कूड़ा-करकट का स्थान (आचूला १०।२६)।

वच्चक—दर्भ जैसा तृण (बृभा ३६७५)।

वच्चग—१ तृणरूप वाद्य-विशेष (जीव ३।५८८)। २ तृण-विशेष—'वच्चगो दब्भागिती तणं' (निचू २ पृ ३८)।

वच्चयचिप्प—वल्वज घास को कूटकर बनाया हुआ (रजोहरण) (बृभा ३६७४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वच्चाचिप्पय—तृण-विशेष को कूटकर बनाया हुआ (रजोहरण) (बृटी पृ १०२१)।

वच्चाडक—अपान—'अवाणे वच्चाडकगतं बूया' (अंवि पृ २२२)।

वच्चापिच्चिय—वल्वज नाम की मोटी घास को कूटकर बनाया हुआ (रजोहरण) (बृ २।२९)।

वच्चिक्का—स्तबक, बिन्दु (व्यभा ७ टी प ६७)।

वच्छ—पार्श्व, समीप (दे ७।३०)।

वच्छाणी—गजपीपर की वल्ली (प्रज्ञा १।४०।४)।

वच्छिउड—गर्भाशय—'वच्छिउडो गर्भाश्रय इत्यन्ये' (दे ७।४४ वृ)।

वच्छिमअ—गर्भाशय (दे ७।४४)।

वच्छीउत्त—नापित, नाई (दे ७।४७)।

वच्छीव—गोप, ग्वाला (दे ७।४१)।

वज्जरण—कथन (प्रा ४।२)।

वज्जरा—नदी (दे ७।३७)।

वज्जरिय—कथित (प्रा ४।२)।

वज्जलाढ—म्लेच्छ—'अरे वज्जलाढा ! एस पंथो कहिं वच्चइ ? वज्जलाढा नाम मेच्छा' (आवहाटी १ पृ १४१)।

वज्जा—१ माता, देवी-विशेष (अनुद्वाचू पृ १३)। २ अधिकार (दे ७।३२)।

वज्जिअ—१ अवलोकित, दृष्ट (दे ७।३९)। २ बजाया हुआ।

वज्जियाव—इक्षु—'वज्जियावो नाम देशीवचनत्वादिक्षुः' (व्यभा २ टी प २२)।

वाज्जियावग—इक्षु—'वाज्जियावगो उच्छु इति' (व्यभा २ टी प २२)।

वज्जिर—लोकवाद्य-विशेष (कु पृ ९६)।

वज्झार—एक प्रकार का शिल्पी (प्रज्ञा १।९७)।

वज्झुक्क—वाह्य क्रीडा-विशेष, एक प्रकार की क्रीड़ा जिसमें पीठ पर बैठा जाता है—'अण्णया वज्झुक्केण रमंति' (आवहाटी २ पृ २१७)।

वट्ट—१ एक प्रकार का लड्डू (प्र १०।६)। २ प्याला (अनु ३।३९)। ३ छात्र—'उवज्झायनिउत्ता वट्टा दिवसे दिवसे धणुगेहिं गहिएहिं रक्खंति' (आवहाटी २ पृ ४७)। ४ नट आदि की विद्या से आजीविका कमाने वाला—'जूइयरसोलमेंटा वट्टा' (आवहाटी २ पृ ६८)। ५ लोढा, शिला-

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

पुत्रक (भटी पृ १४१६) । ६ गाढी कढी, खाद्य-विशेष (प्रटी प १५३) । ७ हानि । ८ मार्ग ।

वट्टखिड्ड—जादू का खेल, इन्द्रजाल—'एकस्मिन् हस्ते गोलकद्वयमेकस्मिन् गोलकत्रयं दर्शयित्वा पुनरिन्द्रजालप्रयोगेन केचिद् व्यत्ययेन गोलकान्यत्र दर्शयन्तीन्द्रजालिकाः तद् वट्टखिड्डमुच्यते' (आवटि प ५३) ।

वट्टखेड—इन्द्रजाल—'किमेयं वट्टखेडं' (आवचू १ पृ ५२८) ।

वट्टखेड्ड—वृत्तक्रीडा, इन्द्रजाल (सम ७२।७) ।

वट्टण—दो धागों को एक साथ बंटना—'सिक्कगदोरो वलणं वा वट्टणं' (निचू २ पृ २२३) ।

वट्टमाण—१ अंग, शरीर । २ गन्ध-द्रव्य की एक प्रकार की सुगंध (दे ७।८७) ।

वट्टय—१ कटोरा—'गहिया वट्टयम्मि सत्तुया' (उसुटी प ६२) । २ लाख आदि से बना खिलौना (ज्ञा १।१८।८) ।

वट्टा—मार्ग—'सगडवट्टाए लोलइ' (आवमटी प ४६७; दे ७।३१) ।

वट्टावरय—लोढा, शिला-पुत्रक—'तिक्खेणं वइरामएणं वट्टावरएणं' (भ १६।३४) ।

वट्टिम—अतिरिक्त, अधिक (दे ७।३४) ।

वट्टिय—१ पीसा हुआ, चूर्ण किया हुआ (निचू २ पृ ६५) । २ परिवेषित, भोजन परोसना—'थेरीए पुत्तभंडाणं विलेवी वट्टिया' (आवहाटी १ पृ २९०) ।

वट्टिव—पर-कार्य (दे ७।४०) ।

वट्टिफोड—बहुभक्षक—'सो य वट्टिफोडो ण चेव धाति' (आवचू १ पृ २९१) ।

वड—१ क्षेत्र का एक देश, एक विभाग—'वडो वडूगो विभागो एगट्ठं' (आवचू २ पृ २३४; दे ७।८२) । २ दरवाजे का एक भाग (दे ७।८२) । ३ मत्स्य की एक जाति (प्रटी प ४७) ।

वडंवग—बड़े परिवार वाला—'बहुसयणो वडंवगो' (निचू ३ पृ २५३) ।

वडक—उद्भिज्ज जंतु-विशेष—'तत्थ उब्भिज्जा संखणा काकुंथिका वडका सिरिवेट्ठका' (अंवि पृ २२९) ।

वडग—सूती वस्त्र (भ ११।१५९) ।

वडगर—मत्स्य-विशेष (जीवटी प ३६) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वडप्प—१ लता-गहन । २ निरंतर-वृष्टि (दे ७।८४) ।

वडभ—वामन, कुब्ज, जिसका पीछे के या आगे के शरीर का भाग उभरा हुआ हो (निचू ३ पृ २७१) ।

वडय—सूती वस्त्र—'कोसेज्जा वडओ भण्णति । टसर इति भाषायाम्' (निचू २ पृ ६८) ।

वडह—पक्षि-विशेष (दे ७।३३) ।

वडा—वृति, परिक्षेप—'एगवडाए इति एकवृतिपरिक्षेपायाम्' (व्यभा ३ टी प ६६) ।

वडार—विभाग (व्यभा ७ टी प ६३) ।

वडालि—पंक्ति, श्रेणी (दे ७।३६) ।

वडिसर—चूल्हे का मूल (दे ७।४८) ।

वडी—बड़ी, शाक-विशेष (प्रसा ४३४) ।

वड्ड—१ उद्दंड (ति ११९३) । २ उच्च, महान्—'वड्डेणं सद्देणं जोक्कारोत्ति भणितं' (आवहाटी १ पृ ४३) । ३ कलह (उशाटी प १७९) । ४ बड़ा (ज्ञा २।१।१८; दे ७।२९) ।

वड्डंवग—बड़े परिवार वाला (निभा ३६२२)।

वड्डखेड्ड—जादू का खेल, इन्द्रजाल देखें—'वट्टखिड्ड' (आवटि प ५३) ।

वड्डग—१ पात्र (बृभा ४८०६) । २ बड़ा (भ १९।७८) ।

वड्डवास—मेघ (दे ७।४७) ।

वड्डहुल्लि—मालाकार, माली (दे ७।४२) ।

वड्ढ—१ पौ फटते-फटते, शीघ्र—'ते वड्ढे पभाए उट्ठेत्ता गया' (आवहाटी १ पृ १३७) । २ बड़ा (निचू १ पृ ९) ।

वड्ढइ—वर्धकी, बढई (सम १४।७) ।

वड्ढइअ—१ चर्मकार, मोची (दे ७।४४) । २ बढई (वृ) ।

वड्ढणभिर—पीन, पुष्ट (दे ७।५१) ।

वड्ढणसाल—पुच्छहीन, जिसकी पूंछ कट गई हो वह (दे ७।४९) ।

वड्ढर—गृहस्थ के प्रयोजन के लिए जादू-टोना करना (व्यभा ४।३ टी प ४९) ।

वड्ढवण—१ वस्त्र का आहरण । २ बधाई, अभ्युदय-निवेदन (दे ७।८७) ।

वड्ढाविअ—समाप्त किया हुआ (दे ७।४५) ।

वड्डिआ—कूपतुला, कूए से पानी ऊपर खींचने का साधन-विशेष (दे ७।३६) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वण—१ अधिकार। २ श्वपच, चाण्डाल (दे ७।८२)।

वणइ—वन-राजि, वृक्ष-पंक्ति (दे ७।३८)।

वणण—बुनना (द १।१ टी)।

वणति—पुष्प-विशेष (अंवि पृ ७०)।

वणद्धि—गायों का समूह (दे ७।३८)।

वणपक्कसावअ—शरभ, श्वापद-विशेष (दे ७।५२)।

वणव—दावानल (दे ७।३७)।

वणसवाई—कोयल (दे ७।५२)।

वणाय—शिकारी से आकुल, व्याध से त्रस्त (दे ७।३५)।

वणार—दमनीय बछड़ा (दे ७।३७)।

वणुल्लय—वन—'वीसमइ खणे एला-वणुल्लए' (कु पृ ३३)।

वण्ण—१ चन्दन आदि का चूर्ण—'वण्णेहिं वा उव्वट्टेइ' (नि १।५)।
२ अच्छ, स्वच्छ। ३ रक्त, लाल (दे ७।८३)।

वण्णग—चंदन—'चाउरंतचक्कवट्टिस्स वण्णगपेसिया तरुणी बलवं' (म १९।३४)।

वण्णय—१ श्रीखण्ड, चन्दन (दे ७।३७)। २ सुगंधित चूर्ण (वृ)।

वतिभेदक—क्षुद्र जन्तु-विशेष (अंवि पृ २३८)।

वतु—समूह (दे ७।३२)।

वत्तट्ठ—१ सुंदर। २ बहुशिक्षित (दे ७।८५ पा)।

वत्तणासी—जलचर प्राणी-विशेष (अंवि पृ ६९)।

वत्तद्ध—१ सुन्दर। २ बहु-शिक्षित (दे ७।८५)।

वत्ता—सूत्र-वलनक-यंत्र, सूत्र-वेष्टन-यंत्र (प्रटी प ८०)।

वत्तार—गर्वित, अभिमानी (दे ७।४१)।

वत्ति—सीमा (बृभा २०१; दे ७।३१)।

वत्तुस्सय—वृद्ध (अंवि पृ १००)।

वत्थउड—तंबू, वस्त्र से निर्मित आश्रय-स्थान (दे ७।४५)।

वत्थरिका—बिछाने का आस्तरण (अंवि पृ ७२)।

वत्थाणी—वल्ली-विशेष (प्रज्ञाटी प ३३)।

वत्थाणीय—खाद्य-विशेष—'हत्थेण वत्थाणीए भोच्चा कज्जं साधेंति' (सूर्य १०।१७)।

वत्थी—तापसों की कुटिया (दे ७।३१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वत्थुल—वनस्पति-विशेष, बथुआ (निचू ३ पृ १५९)।

वदिकलिअ—वलित, लौटा हुआ (दे ७।५०)।

वद्दल—१ बादल—'समोहणित्ता अब्भवद्दलए विउव्वंति' (राज १२)।
२ दुर्दिन, मेघकृत अन्धकार (दे ७।३५)।
३ छठी नरक का दूसरा नरकेन्द्रक, नरकस्थान।

वद्दलग—बादल (आवचू १ पृ १३७)।

वद्दलिया—१ बदली, छोटा बादल (आवचू १ पृ ३८५)। २ घटाटोप, मेघाडंबर (स्था ९।६२)।

वद्धणिया—झाड़ू (दे ८।१७)।

वद्धणी—संमार्जनी, झाड़ू (दे ७।४१ वृ)।

वद्धमाण—१ स्कन्धारोपित पुरुष। २ स्वस्तिक-पञ्चक। ३ प्रासाद-विशेष (ज्ञाटी प ६२)।

वद्धय—प्रधान, मुख्य (दे ७।३६)।

वद्धिय—नपुंसक-विशेष जिसका अंडकोश छेदकर गला दिया गया हो (निचू १ पृ ४०; दे ७।३७)।

वद्धी—अवश्य-कृत्य, आवश्यक कर्त्तव्य (दे ७।३०)।

वद्धीसक—वाद्य-विशेष (प्र १०।१४ टी)।

वद्धीसग—वाद्य-विशेष (अनु ३।४९)।

वधूज्ज—विवाह (अंवि पृ १४१)।

वधूपुत्ती—सुहागरात्री में वधू के रक्त-खरंटित वस्त्रों को देखकर स्वजन प्रसन्न होते हैं। वे उस वस्त्र को घर-घर ले जाकर गुरुजनों को सविनय दिखाते हैं। यह इसलिए कि सभी जान जाएं कि लड़की अक्षतयोनि वाली है अर्थात् गर्भ-धारण करने में समर्थ है—'का एसा वधूपुत्ती ? भण्णति-पढमे वासहरे भत्तुणा जोणिभेए कते तच्छोणियेण पोत्ति खरंडियं सूरुदए सयणो से परितुट्ठो पडलकं तं तं पोत्ति घरंघरेण गुरुजणपुरतो परिवंदइ दंसेति य, णज्जते रुहिरदंसणातो अक्खयजोणि त्ति' (अनुद्वाचू पृ ४८)। देखें—'आणंदवड'।

वपू—थूभ (भ १५।८७ पा)।

वप्प—१ तनु, कृश। २ बलिष्ठ, बलवान्। ३ भूतगृहीत, भूताविष्ट (दे ७।८३)।

वप्पक—बालक—'पिल्लक-वप्पक-सिंगक-खुड्डक' (अंवि पृ १६९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वप्पग—खेत, क्षेत्र (निभा १२९५)।

वप्पडी—खाद्य-विशेष (अंवि पृ २४६)।

वप्पिण—१ खेतों वाला प्रदेश। २ तटों वाला प्रदेश (भटी प २३८)। ३ खेत (प्र १।१४; दे ७।८५)। ४ बसा हुआ (दे ७।८५)।

वप्पिणी—छोटी बावड़ी (प्र १०।१५)।

वप्पीअ—चातक पक्षी (दे ७।३३)।

वप्पीह—१ स्तूप, मिट्टी आदि का ढेर (दे ७।४०)। २ चातक पक्षी (दे ६।९० वृ)।

वप्पु—ढूह, थूभ, बांबी—'इमस्स णं वम्मीयस्स चत्तारि वप्पूअ अब्भुग्गयाओ' (भ १५।८८)।

वप्पूअ—थूभ (भ १५।८७)।

वप्फलिग—असत्य (आवमटी प ५३०)।

वप्फाउल—अधिक उष्ण (दे ६।९२)।

वब्भय—कमल का मध्यभाग (दे ७।३८)।

वमणि—कपास (निचू ३ पृ ५७)।

वमनी—कपास (अनुद्वामटी प ३१)।

वमारक—थलचर प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२७)।

वमाल—१ कलकल, कोलाहल (दे ६।९० वृ)। २ राशि।

वमालिय—पुंजीभूत, उपलिप्त—'असुइमलरुहिरकद्दम-वमालिओ गब्भवासमज्झम्मि' (कु पृ २५४)।

वमालीभूत—पुंजीभूत—'अह ण सक्केति रक्खिउं वमालीभूतं, ताहे कप्पं पत्थरेत्ता सव्वोवकरणं बंधति' (निचू २ पृ १७९)।

वम्मिका—पैरों का आभूषण—पामुद्दिक त्ति वा बूया वम्मिका पायसूचिका' (अंवि पृ ७१)।

वम्मीसर—कामदेव, कन्दर्प (दे ७।४२)।

वम्ह—वल्मीक (दे ७।३१)।

वम्हल—कमल-केसर, किंजल्क (दे ७।३३)।

वय—गृध्रपक्षी, गीध (दे ७।२९)।

वयड—वाटिका, बगीचा (दे ७।३५)।

वयण—१ घर, गृह। २ शय्या, बिछौना (दे ७।८५)।

वयर—चूर्णित (दे ७।३४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

वयल—१ विकसित होता हुआ, खिलता हुआ। २ कलकल, कोलाहल (दे ७।८४)।

वयली—निद्राकरी लता (दे ७।३४)।

वर—धान्य-विशेष (भ २१।१६)।

वरअ—शालि-विशेष एक प्रकार का धान्य (दे ७।३६)।

वरइ—जलचर प्राणी-विशेष व पृ ६९)।

वरइअ—धान्य-विशेष (दे ७।४९)।

वरइत्त—दुलहा (दे ७।४४)।

वरउप्फ—मृत (दे ७।४७)।

वरंड—१ प्राकार, किला। २ कपोतपाली, कबूतरों का दरबा (दे ७।८६)। ३ तृणपुंज। ४ समूह।

वरंडग—प्राकार (निभा २३८७)।

वरंडा—बरामदा, वरण्डा (जीविप पृ ३४)।

वरक—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

वरक्क—प्रावरण-विशेष—'कोयवगो वरक्को' (निचू ३ पृ ३२१)।

वरक्खु—व्याघ्र (बृटी पृ २२१)।

वरग—१ शालि-विशेष, एक प्रकार का धान्य (भ ६।१३१)। २ मूल्यवान पात्र (आचूला १।१४३)।

वरट्ट—धान्य-विशेष (स्था ७।९०)।

वरट्टग—धान्य-विशेष (आवचू २ पृ १२८)।

वरड—अति-स्थूल, बहुत मोटा (बृटी पृ ५३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समर—गीध पक्षी (दे ८।३)।

समइंछिय—अतिक्रांत (से १२।७२)।

समइच्छमाण—अतिक्रांत करते हुए (भ ९।२०९)।

समइच्छिअ—अतिक्रांत (दे ८।२०)।

समगुण्हिक—भोज्य पदार्थ—'समगुण्हिक त्ति वा बूया जागु त्ति कसरि त्ति वा' (अंवि पृ ७१)।

समर—१ लोहार की शाला। २ स्त्रियों के साथ सम्पर्क—संबंध स्थापित करने का गुप्त स्थान—'समरं नाम जत्थ हेट्ठा लोहयारा कम्मं करेंति। अहवा समरं नाम दिट्ठादिट्ठी संबंधो तासिं' (उचू पृ ३७)। ३ खरकुटी, नाई की दुकान (उसुटी प १०)।

समरसद्दृय—समवयस्क (दे ८।२२)।

समसीस—१ सदृश। २ निर्भर (दे ८।५०)। ३ स्पर्धा (से ३।८)।

समसीसी—स्पर्धा (दे ८।१३)।

समहुत्त—अभिमुख—'केई पुरिसे परसुं गहाय अडवीसमहुत्तो गच्छेज्जा' (अनुद्वाहाटी पृ ४१)।

समाय—उत्सव—'उस्सयं वा समायं वा' (अंवि पृ १३४)।

समायोग—सैनिकवर्दी—'परिहिज्जंति समायोगे' (कु पृ १९८)।

समास—उत्सव—'उस्सयो त्ति समासो त्ति विहि जण्णो छणो त्ति वा' (अंवि पृ १२१)।

समिला—युग-कीलक, गाड़ी की धोंसरी में दोनों ओर डाला जाता लकड़ी का कीलक (उ २७।४)।

समीखल्लय—छोंकर की पत्ती, शमी वृक्ष का पत्र-पुट (दशुचू पृ ८)।

समीज्झुक्खर—शमी वृक्ष की शाखा (आवहाटी २ पृ १६)।

समुइ—१ अभ्यास—'समुइं ति देशीवचनत्वाद् अभ्यासम्' (बृटी पृ ४१४)। २ स्वभाव (व्यभा ७ टी प २१)।

समुग्गिअ—१ प्रतीक्षित (दे ८।१३)। २ प्रतिपालित (बृ)।

समुच्छणी—संमार्जनी, झाड़ू (दे ८।१७)।

समुच्छिअ—१ तोषित, संतुष्ट किया हुआ। २ समारचित। ३ अंजलिकरण (दे ८।४९)।

समुत्तइत—गर्वित (निचू २ पृ १००)।

समुत्तइय—गर्वित—'ओच्छाहिओ परेण व, लद्धिपसंसाहि वा समुत्तइओ।
अवमाणिओ परेण य, जो एसइ माणपिंडो सो॥
(पिनि ४६५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

समुद्दणवणीअ—१ अमृत। २ चन्द्र (दे ८।५०)।

समुद्दहर—जलगृह (दे ८।२१)।

समुद्देस—१ भोज। २ सूर्यमंडल (जीचू पृ ९)।

समुप्पिजल—१ अयश। २ रज (दे ८।५०)।

समोसिअ—१ पड़ोसी। २ प्रदोष, सायंकाल। ३ वध्य (दे ८।४९)।

समोसितग—पड़ोसी (निचू २ पृ १५४)।

समोसितिया—पड़ोसिन (दअचू पृ ५२)।

समोसियग—साधर्मिक, पड़ोसी—'सेज्जगो समोसियगो' (निचू २ पृ २७२)।

सम्म—भुजपरिसर्प की एक जाति—'देशविशेषतो वेदितव्याः' (जीवटी प ४०)।

सम्मिका—कान का आभूषण-विशेष—'सासा-सम्मिका-वतंसक-ओवास-कण्णपीलक' (अंवि पृ १८३)।

सयक्खगत्त—द्यूतकार, जुआरी (दे ८।२१)।

सयग्घी—घरट्टी, चक्की (दे ८।५)—'रदसंफालिसयग्घी ण हु थक्कइ सण्णिअम्मि सुक्के अ' (वृ)।

सयज्झिया—पड़ोसिन (पिनि ३४२)।

सयढा—लंबे बालों वाली (दे ८।११)।

सयत्त—मुदित, प्रसन्न (दे ८।५)।

सयराह—एक साथ, युगपत्—'सयराहेण पणट्ठाइं जाण चत्तारि पुव्वाइं' (ति ८०२)।

सयराहं—१ युगपत्—'सयराहमिति देशीवचनं युगपदर्थाभिधायकम्' (आवहाटी १ पृ १००)। २ एकबार (अनुद्वामटी प १६३)। ३ शीघ्र (दे ८।११)। ४ अकस्मात्—'अक्खसोयप्पमाणमेत्तंपि जलं सयराहं उत्तरित्तए' (औप १२२)।

सयराहा—युगपत् (विभा ६५६)।

सयराहु—१ एकसाथ। २ शीघ्र—'सयराहु—युगपत्तूर्णं वा' (आवदी प ७४)।

सरंड—भुजपरिसर्प की एक जाति (जीवटी प ४०)।

सरग—बांस के छींके के आकार का भाजन (जीव ३।५८७)।

सरड-सरड—भोजन करते समय होने वाला शब्द (ओटी प १८७)।

सरडीभूत—वह फल जो पकता नहीं (निचू ३ पृ ४८५)।

सरडु—कोमल—'पुप्फाणं पत्ताणं सरडुफलाणं तहेव हरियाणं' (पिनि ४५)।

सरडुय—वह फल जिसमें अभी गुठली न बनी हो (आचूला १।११०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सरत्ति—सहसा, अभी (दे ८।२)।

सरभेअ—स्मृत, याद किया हुआ (दे ८.१३)।

सरल—वृक्ष-विशेष, चीड (प्रज्ञा १।४३)।

सरली—चीरिका, झींगुर (दे ८।२)।

सरलीआ—१ श्वावित् नाम का प्राणी, साही (दे ८।१५)। २ कीटविशेष (वृ)।

सरह—१ वेतसवृक्ष। २ सिंह (दे ८।४७)।

सरा—माला (दे ८।२)।

सराह—गर्व से उद्धत (दे ८।५)।

सराहअ—सर्प (दे ८।१२)।

सरिका—भाजन-विशेष—'करोडी कंसपत्ति त्ति पालिका सरिक त्ति वा' (अंवि पृ ७२)।

सरिभरी—समानता—'तओ जाया दोण्ह वि सरिभरी' (उसुटी प १९१)।

सरिया—मोतियों की माला—'वरमउड-सरिय-कुंडल' (प्र ४।४)।

सरिवाअ—आसार, तेज वर्षा (दे ८।१२)।

सरिसाहुल—सदृश (दे ८।९)।

सरेवअ—१ हंस। २ घर का जल बहने का नाला, मोरी (दे ८।४८)।

सरोडुअ—वह फल जिसमें अभी गुठली न पड़ी हो (आचू पृ ३४१)।

सरोडुग—काष्ठपात्र, दर्वी (आचू पृ ३४१)।

सललो—सेवा (दे ८।३)।

सलहत्थ—कड़छी आदि का हत्था (हस्तक) (दे ८।११)।

सलेट्ठुग—समूल, मूल-सहित—'ततो गोपालेण असद्दहंतेण ओसरिऊण सलेट्ठुगो उप्पाडिओ एगंते पडिओ' (आवहाटी १ पृ १४२)।

सल्ल—सर्प की एक जाति (सू २।३।८०)।

सल्लग—सर्प की जाति-विशेष (प्र १।८)।

सल्लिका—साली—'रमा त सुण्ह सावत्ती सल्लिका मेधुण त्ति वा' (अंवि पृ ६८)।

सल्ली—१ भुजपरिसर्पिणी (जीव २।९)। २ साली (अवि पृ २१९)।

सवडंमुह—अभिमुख, सम्मुख—'सवडंमुहं वलंतो कालो व्व अकारणे कुद्धो' (उसुटी प ८५; दे ८।२१)।

सवडहुत्त—सम्मुख—'सो तस्स निवट्टमाणो दंडियस्सेव सवडहुत्तो गओ' (उसुटी प ५५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सवडी—उत्तरीय वस्त्र—'संघाडी णाम सवडी' (निचू २ पृ ३१२)।

सवलाहिका—जलचर प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२७)।

सवाअ—बाज पक्षी (दे ८।७)।

सवार—प्रातःकाल (बृटी पृ ५७६)।

सवास—ब्राह्मण (दे ८।५)।

सविस—सुरा, मदिरा—'बुद्धिविहूणा संभवगयव्व सविसं विसं ति ण मुणन्ति' (दे ८।४)।

सविहोढ—चोरी के माल से युक्त (निचू ३ पृ ५०२)।

सव्वल—कुंत, बर्छा (कु पृ ४०)।

सव्वला—कुशी, लोहे का अस्त्र-विशेष (प्र १।२८; दे ८।६)।

सव्वावंति—सर्व, सब—'एआवन्ती सव्वावन्ती ति एतौ द्वौ शब्दौ मागधदेशी-भाषाप्रसिद्धया एतावन्तः सर्वेऽपीत्येतत्पर्यायौ' (आ १।७ टी प २६)।

ससबिंदु—वल्ली-विशेष (प्रज्ञा १।४०।५)।

ससबिंदुक—फल-विशेष (अंवि पृ ६४)।

ससराइअ—निष्पिष्ट, पिसा हुआ (दे ८।२०)।

सह—१ सहायक, समर्थ (सू १।३।२३)। २ योग्य (दे ८।१)।

सहउत्थिआ—दूती, संदेशवाहिनी (दे ८।९)।

सहगुह—उल्लू (दे ८।१६)—'संखलयदंत हिण्डसि जं बाहिं सहगुहो व्व राईसु' (वृ)।

सहज्झय—पड़ोसी (कु पृ २२४)।

सहण—साथ—'सहणं ति देसीभासा सहेत्यर्थः' (सूचू १ पृ १०७)।

सहत्थकारी—दक्ष, निपुण (अंवि पृ ९८)।

सहरला—महिषी, भैंस (दे ८।१४)।

सहिणग—वस्त्र-विशेष (जीव ३।५९५)।

सहोढ—चोरी की वस्तु-सहित—'सहोढ गहितो पलंबठाणेसु' (निभा ४७८२)।

साइ—कमल-केसर, किंजल्क (दे ८।२२)—'सालतले सारिठिआ अच्चइ चण्डि ससाइपउमेहिं' (वृ)।

साइअ—१ संस्कार (दे ८।२५)। २ आलिंगन।

साइज्जिअ—अवलम्बित (दे ८।२६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साइतंकार—स-प्रत्यय, विश्वस्त—'जं च राएण उल्लवियं साइतंकारो तेण तं पत्तए लिहियं' (आवहाटी २ पृ १४२)।

साइयंकार—विश्वस्त—'पुच्छा समणे कहणं साइयंकारसुमिणाई' (पिभा ३३)।

साउल्ल—अनुराग, प्रेम (दे ८।२४)।

सांड—सांड, वृषभ (व्यभा ४।२ टी प २०)।

साकिज—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

सागारिय—मैथुन—'जे छेए से सागारियं ण सेवए—सागारियं मेहुणं ससमयवण्णो वा' (आ ५।१० चू)।

साडक—बालक—'सिंगक-खुड्डक-बालक-साडक' (अंवि पृ १६९)।

साणड्ढअ—उत्तेजित (दे ८।१३)।

साणुप्पग—प्रभात—'सानुप्रगे—प्रत्यूषवेलायां लभ्यते या भिक्षा' (बृभा १९७६ टी)।

साणुप्पय—दिन का अन्तिम प्रहर—'साणुप्पओ णाम चउभागावसेसचरिमाए' (निचू २ पृ २९७)।

साणुप्पाय—दिवस का अन्तिम प्रहर (नि ४।१०८ पा)।

साणुवेला—प्रभात—'जाव जणो ण संचरति ताव साणुवेलाए दोसीणं तक्कं वा गेण्हंति' (निचू ४ पृ १२२)।

साणूर—देवालय, देवमंदिर (दे ८।२४)।

साधी—क्रम, पंक्ति (निचू ४ पृ २३८)।

साभरग—रुपया, सिक्का—'साभरग त्ति देशीवचनाद् रूपकाः' (बृटी पृ १८९)।

सामंती—समभूमि (दे ८।२३)।

सामग्गिअ—१ चलित। २ अवलम्बित। ३ पालित, रक्षित (दे ८।५३)। ४ आलिंगित (पा १५१)।

सामच्छण—मंत्रणा, पर्यालोचन (बृभा ११६१)।

सामच्छिय—पर्यालोचित, सुचिंतित (उसुटी प ७)।

सामत्थ—मंत्रणा, पर्यालोचन (व्यभा ४।३ टी प ५२)।

सामत्थण—पर्यालोचन—'सामत्थणं देशीवचनतः पर्यालोचनं भण्यते' (आवहाटी १ पृ ७३)।

सामरि—शाल्मली, सेमर का पेड़ (दे ८।२३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सामाइत—१ वह व्यक्ति जिसको रात्री में नहीं दिखता, रात्री-अन्धक। २ कृषक (दअचू पृ ५१)।

सामिअ—दग्ध (दे ८।२३)।

सामिणी—स्त्री का संबोधन (द ७।१६)—'सामिणित्ति सव्वदेसेसु, सामिणीगोमिणीओ चाटुवयणं' (दअचू पृ १६८)।

सामुंडुय—तृणविशेष, वरु (पा ३७३)।

सामुद्द—इक्षु-सदृश तृण (दे ८।२३)।

साय—१ महाराष्ट्र का एक नगर। २ दूर (दे ८।५१)।

सायंकार—सत्यंकार, सत्य-करण (स्था १०।९६)।

सायंदूर—महाराष्ट्र का एक नगर (दे ८।५१ वृ)।

सायंदूला—केतकी, केवड़े का गाछ (दे ८।२५)।

सायमंडुक्कि—वनस्पति-विशेष (भ २१।२०)।

सारमिअ—स्मारित, याद कराया हुआ (दे ८।२५)।

सारवण—१ समारचन, सम्मार्जन। २ निष्क्रिय (ओटी प ४१)।

सारविय—साफ किया हुआ (बृभा १५५१; दे ८।४९)।

सारा—भुजपरिसर्पिणी (जीव २।९)।

साराडि—आटी पक्षी, शरारी पक्षी (दे ८।२४)।

सारि—ऋषि का आसन-विशेष (पा ६५४)।

सारिकह—गृहस्थ, शय्यातर—'सारिकह त्ति सागारिकः—शय्यातरः' (बृटी पृ ३९३)।

सारिच्छिआ—दूर्वा, दूब (दे ८।२७)।

सारित—आहूत, आकारित—'आरिओ आगारितो सारितो वा एगट्ठं' (निचू ४ पृ २४४)।

सारी—१ वृसी, ऋषियों का आसन (दे ८।२२)। २ मिट्टी—'सारी मृत्तिकेत्यन्ये' (वृ)। ३ मैना, पक्षि-विशेष (अंवि पृ २५८)।

साल—१ छाल—'बाहिरा छल्ली सालं भण्णइ' (निचू ३ पृ ४८१)। २ अच्छिन्न छल्ली—'नखादिभिः अक्खुण्णं सालं भण्णति' (निचू ३ पृ ४८२)।

सालंकी—सारिका, मैना (दे ८।२४)।

सालंगणी—अधिरोहिणी, सीढी (दे ८।२६)।

सालग—१ रस, गिरी (आचूला ७।२९)। २ बाहरी छाल (निचू ४ पृ ६५)। ३ लम्बी शाखा।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सालहिया—सारिका, मैना (प्रशाटी प ६३; दे ८।२४)।

सालही—सारिका, मैना (दे ८।२४)।

साला—शाखा (सू २।२।२३; दे ८।२२)।

सालाका—पक्षिणी-विशेष—'कोरी मदणसलाग त्ति सालाका कोकिल त्ति वा' (अंवि पृ ६९)।

सालाकालिक—गोल खाद्यपदार्थ—'पेंडिका वा पप्पडे वा मोरेंडकाणि वा सालाकालिकं वा अंबट्ठिकं वा' (अंवि पृ १८२)।

सालाणअ—१ स्तुत, जिसकी स्तुति की गई हो वह (दे ८।२७)। २ स्तुत्य, स्तुति-योग्य (वृ)।

सालिगणवट्टिय—शरीर-प्रमाण वाले उपधान वाला—'सहालिंगनवर्त्या-शरीरप्रमाणोपधानेन यत् तत् सालिंगन-वर्तिकम्' (ज्ञाटी प १७)।

सालिका—एक प्रकार की नौका—'णावा पोतो कोट्टिंबो सालिका तप्पको' (अंवि पृ १६६)।

सालिभ—पर्वत की गुफा में रहने वाला प्राणी-विशेष—'अच्छभल्ला तरच्छा सालिभा सेधका' (अंवि पृ २२७)।

सालुअ—१ शम्बूक, शंख। २ शुष्क यव आदि धान्य का अग्रभाग (दे ८।५२)।

सालुग—शालि, यव आदि का अग्रभाग—'साली-जव-अच्छि-सालुग, णिस्सरणं मासमुग्गमादीसु' (बृभा ३३०७)।

सावअ—१ शरभ, श्वापद पशु-विशेष (दे ८।२३)। २ बालों की जड़ में होने वाला क्षुद्र कीट विशेष।

सासवुल—कपिकच्छू, कवाछ का पौधा (दे ८।२५)।

सासा—कान का आभूषण—'सासा-सम्मिका-वतंसक-ओवास-कण्णपीलक' (अंवि पृ १८३)।

सासेरा—यान्त्रिक नर्तकी—'देशीपदत्वाद् यन्त्रमयी नर्तकी' (बृटी पृ १६४५)।

साह—१ बालू। २ उल्लू। ३ दधिसर, दही की मलाई (दे ८।५१)। ४ प्रिय, पति।

साहंजण—गोक्षुर, गोखरू (दे ८।२७)।

साहंजय—गोक्षुर, गोखरू (दे ८।२७)।

साहणा—कथन (व्यभा ६ टी प १९)।

साहरअ—मोहरहित (दे ८।२६)।

साहरक—रुपया—'साहरको णाम रूपकः' (निचू २ पृ ९५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

साहस—परदारगमन–'साहसमिति परदारगमनम्' (सूचू १ पृ १०५)।

साहि—१ ईरान देश का सामन्त–'तत्थ एगो साहित्ति राया भण्णति' (निचू २ पृ ५९)। २ राजमार्ग–'साहिशब्दो राजमार्गे देशी' (से १२।९२)।

साहिअय—कथित, प्रतिपादित। (पा १४५)।

साहिणिया—गीतिका–'तरुणा सूरजुवाणा इमं साहिणियं गायंति' (आवहाटी २ पृ ४५)।

साहिय—कथित (आ ८।८।१२)।

साहिलय—मधु, शहद (दे ८।२७)।

साही—१ छोटा दरवाजा, खिड़की–'साही पुरोहडे वा उवस्सए मत्तगम्मि वा णिसिरे' (ओनि ६२२)। २ मार्ग, रास्ता–'नोघरंतरऽणेगविहं वाडग साही निवेसण गिहेसु' (पिनि ३३४)। ३ मुहल्ला, रथ्या (दअचू पृ ४७; दे ८।६)। ४ गृहपंक्ति–'घरपंती साही भण्णति' (निचू २ पृ २०९)।

साहीय—गृहपंक्ति (बृभा २२१०)।

साहुली—१ शाखा (निचू १ पृ ८५; दे ८।५२)। २ वस्त्र। ३ भौंह, भ्रू। ४ भुजा। ५ सदृश। ६ कोयल। ७ सखी (दे ८।५२)। ८ कटिवस्त्र (पा ११७)। ९ मयूर-पिच्छ।

साहेज्जअ—अनुगृहीत (दे ८।२६)।

सिअ—चंवर–'से सिएण वा विहुयणेण वा....न फुमेज्जा' (द ४ सूत्र २१)।

सिअंग—वरुण, जलदेवता (दे ८।३१)।

सिआली—डमर, राष्ट्रविप्लव (दे ८।३२)।

सिइ—सीढी (पिनि ४७३)।

सिउंठा—साधारण वनस्पति-विशेष (प्रज्ञाटी प ३५)।

सिउंढि—साधारण वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।४८।१)।

सिखल—नूपुर, घुघरू (दे ८।१०)।

सिग—कृश, दुर्बल (दे ८।२८)।

सिगक—बालक (अंवि पृ १६९)।

सिगग—पानी छिड़कने का पात्र-विशेष–'सिंचिज्जइ सिगगादिणा' (निचू ४ पृ ४७)।

सिगणा—१ याचना। २ पहचान–'मा तस्स पुव्वसामी सिगणं करिस्सति' (निचू ३ पृ ४६२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिगनाइय—संघ का कार्य (नंदीटि पृ १६२)।

सिगय—तरुण (दे ८।३१)।

सिगरेवाणिय—कर्माजीवी (अंवि पृ १६०)।

सिगा—फली (आचू पृ ३४१)। सिगा (गुजराती, मराठी, कन्नड़)।

सिगाडय—गले का हार, आभूषण (कु पृ ८३)।

सिगालक—पक्षी-विशेष (अंवि पृ २३८)।

सिगिका—बालिका—'दारिया बालिया व त्ति सिगिका पिल्लिक त्ति वा' (अंवि पृ ६८)

सिगिणी—गाय (दे ८।३१)।

सिगिरिड—चतुरिन्द्रिय जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।५१)।

सिगिरीडि—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (उ ३६।९७)।

सिगेरिवम्म—वल्मीक (दे ८।३३)।

सिगुग्गु—वनस्पति-विशेष (अंवि पृ २३२)।

सिघाडय—राहु का नाम—'राहुस्स णं देवस्स नव नामधेज्जा पण्णत्ता, तं जहा—सिंघाडए जडिलए' (भ १२।१२३)।

अ—राहु (दे ८।३१)।

सिटी—नाक छींकने का शब्द (आवचू १ पृ ३०)।

सिड—मोटित, मोड़ा हुआ (दे ८।२९)।

सिढ—मयूर, मोर (दे ८।२०)।

सिढा—नासिका-नाद, नाक की आवाज (दे ८।२९)।

सिढिय—श्लैष्मिक (व्यभा १० टी प ३)।

सिद—खजूर (आवहाटी १ पृ १४८)।

सिदवासि—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ७०)।

सिदि—खजूरी—'सिदि—खज्जूरी' (आवचू १ पृ ३१६)।

सिदी—खजूरी—'सिदिकंदयेण आहणामित्ति पहावितो, सिदी—खजूरी' (आवहाटी १ पृ १४८; दे ८।२९)।

सिदीर—नूपुर (दे ८।१०)।

सिदु—रस्सी (दे ८।२८)।

सिदुरय—१ राज्य। २ रज्जु (दे ८।५४)।

सिदुवण—अग्नि (दे ८।३२)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिदोल—खजूर (पा ३६८)।

सिदोला—खजूरी, खजूर का पेड़ (दे ८।२९)।

सिपुअ—भूतगृहीत, भूताविष्ट (दे ८।३०)।

सिबलि—शाल्मली वृक्ष (भ ७।१३)।

सिबलिगि—शाल्मली वृक्ष—'सिबलिगिं विउव्वित्ता तथारुभिऊणं कड्ढेंति' (सूचू १ पृ १२६)।

सिबाडी—नाक से होने वाली आवाज (दे ८।२९)।

सिबीर—पलाल (दे ८।२८)।

सिभ—श्लेष्म, कफ (प्र १०।९)।

सिव—नाव के बीच का स्तंभ जहां पाल बांधा जाता है (निचू १पृ७४)।

सिहलिआ—शिखा, चोटी (पा ९४)।

सिकुत्थी—जलचर परिसर्प-विशेष (अंवि पृ ६९)।

सिकूवाली—जलचर परिसर्प-विशेष (अंवि पृ ६९)।

सिक्क—छींक (कु पृ २२)।

सिक्कगणंतअ—छींके का आच्छादन—'सिक्कगणंतओ उ पोणओ उच्छाडणं भण्णति' (निचू २ पृ ३८)

सिक्कगणंतग—छींके का आच्छादन (नि १।१३)।

सिक्कडि—डाकिनी (उसुटी प ८०)।

सिक्कणंतग—छींके का आच्छादन (निचू २ पृ ३७)।

सिक्कयंतय—छींके का ढक्कन,—'अह सिक्कयंतयं पुण, सिक्कतओ पोणओ मुणेयव्वो' (निभा ६४५)।

सिक्कर—खंड, टुकड़ा—'सयसिक्करे गओ' (उसुटी प ४२)।

सिगिला—जलचर परिसर्प-विशेष (अंवि पृ ६९)।

सिगिलि—प्राणी-विशेष (अंवि पृ २३७)।

सिग्ग—१ परिश्रम—'सिग्गत्ति देशीपदमेतत् परिश्रम इत्यर्थः' (व्यभा ४।४ टी प ९)। २ श्रांत, थका हुआ (ओनि २४; दे ८।२८)।

सिग्गअ—श्रम (ओटी प ६२)।

सिग्गड—कला-विशेष (कु पृ १५०)।

सिचकत—वस्त्र-विशेष (अंवि पृ १४१)।

सिज्जूर—राज्य (दे ८।३०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिज्जिया—साथ में रहने वाली, पड़ोसिन (बृभा १७२५) ।
सिट्टर—चेष्टा—'छेदणादिसिट्टरेहिं अच्छंति' (निचू २ पृ ५) ।
सिण्हक—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ६३) ।
सिण्हा—१ ओस, कुहरा (पंव ८०; दे ८।५३) । २ हिम (दे ८।५३) ।
३ शिशिर—'सिण्हा शिशिरे देशी' ।
सिण्हालय—फल-विशेष (अनु ३।५१) ।
सित—चंवर—'सितं चामरं' (दअचू पृ ८९) ।
सिति—सीढी (जीभा ३२९) ।
सितीय—१ शिविका । २ निःश्रेणी (अंवि पृ ३१) ।
सित्थ—१ जीवा, धनुष्य की डोरी—'सित्थं जीवा गुणो पडंचा य' (पा २७७) । २ मत्स्य की जाति-विशेष (अंवि पृ २२८) ।
सित्था—१ लार, लाला । २ जीवा, धनुष की डोरी (दे ८।५३) ।
सित्थि—मत्स्य (दे ८।२८) ।
सिद्ध—परिपाटित, विदारित (दे ८।३०) ।
सिद्धत्थ—रुद्र, महादेव (दे ८।३१) ।
सिप्प—पलाल, तृण-विशेष (दे ८।२८) ।
सिप्पिका—सीप, घोंघा (अंवि पृ २६७) ।
सिप्पिय—पलाल, तृण-विशेष (भ २१।१९) ।
सिप्पिर—तृण-विशेष (प्रज्ञाटी प ३३) ।
सिप्पिसंपुड—द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (प्रज्ञा १।४९) ।
सिप्पी—सूई (निचू १ पृ ५२) ।
सिब्भ—श्लेष्म (भ ७।११९) ।
सिय—चामर (द ४।२१) ।
सियलिया—रोग-विशेष (निचू २ पृ २१५) ।
सियवल्ली—वृक्ष-विशेष (आचू पृ ३७३) ।
सियाण—श्मशान (ज्ञभा ७ टी प ७६) ।
सिरिंग—विट, लम्पट (दे ८।३२) ।
सिरिद्दह—पक्षियों का पान-पात्र (राजटी पृ १०५) ।
सिरिद्दही—पक्षियों का पानपात्र (दे ८।३२) ।
सिरिमुह—मदमुख, जिसके चेहरे पर नशे की झलक हो (दे ८।३२) ।
सिरियक—गुल्म-विशेष (अंवि पृ १४१) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सिरिली—कन्द-विशेष (भ ७।६६) ।
सिरिवअ—हंस (दे ८।३२) ।
सिरिवच्छीव—गोपाल, ग्वाला (दे ८।३३) ।
सिरिवेट्ठक—उद्भिज्ज जंतु-विशेष (अंवि पृ २२९) ।
सिलअ—उञ्छ, गिरे हुए अन्नकणों का ग्रहण (दे ८।३०) ।
सिलंब—बालक, बच्चा (पा ९५) ।
सिलिका—शलाका—'दढवज्जसिलिकाणिम्मवियं पिव तुह हिययं' (कु पृ २३) ।
सिलिब—शिशु (दे ८।३०) ।
सिलेच्छिय—मत्स्य की एक जाति (जीवटी प ३६) ।
सिल्लि—रज्जु, रस्सी (उसुटी प ३१६) ।
सिल्हा—शीत—'सिल्हा शीते देशी' (से १२।७) ।
सिव्वणी—१ सिलाई (निचू ३ पृ ६०) । २ सूची, सूई (नंदीटि पृ १३८) ।
सिव्विणी—सूची, सूई (दे ८।२९) ।
सिव्वी—सूई (दे ८।२९) ।
सिसिर—दही (दे ८।३१) ।
सिस्सिरिली—कन्द-विशेष (उ ३६।९७) ।
सिहंड—चोटी (पा ९४) ।
सिहंडइल्ल—१ बालक । २ दधिसर, दही की मलाई । ३ मयूर (दे ८।५४) ।
सिहरिणी—सिखरन, दही-चीनी से बना खाद्य-विशेष (प्र १०।६; दे ८।३३) ।
सिहरिल्ला—सिखरन, दही-चीनी से बना खाद्य-विशेष (दे ८।३३) ।
सिहि—कुक्कुट, मुर्गा (दे ८।२८) ।
सिहिण—स्तन (दे ८।३१) ।
सिहिरिणी—दही और चीनी से बना खाद्य-विशेष (आचू पृ ३३६) ।
सीअ—सिक्थक, मोम (दे ८।३३) ।
सीअउरय—गुच्छ वनस्पति-विशेष (प्रज्ञाटी प ३२) ।
सीअणय—१ दुग्धपारी, दूध दोहने का पात्र । २ श्मशान (दे ८।५५) ।
सीअल्लि—१ हिमकाल में होनेवाला मेघाच्छन्न दिन । २ झाड़ी, लतागहन (दे ८।५५) ।
सीआलोयय—१ चन्द्रमा । २ हिमऋतु (से ३।४७) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सीइआ—झड़ी, निरन्तर वृष्टि (दे ८।३४)।

सीई—सीढ़ी, निःश्रेणी (पिनि ९८)।

सीउक—मस्तक का आभूषण-विशेष (अंवि पृ ६४)।

सीउग्गय—सुजात, कुलीन (दे ८।३४)।

सीकवल्लोकी—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ७०)।

सीकुंडी—छोटा मत्स्य-विशेष (अंवि पृ २२८)।

सीकूणिक—जलज प्राणी-विशेष (अंवि पृ २२९)।

सीडा—फल-विशेष—'रातण-तोडण-सीडा लउसु तुंबुरु पिप्पलफलेसु' (अंवि पृ २३८)।

सीत—चामर—'सीतं चामरं भण्णइ' (दजिचू पृ १५६)।

सीता—शरीर का अवयव-विशेष—'णासिका कण्णपालीओ थूणा सीता य तालुका' (अंवि पृ ६६)।

सीताण—श्मशान (निभा ६११२)।

सीतिय—सोपान, सीढी—'सोमाणे सीतियं वा वि' (अंवि पृ ३३)।

सीपिंजुला—पक्षिणी-विशेष—'उलुकी मालुका व त्ति सेणा सीपिंजुल त्ति वा' (अंवि पृ ६९)।

सीभर—१ समान, तुल्य—'तत्थवि सीभरमेव उवदिसियव्वं' (आचू पृ २६२)। २ बोलते हुए थूक उछालने वाला (व्यभा ४।३ टी प २९)।

सीभरग—बोलते समय थूक उछालने वाला (व्यभा ४।३ टी प २९)।

सीमंतय—सीमंत—बालों की रेखा-विशेष (मांग) में पहना जाने वाला अलंकार-विशेष (दे ८।३५)।

सीय—१ शिविका—'सीय त्ति शिविका कूटाकारेणाच्छादितो जम्पानविशेषः' (भटी पृ ७३०)। २ सोम (आवचू १ पृ ५)।

सीयउरय—गुच्छ वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३७।३)।

सीयाण—श्मशान (व्यभा ७ टी प ५५)।

सीयालु—जिसे सर्दी अधिक लगती हो वह (निचू २ पृ ४२८)।

सीरिय—भिन्न (पा ९२४)।

सीरोवहासिआ—लज्जा (दे ८।३६)।

सीलुट्ट—खीरा, ककड़ी (पा ४७७)।

सीलुट्टय—त्रपुस, खीरा (दे ८।३५)।

सीवणी—सूई—'तेण सीवणीए सीविऊण विसज्जियं' (आवहाटी १ पृ २८५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सीसक्क—शिरस्त्राण, शिर की रक्षा के लिए पहना जाने वाला फौलादी टोप (दे ८।३४)।

सीसपुच्छ—पीठ की चमड़ी (सूनि ६८)।

सीसय—प्रवर, श्रेष्ठ (दे ८।३४)।

सीहंडअ—मत्स्य (दे ८।२८)।

सीहकेसरय—विशेष प्रकार के मोदक (पिनि ४६१)।

सीहणही—१ करमन्दिका, करौंदी का वृक्ष (दे ८।३५)। २ करौंदी का पुष्प—'सीहणही करमन्दिका। तत्कुसुममित्यन्ये' (वृ)।

सीहपुच्छ—पीठ की चमड़ी—'कप्पति कागणीमंसगाणि छिदंति सीहपुच्छाणि' (सूनि ७७)।

सीहरअ—आसार, तेजवर्षा (दे ८।१२)।

सीहलय—वस्त्र आदि को धूपित करने का यन्त्र (दे ८।३४)।

सीहलिआ—१ शिखा, चोटी। २ नवमालिका, नवारी का गाछ (दे ८।५५)।

सीहलिपासग—वेणी बांधने के लिए काम में आने वाला ऊन या स्वर्ण का कंकण (सू १।४।४२)।

सुअणा—अतिमुक्तक वृक्ष (दे ८।३८)।

सुई—बुद्धि (दे ८।३६)।

सुंकय—किशारु, जौ आदि का अग्रभाग (दे ८।३८ वृ)।

सुंकल—किशारु, धान्य आदि का अग्रभाग (दे ८।३८)।

सुंकलि—तृण-विशेष (भ २१।१९)।

सुंकलिकडय—क्रीडा-विशेष—यह खेल वृक्ष को केन्द्र मानकर खेला जाता है। खेलने वाले सभी बच्चे वृक्ष की ओर दौड़ते हैं। जो बच्चा सबसे पहले वृक्ष पर चढ़कर उतर आता है, वह विजेता माना जाता है। विजेता बच्चा पराजित बच्चों के कंधों पर बैठकर दौड़ के प्रारम्भ बिन्दु तक जाता है—'भगवं च पमदवणे चेडरूवेहिं समं सुकलिकडएण अभिरमति' (आवचू १ पृ २४६)।

सुंग—वर्षात्राण के उपकरण का एक प्रकार—'वालो सुत्तो सुंगो' (जीविप पृ १७)।

सुंघिअ—घ्रात, सूंघा हुआ (दे ८।३७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुंठय—पकाने का भाजन-विशेष—'मीरासु सुंठएसु य कंडूसु य पयणगेसु य पयंति' (सूचू १ पृ १२४)।

सुंडक—पकाने का भाजन-विशेष—'मीरासु सुंडएसु य कंडूसु पयणगेसु य पयंति' (आवहाटी २ पृ १०७)।

सुंभल—चोटी, शेखरक (ज्ञा १।८।७२ पा)।

सुंभलग—मदिरा-विशेष (अंवि पृ २४७)।

सुंसुमारित—वाद्य-विशेष (आवचू १ पृ ३०६)।

सुकुमालिअ—सुघटित (दे ८।४०)।

सुक्ख—कंडा—'गोब्बरो त्ति करीसो त्ति सुक्खं वा छगणं पुणो' (अंवि पृ १०६)।

सुग—सूची, सूई—'तण सुगादी साधू अणाभोगेण अणणुण्णवितं गेण्हेज्ज' (दअचू पृ ८४)।

सुगिम्हअ—फाल्गुन का उत्सव (दे ८।३६ वृ)।

सुग्ग—१ आत्मकुशल। २ निर्विघ्न। ३ विसर्जित (दे ८।५६)।

सुघर—गोत्र-विशेष (अंवि पृ १५०)।

सुजड्डिय—भली भांति बंद किया हुआ—"चाणक्कघरमणुप्पविट्ठो ओव्वरगं सुजड्डियं दट्ठुं चिंतेति' (दअचू पृ ४२)।

सुज्झ—धातु-विशेष (राज १७४)।

सुज्झय—१ रौप्य, चांदी। २ धोबी (दे ८।५६)।

सुज्झरअ—रजक, धोबी (दे ८।३६)।

सुढिअ—१ श्रान्त, थका हुआ (दे ८।३६)। २ संकुचित अंग वाला (बृभा ३४६)।

सुढित—चरणों में गिरा हुआ—'छन्नालयम्मि काऊण कुडियं अभिमुहंजली सुढितो' (बृभा ३७४)।

सुणेलूग—श्रोता, सुनने वाला (सूचू १ पृ १८५)।

सुण्हसिअ—स्वपनशील, सोने की आदत वाला (दे ८।३६)।

सुत्त—१ कांजी (बृभा ८०१)। २ मद्य के नीचे का कर्दम। ३ द्रव्य-विशेष—'सुत्तं मदिराखोलः देशविशेषप्रसिद्धो वा कश्चिद् द्रव्यविशेषः' (बृटी पृ १५५७)।

सुत्तजगलिका—त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष—'सुत्तजगलिका कुंथू उरणी सुयम्मुत्ता' (अंवि पृ २३७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुवारुण—चण्डाल (दे ८।३९)।

सुदुम्मणिआ—रूपवती स्त्री (दे ८।४०)।

सुद्ध—ग्वाला (दे ८।३३)।

सुद्धवाल—शुद्ध और पवित्र (दे ७।३८)।

सुफणी—जिसमें आसानी से पकाया जाये वह बर्तन, बटलोई आदि—'सुखं फणिज्जति जत्थ सा भवति सुफणी लाडाणं जहिं कड्ढति तं सुफणि त्ति वुच्चति' (सूचू १ पृ ११७)।

सुब्भ—धातु-विशेष—'सुवण्ण-सुब्भ-रयय-वालुयाओ' (जीव ३।२८६)।

सुमंगल—द्वीन्द्रिय प्राणी-विशेष—'णीपुर-सुमंगल-संबुक्कादयो एवं विधा फासिंदिय-जिब्भिंदियोपेता' (अंवि पृ २६७)।

सुमुंगुमंती—भिनभिनाने वाली—'पज्जणघडियाए मच्छियाओ पविट्ठाओ हत्थेण ओहाडिया व सुमुंगुमंतीउ होउ त्ति' (आवहाटी २ पृ १६)।

सुय—तृण-विशेष (प्रज्ञा १।४२)।

सुयम्मुत्त—त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (अंवि पृ २३७)।

सुयल्लिय—सुप्त (आटी पृ ४६५)।

सुरंगि—शिग्रु वृक्ष (दे ८।३७)।

सुरजेट्ठ—वरुण देव (दे ८।३१)।

सुरसुर—अनुकरणवाची शब्द, भोजन के समय होने वाला शब्द (भ ७।२५)।

सुरूचि—१ आसन-विशेष। २ आभरण-विशेष—'भद्रासनं सिंहासनं सुरूची रूढिगम्या आभरणविशेष इति केचित्' (प्रटी प ७०)।

सुलस—कुसुम्भरक्त वस्त्र (दे ८।३७)।

सुलसमंजरी—तुलसी (दे ८।४०)।

सुलसा—तुलसी (पा ३७५)।

सुलसुलंत—किलबिलाना—'गलंतपूइनिवहं सुलसुलंतकिमिजालं' (उसुटी प २३९)।

सुली—उल्का (दे ८।३६)।

सुलुब्ब—तांबा, ताम्र (कु पृ १९६)।

सुवण्ण—अर्जुन-वृक्ष (दे ८।३७)

सुवण्णबिंदु—विष्णु (दे ८।४०)।

सुवरी—सूअर की मादा—'वराही सुवरी कोली खारका घरकोइला' (अंवि पृ ६९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सुवुण्णा—संकेत (दे ८।३७)।

सुव्व—तांबा—'जेण कणयं ति चिंतियं सुव्वं जायं' (कु पृ १९५)।

सुव्विआ—माता (दे ८।३८)।

सुसंठिआ—शूलाप्रोत मांस (दे ८।३९)।

सुहउत्थिआ—दूती (दे ८।९)।

सुहरा—गोरैया पक्षी, सुघरा, वह पक्षि-विशेष जिसके घोंसले का मुंह नीचे की ओर होता है (दे ८।३६)।

सुहराअ—१ वेश्यागृह। २ चटक, गोरैया पक्षी (दे ८।५६)।

सुहल्ली—सुख, आनन्द (दे ८।३६ वृ)।

सुहिल्लि—आनन्द (कु पृ ८३)।

सुहिल्लिया—सुख, आनन्द—'न लहइ जहा लिहंतो सुहिल्लियं अट्ठियं रसं सुणओ' (भत्त १४२)।

सुहेल्लि—सुख (दे ८।३६)।

सूअरिआ—यन्त्र-पीडन (दे ८।४१ वृ)।

सूअरी—यन्त्र-पीडन (दे ८।४१)।

सूअल—किशारु, जौ आदि का अग्रभाग (दे ८।३८)।

सूइअ—चण्डाल (दे ८।३९)।

सूइत—प्रोत, पिरोया हुआ—'सुत्तेण सूइत त्ति य अत्था तह सूइता य जुत्ता य' (सूचू १ पृ १२)।

सूइय—भीगा हुआ खाद्य (आ ९।४।१३)।

सूई—मञ्जरी (दे ८।४१)।

सूकमिंड—कृमि-विशेष—'तत्थ किमिगत आसातिका किमिका·····सूकमिंडा वेति एवमादयो विण्णेया भवंति' (अंवि पृ २२९)।

सूकमिट्ट—क्षुद्र जंतु-विशेष (अंवि पृ २३०)।

सूडण—विनाशक (प्रसा १५१४)।

सूतय—तोता, शुक—'मायादोसेण रुक्खकोट्टरे सूतओ जाओ' (आवहाटी १ पृ २६४)।

सूदी—परिमाण-विशेष, एक अंगुल लंबी एक प्रदेश वाली श्रेणी—'पयरघणा सव्वेसी सेढी सूदी य आयत-विसेसो' (सूचू १ पृ ८)।

सूमालिया—तैल का किट्ट (बृभा १७१०)।

सूय—सूजनयुक्त—'सूयमुहं सूयहत्थं सूयपायं' (विपा १।७।७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सूरंग—प्रदीप (दे ८।४१)।

सूरण—कन्द-विशेष (भ ७।६६; दे ८।४१)।

सूरणय—कन्द-विशेष, सूरन (उ ३६।९८)।

सूरद्धय—दिन (दे ८।४२)।

सूरमल्लि—तृण-विशेष (राजटी पृ १९८)।

सूरल्लि—१ मध्याह्न। २ ग्रामणी नामक तृण। ३ मशक की आकृति वाला कीट (दे ८।५७)।

सूरिल्लि—ग्रामणी नामक तृण (राज १८४)।

सूरुल्लिया—वनस्पति-विशेष (जीवटी प ३५१)।

सूलच्छ—पल्वल, छोटा तालाब (दे ८।४२)।

सूलत्थारी—चण्डी, दुर्गा (दे ८।४२)।

सूला—वेश्या (दे ८।४१)।

सूहव—सुभग (दे ८।४२ वृ)।

से—इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ अथ (भ १।४२८)। २ प्रश्न (भ १।४५)। ३ अनन्तरता—'आनन्तर्यार्थः से शब्दार्थः' (स्था १०।९६ टी प ४६९)। ४ तत्, वह—'से शब्दः मागधदेशीप्रसिद्धो निपातस्तच्छब्दार्थः' (आवहाटी २ पृ २२१)। ५ प्रस्तुत वस्तु का परामर्श, उपन्यास—'से नूणं मए पुव्वं—सेशब्दो मागधप्रसिद्ध्याऽथशब्दार्थ उपन्यासे' (उ २।४० शाटी प १२६)।

सेआल—१ ग्रामप्रधान। २ सांनिध्यकर्त्ता यक्ष आदि (दे ८।५८)। ३ कृषक (पा १२२)।

सेआली—दूब (दे ८।२७)।

सेआलुअ—मनौती की सिद्धि के लिए उत्सृष्ट बैल (दे ८।४४)—'सेआलुओ उपयाचितसिद्ध्यर्थं वृषभः। उपयाचितं केनापि कामेन देवताराधनम्' (वृ)।

सेइआ—परिमाण-विशेष, दो प्रसृति का एक नाप (अनुद्दामटी प १३९)।

सेइंगाल—चतुरिन्द्रिय जंतु-विशेष (जीवटी प ३२)।

सेंगलिया—फली (आवमटी प २८७)।

सेंगा—१ शंख की तरह बजाया जाने वाला वाद्य (आवचू १ पृ ३०९)। २ फली (निचू २ पृ २३७)।

सेंटा—नाक छींकने का शब्द—'छेलिय सेंटा भण्णति' (जीभा १७२३)।

सेंदसप्प—फण वाले सर्प की एक जाति (प्रज्ञा १।७०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेंवाडअ—चप्पुटिकानाद, चुटकी की आवाज (दे ८।४३)।

सेक्क—छींक (कु पृ २२)।

सेज्जारिअ—आंदोलन, झूलना (दे ८।४३)।

सेज्झंतिय—सहायक—'तम्हा तस्सायरिओ, मग्गति सेज्झंतिआदी वा' (पिंक १११४)।

सेज्झगा—पड़ोसिन (बृभा २३४६)।

सेट्ठि—ग्रामेश, गांव का अधिपति (ज्ञा १।१।२४; दे ८।४२)।

सेट्ठिणी—सेठानी (निचू ३ पृ ४०८)।

सेडंगुलि—खाद्य वस्तु-विशेष—'सेडंगुलिमादीहिं णाएहिं एत्थ भत्तट्ठं' (जीभा १३९७)।

सेडंगुली—पत्नी के अधीन पति की एक अवस्था—'जदा इत्थी भणिता रंधेहि, तदा भणति—अहं उट्ठेमि, ताव तुमं अधिकरणीतो छारं अवणेहि त्ति। तस्स छारे अवणीते सेडंगुलीतो भणति' (निचू ३ पृ ४२०)।

सेडि—सफेदी, चूना (अंवि पृ १०४)।

सेडिय—तृण-विशेष (भ २१।१९)।

सेडिया—खड़िया मिट्टी (आचूला १।७६)।

सेडीका—पक्षि-विशेष (अंवि पृ २३८)।

सेडीवड—पंचेन्द्रिय लोमपक्षी (जीवटी प ४१)।

सेडुअ—कपास—'सेडुओ कप्पासो' (निचू २ पृ ३२६)।

सेडुकारी—भ्रमरी—'हितणट्ठजाणणट्ठा, विच्छुय तह सेडुकारी य' (निभा १४३६)।

सेडुग—कपास (निभा १९९२)।

सेडुयारिया—भ्रमरी (निचू २ पृ १९७)।

सेढिया—सफेद मिट्टी (दजिचू पृ १७९)।

सेण—रक्षक—'ताओ गुत्तो य सेणो य रक्खितो य परक्कमा' (अंवि पृ १५७)।

सेतगुलिका—बिल में रहने वाला प्राणी-विशेष—'तत्थ बिलासएसु कण्हगुलिका सेतगुलिका खुल्लिका आहाडका' (अंवि पृ २२९)।

सेतिया—परिमाण-विशेष—'द्वे प्रसृती सेतिका, सा च नेह प्रसिद्धा गृह्यते, मागधदेशप्रसिद्धस्यैवात्र मानस्य प्रतिपिपादयिषितत्वाद्' (अनुद्वामटी प १४०)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेधक—पर्वतीय पशु-विशेष—'तत्थ सेलबिलासया'अच्छभल्ला तरच्छा सालिभा सेधका दीपिका' (अंवि पृ २२७)।

सेधा—साही, जाहक (जीव २।९)।

सेय—१ कीचड़ (ज्ञा १।१।१६०)। २ गणेश, गणपति (दे ८।४२)।

सेयाल—१ भविष्यत् काल (उ २९।७१)। २ कृषक (पा १२२)।

सेरडी—भुजपरिसर्पिणी (जीवटी प ५२)।

सेराह—अश्व की एक उत्तम जाति (कु पृ २३)।

सेरिभ—१ महिष, भैंसा (उसुटी प १३०; दे ८।४४ वृ)। २ धुर्य वृषभ, गाड़ी का बैल (वृ)।

सेरिभअ—धुर्य वृषभ (दे ८।४४)।

सेरिय—१ गुल्म-विशेष (जीवटी प १४५)। २ वाद्य-विशेष।

सेरियक—वनस्पति-विशेष (भ २२।५)।

सेरियय—गुल्म-वनस्पति-विशेष (प्रज्ञा १।३८।२)।

सेरिही—महिषी, भैंस (पा ६७०)।

सेरी—१ यंत्र-निर्मित नर्तकी—'देशीवचनमेतत् यंत्रमयी नर्तकी' (व्यभा ४।२ टी प ३४)। २ दीर्घा। ३ भद्र आकृति (दे ८।५७)। ४ रथ्या।

सेलु—श्लेष्मनाशक वृक्ष-विशेष (भ ८।२१९)।

सेलूडक—फल-विशेष—'तिंदुकं बदरं व त्ति तधा सेलूडकं ति वा' (अंवि पृ ६४)।

सेलूस—द्यूतकार, जुआरी (दे ८।२१)।

सेलेसिद—सर्प की एक जाति (जीवटी प ३९)।

सेल्ल—१ शलाका (निभा ५१३)। २ मृगशिशु। ३ बाण, शर (दे ८।५७)। ४ कुन्त, भाला (प्रा ४।३८७)।

सेल्लय—शाकभाजी—'सासवनालसेल्लयं' (जीविप पृ ५६)।

सेल्लि—रज्जु, रस्सी—'छिन्नाले छिंदइ सेल्लिं' (उ २७।७)।

सेवपूति—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ७०)।

सेवाल—पंक (दे ८।४३)।

सेह—१ जिसके शरीर में कांटे होते हैं वह प्राणी, साही (प्र १।८)। २ रोमपक्षी-विशेष (प्रज्ञा १।७९)।

सेहरअ—चक्रवाक (दे ८।४३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सेहि—गत, गया हुआ—'तं च निग्गंथीओ नो इच्छेज्जा, सेहिमेव नियं ठाणं' (व्य ७।३)।

सेहिअ—गत, गया हुआ (दे ८।१)।

सेही—साध्वी—'दुट्ठा सेहि ! कत्तो सि आगया' (उसुटी प ५४)।

सेहुलक—साही, ऐसा जन्तु जिसके शरीर में कांटे होते हैं (नंदीटि पृ १०७)।

सोअ—निद्रा, स्वपन (दे ८।४४)।

सोअमल्ल—सुकुमारता (दे ८।४५ वृ)।

सोइल्लिय—सुप्त (ओटी पृ ४६५)।

सोंडियालिछ—विशेष प्रकार का चूल्हा (जीव ३।११८)।

सोगिल—सूजन-रोग से ग्रस्त (विपा १।७।७)।

सोज्झय—धोबी (पा ७७३)।

सोट्ट—सूखी लकड़ी—'सोट्टा नाम शुष्ककाष्ठानि' (बृटी पृ ९७९)।

सोणंद—त्रिपादिका—'साहतसोणंद-मुसल-दप्पण—सोणंदं त्रिकाष्ठिका' (प्र ४।७ टी प ८०)।

सोत्ती—नदी (दे ८।४४)।

सोमइअ—स्वपनशील (दे ८।३९)।

सोमंगल—द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (उ ३६।१२८)।

सोमंगलग—द्वीन्द्रिय जंतु-विशेष (प्रज्ञा १।४९)।

सोमहिंद—उदर, पेट (दे ८।४५)।

सोमहिड्ड—पंक (दे ८।४३)।

सोमाण—१ श्मशान (दे ८।४५)। २ सोपान (अंवि पृ ३१)।

सोमाल—१ मांस (दे ८।४४)। २ सुकुमार (दे ८।४५ वृ)।

सोमित्तिकी—वस्त्र-विशेष (अंवि पृ ७१)।

सोल—१ अश्वपाल—'सोला तुरगपरियट्टगा' (निचू २ पृ ४४०)। २ प्रिय—'सोलवादो प्रियभाष इव' (सूचू १ पृ १८१)।

सोलग—घोडों की देखरेख करने वाला (बृभा २०६६)।

सोलहावत्त—शंख (दे ८।४६ वृ)।

सोलहावत्तअ—शंख (दे ८।४६)।

सोल्ल—१ पक्व (विपा १।२।२४)। २ अश्वपाल—'मेंठ-आरामिय-सोल्ल-घोड-गोवाल-चक्किय' (निचू ३ पृ २४५)। ३ मांस (उपाटी पृ १४७; दे ८।४४)। ४ कलाल (आवहाटी २ पृ ६८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

सोल्लय—मांस (उपाटी पृ १४७) ।

सोल्लित—उछालना, फेंकना—'सो सूतियाए गावीए सोल्लितो पडिततो' (आवचू १ पृ २३१) ।

सोल्लिय—१ पकाया हुआ—'पंचग्गितावेहिं इंगालसोल्लियं कंदुसोल्लियं कट्ठसोल्लियं' (भ ११।५९) । २ पुष्प-विशेष (औप १९४) ।

सोवण—१ वासगृह, शय्यागृह । २ स्वप्न । ३ मल्ल (दे ८।५८) ।

सोवण्णमक्खिआ—मधुमक्षिका (दे ८।४६)—'चालुक्क सोलहावत्तसेअजस भग्गरज्जमहुछत्ता । सोवण्णमक्खिआउ व दिसो दिसं जन्ति वेरिणो तुज्झ ॥' (वृ) ।

सोवत्थ—१ उपकृति, उपकार (दे ८।४५) । २ उपभोग्य—'सोवत्थं उपभोग्यमित्यन्ये' (वृ) ।

सोवीरिणी—कांजिका—'कल्लं ठवेहि अन्नं मह्ल्लं सोवीरिणि गेहे' (बृभा १७५०) ।

सोव्वअ—दंतहीन (दे ८।४५) ।

सोसण—वायु (दे ८।४५) ।

सोसणी—कटी, कमर (दे ८।४५) ।

सोहंजण—शिग्रु, सहिंजना का पेड़ (दे ८।३७) ।

सोहणी—संमार्जनी, झाड़ू (दे ८।१७) ।

सोहि—१ भूतकाल । २ भविष्य काल (दे ८।५८) ।

ह

हंजअ—शरीर-स्पर्शपूर्वक किया जाने वाला शपथ—सौगन्ध (दे ८।६१) ।

हंजे—१ दासी का संबोधन (प्रा ४।२८१) । २ सखी का आमन्त्रणसूचक अव्यय ।

हंदि—इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ उपदर्शन—'हंदि धम्मत्थकामाणं निग्गंथाणं सुणेह मे' (द ६।४) । २ आमंत्रण—'हंदि णमो साहाए' (स्था ८।२४) । ३ खेद—'खेआइसु अव्वो हंदि उ त्ति' (पा ९९५) । ४ विषाद । ५ विकल्प । ६ पश्चात्ताप । ७ निश्चय । ८ यह सत्य ही है (प्रा २।१८०) । ९ ग्रहण करो (प्रा २।१८१) ।

हंभी—हंभी नामका रसायनशास्त्र (सूचू १ पृ १६६) ।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हंस—१ आसन-विशेष—'पावीढ भिसिय करोडियाओ पल्लंकए य पडिसिज्जा। हंसाईहिं विसिट्ठा आसणभेया उ अट्ठट्ठ ॥' (ज्ञाटी प ४७)। २ रजक, धोबी—'वत्थधुवा हवंति हंसा वा' (सू १।४।४८)। ३ पतंग, चतुरिन्द्रिय जंतु (अनुद्वामटी प ३१)।

हंसोलीण—पीछे से आकर लिपट जाना (निचू १ पृ १७)।

हंसोवल्लीली—पीछे से आकर लिपट जाना—'तुज्झं रममाणस्स तुट्ठीए हंसोवल्लीली काही तं जाणिज्जासि' (आवहाटी २ पृ २१७)।

हकुव—वनस्पति-विशेष (अनु ३।४५)।

हकुवी—वनस्पति-विशेष (अनुटी पृ ५)।

हक्कविऊण—बुलाकर (आवहाटी २ पृ १२४)।

हक्कार—दुःख से निकलने वाली 'हाय-हाय' की आवाज (निभा २७२१)।

हक्कारिय—आकारित, बुलाया हुआ—'हक्कारिया आयाया' (ओटी प १९८)।

हक्कारेमाण—बुलाता हुआ, पुकारता हुआ (ज्ञा १।१८।४५)।

हक्कोड्ढ—अभिलषित (दे ८।६०)।

हक्खुत्त—उत्पाटित, उखाड़ा हुआ (आवहाटी १ पृ ९७; दे ८।६०)।

हगे—१ मैं। २ हम (प्रा ४।२९९)।

हट्ठमहट्ठ—१ स्वस्थ, नीरोग। २ दक्ष (दे ८।६५)। ३ स्वस्थ युवा।

हड—१ जलकुम्भी, अबद्धमूल जलीय वनस्पति—'वायाइद्धो व्व हडो अट्ठियप्पा भविस्ससि' (द २।९)। २ हृत, हरण किया हुआ (द ७।४१; दे ८।५९)।

हडकारक—अपहरण करने वाला चोर (प्र ३।३)।

हडक्क—पागल (कुत्ता) (बृटी पृ ८२९)।

हडप्प—१ सिक्के रखने का पात्र। २ ताम्बूल-पात्र (भ ९।२०४)। ३ आभूषण-पेटी—'आभरणभंडयं हडप्पो' (निचू २ पृ ४६९)। हडप—ताम्बूल रखने की छोटी थैली (कन्नड़)।

हडप्फ—१ आभरण का करण्डक (आचू पृ ७१)। २ द्रम्म आदि का पात्र। ३ ताम्बूल-पात्र—'हडप्फो द्रम्मादिभाजनम्, ताम्बूलार्थे पूग-फलादिभाजनं वा' (औपटी पृ १३१)।

हडहड—१ अनुराग। २ ताप (दे ८।७४)।

हडाहड—अत्यन्त—'फुट्ट-हडाहड-सीसा' (ज्ञा १।१६।२९) हाडोहाड (राज)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हडि—१ बंधन-विशेष, काठ की बेड़ी—'इमं हडिबंधणं करेइ' (दश्रु ६।३)। २ हड-हड की आवाज—'छु त्ति हडि त्ति अनुकरणशब्दावेतौ' (बृभा २३४८ टी)। ३ हट, दूर हो—ललकार भरा स्वर—'पासति सीहं आगच्छमाणं। तेण हडि त्ति जंपियं, ण गतो' (निचू १ पृ १०१)। ४ कारावास (व्यभा १० टी प ९३)।

हड्ड—हड्डी, अस्थि (नि ७।१; दे ८।५९)।

हड्डमालिया—हड्डियों की माला—'सिंगमालियं वा संखमालियं वा हड्डमालियं वा भिंडमालियं वा कट्ठमालियं वा' (नि ७।१)।

हड्डसरक्ख—शैव मतावलंबी—'चरग-परिव्वायग-हड्डसरक्खादिएहिं तडिय-कप्पडिएहिं य जा आइण्णा आकुला' (निचू २ पृ २०७)।

हड्डागिद्धिसी—कटि के अधोभाग में होने वाला संधि-वायु (निचू ४ पृ १०८)।

हढ—जल में होनेवाली वनस्पति, जलकुम्भी (भ २३।८)।

हण—दूर (दे ८।५९)।

हणु—सावशेष, बाकी बचा हुआ (दे ८।५९)।

हणुदाणि—उसके पश्चात्, अब—'वाइज्जंति अपत्ता, हणुदाणि वयं वि एरिसा होमो' (बृभा ५२०९)।

हत्थ—१ शीघ्र (औप ५७)। २ जल्दी करने वाला (दे ८।५९)।

हत्थखड्डुग—हाथ की अंगूठी (अंवि पृ ६५)।

हत्थच्छुहणी—नववधू (दे ८।६५)।

हत्थल—१ चोर (प्रटी प ४३)। २ क्रीडा के लिए हाथ में लिया हुआ पदार्थ। ३ चंचल हाथ वाला (दे ८।७३)।

हत्थल्ल—क्रीडा के लिए हाथ में लिया हुआ (दे ८।६०)।

हत्थल्लिअ—हस्तापसारित, हाथ से हटाया हुआ (दे ८।६४)।

हत्थल्ली—हाथ में ले जाया जाने वाला आसन-विशेष (दे ८।६१)।

हत्थार—सहायता, मदद (दे ८।६०)।

हत्थिअचक्खु—वक्र अवलोकन (दे ८।६५)।

हत्थिमल्ल—ऐरावण हाथी (दे ८।६३)।

हत्थियार—१ शस्त्र (अनुद्वाचू पृ १२)। २ युद्ध।

हत्थिवअ—ग्रह-भेद (दे ८।६३)।

हत्थिहत्थ—दुस्तर—'संसारहत्थिहत्थं पावति'—'दुस्तरं संसारमापततीति भावः' (व्यभा ३ टी प ६३)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हत्थिहरिल्ल—वेष, पोशाक (दे ८।६४)।

हत्थेव्वग—हाथ में पहनने योग्य—'हत्थेव्वगा आभरणगा कडगादी पादे करेति' (निचू ३ पृ ४०७)।

हत्थोडी—१ हाथ का आभूषण। २ हाथ से दिया जाता उपहार (दे ८।७३)।

हत्थोपक—हाथ का आभूषण (अंवि पृ १६२)।

हद—बालक का मलमूत्र (पिंडी प ८६)।

हद्दन्नय—बालक का मल-मूत्र साफ करने वाला (पिनि ४७१)।

हद्धअ—हास, हंसी (दे ८।६२)।

हप्पिच्छ—अश्व का प्रिय खाद्य—धान्य-विशेष—'आसो हप्पिच्छं (हरिमत्थं) मुग्गमादि मधुरं' (निचू २ पृ २४७)।

हम्मिअ—गृह, घर (आचूला २।१८; दे ८।६२)।

हयमार—कणेर का गाछ (पा ३७४)।

हरतणु—भूमि को भेदकर निकलने वाले जलबिंदु—'हरतणू महिया हिमे' (उ ३६।८५)।

हरतणुग—भूमि को भेदकर निकले हुए जल-बिंदु—'किंचि सणिद्धं भूमिं भत्तूण कहिंचि समस्सयति सफुसितो सिणेहविसेसो हरतणुतो' (दअचू पृ ८८)।

हरतणुय—भूमि को भेदकर निकले हुए जलबिंदु—'हरतणुओ भूमिं भेत्तूण उट्ठेइ, सो य उबुगाइसु तिताए भूमीए ठविएसु हेट्ठा दीसति' (दजिचू पृ १५५)।

हरपच्चुअ—१ स्मृत, याद किया हुआ। २ नामोल्लेखपूर्वक दिया हुआ (दे ८।७४)।

हरहरा—उचित अवसर, युक्त प्रसंग—'निद्धूमगं च गामं महिलाथूभं च सुन्नयं दट्ठुं। नीअं च कागा ओलिंति जाया भिक्खस्स हरहरा॥' (विभा २०६४)।

हरि—शुक, तोता (दे ८।५९)।

हरिआली—दूर्वा (दे ८।६४)।

हरिचंदण—कुंकुम (दे ८।६५)।

हरिडय—कोंकण देश में प्रसिद्ध वृक्ष-विशेष (प्रज्ञाटी प ३१)।

हरितग—कोंकण देश में प्रसिद्ध वृक्ष-विशेष (प्रज्ञा १।४४)।

हरिमंथ—चना (उसुटी प ५९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हरिमिग्ग—लाठी, डंडा (दे ८।६३)।

हरिमेला—वनस्पति-विशेष (औप ६४)।

हरियवण्णी—१ वैसा प्रदेश जहां प्रायः दुर्भिक्ष होता हो और वहां के लोग हरित शाक आदि खाकर जीते हों। २ वैसे प्रदेश में राजा किन्हीं घरों में दंड देकर पुरुष की बलि देता है। उस घर पर आर्द्र वृक्ष की शाखा का चिह्न कर दिया जाता है, ताकि वहां कोई भिक्षा के लिए न जाए (व्यभा ४।४ टी प ७०)।

हरियालिया—दूर्वा–'सिद्धत्थग-हरियालियाकयमंगलमुद्धाणा' (भ ११।१४०)।

हरियाहडिया—चोरों द्वारा अपहृत (बृ १।४५)।

हरिसय—आभूषण-विशेष (जीव ३।५९३)।

हलप्प—बहुभाषी, वाचाल (दे ८।६१)।

हलप्फलिअ—१ शीघ्र (दे ८।५९)। २ आकुलता (बृ)।

हलबंभ—हलकर्ष, हल से विदारित भूमी-रेखा–'एक्केक्कं हलबंभं देह' (उशाटी प ११९)।

हलबोल—कोलाहल (कु पृ १९८; दे ८।६४)।

हलबोलिय—कोलाहल–'हलबोलिए वट्टमाणे' (कु पृ १३५)।

हलमलि—प्रसिद्ध (से १२।८६ टी)।

हलहल—१ कोलाहल। २ कुतूहल (दे ८।७४)। ३ युद्ध की उत्कंठा–'हलहलशब्दो युद्धोत्कण्ठायां देशी' (से १२।८६)। ४ क्षोभ-विशेष–'शब्दोऽयं देशी' (से १५।३३)।

हलहलय—१ हलचल–'हियउग्गयहलहलयं वियरंतं परियणं पुरओ' (कु पृ २००)। २ त्वरा (पा ८२७)।

हलहला—हडबडी, कोलाहल (कु पृ १९८)।

हलहलि—प्रकंपित–'ताव य हलहलीहूओ परियणो, खुहिया णयरी' (कु पृ १८०)।

हला—सखी का सम्बोधन (उसुटी प ६१)।

हलाहला—बाम्हणी, जन्तु-विशेष (दे ८।६३)।

हलि—स्त्री का संबोधन–'लाडविसए समाणदयमण्णं वा आमंतणं जहा हलि त्ति' (दअचू पृ १६८)।

हलिया—१ छिपकली (दश्रु ८।२६८)। २ बाम्हणी, कीट-विशेष (दअचू पृ १८८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हलूर—सतृष्ण, तृष्णा-सहित (दे ८।६२)।

हले—तरुणी का संबोधन (द ७।१६)—'हले त्ति मरहट्ठेसु तरुणित्थीसाऽऽमंतणं, हले हलित्ति अण्णेत्ति एयाणी वि देसं पप्प आमंतणाणि, तत्थ वरदातडे हले त्ति आमंतणं' (दअचू पृ १६८)।

हल्ल—गोपालिका नामक तृण के आकार वाला कीट-विशेष (भटी पृ १२५८)।

हल्लप्फल—चंचल, कंपित (कु पृ ८३)।

हल्लप्फलिअ—१ शीघ्र। २ आकुलता (दे ८।५९)। ३ व्याकुल।

हल्लप्फुल्ल—हलफल, आकुल-व्याकुल (कु पृ ८३)।

हल्लफल—१ शीघ्रता, हड़बड़ी (दजिचू पृ १२)। २ आकुल-व्याकुल (कु पृ ५८)।

हल्ला—एक प्रकार का कीट (भ १५।१२८)।

हल्लिअ—चलित, हिला हुआ (दे ८।६२)।

हल्लिया—छिपकली (दश्रुचू प ६८)।

हल्लिर—चंचल, चलनशील (कु पृ ४१)।

हल्लिस—मंडलाकार होकर स्त्रियों का नाचना (अंवि पृ २४३)।

हल्लीस—रास, स्त्रियों का मंडलाकार नृत्य (दे ८।६१)।

हल्लोहल—१ कोलाहल। २ आकुलता (उसुटी प १९५)। ३ चंचल। ४ त्वरा।

हल्लोहलि—गिरगिट (दअचू पृ १८८)।

हल्लोहलिय—१ गिरगिट (दश्रु ८।२६८)। २ शीघ्र। ३ व्याकुल। ४ व्याकुलता।

हल्लोहली—व्याकुल (उसुटी प २३८)।

हविअ—चुपड़ा हुआ (दे ८।६२)।

हव्व—१ अर्वाक्, इस ओर—'णो हव्वाए णो पाराए' (आ २।३४)। २ शीघ्र (भ ७।१८४)। ३ सहसा (निचू १ पृ ४३)। ४ गृहवास।

हसिरिआ—हास, हंसी (दे ८।६२)

हसुडोलक—आभूषण-विशेष (अंवि पृ ६५)।

हाडहड—तत्काल—'हाडहडं देशीपदमेतत् तत्कालमित्यर्थः' (व्यभा २ टी प ३०)।

हाडहडा—ओरापणा, प्रायश्चित्त का एक प्रकार (स्था ५।१४९)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हादण—अतिसार—'अहवा अतिप्पमाणो, आतुरभूतो तु भुंजए जं तु।
तं होति अतिपमाणं, हादणदोसा उ पुव्वुत्ता' (जीभा १६२९)।

हारपुट—लोहे का पात्र-विशेष—'हारपुटं ते लोहिगं चेव पादं'
(आचू पृ ३६५)।

हारपुड—लोहे आदि धातु के पात्र-विशेष—'हारपुडं णाम अयमाद्याः पात्र-
विशेषाः मौक्तिकलताभिरुपशोभिता' (निचू ३ पृ १७२)।

हारा—लिक्षा, प्राणी-विशेष (दे ८।६६)।

हारीड—पक्षी-विशेष—'पारेवयो कपोतो त्ति हारीडो कुक्कुडो त्ति वा'
(अंवि पृ ६२)।

हाल—१ स्वामी के लिए प्रयुक्त होने वाला संबोधन-शब्द—'हाल इति
पहुवयणं यथा—परियंदति सुण्हा गहवतिस्स पुत्ता ! तुमं सि मे राया।
चागणडियस्स पुत्तय! हालस्स व किं घरे अत्थि ?'
(दअचू पृ १६९)। २ गोत्र-विशेष (अंवि पृ १४९)। ३ सातवाहन
राजा (दे ८।६६)।

हालक—कीट-विशेष—'कीडो त्ति वा पतंगो त्ति संखो खुलुक-हालको'
(अंवि पृ ६३)।

हालाहल—१ भरपूर। २ त्रीन्द्रिय जंतु-विशेष—'कहमहं एते हालाहले
जीवे पिविस्सं' (उचू पृ ५५)। ३ मालाकार। ४ छिपकली
(दे ८।७५)।

हालुअ—क्षीब, मत्त (दे ८।६६)।

हाव—तीव्र गति से चलने वाला (दे ८।७५ वृ)।

हाविर—१ तीव्र गति से चलने वाला। २ दीर्घ, लम्बा। ३ मन्थर।
४ विरत (दे ८।७५)।

हासीअ—हास, हंसी (दे ८।६२)।

हिंग—जार (दे १।४ वृ)।

हिंगोबल—मृतभोज (आचू पृ ३३५)।

हिंगोल—१ मृतक-भोज (आचूला १।४२)। २ यक्ष आदि की यात्रा में
होनेवाला जीमनवार—'हिंगोलं ति मृतकभक्तं यक्षादियात्राभोजनं वा'
(आटी प ३३४)।

हिंचिअ—एक पैर से चलने की बाल-क्रीडा (दे ८।६८)।

हिंछाघोडा—वृक्ष-विशेष (अंवि पृ ७०)।

हिंडिक—पुररक्षक (व्यभा ३ टी प ६७)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हिंडोल—खेत की रखवाली करने का यंत्र—'हिंडोलं क्षेत्ररक्षणयन्त्रमिति केचित्' (दे ८।६९ वृ)।

हिंडोलण—१ रत्नावली, रत्नमाला। २ खेत की रखवाली करने के समय किया जाने वाला नाद (दे ८।७६)।

हिंडोलणय—१ रत्नावली, रत्नमाला। २ क्षेत्र-रक्षण के लिए किया जाने वाला नाद (दे ८।७६)।

हिंडोलय—खेत में पशुओं को रोकने की आवाज (दे ८।६९)।

हिंबिअ—एक पैर से चलने की बाल-क्रीडा (दे ८।६८)।

हिक्का—धोबिन (दे ८।६६)।

हिक्कास—पंक, कर्दम (दे ८।६९)।

हिक्किअ—घोडे की आवाज, हिनहिनाहट (दे ८।६८)।

हिज्जा—१ गतकल। २ आगामी कल (दे ८।६७)।

हिज्जो—१ आगामी कल—'अज्ज हिज्जो त्ति कालं हरइ' (आवहाटी २ पृ १३५)। २ बीता हुआ कल (भ १२।१८)।

हिट्ठ—आकुल (दे ८।६७)।

हिट्ठा—नीचे (उसुटी प २२)।

हिट्ठाहिड—आकुल (दे ८।६७)।

हिडा—चोरी, द्यूत आदि नीच कर्म—'काहिंति बहुं चोरा संजमजोगे हिडाकम्मं' (इ ३५।१९)।

हिड्ड—वामन, बौना (दे ८।६७)।

हिणिल्लसमाण—घृष्यमाण (उचू पृ ७९)।

हितिहिति—त्यक्त, शून्य (?)—'हितिहिति गुरुकुलवासो मंदा य मती य समणधम्मम्मि।
एयं तं संपत्तं, बहुमुंडे अप्पसमणे य'॥ (ति ८९८)।

हित्थ—१ हिंसित, मारा हुआ—'हित्थोत्ति देशीपदमेतत् हिंसितः' (व्यभा १ टी प ३६)। २ त्रस्त, भीत (दे ८।६७)। ३ लज्जित—'हित्थो लज्जित इत्यन्ये' (वृ)।

हित्थत—त्वरित—'तुरिते अ हित्थतं' (अंवि पृ ४१)।

हित्था—लज्जा (दे ८।६७)।

हित्थिय—जलचरप्राणी-विशेष—'कद्दमगहित्थिय-कच्छभक' (अंवि पृ २२७)।

हिमोर—हिम का मध्यभाग (?) (प्रा २।१७४)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हियउड्डावण—१ मंत्र-तंत्र से चित्त को आकृष्ट करना (ज्ञा १।१४।४३)। २ चित्त को शून्य करने का प्रयोग (विपा १।२।७२)।

हिरडिक्क—पाणजातीय लोगों का यक्ष-विशेष (व्यभा ७ टी प ५५)।

हिरडी—शकुनिका, चील-पक्षी (दे ८।६८)।

हिरिब—छोटा तालाब (दे ८।६९)।

हिरिबेर—खस-खस के दाने—'हिरिबेरं णाम उसीरं' (सूचू १ पृ ११६)।

हिरिमंथ—चना (निभा १०३८; दे ८।७०)।

हिरिमिंथ—चना (दनि १५६)।

हिरिमिक्क—मातंगों का यक्ष-विशेष—'मातंगा तेसिं आडंबरो जक्खो हिरिमिक्को वि भण्णति' (निचू ४ पृ २३८)।

हिरिलि—कन्द-विशेष (भ ७।६६)।

हिरिवंग—लाठी, डंडा (दे ८।६३)।

हिला—१ बालू, रेती (दे ८।६६)। २ भुजा, हाथ।

हिलिमिंथ—चना (दअचू पृ १९२)।

हिलिहलय—ज्वालारहित अंगारे—'गिज्जाया हिलिहलया इंगाला ते भवे मुणेतव्वा' (जीभा १५३१)।

हिल्ला—बालुका, बालू (दे ८।६६)।

हिल्लिय—कीट-विशेष, त्रीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (प्रज्ञा १।५०)।

हिल्लिरी—जाल-विशेष (विपा १।८।१९)।

हिल्लूरी—लहरी, तरंग (दे ८।६७)।

हिल्लोडण—खेत में पशुओं को रोकने के लिए की जानेवाली आवाज (दे ८।६९)।

हिसोहिसा—स्पर्धा (दे ८।६९)।

हीर—१ सूई की भांति तीक्ष्ण नोक वाला काष्ठ आदि पदार्थ (बृ ६।३; दे ८।७०)। २ भस्म—'केचित् हीरशब्दं भस्मन्यपि प्रयुञ्जते' (बृ)। ३ अन्त-भाग।

हीरणा—लज्जा (दे ८।६८)।

हीरय—बारीक छोटा तृण (जीव ३।६२२)।

हीसमण—हेषा, अश्व की आवाज, हिनहिनाहट (दे ८।६८)।

हुअहुअंत—अव्यक्त ध्वनि करता हुआ, बड़बड़ाता हुआ—'मूयव्व हुअहुअंतो तहेव छिज्जंतमाईसु' (आवहाटी २ पृ २०५)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हुंकअ—अंजलि (दे ८।७१)।

हुंकुरुव—अंजलि (दे ८।७१)।

हुंडी—घटा, समूह (पा ९३९)।

हुंबउट्ठ—वानप्रस्थ तापस की एक जाति (औप ९४)।

हुड—१ मेष (दे ८।७०)। २ कुत्ता।

हुडुअ—प्रवाह (दे ८।७०)।

हुडुक्क—वाद्य-विशेष, मृदंग (भ ९।१८२)।

हुडुक्की—वाद्य-विशेष (आवचू १ पृ ३०९)।

हुडुम—पताका, ध्वजा (दे ८।७०)।

हुड्डा—शर्त, दांव (प्रसा ४३५; दे ८।७०)।

हुत्त—अभिमुख, सम्मुख (प्र ३।२३; दे ८।७०)।

हुत्ति—अभिमुखा—'उत्तराहुत्ति पवहित्ता' (सम ७४।२)।

हुरत्था—१ बाहर—'हुरत्था णाम देसीभासातो बहिद्धा' (आचू पृ १६१), 'हुरत्था देशीपदं बहिरर्थाभिधायकम्' (बृटी पृ ९५२)। २ गांव के बाहर उद्यान आदि स्थान—'हुरत्थं बहिता गामादीणं देसीभासा उज्जाणादिसु' (आचू पृ २६१)। ३ उपाश्रय—घर के बाहर का परिक्षेप, वगडा—'देसीभासाइ कयं जा बहिया सा भवे हुरत्था उ' (बृभा ३४०४), 'या विवक्षितोपाश्रयाद् बहिर्वर्तिनी वगडा सा 'हुरत्था' इति शब्देनोच्यते' (बृटी पृ ९५२)।

हुरब्भ—१ वाद्य-विशेष (उपाटी पृ ९७)। २ मेष (प्रटी प ९)।

हुरवत्था—बाहर (आटी प ३३०)।

हुरुडी—विपादिका, बिवाय (दे ८।७१)।

हुलायक—बाज पक्षी (बृटी पृ १०२७)।

हुलि—शीघ्र, तेज (कु पृ १३६)।

हुलित—शीघ्र (प्र १।२३)।

हुलिय—१ शीघ्र (प्र ३।७; दे ८।५९)। २ क्षिप्त।

हुलियक—शीघ्र (प्र ३।७ पा)।

हुलुक—लघु, हल्का (पंवटी प १२४)।

हुलुव्वी—निकट भविष्य में प्रसव करने वाली स्त्री (दे ८।७१)।

हुहुय—संख्याविशेष (जीव ३।८४१)।

हुहुयमाण—अत्यन्त जाज्वल्यमान (जीव ३।११८)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हूम—लोहकार, लोहार (दे ८।७१)।

हूहूय—संख्या-विशेष (भ ५।१८)।

हूहूयंग—संख्या-विशेष (भ ५।१८)।

हेआल—हाथ की विशेष आकृति से निषेध, सांप के फण की भांति किए हुए हाथ से निवारण। (दे ८।७२)—यदाह भरतः—
'अंगुल्यः संहिताः सर्वाः सहांगुष्ठेन यस्य तु।
तथा निम्नतलश्चैव स तु सर्पशिराः करः' (वृ)।

हेट्ठ—नीचे (सू १।६।१०)।

हेट्ठाहुत्त—नीचे की ओर (उसुटी प २७)।

हेट्ठाहुत्ती—नीचे (आवहाटी २ पृ १२३)।

हेट्ठिल्ल—अधस्तन (सम ७९।१)।

हेडित—प्रेरित (अंवि पृ १४८)।

हेमप्प—वस्त्रविशेष (जीव ३।५९५)।

हेरंग—मत्स्य से बना खाद्य-विशेष (विपा १।८।१२)—'हेरंगाणि य त्ति रूढिगम्यम्' (टी)।

हेरंब—१ महिष, भैंसा। २ डिंडिम, वाद्य-विशेष (दे ८।७६)।

हेरिंब—गणेश, विनायक (दे ८।७२)—'हेरिंबं पूअन्ती अम्बा बाले करेइ हेआलं' (वृ)।

हेरिका—कारावास, अवरोधक स्थान (सूचू १ पृ १३२)।

हेरु—हेरुताल-वृक्ष (जीव ३।६३१)।

हेला—१ वेग, तीव्रता—'कहिंचि वीईहेलुल्लालिओ' (कु पृ ६७)। २ सरलता (से १।५९)। ३ स्त्री की शृंगारसंबंधी चेष्टा (कु पृ ८३)। ४ ताप—'तुज्झाणुरायहुयवहजालाहेलाहि सा विलुट्ठंगी' (कु पृ २३६)।

हेलिअ—पालित-पोषित—'एसो माणुसाणं हेलिओ' (कु पृ २४१)।

हेलिय—मत्स्य की जाति-विशेष (जीवटी प ३६)।

हेलुअ—छींक (दे ८।७२)।

हेलुक्का—हिचकी (दे ८।७२)।

हेल्ल—१ पुकार—'सितालो आगतो, हेल्लं दाऊण धाडितो' (दअचू पृ ५५)। २ लाटदेश में प्रयुक्त समवयस्क का आमंत्रण-शब्द—'यथा लाटानां 'कांइ रे हेल्ल त्ति' (सूचू १ पृ १८१)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

हेल्ला—१ पुकार—'णवरं एगाए चेव हेल्लाए आविहितो' (आवचू १ पृ ११४)। २ वेग, तीव्रता (दे ८।७१)।

हेल्लि—सखी का आमंत्रण (प्रा ४।४२२)।

हेल्लुसित—फिसला हुआ (बृचू प १४१)।

हेहंभूत—गुण-दोष के ज्ञान से विकल और निर्दम्भ—'हेहंभूतो नाम गुणदोष-परिज्ञान-विकलोऽशठभावः' (व्यभा १ टीप ५९)।

होक्कार—हुंकार (आवहाटी १ पृ १८२)।

होडिअ—लुटेरा सैनिक—'सा सह धूयाए एगेण होडिएण गहिया' (आवहाटी १ पृ १४९)।

होडीय—लुटेरा—'होडीओ नाम लूषकः पुरुषः' (आवटि प २७)।

होड्ड—स्पर्धा (जीविप पृ ४९)।

होढ—१ चोरी का माल (निचू ३ पृ ५०२)। २ झूठा आरोप—'होढं दाऊण य पलादी' (बृभा ६१२२)—'होढं गाढमलीकं दत्त्वा पलायन्ते' (टी पृ १६१८)।

होढक—चोर, तस्कर (अंवि पृ २५३)।

होढा—दे ही दिया, कर ही दिया—'होढा' इति देशीपदमेतत् दत्तमेव कृतमेवेत्यर्थः' (व्यभा ३ टी प ६६)।

होण—हूण देश, अनार्य देश (प्रसा १५८३)।

होत्तिय—तृण-विशेष (प्रज्ञा १।४२)।

होद्द—होड, बाजी, शर्त (ज्ञाटी प १०२)।

होरंभ—वाद्य-विशेष, महाढक्का (भ ५।६४)।

होरण—वस्त्र, कपड़ा (दे ८।७२)।

होल—१ अवज्ञासूचक तुच्छ संबोधन—'होले त्ति निट्ठुरमामंतणं देसीए भविलवचनमिव' (दअचू पृ १६८)। २ विभिन्न देशों में प्रयुक्त आदर एवं अनादरसूचक संबोधन—'पुरुषाद्यामंत्रणवचनं गौरवकुत्सादिगर्भाणि' (ज्ञाटी प १७४)। ३ वाद्यविशेष—'आढत्तं मज्जपाणं, वायावेइ होलं' (उसुटी प ५८)। ४ पक्षि-विशेष।

होला—१ समवयस्क का संबोधन-शब्द—'होला इति देसीभाषातः समवया आमन्त्र्यते' (सूचू १ पृ १८१)। २ झल्लरी (आवहाटी १ पृ २९०)।

होलावाय—ओछे शब्दों से पुकारना (सू १।९।२७)।

होले—स्त्री के लिए प्रिय सम्बोधन (द ७।१६)।

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

परिशिष्ट

१. अवशिष्ट देशी शब्द
२. देशी धातु-चयनिका

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अवशिष्ट देशी शब्द

[प्रस्तुत ग्रन्थ 'देशी शब्दकोश' के मूलभाग में हमने जैन आगमों, उनके विभिन्न व्याख्या-ग्रन्थों तथा आचार्य हेमचन्द्रकृत 'देशी नाममाला' के शब्दों का सप्रमाण और ससन्दर्भ संग्रहण किया है। लेकिन इनके अतिरिक्त उत्तरकालीन प्राकृत ग्रन्थों में प्रयुक्त देशी शब्द अवशिष्ट रह जाते हैं। उन अनेक ग्रन्थों के विद्वान् संपादकों ने अपने-अपने संपादित उन प्राकृत ग्रन्थों में देशी शब्दों का अलग से परिशिष्ट भी दिया है। उन शब्दों का हमने ज्यों का त्यों इस परिशिष्ट में संग्रहण किया है। हमने मूल देशी शब्द तथा उसके अर्थ/अर्थों का निर्देश मात्र किया है। 'पाइअसद्दमहण्णवो' में संगृहीत उत्तरवर्ती प्राकृत ग्रन्थों के देशी शब्दों का भी इसमें संग्रहण किया है। यह परिशिष्ट शोधकर्त्ताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।]

अ

अ—१ उपमा। २ सादृश्य। ३ उत्प्रेक्षा—इन अर्थों का सूचक अव्यय

अइअडु—अतिविकट—अडु विकटार्थे देशी

अइणिरुत्त—अति निश्चित

अइणीय—आनीत, लाया हुआ

अइन्नदुवार—बिना दरवाजा बंद किए

अइमल्ल—अतिभद्र

अइरवण्ण—अतिरम्य

अइरिप्प—कथाबंध

अइरुंद—विपुल

अउस—उपासक, पुजारी

अं—स्मरणद्योतक अव्यय

अंकिइल्ल—नट, नर्तक

अंगुमिय—पूरित

अंगुलिय—ईख का टुकड़ा

अंघो—भयसूचक अव्यय

अंछविअंछी—आकर्षण-विकर्षण

अंतल्ली—१ पेट। २ लहर का मध्य

अंदुया—शृंखला

अंबभित्त—आम का टुकड़ा

अंबुपिसाय—राहु

अंभु—पत्थर

अकासिअ—पर्याप्त

अकोप्प—अपराध

अक्कसाल—बलात्कार

अक्का—माता

अक्खण—आसक्ति

अक्खणिय—व्याकुल

अखंपण—स्वच्छ, निर्मल

अखुट्ट—अखूट

अखुट्टिअ—अखूट, परिपूर्ण

अगंडिगोह—यौवन का उभार

अगिल—अविच्छिन्न स्वर से रुदन

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अग्गल—अधिक
अग्गलय—अधिक
अग्गहणिया—सीमंतोन्नयन, गर्भाधान के बाद किया जाने वाला एक संस्कार और उसके उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला उत्सव
अग्गहर—घर का अगला भाग
अग्गहिय—१ निर्मित, विरचित। २ स्वीकृत
अग्गिआय—इन्द्रगोप, क्षुद्रकीट-विशेष
अग्गीवय—घर का एक भाग
अग्गुच्छ—प्रमित, निश्चित
अग्गोयर—उपहार
अचियंत—अनिष्ट, अप्रीतिकर
अच्छक्क—असमय, अनवसर
अच्छरा—चुटकी, चुटकी की आवाज
अच्छुक्क—अक्षि-कूप-तुला, आंख का कोटर
अच्छुद्धसिरि—इच्छा से अधिक फल की प्राप्ति, असंभावित लाभ
अच्छोडाविय—बंधित, बंधाया हुआ
अच्छोडिय—आकृष्ट, खींचा हुआ
अजड—१ शीघ्र करने वाला। २ जार, उपपति
अजणिक्क—सायंकालीन भोजन
अजम—१ सरल। २ अजवाइन
अज्जम—ऋजु
अज्झोलिया—बार-बार दोहन करने योग्य गाय
अट्टण्ण—आर्तज्ञ
अट्टल—अनपराध
अट्टवसट्ट—अत्यन्त खिन्न
अट्ठिलिय—अस्थि
अड—उद्यान, बगीचा
अडपल्लण—वाहन-विशेष
अडयण—कुलटा, व्यभिचारिणी
अडवडण—स्खलना, रुक-रुककर चलना
अडा—प्रलंबित केश
अडाल—बलात्
अडुवियडु—अस्त-व्यस्त
अड्डय—शस्त्र-विशेष
अड्डाय—वक्र
अड्डिम्म—अतिरिक्त
अणउंछिय—अपृष्ट, अनपूछा
अणक्ख—१ लज्जा। २ क्रोध। ३ अपवाद
अणखालय—अस्खलित
अणग्गपल्लट्ट—पुनरुक्त
अणड—अनृत, झूठा
अणरहू—नववधू
अणहवणय—तिरस्कृत, भर्त्सित
अणहुल्लिय—जिसका फल प्राप्त न हुआ हो वह
अणालि—वक्रता
अणिभ—मुख, मुंह
अणियच्छिय—देखने में असमर्थ
अणिरिक्क—परतंत्र, पराधीन
अणुअज्झिय—प्रयात, प्रतिजागरित
अणुअत्थ—प्रचुर
अणुज्झिअअ—१ प्रयत, प्रयत्नशील। २ सावधान

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अणुत्तुण—निरभिमानी
अणुदिव—प्रभात, प्रातःकाल
अणुमग्ग—पीछे-पीछे
अणुव्वाय—अखिन्न
अणुहुंडिय—अनुभुक्त
अणोलिया—गिल्ली, डोली
अण्णसअ—आस्तृत
अण्णासय—विस्तृत, बिछाया हुआ
अण्णोल—प्रभात
अत्तिल्ल—अत्यन्त
अत्तिहरी—दूती, समाचार पहुंचाने वाली स्त्री
अत्थक्क—अनवसर
अत्थक्कि—अकस्मात्
अत्थाइया—गोष्ठी-मण्डप
अत्थोडिय—आकृष्ट, खींचा हुआ
अथक्क—अस्थिर
अद्दुमाअ—पूर्ण, भरा हुआ
अद्धघरणी—नववधू
अद्धच्छिपेच्छिअ—इधर-उधर दृष्ट
अद्धच्छिपेच्छिरि—इधर-उधर देखना
अद्धद्धा—दिन अथवा रात्रि का एक भाग
अद्धर—प्रच्छन्न, गुप्त
अन्नाहुत्त—पराङ्मुख
अपंडिअ—विद्यमान
अपिट्ट—पुनरुक्त, फिर से कहा हुआ
अपुण्ण—आक्रान्त
अप्पाअप्पि—उत्कण्ठा, औत्सुक्य
अप्पाण—निर्बल
अप्पुण—स्वयं
अप्पुण्ण—पूर्ण
अप्फरिअ—अधिक खाने से होने वाला पेट का उभार—आफरा इति भाषायां—'अप्फरियपोट्टो'
अप्फाहेंत—संदेश देता हुआ
अबहिट्ठ—मैथुन
अब्बा—माता
अब्बो—माता का सम्बोधन
अब्भडवंच—पहुंचाने जाना
अब्भहर—अभ्रक
अब्भिट्ट—अभिगत
अब्भिट्ठ—संगत, सामने आकर भिड़ा हुआ
अब्भिड—संग्राम
अब्भिडिअ—समागत
अभिणिव्वागड—भिन्न परिधि वाला
अभिमर—हत्या
अभुल्ल—अभ्रान्त—अभ्रान्त इत्यर्थे देशी
अमयघडिय—चन्द्रमा, चांद
अमल—तेजहीन
अमार—१ नदी के मध्य का द्वीप। २ कमठ
अम्मच्छ—असंबद्ध
अम्मण—कितना
अम्माहीरय—राग, ध्वनि-विशेष
अम्हत्त—प्रमृष्ट, प्रमार्जित
अयंगम—शिथिल शरीर
अयडणा—कुलटा
अयुजरेवइ—अचिर-युवति, नवोढा
अरणि—१ रास्ता। २ पंक्ति

Jain Education International For Private & Personal Use Only www.jainelibrary.org

अरणेट्ठय—पत्थरों के टुकड़ों से मिली हुई सफेद मिट्टी
अरलाअ—१ चिरिका। २ मशक
अरि—चक्र
अरोर—धनाढ्य, दरिद्रता से मुक्त
अलंड—आरोप
अलवलवसह—दुष्ट बैल
अलियल्ल—व्याघ्र
अलियल्लि—व्याघ्री
अलिल्लह—१ छन्द-विशेष। २ अप्रयोजक, नियम रहित
अलिसार—क्षीर
अलीढा—मिथ्याचारिणी कुलटा
अल्ल—१ कम्प-कम्पे देशी। २ आलीन
अल्लय—आंवला
अल्लविअ—दिया गया
अल्लि—व्याघ्र
अल्लिय—भौंरा
अल्लिल्ल—भ्रमर
अवअण्ह—उलूखल
अवआर—लोकयात्रा
अवइज्झिय—त्यक्त
अवउडग—गले को मरोड़ कर बांधना, बंधन का एक प्रकार
अवऊढ—व्यलीक
अवंग—अपामार्ग
अवंगु—खुला, अनावृत
अवकुम्माणिका—विलास
अवक्ख—निस्तेज
अवखा—चिंता
अवगद—आक्रान्त
अवगल—आक्रान्त
अवगिंचण—पृथक्करण
अवडुक्किय—कूप में गिरकर मरा हुआ
अवडल्लिय—कूप आदि में गिरा हुआ
अवमिच्चअ—उधार पर खरीदा गया
अवरज्ज—गत दिवस
अवरत्तय—अनुताप, पश्चात्ताप
अवरिज्ज—१ अद्वितीय। २ उत्तरीय
अवरुंडिय—आलिङ्गित, व्याप्त
अवरुप्पर—परस्पर
अवरोप्पर—परस्पर
अवलुय—चित्तखेद
अवसण्ण—झरा हुआ, टपका हुआ
अवसरिअ—विरह
अवसेरी—चिंता
अवहाडिय—उत्कुष्ट, जिस पर आक्रोश किया गया हो वह
अवहिट्ठ—१ अभिमानी। २ मैथुन
अवहोअ—विरह, वियोग
